Website- edristi.in

नवनीत

समसामयिक घटनाओं की मासिक पत्रिका


वर्ष - 4 >> अंक - 3 >> सितंबर, 2020



स्वच्छ सर्वेक्षण 2020



NATIONAL RECRUITMENT AGENCY (NRA)



e-Release of

ARIIA 2020

ATAL RANKING OF INSTITUTIONS ON INNOVATION ACHIEVEMENTS

18/08/2020

by Chief Guest

Shri M. Venkaiah Naidu

Hon'ble Vice President of India

Guests of Honour

Shri Ramesh Pokhriyal 'Nishank'

Hon'ble Ministry of Education

Shri Sanjay Shamrao Dhotre

Hon'ble MoS of Education

EXPORT PREPAREDNESS INDEX 2020



प्रथम पृष्ठ

ई-दृष्टि वेबसाइट पर करेन्ट अफेयर्स दिन-प्रतिदिन प्रस्तुत करते समय हमने इस बात का खास ख्याल रखा है कि करेन्ट अफेयर्स के वही टॉपिक चुने जाएं जो प्रतियोगितात्मक परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण हों और इसमें अनर्गल एवं गैर जरूरी तथ्यों को समावेशित कर आपके पढ़ने का भार न बढ़ाया जाए।

दूसरा यह ध्यान रखा गया है कि इस प्रकार की सामग्री के प्रति आपके विश्वसनीयता के संकट को दूर किया जा सके। इस बात के लिए हमने प्रत्येक तथ्य के प्रमाणन हेतु संबंधित लिंक भी उपलब्ध कराया है। लिंक पर जाकर आप स्वयं ही इन तथ्यों की प्रामाणिकता को जांच सकते हैं, परख सकते हैं

करेन्ट अफेयर्स से संबंधित सूचनाओं को तुरंत पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा किंतु तथ्यों की प्रामाणिकता को समय पर तरजीह दी गयी है। इस कारण हो सकता है कि घटनाएं जिस दिन घटित हों उसके एक या दो दिन बाद आपको हमारी वेबसाइट पर प्राप्त हों। माह भर की घटनाओं को संशोधित, परिमार्जित और संपादित करके पी.डी.एफ. प्रत्येक माह की 1 तारीख को उपलब्ध करा देने की योजना है। पी.डी.एफ. में प्रायः माह की 28 तारीख तक की घटनाओं को समावेशित किया जाएगा।ऐसा करना इसलिए जरूरी है कि सभी तथ्यों की जांच करने में कुछ समय अवश्य ही लगेगा।पाठकों की संतुष्टि हमारे लिए सर्वोपरि है, इसीलिए आपसे अनुरोध है कि अपने फीडबैक से हमें अवश्य अवगत कराएं। आपकी आलोचनात्मक प्रतिक्रियाओं का हम तहे दिल से स्वागत करेंगे। इससे हमें आगामी दिनों में सामग्री के स्तर में सुधार की दिशा प्राप्त होगी।करेण्ट अफेयर्स के पीडीएफ को भारी संख्या में डाउनलोड प्राप्त हुए हैं। इसके लिए हम अपने पाठकों का अभिनन्दन करते हैं।हमारे प्रयास के लिए परीक्षार्थियों द्वारा दिखाया गया उत्साह हमें अपने कर्तव्यों के प्रति अधिक सजग बनाता है।आशा है कि करेन्ट अफेयर्स का पीडीएफ (अगस्त,2020) पाठकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा।

करेण्ट अफेयर्स पर कोई भी सामग्री बेकार है यदि उस सामग्री में से ही परीक्षा-प्रश्न नहीं बनते हैं। इस दृष्टि से ई-दृष्टि बेहद सफल रही है। पी.सी.एस. उ.प्र. में लगभग सभी प्रश्न एवं अन्य परीक्षाओं में भी अधिकांश प्रश्न हमारी सामग्री से पूछे गये हैं।ई-दृष्टि की सामग्री और परीक्षा प्रश्न-पत्रों का मिलान करके आप स्वयं देख सकते हैं।

Table of Contents

राष्ट्रीय परिदृश्य 13
राष्ट्रीय खेल पुरस्कार, 2020 के लिए चयन समिति 13
स्वच्छ सर्वेक्षण-2020 13
देश में नदी पर बना सबसे लंबा रोपवे 15
आईबीएम एनएसडीसी के मध्य साझेदारी 16
स्वदेशी माइक्रोप्रोसेसर चैलेज 17
रेलवे सुरक्षा हेतु ड्रोन आधारित ड्रोन निगरानी प्रणाली 18
ट्रांसजेंडर लोगों के लिए राष्ट्रीय परिषद का गठन 18
झारखंड राज्य का नया प्रतीक चिह्न 19
तीन हवाई अड्डों को पीपीपी योजना के तहत पट्टे पर देने को मंजूरी 20
उत्तर प्रदेश में संपत्ति क्षति दावा अधिकरण के गठन को मंजूरी 21
जनजातीय स्वास्थ्य और पोषण पोर्टल-'स्वास्थ्य', राष्ट्रीय प्रवासी पोर्टल और राष्ट्रीय जनजातीय फैलोशिप पोर्टल का शुभारंभ 22
तेलंगानाः कृषि नवाचार कार्यक्रम के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) 22
यूनेस्को द्वारा दो तटीय गांवों को 'सुनामी रेडी' मान्यता 23
लोकसभा में न्यू फ्रेंच कोर्स का शुभारंभ 24
ड्रोन संचालन हेतु नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (BCAS) के दिशा-निर्देश 24
कृषि अवसंरचना निधि के तहत वित्तपोषण सुविधा की एक नई योजना 25
दिल्ली में नई इलेक्ट्रिक वाहन पॉलिसी लांच 26
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के लिए सबमरीन केबल कनेक्टिविटी 27
आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए रक्षा मंत्रालय की पहल 28
राष्ट्रीय स्वच्छता केंद्र का उद्घाटन 29
डिजिटल शिक्षा पर भारत रिपोर्ट जून, 2020 30
खादी अगरबत्ती आत्मनिर्भर मिशन 32
महिला एवं किशोरी सम्मान योजना और मुख्यमंत्री दूध उपहार योजना 33

आंध्र प्रदेश में तीन राजधानियों से संबंधित विधेयक मंजूर 35
मुंबई सीरो सर्वे 35
भारत एयर फाइबर का उद्घाटन 36
भारतीय वायु सेना में शामिल हुए राफेल विमान 37
अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य 38
भारत-संयुक्त अरब अमीरात संयुक्त आयोग की 13वीं डिजिटल बैठक, 2020 39
डब्ल्यूएचओ/यूनिसेफ की रिपोर्ट 39
माउंट सिनाबुंग 40
मालदीव में 5 इकोटूरिज्म जोन का विकास 41
एजुकेशन ड्यूरिंग कोविड-19 एंड बियांड-रिपोर्ट 41
विश्व का सबसे बड़ा वर्चुअल फिनटेक इवेंट 42
द टॉक्सिक ट्रुथ : चिल्ड्रेन्स एक्सपोजर टू लेड पॉल्यूशन अंडरमाइंस ए जनरेशन ऑफ पोटेंशियल 42
आईएसए फ्रेमवर्क समझौते पर हस्ताक्षर करने वाला 87वां देश 43
CCTV सर्विलेंस में शीर्ष रहने वाले शहरों की सूची 43
मॉरिशस के नए उच्चतम न्यायालय भवन का शुभारंभ 44
ब्रिक्स पर्यावरण मंत्रियों की छठी बैठक, 2020 45
वैज्ञानिक परिदृश्य 46
रक्षा/विज्ञान संक्षिप्तिकी 46
आयुर्वेदिक आधारित प्रौद्योगिकी पर आधारित बायोडिग्रेडेबल फेस मास्क 46
गूगल ने 'द एनीवेयर स्कूल' लांच किया 47
रिमोट-सेंसिंग उपग्रहः गाओफेन-905 47
आई.आई.ए. के वैज्ञानिकों द्वारा हीलियम संविर्धित तारों की खोज 48
भारतीय शोधकर्ताओं ने विकसित किया UVGI आधारित कक्ष कीटाणुशोधन उपकरण 49
भारत में जैविक कृषि 50
आकाश गंगा (Milky Way) के समरूप एक सुदूर गैलैक्सी का पता चला 50

नौसेना नवोन्मेषण एवं स्वदेशीकरण संगठन 51
फ्लडअर्लीवॉर्निंगसिस्टम (FEWS) 52
माथेरान में मिली तितलियों की 77 नई प्रजातियां 53
मिन्यूटमैन III मिसाइल 54
सार्स-सीओवी-2 (SARS-COV2) वायरस के 1000 जीनोम का अनुक्रमण 55
भारत का पहला अंतरिक्ष अपशिष्ट (Debris) मॉनीटरिंग एवं ट्रैकिंग सिस्टम 55
नेचर क्लाइमेट चेंजः ध्रुवीय भालुओं पर अध्ययन 56
भारत का पहला DGCA अनुमोदित ड्रोन ट्रेनिंग स्कूल 57
एआईएम-आईक्रेस्ट (AIM iCrest) 57
मार्स 2020 मिशन 58
सूक्ष्मजीव परिशोधन बॉक्स 'सुरक्षा' 59
एआईएम-आईक्रेस्ट (AIM iCrest) 60
शहद परीक्षण प्रयोगशाला का उद्घाटन 61
DRDO : निगरानी ड्रोन का विकास 61
नवजात शिशुओं में बिलीरूबिन स्तर की गैर-संक्रामक स्क्रीनिंग के लिए ''गैर- संपर्क'' और ''दर्द-रहित'' उपकरण विकसित 62
विद्यार्थी विज्ञान मंथन, 2020-21 63
खेलपरिदृश्य 64
टेनिस 64
प्राग चैलेंजर, 2020 64
लेडीज टॉप सीड ओपन, 2020 64
प्राग ओपन, 2020 65
पालेर्मो लेडीज ओपन, 2020 66
क्रिकेट 66
आईसीसी टी-20 विश्वकप, (पुरुष वर्ग) 2021 और 2022 66
इंग्लैंड-आयरलैंड वनडे शृंखला, 2020 67

आईपीएल, 2020 का आयोजन 68
वेस्टइंडीज-इंग्लैंड टेस्ट शृंखला, 2020 69
फुटबॉल 70
यूईएफए यूरोपा लीग, 2019-20 70
फ्रेंच लीग कप, 2019-20 71
नैस्डैक बिलबोर्ड पर आने वाला भारत का पहला फुटबॉल क्लब 71
सेरी-ए-लीग, 2019-20 72
एफए कप 2019-20 72
53वां बील अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव, 2020 73
बिलियडर्स/स्नूकर/स्क्वैश 73
विश्व स्नूकर चैंपियनशिप, 2020 73
गोल्फ 74
पीजीए चैंपियनशिप, 2020 74
फेडएक्स सेंट ज्यूड आमंत्रण गोल्फ टूर्नामेंट, 2020 75
फॉर्मूला वन 75
स्पेनिश ग्रैंड प्रिक्स, 2020 75
एफ-1: 70वीं वर्षगांठ ग्रैंड प्रिक्स 76
ब्रिटिश ग्रैंड प्रिक्स, 2020 77
खेल विविध 77
फिट इंडिया यूथ क्लबों की राष्ट्रव्यापी पहल का शुभारंभ 77
फिट इंडिया फ्रीडम रन 78
भारतीय राष्ट्रमंडल खेल संघ का गठन 79
चर्चित खेल व्यक्तित्व 79
तीन पूर्व क्रिकेटर आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल 79
यूईएफए (UEFA) चैंपियंस लीग-2019-20 80

एजेंला बॅक्सटन 81
अयाका ताकाहाशी 82
भास्कर मैती 82
ओकले के ब्रांड एंबेसेडर 83
चेतन चौहान 83
महेंद्र सिंह धोनी 84
सुरेश रैना 86
5000 मीटर दौड़ में नया विश्व रिकॉर्ड 87
लौरा मार्श 88
बेनेडिक्ट हॉवडेस 88
के.एन. अनंतपद्मनाभन 89
मनितोम्बी सिंह 89
मोहम्मद शमसुद्दीन 90
नतालिया क्रोल 91
इकर कैसिलस 91
रजत भाटिया 92
श्रीपाली वीराक्कोडी 93
एनबीएजी लीग से जुड़ने वाले पहले एनबीए अकादमी इंडिया के ग्रेजुएट 93
संक्षिप्तियां 94
चर्चित व्यक्ति 94
बार्सिलोना एफसी के नए कोच 94
एसबीआई के नए प्रबंध निदेशक 94
गो-एयर एयरलाइन के नए सीईओ 95
सत्यपाल मलिक 96
पंडिज जसराज 96

बीएसएफ के नए महानिदेशक 97
विक्रम कुमार दुरईस्वामी 97
राहुल बनर्जी 98
डॉ. राहत इंदौरी 98
कमला हैरिस 99
हसन दियाब 99
श्रीलंका के नए प्रधानमंत्री 100
पेरू के नए प्रधानमंत्री 101
मोहम्मद औल्ड बिलाल 101
कैपिटल इंडिया फाइनेंस लि. के नए कार्यकारी अध्यक्ष 102
पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस के नए एमडी एवं सीइओ 102
जॉन ह्यूम 103
अयातुल्लाह अली खामेनेई 103
ली तेंग-हुई 104
विलियम किर्क इंग्लिश 104
भारत के नए नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक 105
अजय त्यागी 105
राम डी. प्रधान 106
भारत के नए नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक 107
जम्मू-कश्मीर के नए उपराज्यपाल 107
इब्राहिम अल्काजी 108
अमर सिंह 109
एयर मार्शल वी.आर. चौधरी 109
प्रीतम सिंह 110
टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस के नए सीईओ एवं एमडी 110

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नए निजी सचिव 111
रेन शेरिंग लेपचा 111
थिएरी बोलोरे (Thierry Bollore) 112
पेटीएम मनी के नए सीईओ 112
ब्रिटिश संसद के लिए नामित भारतीय मूल के व्यक्ति 113
कमल रानी वरुण 113
चर्चित स्थल 114
बेली ब्रिज 114
मध्य प्रदेशः भारत माता की कांस्य प्रतिमा का अनावरण 115
आशूगंज 115
शिक्षा के लिए जी सुइट और गूगल क्लासरूम लांच करने वाला पहला राज्य 116
पटियाला के अंतिम राजा के नाम पर स्टेडियम का नामकरण 116
प्रयागराज में राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय 117
देश का पहला हिम तेंदुआ संरक्षण केंद्र 118
अरब क्षेत्र में परमाणु ऊर्जा का उत्पादन करने वाला पहला देश 118
पुरस्कार/सम्मान 119
इंटरनेशनल बुकर प्राइज, 2020 119
योजना/परियोजना 120
कर्म साथी प्रकल्प योजना 120
वाईएसआर चेयुथा योजना 120
मुख्यमंत्री श्रमिक योजना 121
मोबाइल ऐप-हरित पथ 122
ट्राइफूड परियोजना 122
गुजरात के 5 शहरों में 70 मंजिला या इससे अधिक ऊंची इमारत बनाने हेतु मंजूरी 123
यूरोपीय संघः महाराष्ट्र व ओडिशा में महिलाओं के कौशल हेतु 'निर्माणश्री' प्रोजेक्ट 124

धनवंतरी चलंत अस्पताल 125
दूसरी किसान स्पेशल ट्रेन 125
ग्रेटर माले कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट 126
मुख्यमंत्री किसान सहाय योजना 127
इंदिरा वन मितान योजना 128
इंदिरा रसोई योजना 129
'थेनजोल गोल्फ रिसोर्ट' परियोजना 129
ARHC नॉलेज पैक 130
मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता ऋण योजना 131
देश में प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत अब तक खुले खाते 132
एमएसएमई सक्षम (MSME Saksham) 132
महाराष्ट्रा एग्रीबिजनेस नेटवर्क (MagNet) प्रोजेक्ट 133
महात्मा गांधी सेतु के अपस्ट्रीम कैरिजवे का उद्घाटन 134
ग्रामोदय विकास योजना के तहत एक पायलट परियोजना 135
आयोग/समिति 136
ऑपरेशन/अभियान 136
'एक संकल्प बुजुर्गों के नाम' अभियान 136
'आयुष फॉर इम्युनिटी' अभियान 136
सहयोग से सुरक्षा अभियान 137
चीन भारत छोड़ो अभियान 138
एक मास्क-अनेक जिंदगी जन-जागरुकता अभियान 138
सम्मेलन/समारोह 139
सीआईआई पब्लिक हेल्थ कॉन्फ्रेंस, 2020 139
आत्मनिर्भर भारत के लिए व्यापार सुगमता पर सी.आई.आई. राष्ट्रीय डिजिटल सम्मेलन 140
संधि/समझौता 140

मुंबई शहरी परिवहन परियोजना-III हेतु समझौता 140
बुंदेलखंड क्षेत्र में जल प्रबंधन में सुधार हेतु समझौता 141
फ्लिपकार्ट के साथ उद्योग केंद्रित अनुसंधान हेतु समझौता 142
दिल्ली पुलिस-एआईआईए के मध्य समझौता 142
एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित करने हेतु नई साझेदारी 143
जेसीआई एनएससी के मध्य समझौता 144
मैकडॉनल्ड्स इंडिया (उत्तर और पूर्व) और डॉटपे साझेदारी 144
खाद्य एवं पोषण के संबंध में सहयोगात्मक अनुसंधान एवं सूचना प्रसार हेतु समझौता 145
गुजरात-UKIBC डील 146
रक्षा मंत्रालय द्वारा जन शिकायतों के प्रभावी निपटारे हेतु समझौता 147
आई.आई.टी. कानपुर और लोक शिकायत विभाग (ARPG) के साथ रक्षा मंत्रालय ने त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किये 148
स्मार्ट ग्रिड प्रौद्योगिकी में प्रशिक्षण, अनुसंधान एवं उद्यमिता विकास हेतु समझौता 148
भारत-जिम्बाब्वे में समझौता 149
जीईडीसीओएल-एनएचपीसी में समझौता 150
संघ/संगठन 151
नौसेनानवोन्मेषणएवंस्वदेशीकरणसंगठन 151
फेडरल बैंक-Fiserv साझेदारी 152
विधि/न्याय 153
झारखंड संक्रामक रोग अध्यादेश, 2020 153
वर्ष/दिवस/सप्ताह 153
अर्थ ओवरशूट डे 153
विश्व हाथी दिवस 154
अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस 155
विश्व जैव ईंधन दिवस 155
'अगस्त क्रांति' सप्ताह 156

विश्व के स्थानीय लोगों का अंतरराष्ट्रीय दिवस 156
राष्ट्रीय हथकरघा दिवस 157
विश्व स्तनपान सप्ताह 158
अंतरराष्ट्रीय मित्रता दिवस 158
विश्व संस्कृत दिवस 159
विश्व मानव तस्करी निरोधक दिवस 159
पुस्तकें 160
पुस्तक-वन अरेंज्ड मर्डर 160
पुस्तक-नेताजीः इंडियाज इंडिपेंडेंस एंड ब्रिटिश आर्काइव्स 160
पुस्तक-ग्रीनलाइट्स 161
पुस्तक-कनेक्टिंग, कम्युनिकेटिंग, चेजिंग 161
पुस्तक-अमेजिंग अयोध्या 162
पुस्तक-शिखर को छूते ट्राइबल्स 162
पुस्तक-स्वच्छ भारत क्रांति 163
'डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम में सर्वोत्तम प्रथाओं' पर पुस्तिका जारी 164
विविध 164
मोबाइल एप्लिकेशन 'माय आईएएफ' 165
मोटर वाहन दस्तावेजों की वैधता बढ़ी 165
आरोग्य सेतु द्वारा शुरू की गई एक नई 'ओपन ए.पी.आई सेवा' 166
मोबाइल ऐप 'हरित पथ' लांच 167
ऑनलाइन पोर्टल Vedkrishi.com 168
मंडुवाडीह रेलवे स्टेशन का नाम परिवर्तित 169
गुजरात में समुद्री खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता की जांच हेतु प्रयोगशाला 169
प्रधानमंत्री स्वनिधि योजनाः यूएलबी पदाधिकारियों के लिए मोबाइल ऐप 170
दक्षिण एशियाई बाढ़ पीड़ितों को यूरोपीयन यूनियन (EU) की मदद 171

सड़क दुर्घटना में होने वाली मौतों को शून्य करने का लक्ष्य 171
भारतीय रेलवे द्वारा विश्व के सबसे ऊंचे पुल का निर्माण 172
'संजीवन' ऐप..... 172
राष्ट्रीय पोर्टल 'सुरक्ष्या' लांच..... 173
तेल रिसाव के कारण पर्यावरणीय आपातकाल की घोषणा 173
मुल्लांपुर में स्थित नए स्टेडियम का नाम..... 174
सहकार कॉपट्यूब एनसीडीसी चैनल..... 175
चंबल एक्सप्रेस-वे का नाम परिवर्तित..... 176
ई-रक्षाबंधन..... 176
जम्मू-कश्मीर : मैक्डमीशेसन (Macadamisation) कार्यक्रम..... 177

राष्ट्रीय परिदृश्य

राष्ट्रीय खेल पुरस्कार, 2020 के लिए चयन समिति

प्रश्न-31 जुलाई, 2020 को खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कार, 2020 हेतु चयन समिति की घोषणा की। यह चयन समिति किसकी अध्यक्षता में गठित की गई है।

(a) इंदरमीतकौरकोचर(b) पुलेलागोपीचंद

(c) मुकुंदकमशर्मा(d) राजेशराजगोपालन

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 31 जुलाई, 2020 को खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कार, 2020 हेतु चयन समिति की घोषणा की।
- यह चयन समिति उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश मुकुंदकम शर्मा की अध्यक्षता में गठित की गई है।
- समिति के सदस्यों में वीरेंद्र सहवाग (क्रिकेट), सरदार सिंह (हॉकी), मोनालिसा बरुआ मेहता (टेबल टेनिस), दीपा मलिक (पैरा-एथलेटिक्स), वेकटेशन देवराजन (बॉक्सिंग), मनीष वटाविया (खेल कमेंटेटर), आलोक सिन्हा (खेल पत्रकार) और नीरु भाटिया शामिल हैं।
- इसके अलावा खेल मंत्रालय से भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के महानिदेशक संदीप प्रधान, खेल विभाग के संयुक्त सचिव एल.एस. सिंह और टारगेट ओलंपिक पोडियम (टॉप्स) योजना के सीईओ राजेश राजगोपालन भी समिति में होंगे।
- यह समिति राजीव गांधी खेल रत्न, द्रोणाचार्य पुरस्कार, ध्यानचंद पुरस्कार, राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार और मौलाना अबुल कलाम आजाद ट्रॉफी के विजेताओं का चयन करेगी।
- उल्लेखनीय है कि ये पुरस्कार प्रतिवर्ष 29 अगस्त को हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन पर खेल दिवस के उपलक्ष्य में प्रदान किए जाते हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.indiatoday.in/sports/other-sports/story/virender-sehwag-sardar-deepa-malik-selection-committee-national-sports-awards-2020-ministry-1706412-2020-07-31

स्वच्छ सर्वेक्षण-2020

प्रश्न-20 अगस्त, 2020 को आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा वार्षिक स्वच्छता शहरी सर्वेक्षण का 5वां संस्करण 'स्वच्छ सर्वेक्षण-2020' जारी किया गया। इससे संबंधित निम्न कथनों पर

विचार कीजिए-

(i) इंदौर ने लगातार चौथी बार सबसे साफ-सुथरा शहर होने का खिताब जीतकर रिकॉर्ड बनाया।
(ii) इसमें वाराणसी गंगा किनारे बसा सर्वश्रेष्ठ शहर घोषित हुआ।
(iii) झारखंड को 100 से कम यूएलबी श्रेणी के राज्यों में सबसे साफ-सुथरे राज्य का दर्जा दिया गया।
(iv) छत्तीसगढ़ को 100 यूएलबी श्रेणी में सबसे साफ-सुथरा राज्य घोषित किया गया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कथन सही है/हैं?

(a) केवल (ii) एवं (iv)(b) केवल (iii) एवं (iv)(c) केवल (i), (ii) एवं (iii)(d) उपर्युक्त सभी

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 20 अगस्त, 2020 को आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा किए गये वार्षिक स्वच्छता शहरी सर्वेक्षण का 5वां संस्करण 'स्वच्छ सर्वेक्षण 2020' के परिणाम 'स्वच्छ महोत्सव' नामक एक वर्चुअल कार्यक्रम में घोषित किया गया।
- स्वच्छ सर्वेक्षण-2020 की प्रमुख बातें-
- यह विश्व का सबसे बड़ा स्वच्छता सर्वेक्षण है।
- इसमें राष्ट्रीय स्तर पर (10 लाख से अधिक की आबादी पर) सर्वाधिक स्वच्छ शहर का शीर्ष पुरस्कार लगातार चौथी बार इंदौर (म.प्र.) को प्रदान किया गया।
- इसके पश्चात सूरत (गुजरात) दूसरे, नवी मुंबई तीसरे, विजयवाड़ा चौथे तथा अहमदाबाद 5वें स्थान पर रहा।
- राजकोट छठवें, भोपाल सातवें तथा चंडीगढ़ आठवें स्थान पर रहा।
- इसके अनुसार, राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष 20 शहरों में शामिल उत्तर प्रदेश के प्रमुख शहरों की रैंकिंग इस प्रकार है-

(i) लखनऊ (12वें स्थान पर)
(ii) गाजियाबाद (19वें स्थान पर)
(iii) प्रयागराज (20वें स्थान पर)

- पटना इस श्रेणी की सूची में सबसे निचले पायदान पर रहा।
- इसके अनुसार, राष्ट्रीय स्तर पर (1-10 लाख तक की आबादी) सबसे स्वच्छ शीर्ष 5 शहर हैं-

(i) अंबिकापुर (छत्तीसगढ़)
(ii) मैसूर (कर्नाटक)
(iii) नई दिल्ली (NDMC) (दिल्ली)
(iv) चंद्रपुर (महाराष्ट्र)
(v) खरगोन (म.प्र.)

- छत्तीसगढ़ को 100 यूएलबी से अधिक की श्रेणी में सबसे साफ-सुथरा राज्य घोषित किया गया।
- झारखंड को 100 से कम यूएलबी श्रेणी के राज्यों में सबसे साफ सुथरा राज्य घोषित किया गया।
- इस वर्ष गंगा के किनारे बसे शहरों के आकलन और नवाचार तथा सर्वोत्तम प्रथाओं पर भी रिपोर्ट जारी की गई।
- वाराणसी को गंगा किनारे बसा सर्वश्रेष्ठ शहर घोषित (1 लाख से अधिक आबादी के शहरों में) किया गया।
- अब तक 4,324 शहरी यूएलबी को खुले में शौच से मुक्त घोषित किया जा चुका है।
- 1,319 शहरों को ओडीएफ प्रमाणन और 489 शहरों को ओडीएफ ++ प्रमाणन दिया गया है।
- इसके अनुसार, 66 लाख से अधिक व्यक्तिगत घरेलू शौचालयों और 6 लाख से अधिक सामुदायिक/सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण हुआ।
- इस सर्वेक्षण में 4242 शहरों और 62 छावनी बोर्ड को शामिल किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://swachhsurvekshan2020.org/Rankings

देश में नदी पर बना सबसे लंबा रोपवे

प्रश्न-24 अगस्त, 2020 को असम के बिल व स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्री हिमांता बिस्वा सरमा और गुवाहाटी विकास विभाग के मंत्री सिद्धार्थ भट्टाचार्य ने ब्रह्मपुत्र नदी पर बने रोपवे सेवा का उद्घाटन किया। इस रोपवे के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?
(a) यह रोपवे 2.8 किमी. लंबा है।(b) यह देश में नदी पर बना सबसे लंबा रोपवे है।
(c) यह रोपवे गुवाहाटी और उत्तरी गुवाहाटी को जोड़ेगा।
(d) इस रोपवे को गुवाहाटी में कचारी घाट से उत्तरी गुवाहाटी के डोल गोविंदा मंदिर तक संचालित किया गया।
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 24 अगस्त, 2020 को असम के वित्त स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री हिमंता बिस्बा सरमा और गुवाहाटी विकास विभाग के मंत्री सिद्धार्थ भट्टाचार्य ने ब्रह्मपुत्र नदी पर बने 1.82 किमी. लंबे रोपवे सेवा का उद्घाटन किया।
- यह देश में नदी पर बना सबसे लंबा रोपवे है।
- इस रोपवे के माध्यम से उत्तरी गुवाहाटी और गुवाहाटी शहर की यात्रा सुगम होगी ।
- इस रोपवे उत्तरी को गुवाहाटी में कचारी घाट से उत्तरी गुवाहाटी के डोल गोविंदा मंदिर तक संचालित किया गया।

- कोविड-19 स्वास्थ्य दिशा-निर्देशों के कारण इस समय सिर्फ 15 यात्री को ही एक साथ एक बार यात्रा करने की अनुमति दी गई है।
- इस रोपवे के निर्माण में लगभग 56-करोड़ रुपये की लागत आई है।
- इस रोपवे सेवा के माध्यम से यात्री खूबसूरत गुवाहाटी शहर, विशाल ब्रह्मपुत्र नदी और पिकॉक आईलैंड पर स्थित उमानंद मंदिर के परिदृश्य का अवलोकन कर सकेंगे।
- यह रोपवे ब्रहमपुत्र नदी के उत्तरी व दक्षिणी किनारों को जोड़ेगा।
- एक बार में 30 यात्री इस रोपवे के माध्यम से यात्रा कर सकते हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indianexpress.com/article/north-east-india/assam/guwahati-ropeway-brahmaputra-6567892/

आईबीएम एनएसडीसी के मध्य साझेदारी

प्रश्न-भारत में आईबीएम के ओपेन पी-टेक की शुरुआत कब हुई थी?
(a) जनवरी, 2020 (b) फरवरी, 2020 (c) मार्च, 2020 (d) अप्रैल, 2020
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 21 अगस्त, 2020 को आईबीएम ने भारत में शिक्षार्थियों को मुफ्त डिजिटल कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के साथ साझेदारी किए जाने की घोषणा की।
- इस साझेदारी के तहत आईबीएम अपने ओपेन पी-टेक मंच से ऑनलाइन पाठ्यक्रम तैयार करेगा और एनएसडीसी के ई-स्किल इंडिया पोर्टल के माध्यम से इसकी पेशकश की जाएगी।
- इस साझेदारी के तहत आईबीएम ई-स्किल इंडिया पोर्टल पर 30 से अधिक ओपेन पी-टेक पाठ्यक्रमों को सूचीबद्ध करेगा, जिसकी प्रशिक्षण अवधि 60 घंटे से अधिक होगी।
- इस पहल के तहत 18-22 वर्ष की आयु के युवाओं को साइबर सुरक्षा, ब्लॉकचेन, आर्टि फिशियल इंटेलीजेन्स और मशीन लर्निंग, क्लाउड इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसी तकनीकों के साथ-साथ व्यावसायिक कौशल जैसे पाठ्यक्रमों में नॉलेज पार्टनर के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा।
- भारत में आईबीएम के ओपेन पी-टेक की शुरुआत मार्च, 2020 में हुई थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.livemint.com/companies/news/ibm-to-offer-free-training-in-new-it-technologies-partners-with-nsdc-11597995673609.html

स्वदेशी माइक्रोप्रोसेसर चैलेज

प्रश्न-18 अगस्त, 2020 को केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने 'स्वदेशी माइक्रोप्रोसेसर चैलेंज-# आत्मनिर्भर भारत के लिए नवाचार समाधान' का शुभारंभ किया। इस प्रतिस्पर्धा के अंतर्गत फिनाले में पहुंचने वाली शीर्ष 10 टीमों को कुल कितनी राशि का सीड-फंड प्राप्त होगा।

(a) 1 करोड़ रुपये(b) 2 करोड़ रुपये(c) 2.30 करोड़ रुपये(d) 2.50 करोड़ रुपये

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 18 अगस्त, 2020 को केंद्रीय काूनन एवं न्याय, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रविशंकर प्रसाद ने 'स्वेदशी माइक्रोप्रोसेसर चैलेंज-# आत्मनिर्भर भारत के लिए नवाचार समाधान' का शुभारंभ किया।
- इसका उद्देश्य देश में स्टार्ट-अप, नवाचार और अनुसंधान के मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र को और गति प्रदान करना है।
- इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तत्वाधान में आईआईटी, मद्रास और सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस कंप्यूटिंग (सीडीएसी) ने ओपन सोर्स आर्किटैकचर का उपयोग करते हुए शक्ति (32 बिट) और वेगा (14 बिट) नामक दो माइक्रोप्रोसेर विकसित किए हैं।
- इन माइक्रोप्रोसेसरों को उपयोग करते हुए विभिन्न टेक्नोलॉजी उत्पादों को विकसित करने हेतु 'स्वदेशी माइक्रोप्रोसेसर चैलेंज-# आत्मनिर्भर भारत के लिए नवाचार सामधान' के तहत नवोन्मेशी, स्टार्ट-अप और छात्रों को आमंत्रित किया गया है।
- स्वदेशी माइक्रोप्रोसेसर चैलेंज इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा देशभर में नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने और डिजिटल प्रौद्योगिकी अपनाने के संदर्भ में अग्रणी रहने हेतु सक्रिय, पूर्वनिर्धारित और श्रेणीबद्ध उपायों की शृंखला का हिस्सा है।
- इस चैलेंज की अवधि 10 महीन (18 अगस्त, जून, 2021) तक है।
- इस प्रतिस्पर्धा के अंतर्गत सेमीफाइनल में पहुंचने वाली 100 टीमों और फाइनल में पहुंचने वाली 25 टीमों को पुरस्कार के रूप में क्रमश 1-1 करोड़ रुपये की राशि जीतने का अवसर प्राप्त होगा।
- फिनाले में प्रवेश करने वाली शीर्ष 10 टीमों को कुल 2.30 करोड़ रुपये का सीड-फंड प्राप्त होगा और 12 महीने तक इंक्यूबेशन मिलेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://innovate.mygov.in/swadeshi-microprocessor-challenge/

रेलवे सुरक्षा हेतु ड्रोन आधारित ड्रोन निगरानी प्रणाली

प्रश्न-18 अगस्त, 2020 को भारतीय रेलवे ने रेलवे सुरक्षा हेतु ड्रोन आधिारित निगरानी प्रणाली का शुभारंभ किया। भविष्य में 97.52 लाख रुपये की लागत से कितने और ड्रोन की खरीद प्रस्तावित है?
(a) 9(b) 11(c) 15 (d) 17
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 18 अगस्त, 2020 को भारतीय रेलवे में रेलवे सुरक्षा हेतु ड्रोन आधारित निगरानी प्रणाली का शुभारंभ किया।
- रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने मुंबई के 4 कर्मचारियों की एक टीम को ड्रोन उड़ान, निगरानी और देखभाल हेतु प्रशिक्षित किया है।
- ये ड्रोन रियल टाइम ट्रैकिंग, वीडियो स्ट्रीमिंग में सक्षम है तथा इन्हें स्वचालित फेज सेफ मोड पर संचालित किया जा सकता है।
- अब तक आपीएफ द्वारा 31.87 लाख रुपये की लागत से दक्षिण पूर्व रेलवे, मध्य रेलवे, आधुनिक कोच फैक्टरी, रायबरेली और दक्षिण पश्चिम रेलवे के लिए 9 ड्रोन खरीदा गया है।
- भविष्य में 97.52 लाख रुपये की लागत से 17 और ड्रोन की खरीद किया जाना प्रस्तावित है।
- अभी तक ड्रोन के रख-रखाव और संचालन हेतु 19 आरपीएफ कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया है जिनमें से 4 ने ड्रोन उड़ाने के लिए लाइसेंस भी प्राप्त कर लिया है।
- ड्रोन की तैनाती का उद्देश्य तैनात सुरक्षाकर्मियों की प्रभावशीलता में वृद्धि करना और उन्हें सहायता प्रदान करना है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.financialexpress.com/infrastructure/railways/wow-indian-railways-introduces-drone-based-surveillance-system-to-protect-railway-assets-details/2059841/

ट्रांसजेंडर लोगों के लिए राष्ट्रीय परिषद का गठन

प्रश्न-हाल ही में केंद्र सरकार ने ट्रांसजेंडर लोगों के लिए राष्ट्रीय परिषद का गठन किया। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-
(i) केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री इसके पदेन अध्यक्ष होंगे।
(ii) सामाजिक न्याय और अधिकारिता सचिव इसके पदेन उपाध्यक्ष होंगे।
(iii) इस परिषद का कार्य ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के संबंध में नीतियों कार्यक्रमों, कानून और परियोजनाओं के निर्माण केंद्र सरकार को सलाह देना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही हैं/है?
(a) केवल (i) एवं (iii)(b) केवल (i) एवं (ii)(c) केवल (ii) एवं (iii) (d) उपर्युक्त सभी
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- अगस्त, 2020 में केंद्र सरकार ने ट्रांसजेंडर लोगों के लिए राष्ट्रीय परिषद (National Council for Trans gender Persons) का गठन किया।
- केंद्र सरकार ने ट्रांसजेंडर व्यक्तियों (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 2019 की धारा 16 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए इस परिषद का गठन किया।
- केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री इस परिषद के पदेन अध्यक्ष होंगे।
- जबकि केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री इसके पदेन उपाध्यक्ष होंगे।
- परिषद के अन्य सदस्यों में विभिन्न मंत्रालयों/विभागों के प्रतिनिधि, ट्रांसजेंडर समुदाय के 5 प्रतिनिधि, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और राष्ट्रीय महिला आयोग के प्रतिनिधि, राज्य सरकारों और केंद्रशासित प्रदेशों के प्रतिनिधि और गैर-सरकारी संगठनों का प्रतिनिधित्व करने वाले विशेषज्ञ शामिल हैं।
- राष्ट्रीय परिषद का सदस्य, पदेन सदस्य के अलावा, अपने नामांकन की तारीख से तीन साल के लिए पद पर काम कर सकेगा।
- राष्ट्रीय परिषद निम्नलिखित कार्य करेगा, अर्थातः-
- ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के संबंध में नीतियों, कार्यक्रमों, कानून और परियोजनाओं के निर्माण पर केंद्र सरकार को सलाह देना;
- ट्रांसजेंडर व्यक्तियों की समानता और पूर्ण भागीदारी हासिल करने के लिए बनाई गई नीतियों और कार्यक्रमों के प्रभाव की निगरानी और मूल्यांकन करना;
- ट्रांसजेंडर व्यक्तियों से संबंधित मामलों से जुड़े सभी सरकारी विभागों और अन्य सरकारी तथा गैर-सरकारी संगठनों की गतिविधियों की समीक्षा और समन्वय करना;
- ट्रासंजेंडर व्यक्तियों की शिकायतों का निवारण करना;
- केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित किए गए ऐसे ही अन्य कार्यों को पूरा करना।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://newsonair.com/Main-News-Details.aspx?id=398092

झारखंड राज्य का नया प्रतीक चिह्न

प्रश्न-14 अगस्त, 2020 को झारखंड राज्य का नया प्रतीक चिह्न जारी किया गया। इस प्रतीक चिह्न में हाथी किसका द्योतक है?
(a) देश की समृद्धि में भागीदारी का द्योतक(b) संघर्ष का द्योतक

(c) अलौकिक प्राकृतिक संपदा और समृद्धि का द्योतक(d) खुशहाली और समृद्धि का द्योतक
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 14 अगस्त, 2020 को झारखंड की राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन ने झारखंड राज्य का नया प्रतीक चिह्न जारी किया।इसप्रतीकचिह्नकेहरेरंगकीवृत्ताकारपरिधिमेंहाथी, झारखंड के लोक जीवन एवं संस्कृतिक, पलाश के फूलों और केंद्र में अशोक स्तंभ चित्रित है तथा प्रतीक चिह्न के ऊपरी भाग में झारखंड सरकार और नीचे गवर्नमेंट ऑफ झारखंड लिखा है।
- हाथी झारखंड राज्य का राजकीय पशु है, जो राज्य की अलौकिक प्राकृतिक संपदा और समृद्धि का द्योतक है।झारखंडकालोकजीवनऔरसंस्कृति-झारखंडकीसमृद्ध एवं अद्भूत सांस्कृतिक विरासत, सदियों पुरानी परंपरा, वाद्ययंत्र, गीत और नृत्य की अमिट छाप को लोगों के जेहन में प्रतिबिंबित करता है।
- हरा रंग झारखंड की हरियाली से आच्छादित धरा व वन संपदा की परिपूर्णता को दर्शाता है। यह खुशहाली और समृद्धि का प्रतीक है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://prdjharkhand.in/iprd/view_press_release_photo.php?prid=26779

तीन हवाई अड्डों को पीपीपी योजना के तहत पट्टे पर देने को मंजूरी

प्रश्न-19 अगस्त, 2020 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के 3 हवाई अड्डों को सार्वजानिक निजी भागीदारी (पीपीपी) योजना के तहत पट्टे पर दिए जाने हेतु मंजूरी प्रदान की। विकल्प में कौन-सा हवाई अड्डा इसमें शामिल नहीं है?
(a) जयपुर(b) गुवाहाटी(c) तिरुवतंपुरम(d) मुंबई
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 19 अगस्त, 2020 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के जयपुर, गुवाहाटी और तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डों को सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) योजना के तहत पट्टे पर दिए जाने हेतु मंजूरी प्रदान की गई।
- ये तीनों हवाई अड्डे परिचालन, प्रबंधन और विकास के लिए 50 वर्ष की अवधि हेतु अडानी इंटरप्राइजेज लिमिटेड को पट्टे पर दिए गए हैं।
- इन परियोजनाओं से सार्वजनिक क्षेत्र में आवश्यक निवेश एकत्रित करने के अलावा सेवा आपूर्ति, विशेषज्ञता, उद्यम और व्यावसायिक कौशल में दक्षता आएगी।

- उल्लेखनीय है कि सरकार ने भारतीय विमानपत्तनम प्राधिकरण के दिल्ली और मुंबई हवाई अड्डे को सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) के तहत परिचालन, प्रबंधन और विकास हेतु लगभग एक दशक पूर्व ही पट्टे पर दे दिया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1646969

उत्तर प्रदेश में संपत्ति क्षति दावा अधिकरण के गठन को मंजूरी

प्रश्न-17 अगस्त, 2020 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किन दो शहरों में संपत्ति क्षति दावा अधिकरण के गठन हेतु मंजूरी प्रदान की?
(a) लखनऊ, मेरठ(b) प्रयागराज, मेरठ(c) आगरा, प्रयागराज(d) लखनऊ, आगरा
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- अगस्त, 2020 में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ और मेरठ में संपत्ति क्षति दावा अधिकरण के गठन हेतु मंजूरी प्रदान की।
- इसके गठन हेतु उत्तर प्रदेश पब्लिक एंड प्राइवेट प्रॉपर्टी डैमेज रिकवरी रुल्स, 2020 को अधिसूचित कर दिया गया है।उत्तर प्रदेश दावा अधिकरण बनाने के लिए कदम बढ़ाने वाला देश का पहला राज्य है।लखनऊ मंडल के दावा अधिकरण के अंतर्गत झांसी, कानपुर, चित्रकूट धाम, लखनऊ, अयोध्या, देवीपाटन, प्रयागराज, आजमगढ़ वाराणसी, गोरखपुर, बस्ती व विंध्याचल मंडल की दावा याचिकाएं स्वीकार की जाएंगी।
- मेरठ मंडल के दावा अधिकरण के अंतर्गत सहारनपुर, मेरठ, अलीगढ़, मुरादाबाद, बरेली, आगरा मंडल की याचिकाएं स्वीकृत होंगी।प्रदेश के किसी राजनीतिक जूलूस, विरोध-प्रदर्शनों या आंदोलन के दौरान यदि सार्वजनिक या निजी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया जाएगा, तो उसकी क्षतिपूर्ति की वसूली हेतु दावा अधिकरणों में अपील की जा सकेगी।
- दावा अधिकरण को सिविल न्यायालय की सभी शक्तियां हासिल होंगी और वह उसी रूप में काम करेगा।दावा अधिकरण का फैसला अंतिम होगा और उसके विरुद्ध किसी न्यायालय में अपील नहीं की जा सकेगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://navbharattimes.indiatimes.com/metro/lucknow/politics/yogi-governemnt-form-property-damage-recovery-tribunal-in-uttar-pradesh-meerut-and-lucknow/articleshow/77625931.cms

जनजातीय स्वास्थ्य और पोषण पोर्टल-'स्वास्थ्य', राष्ट्रीय प्रवासी पोर्टल और राष्ट्रीय जनजातीय फैलोशिप पोर्टल का शुभारंभ

प्रश्न-17 अगस्त, 2020 को आदिवासी स्वास्थ्य और पोषण पर 'स्वास्थ्य' नामक ई-पोर्टल का उद्घाटन किसने किया?

(a) डॉ. हर्षवर्धन(b) अर्जुन मुंडा(c) रेणुका सिंह सरुता(d) वी.पी. जॉय

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 17 अगस्त, 2020 को जनजातीय मामलों के मंत्रालय ने कई पहलों की घोषणा की, जिनमें जनजातीय स्वास्थ्य एवं पोषण पोर्टल 'स्वास्थ्य' और स्वास्थ्य तथा पोषण पर ई-न्यूजलेटर 'आलेख', राष्ट्रीय प्रवासी पोर्टल और राष्ट्रीय जनजातीय फैलोशिप पोर्टल शामिल हैं।
- अर्जुन मुंडा ने आदिवासी स्वास्थ्य और पोषण पर 'स्वास्थ्य' नामक ई-पोर्टल का उद्घाटन किया।
- यह पोर्टल अपनी किस्म का पहला ऐसा ई-पोर्टल है, जो एक ही मंच पर भारत की जनजातीय आबादी के स्वास्थ्य और पोषण संबंधी जानकारी उपलब्ध कराता है।
- जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा स्वास्थ्य एवं पोषण हेतु ज्ञान प्रबंधन के लिए उत्कृष्टता केंद्र के रूप में मान्यता प्राप्त पीरामल स्वास्थ्य लगातार मंत्रालय से जुड़ा रहेगा और भारत की जनजातीय आबादी के स्वास्थ्य और पोषण से संबंधित साक्ष्य आधारित नीति और निर्णय लेने हेतु इनपुट उपलब्ध कराएगा।इसअवसरपरअर्जुनमुंडानेगोइंगऑनलाइन एज लीडर्स (जीओएएल) के माध्यम से फेसबुक के साथ भागीदारी में मंत्रालय की पहल के विषय में जानकारी दी।
- जीओएल के माध्यम से मंत्रालय का उद्देश्य देश के 5000 जनजातीय युवाओं को सलाह देना और उन्हें समुदाय के लिए ग्राम स्तर के डिजिटल युवा नेता बनने में सक्षम बनाना है।
- रेणुका सिंह सरुता ने एक त्रैमासिक ई-न्यूज लेटर 'आलेख' जारी किया।
- कैबिनेट सचिवालय में सचिव (समन्वय) वी.पी. जॉय ने शैक्षणिक वर्ष 2020-21 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रिण करने हेतु राष्ट्रीय प्रवासी और राष्ट्रीय फैलोशिप पोर्टल का शुभारंभ किया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1646440

तेलंगानाः कृषि नवाचार कार्यक्रम के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI)

प्रश्न-WEF ने किस तारीख को सैन फ्रांसिस्को में चौथी औद्योगिक क्रांति के लिए अपना नया केंद्र खोलने की घोषणा की?

(a) 10 अक्टूबर, 2012(b) 10 अक्टूबर, 2011(c) 10 अक्टूबर, 2010 (d) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- तेलंगाना सरकार ने बुधवार (12 अगस्त, 2020) को विश्व आर्थिक मंच के केंद्र के साथ मिलकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस फॉर एग्रीकल्चर इनोवेशन (AI4AI) कार्यक्रम शुरू किया।
- ध्यातव्य है कि राज्य सरकार ने AI तत्परता में तेजी लाने और राज्य में एक अनुकूल AI इनोवेशन इकोसिस्टम विकसित करने के लिए वर्ष 2020 को Artificial Intellingence (AI) का वर्ष घोषित किया है।CIR की एक टीम, WEF इंडिया ने AI के उच्च प्रभाव उपयोग मामलों की पहचान करने के लिए प्रो.जयशंकर तेलंगाना राज्य कृषि विश्वविद्यालय और राज्य सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के साथ मिलकर काम किया है, जिससे किसानों और नीति निर्माताओं दोनों को लाभ होगा। C4IR (सेंटर फॉर फोर्थ इंडस्ट्रियल रिवोल्यूशन)
- 10 अक्टूबर, 2016 को, WEF ने सैन फ्रांसिस्को में चौथी औद्योगिक क्रांति के लिए अपना नया केंद्र खोलने की घोषणा की।
- यह मल्टीस्टेकहोल्डर सहयोग के लिए एक वैश्विक केंद्र है, जिसका उद्देश्य है- विज्ञान और प्रौद्योगिकी के लाभों को गति देने वाले नीतिगत ढांचे और अग्रिम सहयोग को विकसित करना।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.uniindia.com/telangana-it-minister-launches-ai-for-agricultural-innovation-program/south/news/2119159.html

यूनेस्को द्वारा दो तटीय गांवों को 'सुनामी रेडी' मान्यता

प्रश्न-अगस्त, 2020 में किस भारतीय राज्य के दो तटीय गांवों को 'सुनामी रेडी (Tsunami Ready) प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया?
(a) ओडिशा(b) पश्चिम बंगाल(c) आंध्र प्रदेश(d) तमिलनाडु
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 7 अगस्त, 2020 को यूनेस्को (UNESCO) के अंतरसरकारी महासागरीय आयोग (IOC) द्वारा ओडिशा राज्य के दो तटीय गांवों नामतः वेंकटरायपुर (गंजाम जिला) और नोलियाशाही (जगतसिंहपुर जिला) को 'सुनामी रेडी' प्रमाण-पत्र प्रदान किया।
- सुनामी रेडी गांव वाला ओडिशा भारत का पहला राज्य बन गया है।
- यूनेस्को के अंतरसरकारी महासागरीय आयोग द्वारा इस तरह का प्रमाण-पत्र प्राप्त करने वाला भारत हिंद महासागर क्षेत्र का पहला देश है।

लोकसभा में न्यू फ्रेंच कोर्स का शुभारंभ

प्रश्न-संसदीय अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान लोकतंत्र (PRIDE) की स्थापना किस वर्ष की गई थी?
(a) 1976(b) 1978(c) 1998 (d) 2001
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- अगस्त, 2020 में लोक सभा ने सभी कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए प्रारंभिक स्तर पर एक फ्रांसीसी भाषा पर आधारित कोर्स शुरू किया है।
- इस कोर्स (पाठ्यक्रम) के अंतर्गत लगभग 57 अधिकारियों और कर्मचारियों को पंजीकृत किया गया है।
- इस पहल को संसदीय अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान लोकतंत्र (PRIDE) द्वारा लागू किया जायेगा।
- भविष्य में लोकसभा में जर्मन, रूसी, स्पेनिश और अन्य महत्वपूर्ण भाषाओं में समान पाठ्यक्रम शुरू करने की योजना है।
- संसदीय अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान लोकतंत्र (PRIDE) की स्थापना वर्ष 1976 में संसदीय कर्मचारियों, सांसदों और अन्य लोगों को संसदीय संस्थानों में विभिन्न विषयों में प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु की गई थी।
- प्राइड की गतिविधियों में संसद सदस्यों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम, राउंड टेबल चर्चा और व्याख्यान शामिल हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.newsonair.com/News?title=Lok-Sabha-starts-beginner-level-course-in-French&id=397079#:~:text=Lok%20Sabha%20has%20started%20a,officials%20registered%20for%20the%20course.

ड्रोन संचालन हेतु नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (BCAS) के दिशा-निर्देश

प्रश्न-जुलाई, 2020 में नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (BCAS) द्वारा 'दूरस्थ संचालित विमान प्रणाली सुरक्षा कार्यक्रम' जारी किया गया। इसके अनुसार माइक्रो श्रेणी के ड्रोन अथवा दूरस्थ संचालित विमान का भार होगा-
(a) 250 ग्राम से 2 किग्रा.(b) 500 ग्राम से 3 किग्रा.(c) 1 किग्रा. से 5 किग्रा.(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- जुलाई, 2020 में नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो द्वारा ड्रोन संचालन सुरक्षा ब्यूरो (BCAS) से संबंधित दिशा-निर्देश जारी किए गए।
- उक्त दिशा-निर्देशों का पालन साइबर सुरक्षा, भंडारण सुविधा, ड्रोन परिचालन प्रणाली अथवा दूरस्थ संचालित विमान प्रणाली के कर्मचारियों की पृष्ठभूमि जांच और प्रशिक्षण के लिए किया जाएगा।
- इसके अनुसार दूरस्थ संचालित विमान प्रणालियों एवं भंडारण सुविधाओं में सीसीटीवी लगाया जाना चाहिए।
- मिनी और माइक्रो श्रेणी के अतिरिक्त सभी श्रेणियों के लिए न्यूनतम 30 दिनों की सीसीटीवी रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखनी होगी।
- 250 ग्राम से कम भार वाले दूरस्थ संचालित विमान अथवा ड्रोन नैनो या मिनी श्रेणी के अंतर्गत होंगे।
- 250 ग्राम से 2 किग्रा. तक के दूरस्थ संचालित विमान अथवा ड्रोन माइक्रो श्रेणी के होंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/industry/transportation/airlines-/-aviation/aviation-security-regulator-bcas-issues-guidelines-for-drone-operating-systems/articleshow/77313646.cms?from=mdr

कृषि अवसंरचना निधि के तहत वित्तपोषण सुविधा की एक नई योजना

प्रश्न-9 अगस्त, 2019 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कृषि अवसंरचना निधि के तहत 1 लाख करोड़ रुपये वित्त पोषण सुविधा की नई योजना का शुभारंभ किया। इस योजना के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) यह योजना समुदाय कृषक परिसंपत्तियों के निर्माण तथा फसल उपरांत कृषि अवसंरचना में किसानों, पैक्स, एफपीओ, कृषि उद्यमियों आदि को सहायता प्रदान करेगी।

(b) कृषि अवसंरचना निधि ब्याज माफी और ऋण गारंटी के माध्यम से फसल उपरांत प्रबंधन अवसंरचना एवं सामुदायिक कृषि परिसंपत्तियों के लिए व्यवहार्य परियोजनाओं में निवेश हेतु एक मध्यम दीर्घकालिक कर्ज वित्त पोषण सुविधा है।

(c) इस योजना की अवधि वित्त वर्ष 2020 से 2025 तक होगी।

(d) इस योजना के तहत 3 प्रतिशत प्रतिवर्ष की ऋण माफी तथा 2 करोड़ रुपये तक के ऋण हेतु सीजीटी एमएसई स्कीम के तहत संस्थानों द्वारा 1 लाख करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 9 अगस्त, 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कृषि अवसंरचना निधि के तहत 1 लाख करोड़ रुपये की वित्त पोषण सुविधा की एक नई योजना का शुभारंभ किया।
- यह योजना समुदाय कृषक परिसंपत्तियों के निर्माण तथा फसल उपरांत कृषि अवसंरचना में किसानों, पैक्स, एफपीओ, कृषि उद्यमियों आदि को सहायता प्रदान करेगी।
- मंत्रिमंडल द्वारा योजना को अनुमोदित किए जाने के 30 दिनों के बाद 2280 से अधिक कृषक सोसाइटियों को 1000 करोड़ रुपये से अधिक राशि की पहली मंजूरी प्रदान की गई।
- कृषि अवसंरचना निधि ब्याज माफी तथा ऋण गारंटी के माध्यम से फसल उपरांत प्रबंधन अवसंरचना एवं सामुदायिक कृषि परिसपत्तियों के लिए व्यावहार्य परियोजनाओं में निवेश हेतु एक मध्यम दीर्घकालिक कर्ज वित्त-पोषण सुविधा है।
- इस योजना की अवधि वित्त वर्ष 2020 से 2029 (10 वर्ष) तक होगी।
- इस योजना के तहत 3 प्रतिशत प्रतिवर्ष की ऋण माफी तथा 2 करोड़ रुपये तक के ऋण हेतु सीजीटीएमएसई स्कीम के तहत ऋण गारंटी करवरेज के साथ ही ऋण के रूप में बैंकों और वित्तीय संस्थानों द्वारा 1 लाख करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध कराई जाएगी।
- इस योजना के लाभार्थियों में किसान, पैक्स विपणन सहकारी समितियां, कृषि-उद्यमी, स्टार्ट-अप्स और केंद्रीय/ राज्य एजेंसी अथवा स्थानीय निकाय द्वारा प्रायोजित सार्वजनिक-निजी भागीदारी परियोजनाएं शामिल होंगी।
- इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने किसान सम्मान निधि (पीएम किसान) योजना की छठी किस्त के तहत 8.5 करोड़ से भी अधिक किसानों को 17,000 करोड़ रुपये की राशि जारी की।
- इस योजना के तहत किसानों को प्रतिवर्ष 2000-2000 रुपये की 3 किस्तों में कुल 6000 रुपये की सहायता प्रदान की जाती है।
- पीएम-किसान योजना दिसंबर, 2018 में सभी खेतिहर किसानों (उच्च विशिष्ट बहिष्करण मानदंडों के अध्यधीन) को नकदी लाभ के द्वारा आय सहायता उपलब्ध कराने हेतु शुरू की गई थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1644529#:~:text=Prime%20Minister%20Shri%20Narendra%20Modi,of%20Rs.%201%20Lakh%20Crore.&text=17%2C000%20Crore%20to%20nearly%208.5,the%20press%20of%20a%20button.

दिल्ली में नई इलेक्ट्रिक वाहन पॉलिसी लांच

प्रश्न-7 अगस्त, 2020 को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने नई इलेक्ट्रिक वाहन पॉलिसी लांच की। इस पॉलिसी के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) इस पॉलिसी को दिल्ली सरकार ने 7 अगस्त, 2020 को अधिसूचित कर दिया है।

(b) इस पॉलिसी के तहत दिल्ली सरकार दिल्ली में इलेक्ट्रिक वाहनों को रजिस्ट्रेशन फीस एवं रोड

टैक्स में छूट प्रदान करेगी।
(c) इस पॉलिसी के तहत दिल्ली सरकार दो पहिया वाहनों, ऑटो, ई-रिक्शा और मालवाहक वाहनों की खरीद पर 30,000 रुपये तक और कारों की खरीद पर 1.5 लाख रुपये तक की प्रोत्साहन राशि प्रदान करेगी।
(d) इस पॉलिसी के अंतर्गत वर्ष 2024 तक 30 प्रतिशत नए इलेक्ट्रिक वाहनों का पंजीकरण कराने का लक्ष्य रखा गया है।
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 7 अगस्त, 2020 को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में वायु प्रदूषण से निपटने हेतु व अर्थव्यवस्था में तेजी लाने हेतु नई इलेक्ट्रिक वाहन पॉलिसी (Electric Vehicle Policy) लांच किया।
- इस पॉलिसी (नीति) के तहत दिल्ली सरकार दिल्ली में इलेक्ट्रिक वाहनों को रजिस्ट्रेशन फीस एवं रोड टैक्स में छूट प्रदान करेगी।
- इस पॉलिसी के तहत दिल्ली सरकार दो पहिया वाहनों, ऑटो, ई-रिक्शा और मालवाहक वाहनों की खरीद पर 30000 रुपये तक और कारों की खरीद पर 1.5 लाख रुपये तक की प्रोत्साहन राशि प्रदान करेगी। यह छूट के केंद्र से प्राप्त छूट के अतिरिक्त होगी।
- इस पॉलिसी अंतर्गत वर्ष 2024 तक 25 प्रतिशत नए इलेक्ट्रिक वाहनों का पंजीकरण कराने का लक्ष्य है।
- मौजूदा समय में राष्ट्रीय राजधानी में 0.29 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहनों पंजीकृत हैं।
- 5 वर्षों में 5 लाख नए इलेक्ट्रिक वाहनों का पंजीकरण किए जाने की उम्मीद है।
- दिल्ली में 1 वर्ष में 200 चार्जिंग स्टेशन का नेटवर्क बनाने का लक्ष्य है।
- दिल्ली में इलेक्ट्रिक वाहन बोर्ड बनाया जाएगा, जो इस पॉलिसी को लागू करेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/cities/Delhi/govt-launches-electric-vehicle-policy-to-boost-economy-reduce-pollution/article32299188.ece

अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के लिए सबमरीन केबल कनेक्टिविटी

प्रश्न-10 अगस्त, 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के लिए सबमरीन ऑप्टिकल फाइबर केबल (ओएफसी) का उद्घाटन किया और राष्ट्र को समर्पित किया। इस परियोजना के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?
(a) यह सबमरीन ऑप्टिकल फाइबर केबल चेन्नई एवं पोर्टब्लेयर को जोड़ेगी।
(b) यह पोर्टब्लेयर को 5 द्वीपों से भी जोड़ेगी।

(c) सबमरीन ओएफसी लिंक चेन्नई एवं पोर्टब्लेयर के बीच 2×200 गीगाबाइट प्रति सेकेंड की बैंडविड्थ प्रदान करेगा।
(d) यह परियोजना भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) द्वारा कार्यान्वित की गई है।
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 10 अगस्त, 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के लिए सबमरीन ऑप्टिकल फाइबर केबल (ओएफसी) का उद्घाटन किया और इसे राष्ट्र को समर्पित किया।
- यह सबमरीन ऑप्टिकल फाइबर केबल चेन्नई एवं पोर्टब्लेयर को जोड़ेगी।
- इसके अलावा यह पोर्टब्लेयर को 7 द्वीपों स्वराज द्वीप (हैवलॉक), अंडमान, कार निकोबार, कामोर्टा, ग्रेट निकोबार, लॉन्ग आइसलैंड और रंगट से भी जोड़ेगी।
- सबमरीन ओएफसी लिंक चेन्नई एवं पोर्टब्लेयर के बीच 2×200 गीगाबाइट प्रति सेकेंड और पोर्ट ब्लेयर एवं अन्य द्वीपों के बीच 2×100 गीगाबाइट प्रति सेकेंड (जीबीपी) को बैंडविड्थ प्रदान करेगा।
- यह परियोजना संचार मंत्रालय के दूरसंचार विभाग के अधीनस्थ सार्वभौमिक सेवा दायित्व कोष (यूएसओएफ) के माध्यम से भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित है।
- यह परियोजना भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) द्वारा कार्यान्वित की गई है।
- इस परियोजना हेतु तकनीकी सलाहकार टेलीकम्युनिकेशंस कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड (टीसीआईएल) है।
- इस परियोजनांतर्गत चेन्नई-पोर्टब्लेयर और पोर्टब्लेयर एवं 7 द्वीपों के बीच समुद्र में लगभग 2300 किमी. लंबी सबमरीन ओएफसी केबल बिछाई गई है, जिसकी लागत राशि लगभग 1224 करोड़ रुपये है।
- ध्यातव्य है कि प्रधानमंत्री ने 30 दिसंबर, 2018 को पोर्टब्लेयर में इस परियोजना की आधारशिला रखी थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1644712

आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए रक्षा मंत्रालय की पहल

प्रश्न-9 अगस्त, 2020 को रक्षा मंत्रालय ने रक्षा उत्पादन के स्वदेशीकरण को बढ़ावा देने के लिए दी गई समयसीमा के बाद कितने वस्तुओं पर आयात प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है?
(a) 105(b) 101(c) 110 (d) 95

उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 9 अगस्त, 2020 को रक्षा मंत्रालय ने रक्षा उत्पादन के स्वदेशीकरण को बढ़ावा देने के लिए दी गई समयसीमा के बाद 101 वस्तुओं पर आयात प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया।
- इन 101 वस्तुओं के आयात पर प्रतिबंध को वर्ष 2020 से 2024 के बीच उत्तरोतर लागू करने की योजना है।
- यह रक्षा क्षेत्र में आत्म-निर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम है।
- यह भारतीय रक्षा उद्योग को भविष्य में सशस्त्र बलों की आवश्यकताएं पूरी करने के लिए अपने स्वयं के डिजाइन और विकास क्षमताओं का उपयोग करने या डीआरडीओ द्वारा डिजाइन और विकसित प्रौद्योगिकियों को अपनाकर नकारात्मक सूची में शामिल वस्तुओं का निर्माण करने के लिए एक बड़ा अवसर प्रदान करेगा।
- आयात पर प्रतिबंध लगाई जाने वाली इन 101 वस्तुओं की सूची में न केवल हल्की वस्तुएं शामिल हैं, बल्कि आर्टिलरी गन, असॉल्ट राइफलें, लड़ाकू जलपोत, सोनार प्रणाली, मालवाहक विमान, हल्के लड़ाकू विमान, राडार जैसे कुछ उच्च प्रौद्योगिकी हथियार प्रणालियां और हमारी रक्षा सेवाओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए कई अन्य वस्तुएं भी शामिल हैं।
- एक अन्य आवश्यक कदम के रूप में रक्षा मंत्रालय ने वर्ष 2020-21 के लिए पूंजी खरीद बजट को घरेलू और विदेशी पूंजी खरीद मार्गों के बीच विभाजित किया है।
- चालू वित्त वर्ष में घरेलू पूंजीगत खरीद के लिए लगभग 52,000 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ एक अलग बजट मद बनाया गया है।
- इस सूची के उद्घोषणा के पीछे का उद्देश्य भारतीय रक्षा उद्योग को सशस्त्र बलों की अपेक्षित आवश्यकताओं के बारे में बताना है, ताकि वे स्वदेशीकरण के लक्ष्य को हासिल करने के लिए बेहतर रूप से तैयार हो सकें।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1644570

राष्ट्रीय स्वच्छता केंद्र का उद्घाटन

प्रश्न-8 अगस्त, 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्वच्छता केंद्र का उद्घाटन किया। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-
(i) यह नई दिल्ली में राजघाट स्थित गांधी स्मृति और दर्शन समिति में स्थित है।
(ii) इसको पहली बार प्रधानमंत्री द्वारा गांधी जी के चंपारण सत्याग्रह के शताब्दी समारोह के अवसर पर 10 अप्रैल, 2017 को घोषित किया गया था।
(iii) यह स्वच्छ भारत मिशन पर संवाद एवं अनुभव केंद्र के रूप में कार्य करेगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(a) केवल (ii)(b) केवल (ii) एवं (iii)(c) केवल (i) एवं (iii) (d) उपर्युक्त सभी
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 8 अगस्त, 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के राजघाट स्थित गांधी स्मृति और दर्शन समिति में 'राष्ट्रीय स्वच्छता केंद्र' का उद्घाट स्थित।
- यह स्वच्छ भारत मिशन पर संवाद एवं अनुभव केंद्र के रूप में कार्य करेगा।
- इसको पहली बार प्रधानमंत्री द्वारा गांधी जी के चंपारण सत्याग्रह के शताब्दी समारोह के अवसर पर 10 अप्रैल, 2017 को घोषित किया गया था।
- इस केंद्र की स्थापना से आने वाली पीढ़िया विश्व के सबसे बड़े व्यवहार परिवर्तन अभियान 'स्वच्छ भारत मिशन' की सफल यात्रा से सही ढंग से अवगत हो जाएगी।
- इस अवसर पर उन्होंने 'गंदगी मुक्त भारत' का शुभारंभ किया।
- यह स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्वच्छता के लिए चलने वाला एक सप्ताह का विशेष अभियान है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1644421

डिजिटल शिक्षा पर भारत रिपोर्ट जून, 2020

प्रश्न-सूची-1 (राज्य) को सूची-II (डिजिटल पहल) को सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए।
सूची-I सूची-II
(राज्य) (डिजिटल पहल)
A. राजस्थान 1. स्माइल (Smile)B. छत्तीसगढ़ 2. पढ़ाई तुहार दुवार
C. बिहार 3. उन्नयनD. मेघालय 4. ई-स्कॉलर पोर्टल
कूट :
A B C D
(a) 1 2 3 4(b) 4 3 2 1(c) 3 2 1 4(d) 2 1 4 3
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 28 जुलाई, 2020 को केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने 'डिजिटल शिक्षा पर भारत रिपोर्ट' जारी की।

- रिपोर्ट में केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय, राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों के शिक्षा विभागों द्वारा घर पर बच्चों के लिए सुलभ एवं समावेशी शिक्षा सुनिश्चित करने तथा उनके सीखने के क्रम में आने वाली बाधाओं को दूर करने हेतु अपनाए गए अभिनव तरीकों का वर्णन किया गया।
- रिपोर्ट के अनुसार, केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रारंभ की गई प्रमुख पहलें हैं-

1. दीक्षा (DIKSHA) प्लेटफार्म
2. स्वयंप्रभा टीवी चैनल
3. ऑनलाइन एमओओसी पाठ्यक्रम
4. ऑन एयर शिक्षा वाणी
5. दिव्यांगों के लिए NIOS का DAISY
6. ई-पाठशाला
7. नेशनल रिपॉजिटरी ऑफ ओपेन एजुकेशनल रिसोर्सेज (NROER) आदि।

- राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों द्वारा डिजिटल शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिए प्रारंभ की गई प्रमुख पहलें हैं-

1. राजस्थान – प्रोजेक्ट स्माइल (SMILE : Social Media Interface for Learning Engagement), शिक्षा दर्शन, हवामहल
2. छत्तीसगढ़ – पढ़ाई तुहार दुवार
3. बिहार – मेरा दूरदर्शन, मेरा विद्यालय उन्नयन पहल, विद्यावाहिनी ऐप, मेरा मोबाइल मेरा विद्यालय
4. मेघालय – ई-स्कॉलर पोर्टल
5. उत्तराखंड – संपर्क दीदी ऐप, ज्ञानदीप कार्यक्रम
6. असम – विश्व विद्या, ज्ञान वृक्ष
7. त्रिपुरा – एम्पावरयू शिक्षा दर्पण ऐप
8. अरुणाचल – रेडियो स्कूल

प्रदेश

9. चंडीगढ़ – प्रोजेक्ट फीनिक्स, किशोर मंच

10. गुजरात – ज्ञान कुंज, समर्थ

11. हरियाणा – घर से पढ़ाओ अभियान

12. हिमाचल प्रदेश – हर घर पाठशाला अभियान, 'करोना, थोड़ी मस्ती-थोड़ी पढ़ाई' अभियान

13. कर्नाटक – मक्कणवार्णा परीक्षावाणी

14. मध्य प्रदेश – ज्ञान पिटारा

15. ओडिशा – शिक्षा संजोग

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1641850

खादी अगरबत्ती आत्मनिर्भर मिशन

प्रश्न-2 अगस्त, 2020 को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने एक अद्वितीय रोजगार सृजन कार्यक्रम 'खादी अगरबत्ती आत्मनिर्भर मिशन' को मंजूरी प्रदान की। इस कार्यक्रम के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) यह कार्य निजी सार्वजनिक मोड पर खादी और ग्रामोद्योग (केवीआईसी) द्वारा बनाया गया है।
(b) इस योजना के तहत केवीआईसी सफल अगरबत्ती निर्माताओं के माध्यम से कारीगरों को अगरबत्ती बनाने की स्वचालित मशीन और पाउडर मिक्सिंग उपलब्ध कराएगा।
(c) केवीआईसी मशीनों की लागत पर 35 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान करेगी और कारीगरों से प्रत्येक महीने आसान किश्तों में शेष 65 प्रतिशत की वसूली करेगी।
(d) अगरबत्ती बनाने की 5 मशीनों के सेट पर 1 पाउडर मिक्सिंग मशीन प्रदान की जाएगी।

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 2 अगस्त, 2020 को केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्री नितिन गडकरी ने खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) द्वारा प्रस्तावित एक अद्वितीय रोजगार सृजन कार्यक्रम 'खादी अगरबत्ती आत्मनिर्भर मिशन' को मंजूरी प्रदान की।
- इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश के विभिन्न हिस्सों में बेरोजगारों और प्रवासी श्रमिकों के लिए रोजगार उत्पन्न करना और घरेलू अगरबत्ती उत्पादन में पर्याप्त तेजी लाकर अगरबत्ती उत्पादन क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाना है।
- निजी सार्वजनिक मोड पर केवीआईसी द्वारा बनाई गई इस योजना के तहत, केवीआईसी सफल निजी अगरबत्ती निर्माताओं के माध्यम से कारीगरों को अगरबत्ती बनाने की स्वचालित मशीन और पाउडर मिक्ंिसग मशीन उपलब्ध कराएगा, जो व्यापार भागीदारों के रूप में समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे।
- केवीआईसी द्वारा केवल स्थानीय रूप से भारतीय निर्माताओं द्वारा निर्मित मशीनों की खरीद का निर्णय लिया गया है।
- केवीआईसी मशीनों की लागत पर 25 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान करेगी एवं कारीगरों से प्रत्येक महीने आसान किश्तों में शेष 75 प्रतिशत की वसूली करेगी।
- केवीआईसी व्यापार भागीदार कारीगरों को कच्चा माल (अगरबत्ती बनाने के लिए) उपलब्ध कराएगा और उनकों काम के आधार पर मजदूरी का भुगतान करेगा।
- कारीगरों के प्रशिक्षण की लागत केवीआईसी और निजी व्यापार भागीदार के बीच साझा की जाएगी, जिसमें केवीआईसी लागत का 75 प्रतिशत वहन करेगा, जबकि 25 प्रतिशत व्यापार भागीदार द्वारा भुगतान किया जाएगा।
- अगरबत्ती बनाने की 5 मशीनों के सेट पर एक पाउडर मिक्सिंग मशीन प्रदान की जाएगी।
- यह योजना दो प्रमुख फैसलों-अगरबत्ती के कच्चे माल पर आयात प्रतिबंध और बांस के डंडों पर आयात शुल्क में बढ़ोत्तरी के दृष्टिगत बनाई गई है।
- यह फैसला गडकरी की पहल पर वाणिज्य मंत्रालय और वित्त मंत्रालय द्वारा लिया गया है।
- देश में वर्तमान में अगरबत्ती की खपत लगभग 1490 मीट्रिक टन प्रतिदिन है, जबकि भारत में अगरबत्ती का उत्पादन प्रतिदिन मात्र 760 मीट्रिक टन है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1643012

महिला एवं किशोरी सम्मान योजना और मुख्यमंत्री दूध उपहार योजना

प्रश्न-5 अगस्त, 2020 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर महिला एवं किशोरी सम्मान योजना और मुख्यमंत्री दूध उपहार योजना का शुभारंभ करेंगे। महिला एवं किशोरी सम्मान योजना के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) महिला एवं किशोरी सम्मान योजना के तहत बी.पी.एल. परिवारों की महिलाओं एवं किशोरियों को रेखांकित किया गया है।
(b) इस योजनांतर्गत बी.पी.एल. परिवारों की 10-45 वर्ष की आयु की महिलाओं को सरकार ऑगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से सैनिटरी पैड प्रदान करेगी।
(c) इन सभी महिलाओं को 1 वर्ष के लिए प्रतिमाह मुफ्त सैनिटरी नैपकिन का दो पैकेट, जिसमें 12 नैपकिन होंगे, वितरित किया जाएगा।
(d) राज्य सरकार ने इस योजना हेतु 30.80 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया है।

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 5 अगस्त, 2020 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर 'महिला एवं किशोरी सम्मान योजना' तथा 'मुख्यमंत्री दूध उपहार योजना का शुभारंभ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से करेंगे।
- महिला एवं किशोरी सम्मान योजना के तहत बी.पी.एल. परिवारों की महिलाओं एवं किशोरियों को रेखांकित किया गया है।
- योजनांतर्गत बी.पी.एल. परिवारों की 10-45 वर्ष की आयु की महिलाओं को सरकार ऑगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से सैनिटरी पैड प्रदान करेगी।
- राज्य में बी.पी.एल. परिवार की महिलाओं की अनुमानित संख्या 22.50 लाख है।
- इन सभी महिलाओं एवं किशोरियों को 1 वर्ष के लिए प्रतिमाह मुफ्त सैनिटरी नैपकिन का एक पैकेट, जिसमें 6 नैपकिन होंगे, वितरित किया जाएगा।
- राज्य सरकार ने इस योजना (महिला व किशोरी सम्मान) हेतु 30.80 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया है।
- राज्य सरकार ने बच्चों एवं माताओं के स्वास्थ्य में और अधिक सुधार करने हेतु मुख्यमंत्री दूध उपहार योजना शुरू करने का निर्णय लिया है।
- इस योजनांतर्गत ऑगनबाड़ी केंद्रों में आने वाले बच्चों, गर्भवती महिलाओं व दूध पिलाने वाली माताओं को सरकार सप्ताह में 6 दिन 200 मि.ली. प्रतिदिन फोर्टिफाइड सुगंधित स्किम्ड मिल्क पाउडर प्रदान करेगी।
- लाभार्थियों को उपलब्ध कराया जाने वाला यह दूध 6 प्रकार के स्वाद, जैसे- चॉकलेट, गुलाब, इलाईची, वनीला, प्लेन तथा बटरस्कॉच में होगा।
- इस योजना के क्रियान्वयन से 9.03 लाख बच्चे, 2.95 लाख गर्भवती व दूध पिलाने वाली माताएं लाभान्वित होंगी।
- यह फोर्टिफाइड दूध वर्ष में कम-से-कम 300 दिन तक वितरित किए जाएंगे।
- इस स्किम्ड मिल्क पाउडर को विटामिन ए एवं डी-3 भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI) के मापदंडों के अनुसार फोर्टिफाइड किया गया है।

- उल्लेखनीय है कि दूध को एक संपूर्ण आहार माना जाता है, जिसमें प्रोटीन, कैलोरी, कैल्शियम, मैग्नेशियम, बी-12 जैसे सूक्ष्म तत्व होते हैं तथा यह दूध विटामिन ए व डी युक्त होता है, जो शरीर में इन विटामिनों की पूर्ति करता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://prharyana.gov.in/hi/haraiyaanaa-kae-maukhayamantarai-sarai-manaohara-laala-5-agasata-kao-garaibai-raekhaa-sae-naicae-0

आंध्र प्रदेश में तीन राजधानियों से संबंधित विधेयक मंजूर

प्रश्न-31 जुलाई, 2020 को आंध्र प्रदेश के राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन ने आंध्र प्रदेश की तीन राजधानियों से संबंधित विधेयक को मंजूरी प्रदान कर दी। इस विधेयक के अनुसार आंध्र प्रदेश की न्यायिक राजधानी कहां स्थापित की जाएगी?

(a) विशाखापत्तनम(b) अमरावती(c) कुर्नूल(d) विजयवाड़ा

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 31 जुलाई, 2020 को आंध्र प्रदेश के राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन ने आंध्र प्रदेश की तीन राजधानियों से संबंधित विधेयक को मंजूरी प्रदान की।
- मंजूर किए गए विधेयकों में 'आंध्र प्रदेश विकेन्द्रीकरण एवं समग्र क्षेत्रों का समावेश विकास विधेयक, 2020' और राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण (निरसन) विधेयक, 2020 शामिल हैं।
- आंध्र प्रदेश सरकार की योजना के अनुसार, राज्य में निर्माणाधीन अमरावती को विधायी राजधानी, तटवर्ती विशाखापत्तनम को कार्यकारी राजधानी और कुर्नूल को न्यायिक राजधानी के रूप में स्थापित किया जाएगा।
- उल्लेखनीय है कि यह निर्णय सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी जी.एन. राव की अध्यक्षता में बनी समिति के सुझावों के आधार पर लिया गया है।
- आंध्र प्रदेश देश का पहला राज्य होगा, जिसकी अपनी तीन राजधानियां होंगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.livemint.com/news/india/andhra-governor-gives-nod-to-cm-jagan-mohan-reddy-s-three-capital-plan-11596271636431.html

मुंबई सीरो सर्वे

प्रश्न-मुंबई में संपादित एक सीरोलॉजिकल सर्वे के अनुसार, यहां के तीन वार्डों के मलिन बस्तियों के कितने प्रतिशत निवासी पहले ही कोरोना वायरस से संक्रमित हो कर उबर भी चुके हैं?

(a) 57 प्रतिशत(b) 67 प्रतिशत(c) 75 प्रतिशत(d) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- मुंबई में संपादित एक सीरोलॉजिकल (Serological) सर्वे के अनुसार, यहां के तीन वार्डों के मलिन बस्तियों के लगभग 57 प्रतिशत निवासी पहले ही कोरोना वायरस से संक्रमित हो कर उबर भी चुके हैं।सर्वेकेयहनिष्कर्ष जुलाई, 2020 में जारी किए गए।
- **सर्वेकर्ता–**
- यह सर्वे बृहन्मुंबई नगर निगम (BMC), नीति आयोग और टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च द्वारा किया गया।
- **अन्य निष्कर्ष-**
- सर्वे के अनुसार अपार्टमेंटों में रहने वाले 16% लोग कोविड-19 का कारण बनने वाले वायरस से संक्रमित थे।ध्यातव्यहैकिमुंबईकी60% आबादी मलिन बस्तियों (Slums) में रहती है और सर्वे के निष्कर्ष हर्ड इम्युनिटी और घातक दरों के विषय में नीति नियंताओं का मार्गदर्शन करती है।

संबंधित लिंक भी देखें…

https://www.thehindu.com/news/national/coronavirus-57-of-mumbai-slum-population-has-developed-antibodies-study/article32216939.ece

भारत एयर फाइबर का उद्घाटन

प्रश्न-2 अगस्त, 2020 को केंद्रीय संचार एवं आईटी राज्य मंत्री संजय धोत्रे ने कहां रेडियो नेटवर्क पर आधारित संपूर्ण दूरसंचार कनेक्टिविटी भारत एयर फाइबर का उद्घाटन किया?
(a) अकोला, महाराष्ट्र(b) गुरुग्राम, हरियाणा(c) वाराणसी, उ.प्र.(d) इंदौर, म.प्र.
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 2 अगस्त, 2020 को केंद्रीय संचार एवं आईटी राज्य मंत्री संजय धोत्रे ने अकोला, महाराष्ट्र में रेडियो नेटवर्क पर आधारित संपूर्ण दूरसंचार कनेक्टिविटी भारत एयर फाइबर का उद्घाटन किया।
- उल्लेखनीय है कि भारत एयर फाइबर सेवाएं भारत संचार निगम लि. (BSNL) द्वारा भारत सरकार डिजिटल इंडिया पहलों के एक हिस्से के रूप में प्रस्तुत की गई है।
- इसका लक्ष्य बीएसएनएल एक्सचेंज से 20 किमी. के दायरे में वायरलेस कनेक्टिविटी उपलब्ध कराना है।
- गौरतलब है बीएसएनएल (BSNL) टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर पार्टनर्स (TIP) की सहायता से सबसे सस्ती सेवाएं उपलब्ध कराती है।

- बीएसएनएल 100 MBPS स्पीड तक भारत एयर फाइबर कनेक्टिविटी उपलब्ध कराती है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1642996

भारतीय वायु सेना में शामिल हुए राफेल विमान

प्रश्न-जुलाई, 2020 में फ्रांस ने भारत को 5 राफेल की आपूर्ति की। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) 27 जुलाई, 2020 को 5 राफेल विमानों ने डसॉल्ट एविएशन फैसिलिटी, मेरिग्नैक, फ्रांस से उड़ान भरी।

(b) 29 जुलाई, 2020 को इन विमानों ने अंबाला एयरफोर्स स्टेशन पर लैंडिंग की।

(c) इन विमानों को अंबाला की 17वीं स्क्वाड्रन में शामिल किया गया है, जिसे 'गोल्डन एरोज' के नाम से जाना जाता है।

(d) इन 5 विमानों में 2 एकसीटर और 3 दो सीटर हैं।

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 27 जुलाई, 2020 को 5 राफेल विमानों ने डसॉल्ट एविएशन फैसिलिटी, मेरिग्नैक, फ्रांस से उड़ान भरी।
- 29 जुलाई, 2020 को 5 राफेल विमानों ने अंबाला एयरफोर्स स्टेशन पर लैंडिंग की।
- राफेल विमानों के भारतीय हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने पर 2 सुखोई-30 विमानों द्वारा उनकी मार्गरक्षण (Escorting) की।
- इन विमानों के एयरबेस पर लैंड करने पर वाटर सैल्यूट प्रदान किया गया।
- यात्रा के दौरान ये विमान संयुक्त अरब अमीरात में फ्रांस संचालित अलदफरा हवाई अड्डे पर रुके थे।
- इन विमानों ने फ्रांस से भारत तक लगभग 7000 किमी. की दूरी तय की।
- इन 5 विमानों में तीन एक सीटर और दो विमान दो सीटर हैं।
- इन्हें अंबाला की 17वीं स्क्वाड्रन में शामिल किया गया है जिसे 'गोल्डन एरोज' के नाम से जाना जाता है।
- 17 स्क्वाड्रन को 10 सितंबर, 2019 को पुर्नगठित किया गया था।
- ध्यातव्य है कि 17 स्क्वाड्रन को वर्ष 2010 में भंग कर दिया गया था।
- इस स्क्वाड्रन को मूल रूप से वायु सेना स्टेशन अंबाला में 1 अक्टूबर, 1951 को स्थापित किया गया था।

- 17 स्क्वाड्रन में राफेल विमान को शामिल करने का औपचारिक समारोह अगस्त, 2020 में आयोजित किया जाएगा।
- राफेल विमान फ्रांसीसी कंपनी डसॉल्ट द्वारा निर्मित हैं।
- इस विमान की खरीद हेतु वर्ष 2016 में भारत और फ्रांस के बीच समझौता हुआ था।
- इस सौदे के तहत भारत फ्रांस से 59 हजार करोड़ रुपये में 36 राफेल विमान खरीदेगा।
- 36 विमानों में से 10 विमानों की आपूर्ति निर्धारित अवधि के भीतर पूरी कर ली गई है, इनमें से 5 विमान प्रशिक्षण मिशन पर फ्रांस में ही रहेंगे।
- वर्ष 2021 तक सभी विमान भारत को सौंप दिए जाएंगे।
- 7 भारतीय पायलटों ने राफेल विमानों को लेकर उड़ान भरी थी। इन पायलटों में 17 स्क्वाड्रन के कमांडिंग ऑफिसर ग्रुप कैप्टन हरकीरत सिंह, विंग कमांडर एम.के. सिंह, ग्रुप कैप्टन आर. कटारिया, विंग कमांडर अभिषेक त्रिपाठी, विंग कमांडर मनीष सिंह, विंग कमांडर सिद्धू और विंग कमांडर अरुण कुमार शामिल हैं।
- राफेल में MICA एयर-टू-एअर मिसाइल (मारक क्षमता 80 किमी. तक), स्कल्प (SCALP) कूज मिसाइल (मारक क्षमता 300 किमी. तक), Meteor एयर-टू-एयर मिसाइल (मारक क्षमता 100 किमी. तक) और हैमर (HAMMER) मिसाइल (मारक क्षमता 70 किमी. तक, एक साथ 6 टारगेट पर निशाना लगाने में सक्षम) से लैस है।
- राफेल लड़ाकू विमान 4.5 पीढ़ी का विमान है।राफेल हेल्मेट युक्त डिस्पले, अत्याधुनिक रडार, कम बैंड की जैमर प्रणाली, रडार वार्निंग रिसीवर, इन्फ्रारेड सर्च और ट्रैकिंग सिस्टम जैसी क्षमताओं से लैस है।यह परमाणु हथियार और लेजर गाइडेड बम ले जा सकता है।
- राफेल विमान एयर क्राफ्ट कैरियर से भी उड़ान भर सकता है।
- यह रडार को चकमा देने में माहिर है।राफेल विमान प्राप्त करने वाला भारत विश्व का चौथा देश है। फ्रांस के अलावा मिस्र और कतर के पास भी यह विमान है।
- राफेल दो इंजन वाला लड़ाकू विमान है।
- यह विमान हवाई निगरानी, ग्राउंड सपोर्ट, इन डेप्थ स्ट्राइक, एवं परमाणु अभियानों को अंजाम देने में सक्षम है।
- इस विमान में लगी 30 एमएम की तोप से 2500 राउंड गोले दागे जा सकते हैं।
- राफेल विमान की अधिकतम गति 1.8 मैक है।
- एक बार उड़ाने भरने के बाद 3700 किमी. तक का सफर करने में सक्षम है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indianexpress.com/article/explained/explained-rafale-fighter-jets-india-specs-speed-range-6528893/

अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य

भारत-संयुक्त अरब अमीरात संयुक्त आयोग की 13वीं डिजिटल बैठक, 2020

प्रश्न-हाल ही में व्यापार आर्थिक और तकनीकी सहयोग पर भारत-संयुक्त अरब अमीरात संयुक्त आयोग की 13वीं डिजिटल बैठक, 2020 कब आयोजित हुई?
(a) 17 अगस्त, 2020(b) 20 अगस्त, 2020(c) 19 अगस्त, 2020 (d) 12 अगस्त, 2020
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 17 अगस्त, 2020 को व्यापार, आर्थिक और तकनीकी सहयोग पर भारत-संयुक्त अरब अमीरात (USA) संयुक्त आयोग की 13वीं डिजिटल बैठक, 2020 वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित हुई।
- बैठक की अध्यक्षता भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और यूएई के विदेश मामलों और अंतरराष्ट्रीय सहयोग मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान ने की।
- इस बैठक में दोनों रणनीतिक साझेदारी के बीच मजबूत द्विपक्षीय संबंधों को दर्शाते हुए एक दोस्ताना, स्पष्ट और रचनात्मक माहौल में व्यापक विचार-विमर्श किया गया।
- दोनों पक्षों ने व्यापक रणनीतिक साझेदारों के तत्वावधान में आपसी लाभ के लिए विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति पर संतोष व्यक्त किया।
- वे चल रहे क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने और बदलते समय को दर्शाते हुए नए क्षेत्रों में सहयोग का पता लगाने के लिए सहमत हुए।
- दोनों पक्षों ने अपने पड़ोस और संयुक्त राष्ट्र और अन्य बहुपक्षीय मंत्रों पर सहयोग से संबंधित क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की।
- दोनों देश वर्ष 2021 में अबू धाबी (UAE) में इस आयोग की बैठक के अगले सत्र को आयोजित करने पर सहमत हुए।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.mea.gov.in/press-releases-hi.htm?dtl/32900/External_Affairs_Minister_and_Foreign_Minister_of_UAE_CoChair_13th_IndiaUAE_JCM

डब्ल्यूएचओ/यूनिसेफ की रिपोर्ट

प्रश्न-अगस्त, 2020 में डब्ल्यूएचओ/यूनिसेफ द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार कोविड-19 महामारी के पूर्व वर्ष 2019 विद्यालयों में हाथ धोने की मूलभूत सुविधाओं से वंचित बच्चों की संख्या है-
(a) 818 मिलियन(b) 718 मिलियन(c) 618 मिलियन(d) 518 मिलियन

उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 13 अगस्त, 2020 को विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)/ संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (UNCEF) के संयुक्त निगरानी कार्यक्रम (JMP) के नवीनतम आंकड़े जारी किए गए।
- इसके अनुसार, विश्व भर में वर्ष 2019 में 43% विद्यालय साबुन एवं पानी समेत हाथ धोने की मूलभूत सुविधाओं से वंचित थे।
- रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 818 मिलियन बच्चों के विद्यालयों में हाथ धोने की मूलभूत सुविधाओं का अभाव है।
- इसमें से 295 मिलियन बच्चे उप-सहारा अफ्रीका से हैं।
- अल्प विकसित देशों के संदर्भ में 10 में से 7 विद्यालयों में हाथ धोने की मूलभूत सुविधाओं का अभाव है।
- विश्वभर में 3 में से 1 विद्यालय में सीमित पेयजल सेवा है अथवा पेयजल सेवा नहीं है।
- 698 मिलियन बच्चों के विद्यालयों में बुनियादी स्वच्छता सेवा का अभाव है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.who.int/

माउंट सिनाबुंग

प्रश्न-13 अगस्त, 2020 को माउंट सिनाबुंग ज्वालामुखी में पुनः उद्गार (विस्फोट) हुआ। यह ज्वालामुखी किस देश में स्थित है?
(a) इटली(b) ब्राजील(c) इंडोनेशिया(d) इक्वाडोर
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 13 अगस्त, 2020 को इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप पर स्थित माउंट सिनाबुंग ज्वालामुखी में पुनः उद्गार हुआ।
- इस विस्फोट के बाद आसमान में 2000 मीटर की ऊंचाई तक राख का गुबार छा गया।
- इस ज्वालामुखी में एक सप्ताह से भी कम अवधि में कई बार विस्फोट की घटना हुई है।
- ज्ञातव्य है कि लगभग 400 वर्षों की निष्क्रियता के बाद यह ज्वालामुखी वर्ष 2010 में पुनः सक्रिय हुआ था।
- वर्ष 2010 के बाद वर्ष 2014 और 2016 में भी इस ज्वालामुखी में उद्गार (विस्फोट) हो चुका है।
- माउंट सिनाबुंग इंडोनेशिया में 120 से अधिक सक्रिय ज्वालामुखियों में से एक है।

- इंडोनेशिया के रिंग ऑफ फायर या परिप्रशांत महासागरीय मेखला में अवस्थित होने के कारण यहां कई सक्रिय ज्वालामुखी हैं और यह क्षेत्र भूकंप प्रवण क्षेत्र के अंतर्गत आता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://gulfnews.com/photos/news/indonesias-mt-sinabung-erupts-again-flights-on-alert-1.1597306524844

मालदीव में 5 इकोटूरिज्म जोन का विकास

प्रश्न-अगस्त, 2020 में भारत ने 5 इकोटूरिज्म जोन के लिए किस देश के साथ समझौता किया?
(a) मालदीव(b) श्रीलंका(c) सेशेल्स(d) भूटान
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 10 अगस्त, 2020 को भारत और मालदीव ने 5 इको-टूरिज्म जोन के विकास के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किया।उक्तइको-टूरिज्मजोन का विकास द्वीपीय राष्ट्र मालदीव के अड्डू एटॉल (Addu Atall) में किया जाएगा।
- ये इको-टूरिज्म जोन हाई-इंपैक्ट कम्यूनिटी डेवलपमेंट प्रोजेक्ट (HICDP) योजना के तहत क्रियान्वित की जा रही अनुदान परियोजनाओं का भाग हैं।
- यह योजना भारत द्वारा मालदीव को प्रदत्त 5.5 मिलियन डॉलर की अनुदान सहायता से चलाई जा रही है।
- वर्तमान में मालदीव में 9 उच्च-प्रभावी परियोजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://newsonair.com/News?title=India%2C-Maldives-ink-contract-for-development-of-five-eco-tourism-zones-in-Addu-atoll-of-island-nation&id=396977

एजुकेशन ड्यूरिंग कोविड-19 एंड बियांड-रिपोर्ट

प्रश्न-अगस्त, 2020 में जारी संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार कोविड-19 महामारी के कारण कितने शिक्षार्थी प्रभावित हुए?
(a) 1.6 बिलियन(b) 1.5 बिलियन(c) 1.4 बिलियन(d) 1.3 बिलियन
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- अगस्त, 2020 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा 'एजुकेशन ड्यूरिंग कोविड-19 एंड बियांड' नामक रिपोर्ट जारी की गई।
- रिपोर्ट के अनुसार कोविड-19 महामारी के कारण 190 से अधिक देशों में लगभग 1.6 बिलियन शिक्षार्थी प्रभावित हुए हैं।
- विद्यालयों एवं अन्य शैक्षणिक स्थलों के बन्द होने से वैश्विक छात्र संख्या का 94% हिस्सा प्रभावित हुआ, जिसमें लगभग 99% निम्न तथा निम्न-मध्यम आय वाले देशों में है।
- महामारी के केवल आर्थिक प्रभाव के कारण लगभग 23.8 मिलियन बच्चे अगले वर्ष शिक्षा से वंचित रह जाएंगे।

विश्व का सबसे बड़ा वर्चुअल फिनटेक इवेंट

द टॉक्सिक ट्रुथ : चिल्ड्रेन्स एक्सपोजर टू लेड पॉल्यूशन अंडरमाइंस ए जनरेशन ऑफ पोटेंशियल

प्रश्न-जुलाई, 2020 में यूनिसेफ (UNICEF) द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार, विश्व में कितने बच्चों के रक्त में सीसे (Lead) की मात्रा अधिक है?

(a) 800 मिलियन(b) 700 मिलियन(c) 600 मिलियन(d) 500 मिलियन

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 30 जुलाई, 2020 में यूनिसेफ एवं प्योर अर्थ (Pure Earth) द्वारा 'द टॉक्सिक ट्रुथ : चिल्ड्रेन्स एक्सपोजर टू लेड पॉल्यूशन अंडरमाइंस ए जनरेशन ऑफ पोटेंशियल नामक रिपोर्ट जारी की गई।यह अपनी तरह की पहली रिपोर्ट है।रिपोर्ट के अनुसार, विश्वभर में 800 मिलियन बच्चों (लगभग 3 बच्चों में 1) के रक्त में सीसे की मात्रा 5 माइक्रोग्राम प्रति डेसीलीटर या उससे अधिक है।इसमें से लगभग आधी संख्या दक्षिण एशिया में है।रिपोर्ट के अनुसार, सीसा एक प्रबल न्यूरोटॉक्सिन है, जो बच्चों के दिमाग को अपूरणीय क्षति पहुंचाता है।सीसा विशेष रूप से शिशुओं और 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए घातक है, जो उन्हें आजीवन तंत्रिका संबंधी, संज्ञानात्मक एवं शारीरिक दुर्बलता प्रदान करता है।बचपन में सीसे की विषाक्तता से इन बच्चों की आजीवन आर्थिक क्षमता समाप्त हो जाने के कारण निम्न एवं मध्यम आय वाले देशों में अनुमानित लगभग 1 ट्रिलियन डॉलर की क्षति होती है। रिपोर्ट के अनुसार, निम्न और मध्यम आय वाले देशों में बच्चों में सीसे की विषाक्तता का कारण सीसा-तेजाब युक्त बैटरियों का अनौपचारिक एवं निम्नस्तरी पुनर्चक्रण है।निम्न एवं मध्यम आय वाले देशों में वर्ष 2000 के पश्चात वाहनों की संख्या में तीन गुना वृद्धि हुई है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.unicef.org/reports/toxic-truth-childrens-exposure-to-lead-pollution-2020

आईएसए फ्रेमवर्क समझौते पर हस्ताक्षर करने वाला 87वां देश

प्रश्न-जुलाई, 2020 में अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) फ्रेमवर्क समझौते पर हस्ताक्षर करने वाला 87वां देश कौन है?

(a) सेंट लूसिया(b) शाम्बिया गणराज्य(c) निकारागुआ गणराज्य(d) ग्रेनाडा गणराज्य

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- जुलाई, 2020 में निकारागुआ गणराज्य ने अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) फ्रेमवर्क समझौते पर हस्ताक्षर किया।
- आईएसए फ्रेमवर्क समझौते पर हस्ताक्षर करने वाला यह 87वां देश है।
- निकारागुआ ने आईएसए को स्थायी ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में मान्यता दी है।
- उल्लेखनीय है कि नवंबर, 2015 को पेरिस में आयोजित संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांसीसी राष्ट्रपति फ्रेंकोइस होलांदे ने संयुक्त रूप से अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) की शुरुआत की थी।
- नवंबर, 2016 में ही मोरक्को में आयोजित संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन के दौरान आईएसए फ्रेमवर्क समझौते को हस्ताक्षर के लिए खोला गया था।
- दिसंबर, 2017 में आईएसए एक संधि-आधारित अंतर सरकारी निकाय बन गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.outlookindia.com/newsscroll/nicaragua-latest-country-to-sign-international-solar-alliance-framework-agreement/1900857

CCTV सर्विलेंस में शीर्ष रहने वाले शहरों की सूची

प्रश्न-यूनाइटेड किंगडम स्थित एक फर्म ने CCTV सर्विलेंस में शीर्ष रहने वाले शहरों की सूची जारी की है। इस वैश्विक सूची में हैदराबाद का कौन-सा स्थान है?

(a) सोलहवां(b) बाइसवां(c) पच्चीसवां(d) तीसवां

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- जुलाई, 2020 में यूके (यूनाइटेड किंगडम) स्थित एक फर्म कॉम्पैरिटेक ने "टॉप ट्वेंटी मोस्ट सर्वाइल्ड सिटीज ग्लोबली" नामक सूची प्रकाशित किया।
- सूची में CCTV सर्विलेंस के आधार पर दुनिया के बीस श्रेष्ठ शहरों को वर्गीकृत किया गया है।

- **सूची/रैंकिंग-**
- इस सूची में हैदराबाद को विश्व में सोलहवां और भारतीय शहरों में शीर्ष स्थान हासिल हुआ है।
- चीन के ताइयुआन शहर में 465,255 CCTV कैमरे स्थापित हैं और यह बीस शहरों की सूची में शीर्ष स्थान पर है।
- हैदराबाद में तीन लाख CCTV कैमरे स्थापित हैं।
- शीर्ष बीस शहरों में से 18 चीन के हैं।
- शीर्ष बीस शहरों की इस सूची में चीन से बाहर के दो शहरों में लंदन और हैदराबाद शामिल हैं।
- वैश्विक रूप से 770 मिलियन CCTV कैमरे उपयोग में हैं।
- जिसमें से 54 प्रतिशत चीन में है।
- बीस शहरों की सूची में लंदन को तीसरा स्थान हासिल है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.comparitech.com/vpn-privacy/the-worlds-most-surveilled-cities/#The_20_most_surveilled_cities_in_the_world

मॉरिशस के नए उच्चतम न्यायालय भवन का शुभारंभ

प्रश्न-30 जुलाई, 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मॉरिशस के प्रधानमंत्री प्रविन्द जगन्नाथ ने संयुक्त रूप से मॉरिशस के नए उच्चतम न्यायालय भवन का शुभारंभ किया। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(i) इस भवन का निर्माण भारतीय अनुदान से किया गया है।

(ii) यह मॉरिशस की राजधानी पोर्ट लुईस में भारत की सहायता से बनी पहली बुनियादी ढांचा परियोजना है।

(iii) यह भारत सरकार द्वारा मॉरिशस को 353 मिलियन यूएस डॉलर के 'विशेष आर्थिक पैकेज' के तहत बनने वाली पहली परियोजना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही हैं-

(a) केवल (i) एवं (iii)(b) केवल (ii) एवं (iii)(c) केवल (iii) (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 30 जुलाई, 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मॉरिशस के प्रधानमंत्री प्रविन्द जगन्नाथ ने संयुक्त रूप से मॉरिशस के नए उच्चतम न्यायालय भवन का शुभारंभ किया।
- इस भवन का निर्माण भारतीय अनुदान से किया गया है।
- यह मॉरिशस की राजधानी पोर्ट लुईस में भारत की सहायता से बनी पहली बुनियादी ढांचा परियोजना है।गौरतलबहैकिभारतसरकार ने 5 परियोजनाओं के लिए वर्ष 2016 में मॉरिशस को

353 मिलियन यूएस डॉलर का 'विशेष आर्थिक पैकेज' दिया था, जिसके अंतर्गत बनने वाली यह पहली परियोजना है।

- यह परियोजना समय-सीमा के भीतर और अनुमान से कम लागत पर पूरी की गई है।
- इससे पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मॉरिशस के प्रधानमंत्री ने संयुक्त रूप से अक्टूबर, 2019 में मॉरिशस में मेट्रो परियोजना के फेज-1 और नई ईएनटी अस्पताल परियोजना का शुभारंभ किया था।इन्हेंभीविशेषआर्थिकपैकेजकेअंतर्गतबनायागयाहै।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pmindia.gov.in/en/news_updates/pms-address-at-the-inauguration-of-the-new-supreme-court-building-in-mauritius/

ब्रिक्स पर्यावरण मंत्रियों की छठी बैठक, 2020

प्रश्न-30 जुलाई, 2020 को ब्रिक्स पर्यावरण मंत्रियों की छठी बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से किस देश की अध्यक्षता में संपन्न हुई?

(a) भारत(b) चीन(c) ब्राजील(d) रूस

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 30 जुलाई, 2020 को ब्रिक्स पर्यावरण मंत्रियों की छठी बैठक (6th BRICS Environment Ministers Meeting), 2020, वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संपन्न हुई।
- रूस ने इस बैठक की अध्यक्षता की।इसबैठकमेंब्रिक्सदेशोंकेपर्यावरणमंत्रियोंनेभागलिया।
- केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री प्रकाश जावडेकर ने इस बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व किया।
- उल्लेखनीय है कि भारत वर्ष 2021 में इस बैठक की अध्यक्षता करेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1642513

वैज्ञानिक परिदृश्य

रक्षा/विज्ञान संक्षिप्तिकी

आयुर्वेदिक आधारित प्रौद्योगिकी पर आधारित बायोडिग्रेडेबल फेस मास्क

प्रश्न-हाल ही में पुणे महाराष्ट्र में कोविड-19 से बचाव हेतु एक वायेडिग्रेडेबल मास्क लांच किया गया। इस संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

(i) यह फेस मास्क पुणे स्थित डिफेंस इंस्टीटयूट ऑफ एडवांस टैक्नोलॉजी (DIAT) द्वारा विकसित किया गया है।

(ii) इस फेस मास्क को 'पवित्रपति' नाम दिया गया है।

(iii) हइस अवसर पर एंटी-माइक्रोबायल बॉडी-सूट औशद-तारा भी लांच किया गया।

उपरोक्त कथनों में कौन सा/से कथन सत्य हैं-

(a) (i) (b) (i) तथा (ii) (c) (ii) तथा (iii) (d) तीनों कथन सत्य हैं।

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 13 अगस्त, 2020 को पुणे स्थित डिफेंस इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस टैक्नोलॉजी (DIAI) द्वारा बायोडिग्रेडेबल मास्क तथा एक एंटी माइक्रोबायल बॉडी सूट लांच किया गया।
- इस नए बायोडिग्रेडेबल फेस मॉस्क का नाम 'पवित्रपति' रखा गया है जबकि एंटी माइक्रोबायल बॉडी सूट को औशद-तारा (Aushada Tara) नाम दिया है।
- ये दोनों उत्पाद जून, 2020 में DIAT तथा महाराष्ट्र के कोल्हापुर स्थित सिद्धश्ेवर टैक्सटाइल प्राइवेट लिमिटेड (Siddheshwae-Techtessile Pvt)के बीच हुए टेक्नोलॉजी ट्रांसफर करार के तहत तैकियार किए गए हैं।
- Siddheshwae-Techtessile Pvt Ltd ने प्रारंभ में 10,000 मास्क बनाए तथा वितरकों, विक्रेताओं एवं फार्मास्यूटिकल कंपनियों आदि से इस संबंध में प्रतिक्रिया प्राप्त की।
- इस मास्क को अमेजन तथा फ्लिपकार्ट द्वारा लोगों को उपलम कराया जाएगा।
- इसी प्रकार बॉडी-सूट औशद तारा भी हर प्रकार से कोविड-19 प्रतिरोधन में उपयुक्त पाए जाने पर चिकित्सालयों, एयरलाइन कंपनियों एवं सरकारी एजेंसियों को उपलब्ध कराया जायेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindubusinessline.com/news/national/diat-develops-ayurvedic-face-mask-and-antimicrobial-body-suit/article32351738.ece

गूगल ने 'द एनीवेयर स्कूल' लांच किया

प्रश्न-'द एनीवेयर स्कूल' के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
(a) इन्फोसिस ने द एनीवेयर स्कूल' लांच किया है।
(b) गूगल ने 50 से अधिक नईनो कीचर्म के साथ 'द एनीवेयर स्कूल' लांच किया है।
(c) Apple ने 80 से अधिक नई सुविधाओं के साथ' The Anywhere School' लांच किया है।
(d) आईबीएम ने 80 से अधिक नई सुविधाओं के साथ 'द एनीवेयर स्कूल' लांच किया है।
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- google ने अगस्त, 2020 में बच्चों की पढ़ाई को अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए 'The Anywhere School' नामक एक नई पहल को लांच किया है।
- इसमें यूजर्स को 50 नए फीचर्स की सुविधा मिलेंगी। यूजर्स इनका लाभ Meet, Classroom, G Suite और google के अन्य प्लेटफार्म पर उठा सकते हैं।
- google की यह सुविधा दुनिया भर के 250 से अधिक देशों में चलाई गी।
- अक्टूबर में google कुछ अतिरिक्त गोपनीयता प्रदान करने के लिए Meet में कस्टम लांच करेगा।
- क्लासरूम 10 अतिरिक्त भाषाओं के साथ कुल 54 भाषाओं में उपलब्ध होगा।
- वहीं google ने गैर-कक्षा उपयोगकर्ताओं के लिए एक नया प्रोडक्ट पेश किया है, जिसे असाइनमेंट्स नाम दिया गया है, जो लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (LMS) के लिए एक एप्लिकेशन है, जो शिक्षकों को छात्र के काम को वितरित करने, विश्लेषण करने और ग्रेड देने का एक तेज, सरल तरीका देता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/article/technology/google-launches-the-anywhere-school-with-over-50-new-features-120081200257_1.html#:~:text=As%20millions%20of%20students%20navigate,250%20countries%20around%20the%20world.

रिमोट-सेंसिंग उपग्रहः गाओफेन-905

प्रश्न-ऑप्टिकल रिमोट सेंसिंग उपग्रह 'गाओफेन 905' हाल ही में निम्नलिखित में से किस देश द्वारा अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया गया?
(a) जापान(b) चीन(c) दक्षिण कोरिया(d) उत्तर कोरिया
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- अगस्त, 2020 में चीन ने एक नया ऑप्टिकल रिमोट-सेंसिंग उपग्रह सफलतापूर्वक लांच किया।
- इस उपग्रह का नाम 'गाओफेन-905 (Gaofen-905) रखा गया है।
- इस उपग्रह को चीन ने अपने लांग मार्च-2 D वाहक रॉकेट (Long March-2D Carrier Rocket) की सहायता से कक्षा (Orbit) में प्रक्षेपित किया।
- इसी रॉकेट की सहायता से एक अन्य बहुक्रियाशील परीक्षण उपग्रह और टियांटुओ-5 नाम का उपग्रह भी लांच किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.xinhuanet.com/english/2020-08/23/c_139311542.htm

आई.आई.ए. के वैज्ञानिकों द्वारा हीलियम संविर्धित तारों की खोज

प्रश्न-हाल ही में भारतीय वैज्ञानिकों ने निम्नलिखित में से किस ग्लोबुलर क्लस्टर (तारा प्रणाली) में हीलियम संवर्धित तारों की खोज की है?
(a) M2(b) ओमेगा सेंटौरी(c) M67 (d) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- भारतीय तारा भौतिकी संस्थान (Indian Institute of Astrophysics) के वैज्ञानिकों ने ओमेगा सेंटॉरी तारा समूह (Globular Cluster) में हीलियम संवर्धित चमकीले तारों की खोज की है।
- ये तारे वैज्ञानिकों को हमारी आकाश गंगा (Miky Way) में स्थित एक ग्लोबुलर क्लस्टर ओमेगा सेंटॉरी के धातु समृद्ध (Metal Rich) भाग में मिले हैं।
- इस संबंध में संयुक्त अनुसंधान डॉ. बी.पी. हेमा और भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान बंगलुरू के प्रो. गजेंद्र पांडे ने साथ मिलकर किया है।
- उन्होंने ओमेगा सेंटौरी के इन ठंडे चमकीले तारों में हीलियम की मात्रा को मापने के लिए, दक्षिणी अफ्रीकी लार्ज टेलीस्कोप (SALT) से प्राप्त उच्च रिजॉल्यूशन स्पेक्ट्रा का उपयोग किया है।
- यह अध्ययन The Astrophysical Journal के जून, 2020 अंक में प्रकाशित हुआ था।
- ग्लोबुलर क्लस्टर:
- ग्लोबुलर क्लस्टर तारों का एक ऐसा सघन समूह है, जो अंतरिक्ष में एक ही गैसीय बादल से निर्मित होता है।
- अतः यह माना जाता है कि एक ही ग्लोबुलर क्लस्टर के सभी तारे मौलिक रूप से समान तात्विक संगठन (Elemental Composition) वाले होने चाहिए।
- लेकिन ऐसे भी क्लस्टर हैं, जिनमें यह नियम आवश्यक रूप से लागू नहीं होता।
- ओमेगा सेंटौरी भी एक ऐसा ही क्लस्टर है।
- ओमेगा सेंटौरी के विभिन्न तारों में एक ही प्रकार धातु सामग्री नहीं पाई गई है।

- ज्ञातव्य हो कि किसी भी मुख्य शृंखला तारे में प्रारंभिक अवस्था में हाइड्रोजन (H) की मात्रा सर्वाधिक होती है जो कि नाभिकीय संलयन की क्रिया द्वारा हीलियम में बदलती जाती है।
- अतः हीलियम की प्रचुरता वाले तारों की सहायता से किसी तारा प्रणाली (Globolar Cluster) की आयु निर्धारित की जा सकती है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1645697

भारतीय शोधकर्ताओं ने विकसित किया UVGI आधारित कक्ष कीटाणुशोधन उपकरण

प्रश्न-निम्नलिखित में से किस IIT ने हाल ही में अद्वितीय UVGI आधारित कक्ष कीटाणुशोधन उपकरण विकसित करने का दावा किया है?

(a) IIT हैदराबाद(b) IIT मुंबई(c) IIT रोपड़(d) IIT चेन्नई

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 13 अगस्त, 2020 को आई.आई. टी. रोपड़ के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, संस्थान के शोधकर्ताओं ने अद्वितीय UVGI आधारित कक्ष कीटाणुशोधन उपकरण विकसित किया है।
- यह उपकरण विषाणु (Virus) एवं बैक्टीरिया को निष्क्रिय करने के लिए यूवी-सी विकिरणों (UV-C Radiation) के कीटाणुनाशक प्रभाव का उपयोग करता है।
- इस उपकरण का विकास आई.आई.टी. रोपड़ की रिसर्च टीम तथा मोमेंटम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से किया गया है।
- यूवी-सी (UV-C) कीटाणुशोधन एक रसायन मुक्त विधि है, जिसमें कोई दुष्प्रप्रभाव नहीं होता है।
- इस उपकरण का परीक्षण नई दिल्ली स्थित FICCI Reserach and Analysis Center (NABL द्वारा मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला) द्वारा भी कर लिया गया है।
- इस उपकरण को UV-SAFE नाम दिया गया है।
- UV-SAFE 14 फीट ×14 फीट के फर्श क्षेत्र का मात्र 6 मिनट में 99.9% कीटाणुशोधन कर सकता हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/national/other-states/iit-ropar-develops-uvgi-based-room-disinfection-device/article32345750.ece

भारत में जैविक कृषि

प्रश्न-जैविक किसानों की कुल संख्या के संदर्भ में भारत का विश्व में कौन-सा स्थान है?
(a) पहला(b) दूसरा(c) तीसरा(d) चौथा
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 12 अगस्त, 2020 को पत्र सूचना कार्यालय द्वारा जारी केंद्रीय कृषि एवं किसान मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार, जैविक किसानों की कुल संख्या के संदर्भ में भारत का विश्व में पहला स्थान है।
- जैविक कृषि के तहत कुल क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का विश्व में नौवां स्थान है।
- सिक्किम पूर्णरूप से जैविक बनने वाला विश्व का पहला राज्य है।
- जैविक कृषि अपनाने में किसानों की सहायता करने और बढ़ती कीमतों के कारण पारिश्रमिक में सुधार करने के उद्देश्य से दो विशेष कार्यक्रम नामतः पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए 'जैविक मूल्य शृंखला विकास मिशन (MOVCD) और परंपरागत कृषि विकास योजना (PKVY) का शुभारंभ वर्ष 2015 में किया गया था।
- भारत से होने वाले जैविक निर्यातों में अलसी, तिल, सोयाबीन, चाय, औषधीय पौधे, चावल और दालें शामिल हैं।
- वर्ष 2018-19 में कुल जैविक निर्यात 5151 करोड़ रुपये का हुआ था।
- परंपरागत कृषि विकास योजना के तहत लगभग 40000 संकुलों को सहायता प्रदान की जा रही है, जिसके तहत लगभग 7 लाख हेक्टयर क्षेत्रफल आच्छादित है।
- जैविक मूल्य शृंखला विकास मिशन के तहत लगभग 80000 हेक्टेयर में कृषि करने वाले 160 कृषक उत्पादक संगठन (FPO) शामिल हैं।
- परंपरागत कृषि विकास योजना और जैविक मूल्य शृंखला विकास मिशन द्वारा सहभगितापूर्ण गारंटी प्रणाली (PGS) और राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम (NPOP) के तहत प्रमाणीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है।
- किसानों को खुदरा और थोक खरीददारों से सीधे जोड़ने के लिए जैविक ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म को मजबूत किया जा रहा है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1645598

आकाश गंगा (Milky Way) के समरूप एक सुदूर गैलैक्सी का पता चला

प्रश्न-हाल ही में खगोलविदों ने सुदूर ब्रह्मांड में हमारी आकाश गंगा (Milky-Way) सदृश एक मंदाकिनी की खोज की। इससे संबंधित निम्नलिखित तथ्यों पर विचार कीजिए-

(i) इस नई आकाश गंगा को SPT0418-47 नाम दिया गया है।
(ii) इसका पता चिली स्थित एटाकामा लार्ज मिलीमीटर/सबमिलीमीटर ऐरे (ALMA) दूरदर्शी के माध्यम से चला है।
(iii) यह पृथ्वी से 12 अरब प्रकाश वर्ष (12 Billion Light Years) दूर है।
उपरोक्त में कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(a) (i) (b) (ii) (c) (iii) (d) उपरोक्त सभी
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- जर्मनी के मैक्स प्लैंक इन्स्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रो फिजिक्स के खगोलविदों ने हमारी आकाश गंगा (Milky-Way) के समरूप मंदाकिनी की खोज की है।यहनवीनआकाशगंगापृथ्वीसे12 अरब प्रकाश वर्ष की दूरी पर है।इस नई आकाश गंगा को SPT 0418-47 नाम दिया गया है।इस खोज हेतु उक्तसं स्थान के खगोलविदों ने (Atacama Large Millimetre/Sub-Millimeter Array (ALMA) दूरदर्शी का प्रयोग किया।खगोलविदों ने इस दूरदर्शी से पहले से उपलब्ध पड़े आंकड़ों (Datas) का अध्ययन करने के उपरांत इस नई मंदाकिनी की खोज की घोषणा की।इससंबंधमेंविवरणजर्मनीमेंएकशोधपत्र'नेचर'में12 अगस्त, 2020 को प्रकाशित किया गया है।ज्ञातव्य हो कि सुदूर स्थित मंदाकिनियों आदि चमकदार ब्रह्मांडीय पिण्डों को शक्तिशाली दूरबीनें भी नहीं देख पाती इसके लिए गुरुत्वाकर्षण लेंसिंग प्रयोग में लाई जाती है।
- गुरुत्वाकर्षण लेंसिंग के प्रयोग से इस नई आकाश गंगा का रूप रिंग के समान दिखता है जबकि वास्तविक रूप में यह एक चमकते प्रकाश बिंदु की तरह है, जो सघन गैसीय आवरण से घिरा है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.mpg.de/15267623/likeness-of-the-milky-way

नौसेना नवोन्मेषण एवं स्वदेशीकरण संगठन

प्रश्न-13 अगस्त, 2020 को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने एक वेबीनार के माध्यम से नौसेना नवोन्मेषण एवं स्वदेशीकरण संगठन (एनआईआईओ) का शुभारंभ किया। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथा सही नहीं है।
(a) इसका शुभारंभ रक्षामंत्री ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में किया।
(b) नौसेना नवोन्मेषण एवं स्वेदेशीकरण संगठन (एनआईआईओ) एक त्रिस्तरीय संगठन है।
(c) नौसेना प्रौद्योगिकी त्वरण परिषद (एन-टीएसी) नवोन्मेषण एवं स्वदेशीकरण दोनों पहलुओं को एक साथ लाएगी और शीर्ष स्तरीय निर्देश उपलब्ध कराएगी।
(d) इसके शुभारंभ के दौरान भारतीय नौसेना ने 2 समझौता-ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए।

उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 13 अगस्त, 2020 को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने ऑनलाइन वेबीनार के माध्यम से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में नौसेना नवोन्मेषण एवं स्वदेशीकरण संगठन (एनआईआईओ) का शुभारंभ किया।
- यह संगठन आत्म-निर्भर भारत के विजन के दृष्टिगत रक्षा क्षेत्र में आत्म-निर्भरता हेतु नवोन्मेषण एवं स्वदेशीकरण को प्रेरित करने की दिशा में शिक्षा क्षेत्र और उद्योग के साथ परस्पर संवाद हेतु अंतिम उपयोगकर्ताओं के लिए समर्पित संरचनाओं का निर्माण करेगा।
- एनआईआईओ एक त्रिस्तरीय संगठन है।
- नौसेना प्रौद्योगिकी त्वरण परिषद (एन-टीएसी) नवोन्मेषण एवं स्वदेशीकरण दोनों पहलुओं को एक साथ लाएगी और शीर्ष स्तरीय निर्देश उपलब्ध कराएगी।
- एन-टीएसी के तहत एक कार्यसमूह द्वारा परियोजनाएं कार्यान्वित की जाएगी।
- त्वरित समयावधि में उभरती बाधाकरी प्रौद्योगिकी के समावेशन हेतु एक प्रौद्योगिकी विकास त्वरण प्रकोष्ठ (टी-डीएसी) का भी सृजन किया गया है।
- प्रारूप रक्षा अधिग्रहण नीति 2020 (डीएपी 20) में सेना मुख्यालय द्वारा विद्यमान स्रोतों के भीतर एक नवोन्मेषण एवं स्वदेशीकरण संगठन की स्थापना किए जाने की परिकल्पना की गई थी।
- इसके शुभारंभ के दौरान भारतीय नौसेना ने 4 समझौता-ज्ञापनों (उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (UPEIDA), रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय (RSU) गुजरात, मेकर विलेज, कोच्चि एवं सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्यूफैक्चरर्स (SIDM)) पर हस्ताक्षर किए।
- रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय (RSU) गुजरात की साझेदारी में घरेलू उद्योग एवं शैक्षणिक संस्थानों को शामिल करने हेतु एक ऑनलाइन चर्चा फोरम भी सृजित किया गया है।
- इस अवसर पर भारतीय नौसेना का 'स्वावलंबन' नामक स्वदेशीकरण परिप्रेक्ष्य योजनाओं के एक सार संग्रह का भी विमोचन किया गया

संबंधित लिंक भी देखें...

http://newsonair.com/Main-News-Details.aspx?id=397219#:~:text=Defence%20Minister%20Rajnath%20Singh%20launched,for%20self%2Dreliance%20in%20defence.

फ्लडअर्लीवॉर्निंगसिस्टम (FEWS)

प्रश्न-गुवाहाटी में बाढ़ की पूर्व सूचना देने के लिए TERI एवं NDMA ने फ्लड अर्ली वॉर्निंग सिस्टम (FEWS) लांच किया है। यह मौसम पूर्वानुमान आधारित चेतावनी प्रणाली है, जो बाढ़ की चेतावनी देगी-

(a) 72 घंटे पहले(b) 48 घंटे पहले(c) 36 घंटे पहले(d) 24 घंटे पहले
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 13 अगस्त, 2020 को टेरी (TERI: The energy and resources institute) और NDMA (राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण) ने 'फ्लड अर्ली वॉर्निंग सिस्टम' (FEWS) को लांच किया।
- यह मौसम पूर्वानुमान आधारित चेतावनी प्रणाली है, जो 72 घंटे पहले बाढ़ की चेतावनी दे देगी।
- इसे भारत के अन्य शहरों में भी उपयोग किया जा सकता है।
- इसे भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) और असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (ASDMA) के सहयोग से, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) द्वारा समर्थित TERI की परियोजना के तहत विकसित किया गया है।
- FEWS में भारतीय मौसम विभाग के मौसमीय शोध पूर्वानुमान (WRF) मॉडल के नतीजों (वर्षण संबंधी) का इस्तेमाल किया गया है।
- इस मॉडल के जरिए तीन किलोमीटर तक के स्थानीय रेजल्यूशन के आधार पर मिले नतीजों का इस्तेमाल कर FEWS ने एक ऐसा हाइड्रोडायनमिक मॉडल विकसित किया है, जो हर घंटे के आंकड़ों के साथ-साथ बाढ़ का पूर्वानुमान लगा सकेगा और शुरुआती स्तर की चेतावनी भेज सकेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.uniindia.com/news/east/weather-flood-fees-attn-guwahati/2120232.html

माथेरान में मिली तितलियों की 77 नई प्रजातियां

प्रश्न-केंद्रीय पर्यावरण द्वारा पर्यावरण की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र माथेरान निम्नलिखित में से किस महानगर के पास स्थित है?
(a) बंगलुरू(b) मुंबई(c) कोलकाता(d) नई दिल्ली
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 7 अगस्त, 2020 को प्रकाशित जैव विविधता डेटा जर्नल में एक शोध पत्र के अनुसार तितलियों की भारत में 77 नई प्रजातियों का पता चला है।
- ये नई प्रजातियां महाराष्ट्र में मुंबई के पास माथेरान में खोजी गई हैं।
- शोधकर्ताओं के अनुसार, इस क्षेत्र में 125 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद कुल 140 दुर्लभ तितली प्रजातियां मिली हैं। जिनमें 77 पूर्णतया नई हैं।

- यह खोज बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी और सोमैया विद्या विहार विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा की गई है।शोधकर्ताओंद्वाराइसजर्नलमें2011 और 2019 के बीच सर्वेक्षण की गई प्रजातियों को सूचीबद्ध किया गया है।
- इससे पूर्व वर्ष 1894 में इस पर्यावरण संवेदनशील क्षेत्र में तितलियों की 78 प्रजातियों को सूचीबद्ध किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/cities/mumbai/scientists-find-77-new-butterfly-species-in-matheran/article32311588.ece

मिन्यूटमैन III मिसाइल

प्रश्न-अगस्त, 2020 में किस देश ने अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल मिन्यूटमैन III (Minuteman III) का सफल परीक्षण किया?

(a) सं.रा. अमेरिका(b) रुस(c) चीन(d) उत्तर कोरिया

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 4 अगस्त, 2020 को संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया गया।मिसाइलकापरीक्षणकैलिफोर्निया स्थित वेंडेनबर्ग एयर फोर्स बेस से किया गया।यहपरीक्षणसंयुक्तराज्यअमेरिकाकेएयरफोर्सग्लोबलस्ट्राइककमांडएयरमेनऔरनेवीसेलर्सद्वारा संयुक्तरूपसेकियागया।
- मिन्यूटमैन III तीन-चरणीय ठोस ईंधन चालित मिसाइल है।
- इस मिसाइल की लंबाई 18.2 मीटर, व्यास 1.85 मीटर और प्रक्षेपण भार 34467 ।
- मिसाइल की मारक क्षमता 13000 किमी. है।
- मिसाइल संयुक्त राज्य अमेरिका की सेना में वर्ष 1970 में शामिल किया गया था।
- सतह से हवा में मार करने वाली यह मिसाइल परंपरागत एवं परमाणु युद्धशीर्ष ले जाने में सक्षम है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thedefensepost.com/2020/08/04/us-ballistic-missile/

सार्स-सीओवी-2 (SARS-COV2) वायरस के 1000 जीनोम का अनुक्रमण

प्रश्न-जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा सार्स-सीओवी 2 वायरस के 1000 जीनोम के अनुक्रमण की शुरुआत कब की गई?

(a) मार्च, 2020(b) अप्रैल, 2020(c) मई, 2020 (d) जून, 2020

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 1 अगस्त, 2020 को केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्यागिकी मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने सार्स-सीओवी-2 वायरस के 1000 जीनोम के अनुक्रमण के पूरा होने की घोषणा की।
- उल्लेखनीय है कि मई, 2020 में जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा सार्स-सीओवी-2 वायरस के 1000 जीनोम के अनुक्रमण की शुरुआत की गई थी।
- उक्त जीनोम अनुक्रमण का उद्देश्य कोविड-19 प्रकोप के वायरल एवं वाहक जीनोमिक्स को समझना है।
- यह जीनोम अनुक्रमण जैव प्रौद्योगिकी विभाग के स्वायत्त संस्थानों नामतः नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बायोमेडिकल जीनोमिक्स, सेंटर फॉर डीएनए फिंगरप्रिंटिंग एंड डायग्नोस्टिक्स इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफसाइंसेज आदि द्वारा किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1642869

भारत का पहला अंतरिक्ष अपशिष्ट (Debris) मॉनीटरिंग एवं ट्रैकिंग सिस्टम

प्रश्न-भारत के पहले अंतरिक्ष मलबा/अपशिष्ट (Debris) मॉनीटरिंग एवं ट्रैकिंग सिस्टम के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

(a) दिगान्तरा भारत की पहली वायु एवं अंतरिक्ष सर्विलांस (निगरानी) कंपनी है।
(b) दिगान्तरा को 25 लाख रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ है (अपने लक्ष्य की पूर्ति हेतु)।
(c) भारत एक अल्प लागत अंतरिक्ष में परियोजनाओं को भेजने वाला देश है-
(d) उपरोक्त सभी

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- संस्थापकों द्वारा अपने विश्वविद्यालय (LPU) की डॉरमेट्री में प्रारंभ की गई दिगान्तरा भारत की पहली स्पेस सर्विलांस कंपनी है।

- जुलाई, 2020 में इसने भारत के पहले अंतरिक्ष मलबा/अपशिष्ट (Debris) मॉनीटरिंग एवं ट्रैकिंग सिस्टम को विकसित कर लिए जाने की घोषणा की है।
- संस्थापकों (अनिरुद्ध शर्मा एवं राहुल रावत) को अपने इस लक्ष्य की पूर्ति हेतु 25 लाख रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ है। (IISc बंगलौर से)
- ध्यातव्य है कि भारत को विश्व अंतरिक्ष जगत में एक अल्प लागत परियोजना प्रक्षेपणकर्ता देश के रूप में जाना जाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.financialexpress.com/lifestyle/science/space-startup-develops-indias-first-in-orbit-space-debris-monitoring-tracking-system-anirudh-sharma-co-founder-and-ceo-of-digantara/2032993/

नेचर क्लाइमेट चेंजः ध्रुवीय भालुओं पर अध्ययन

प्रश्न-'नेचर क्लाइमेट चेंज' में हाल ही में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, जलवायु परिवर्तन ध्रुवीय भालुओं को भूख से मरने के लिए विवश कर रहा है, जिसके कारण ये मांसाहरी जीव विलुप्त हो सकते हैं।

(a) वर्ष 2100 तक(b) वर्ष 2150 तक(c) वर्ष 2175 तक(d) वर्ष 2125 तक

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- जलवायु परिवर्तन ध्रुवीय भालुओं को भूख से मरने के लिए विवश कर रहा है, जिसके कारण ये मांसाहारी जीव वर्ष 2100 तक विलुप्त हो सकते हैं।
- यह संभावना जुलाई, 2020 में "नेचर क्लाइमेट चेंज" में प्रकाशित एक अध्ययन में व्यक्त की गई है।
- निष्कर्षः-
- अध्ययन के निष्कर्षों के अनुसार, समुद्री बर्फ के समय से पहले पिघलने से बर्फ अनवरत कम हो रही है, जिससे ध्रुवीय भालू सील मछलियों का शिकार नहीं कर पा रहे हैं।
- 13 में से 12 ध्रुवीय भालू 80 वर्षों के भीतर आर्कटिक में तेजी से हो रहे परिवर्तन के कारण कम हो गए हैं। आर्कटिक का तापमान दोगुनी गति से बढ़ रहा है।
- वर्ष 2100 तक, केवल कनाडा के आर्कटिक द्वीप समूह में क्वीन एलिजाबेथ द्वीप पर ही ध्रुवीय भालू का प्रजनन हो पायेगा।IUCN की रेड लिस्ट को संशोधित कर ध्रुवीय भालू को 'अति संवेदनशील' श्रेणी की बजाय विलुप्त की श्रेणी में रखा जाना चाहिए।
- पेरिस समझौते के लक्ष्यों में संशोधन कर वैश्विक तापमान को 2.4 डिग्री सेंटीग्रेट पर नियंत्रित करने पर ध्रुवीय भालुओं को बचाया जा सकता है।

संबंधित लिंक भी देखें…

https://www.thehindu.com/sci-tech/energy-and-environment/polar-bears-could-go-extinct-by-2100/article32237980.ece

भारत का पहला DGCA अनुमोदित ड्रोन ट्रेनिंग स्कूल

प्रश्न-DANs का पूर्ण रूप है-
(a) Drone Alignment Numbers(b) Drone Assign Numbers
(c) Drone Acknowledgement Numbers (d) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- बॉम्बे फ्लाइंग क्लब भारत का पहला DGCA अनुमोदित ड्रोन ट्रेनिंग स्कूल बन गया है।
- 27 जुलाई, 2020 को नागरिक उड्डयन मंत्रालय के द्वारा इसकी उद्घोषणा की गई।
- ध्यातव्य है कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने 8 जून से ही गैर-अनुपालन वाले ड्रोन के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर चुका है।
- गैर-अनुपालन वाले ड्रोनों में ऐसे ड्रोन शामिल होते हैं, जो नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (DGCA) के साथ पंजीकृत नहीं हैं और उन्हें ड्रोन पावती संख्या (DANs) प्रदान नहीं किया गया होता है।
- DANs का पूर्ण रूप है-Drone Acknowledgement Numbers.

संबंधित लिंक भी देखें…

https://www.indiatimes.com/auto/current/dgca-approved-drone-training-school-519026.html

एआईएम-आईक्रेस्ट (AIM iCrest)

प्रश्न-नीति आयोग के अटल नवाचार मिशन (AIM) द्वारा किसके सहयोग से ऊष्मायन (Incubator) क्षमता वृद्धि कार्यक्रम 'एआईएम आईक्रेस्ट' प्रारंभ किया गया?
(a) बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन(b) वाधवानी फाउंडेशन
(c) a एवं b दोनों(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 30 जुलाई, 2020 को नीति आयोग के अटल नवाचार मिशन द्वारा ऊष्मायन क्षमता वृद्धि कार्यक्रम 'एआईएम-आईक्रेस्ट' प्रारंभ किया गया।

- यह कार्यक्रम बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन और वाधवानी फाउंडेशन के सहयोग से प्रारंभ किया गया है।
- उक्त संगठन उद्यमिता एवं नवाचार के क्षेत्र में विश्वसनीय मदद एवं विशेषज्ञता प्रदान करेंगे।
- यह देशभर में ऊष्मायन पारितंत्र में समग्र प्रगति को प्रोत्साहित करने की एक प्रमुख पहल है।
- भारत में नवाचार को आगे बढ़ाने के लिए यह अपनी तरह की पहली पहल है।
- उक्त कार्यक्रम को ऊष्मायन पारितंत्र को सक्षम बनाने और अटल नवाचार मिशन के देशभर में स्थापित ऊष्मायन केंद्रों के विकासकारक के रूप में डिजाइन किया गया है।
- उक्त कार्यक्रम के तहत ज्ञान सृजन और उसके प्रसार में स्टार्ट-अप उद्यमियों की मदद के साथ ही एक मजबूत तथा सक्रिय नेटवर्क विकसित करने पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.timesnownews.com/business-economy/economy/article/startup-booster-niti-aayog-bill-melinda-gates-foundation-launch-aim-icrest-incubator-program/629777

मार्स 2020 मिशन

प्रश्न-निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
(I) 30 जुलाई, 2020 को मार्स 2020 मिशन का प्रक्षेपण किया गया।
(II) इसके रोवर का नाम पर्सीवेरेंस (Perseverance) है।
(III) यह 18 फरवरी, 2021 को मंगल ग्रह पर उतरेगा।
उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(a) केवल I एवं II (b) केवल I एवं III (c) केवल II एवं III (d) I, II एवं III सभी
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 30 जुलाई, 2020 को अमेरिकी अंतरिक्ष संस्था नासा (NASA) द्वारा फ्लोरिडा स्थित केप केनवेरेल एयर फोर्स स्टेशन से एटलस V-541 रॉकेट द्वारा मार्स 2020 मिशन का प्रक्षेपण किया गया।
- मार्स 2020 मिशन के रोवर का नाम पर्सीवेरेंस है।
- यह रोवर मंगल ग्रह पर प्राचीन जीवन के चिह्नों की खोज के साथ ही पृथ्वी पर लाए जाने के लिए मंगल की चट्टान एवं मिट्टी के नमूने संग्रहीत करेगा।
- 18 फरवरी, 2021 को मार्स 2020 मिशन मंगल ग्रह के जेजेरो क्रेटर (Jezero Crater) में उतरेगा।
- उक्त मिशन की अवधि न्यूनतम एक मंगल वर्ष (लगभग 687 पृथ्वी दिवस) की होगी।

- पर्सीवेरेंस रोवर का निर्माण नासा की जेट प्रोपलान लेबोरेटरी द्वारा किया गया है।
- यह नासा द्वारा निर्मित सबसे बड़ा एवं सबसे भारी रोबोटिक मार्स रोवर है।
- उक्त रोवर में संलग्न उपकरण हैं- मार्स ऑक्सीजन इन-सिटु रिसोर्स यूटिलाइजेशन एक्सपेरिमेंट (MOXIE), मार्स एनवायरमेंटल डाइनेमिक्स एनालाइट (MEDA), मार्स साइंस लेबोरेटरी इन्ट्री, डिसेंट एंड लैंडिंग इन्स्ट्रूमेंटेशन 2 (MEDLI 2) आदि।
- उक्त रोवर में एक छोटा, स्वचालित एयरक्राफ्ट मार्स हेलीकॉप्टर भी संलग्न है।
- मार्स हेलीकाप्टर 4 पौंड वजनी और सौर ऊर्जा चालित है, जो मंगल ग्रह के विरल वायुमंडल में संचालित उड़ान का परीक्षण करेगा।
- मार्स 2020 मिशन के रोवर का नामकरण नासा की 'नेम द रोवर' प्रतियोगिता के विजेता अलेक्जेंडर माथेर (7वीं का छात्र) द्वारा सुझाए गए नाम 'पर्सीवेरेंस' पर किया गया।
- मार्स हेलीकॉप्टर का नामकरण वनीजा रूपानी द्वारा सुझाए गए नाम 'इन्जेनयुटी (Ingenuity) पर किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://mars.nasa.gov/mars2020/timeline/launch/

सूक्ष्मजीव परिशोधन बॉक्स 'सुरक्षा'

प्रश्न-CSIO का पूर्ण रूप है-
(a) Central Scientific Instruments Organisation
(b) Council of Scientific Instruments Organisation
(c) Central Scientific Ideology Organisation
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- जुलाई, 2020 में 'CSIO' (Central Scientific Instruments Organisation) ने 'अमेसिस इंडिया' नामक फर्म के साथ मिल कर एक 'सूक्ष्मजीव परिशोधन बॉक्स' का विकास किया।
- इस बॉक्स अथवा डिवाइस का नाम है-'सुरक्षा'।
- इस बॉक्स में अल्ट्रावॉयलेट प्रकाश व ऊष्मा का प्रयोग होता है और यही विशेषता इसे अन्य परिशोधन डिवाइसों से भिन्न बनाती है।
- यह बॉक्स किसी वस्तु को 10 से 15 मिनट में सैनेटाइज कर देता है।
- CSIO, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद की एक प्रयोगशाला है, जो चंडीगढ़ में स्थित है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://thenortheastaffairs.com/csio-amesys-india-develop-microorganism-decontamination-box/#:~:text=Chandigarh%20%3A%20Amid%20the%20coronavirus%20pandemic,object%20in%2010%2D15%20minutes.

https://www.csio.res.in/

एआईएम-आईक्रेस्ट (AIM iCrest)

प्रश्न-नीति आयोग के अटल नवाचार मिशन (AIM) द्वारा किसके सहयोग से ऊष्मायन (Incubator) क्षमता वृद्धि कार्यक्रम 'एआईएम आईक्रेस्ट' प्रारंभ किया गया?
(a) बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन(b) वाधवानी फाउंडेशन(c) a एवं b दोनों
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 30 जुलाई, 2020 को नीति आयोग के अटल नवाचार मिशन द्वारा ऊष्मायन क्षमता वृद्धि कार्यक्रम 'एआईएम-आईक्रेस्ट' प्रारंभ किया गया।
- यह कार्यक्रम बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन और वाधवानी फाउंडेशन के सहयोग से प्रारंभ किया गया है।
- उक्त संगठन उद्यमिता एवं नवाचार के क्षेत्र में विश्वसनीय मदद एवं विशेषज्ञता प्रदान करेंगे।
- यह देशभर में ऊष्मायन पारितंत्र में समग्र प्रगति को प्रोत्साहित करने की एक प्रमुख पहल है।
- भारत में नवाचार को आगे बढ़ाने के लिए यह अपनी तरह की पहली पहल है।
- उक्त कार्यक्रम को ऊष्मायन पारितंत्र को सक्षम बनाने और अटल नवाचार मिशन के देशभर में स्थापित ऊष्मायन केंद्रों के विकासकारक के रूप में डिजाइन किया गया है।
- उक्त कार्यक्रम के तहत ज्ञान सृजन और उसके प्रसार में स्टार्ट-अप उद्यमियों की मदद के साथ ही एक मजबूत तथा सक्रिय नेटवर्क विकसित करने पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=212327#:~:text=In%20a%20major%20initiative%20to,on%20creating%20high%20performing%20Startups.

शहद परीक्षण प्रयोगशाला का उद्घाटन

प्रश्न-नेशनल बी बोर्ड (राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड) के सहयोग से NDDB (राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड) ने विश्व स्तरीय शहर परीक्षण प्रयोगशाला की स्थापना कहां पर किया है?
(a) आनंद (गुजरात)(b) करनाल(c) पुणे(d) चंडीगढ़
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 24 जुलाई, 2020 को केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने आनंद (गुजरात) में एक विश्व स्तरीय 'शहर परीक्षण प्रयोगशाला' का उद्घाटन किया।
- यह प्रयोगशाला नेशनल बी बोर्ड (राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड) के सहयोग से NDDB के द्वारा स्थापित की गई है।
- NBB के आंकड़ों के अनुसार, 2005-06 में शहद का उत्पादन 35,000 मीट्रिक टन हुआ था।
- जो 2017-18 में बढ़कर 1.05 लाख मीट्रिक टन हो गया।
- ध्यातव्य है कि भारत में प्रति व्यक्ति शहद की कम खपत होते हुए भी उत्पादन में यह वृद्धि उल्लेखनीय है।
- जर्मनी विश्व में प्रति व्यक्ति शहद की खपत में शीर्ष पर है जबकि एशिया में जापान शीर्ष पर है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.uniindia.com/five-state-of-the-art-honey-testing-laboratories-to-be-established-in-country/india/news/2094011.html

DRDO : निगरानी ड्रोन का विकास

प्रश्न-हाल ही में DRDO ने भारतीय सेना को चीन सीमा पर निगरानी हेतु स्वयं द्वारा विकसित ड्रोन उपलब्ध कराया है, जिसका नाम है-
(a) हिन्दुस्तान(b) भारत(c) इंडिया(d) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- जुलाई, 2020 में DRDO के द्वारा निर्मित 'भारत' ड्रोन भारतीय सेना को उपलब्ध करवाया गया।
- पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (चीन सीमा) पर ये ड्रोन अधिक ऊंचाई वाले इलाकों और पर्वतीय क्षेत्रों में सटीक निगरानी सुनिश्चित करेंगे।
- ये ड्रोन DRDO की चंडीगढ़ स्थित प्रयोगशाला ने विकसित किए हैं।

- ड्रोन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) से सुसज्जित है जिससे यह दुश्मन सैनिकों और भारतीय जवानों में विभेद कर सकने में सक्षम है।
- इसके अलावा इसमें नाइट विजन कैमरे भी लगे हुए हैं।
- साथ ही इसकी यूनिबॉडी डिजायन और एडवांस रिलीज टेक्नोलॉजी इसे रडार की नजर से दूर रखती है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.hindustantimes.com/india-news/drdo-s-bharat-drones-for-indian-army-for-accurate-surveillance-along-china-border/story-qeGW9rDFjlpNy7a8ov2eSI.html

नवजात शिशुओं में बिलीरूबिन स्तर की गैर-संक्रामक स्क्रीनिंग के लिए ''गैर-संपर्क'' और ''दर्द-रहित'' उपकरण विकसित

प्रश्न-29 जुलाई, 2020 को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, हाल ही में किस संस्थान के वैज्ञानिकों ने नवजात शिशुओं में बिलीरूबिन स्तर की गैर-संक्रामक स्क्रीनिंग के लिए 'गैर-संपर्क'' और "दर्द रहित" उपकरण विकसित किया?

(a) भारतीय विज्ञान संस्थान, बंगलुरु
(b) नैनो विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, मोहाली
(c) एस.एन. बोस नेशनल सेंटर फॉर बेसिक साइंसेज, कोलकाता
(d) आईआईटी, दिल्ली

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 29 जुलाई, 2020 को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, हाल ही में एस.एन. बोस नेशनल सेंटर फॉर बेसिक साइंसेज, कोलकाता के वैज्ञानिकों ने नवजात शिशुओं में बिलीरूबिन स्तर की गैर-संक्रामक स्क्रीनिंग के लिए 'गैर-संपर्क' और ''दर्द-रहित'' उपकरण विकसित किया।
- यह संस्थान भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (DST) के तहत स्वायत्त अनुसंधान संस्थान है।
- इस संस्थान के प्रोफेसर समीर के. पाल और उनकी टीम द्वारा विकसित इस उपकरण का नाम 'एजेओनिओ' (AJO-NUO))रखा गया है।

- इस उपकरण का संचालन अन्य बिलीरूबिन मीटर की सीमाओं में समझौता किए बिना, नवजात शिशुओं में बिलीरूबिन स्तर की माप के लिए गैर-संपर्क और गैर-संक्रामक स्पेक्ट्रोमेट्री तकनीकों पर आधारित है।
- इसे कुल सीरम बिलीरूबिन (TSB) परीक्षण के विकल्प के रूप में पेश किया गया है।
- गौरतलब है कि नवजात शिशुओं में बिलीरूबिन स्तर की सावधानीपूर्वक जांच अमेरिकन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (2004) के अनुसार अनिवार्य है।
- यह जांच एक प्रकार की मस्तिष्क क्षति जिसे किर्निकटेरस कहा जाता है, की घटनाओं को कम करने के लिए की जाती है।
- जिसका कारण शिशु के रक्त में बिलीरूबिन का उच्च स्तर हो सकता है।
- यद्यपि रक्त के केपिलरी संग्रह और उसके बाद के जैव रासायनिक परीक्षण को नवजात शिशुओं में पीलिया का पता लगाने का स्वर्ण मानक माना जाता है, फिर भी गैर-संक्रामक, उपकरणों का उपयोग करके त्वचा के अंदर बिलीरूबिन माप के स्पष्ट रूप से अतिरिक्त लाभ है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1641983

विद्यार्थी विज्ञान मंथन, 2020-21

प्रश्न-1 अगस्त, 2020 को किसने विद्यार्थी विज्ञान मंथन, 2020-21 का शुभारंभ किया?
(a) रमेश पोखरियाल निशंक(b) डॉ. हर्षवर्धन(c) रविशंकर प्रसाद(d) प्रकाश जावड़ेकर
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 1 अगस्त, 2020 को केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री, डा. हर्षवर्धन ने 'विद्यार्थी विज्ञान मंथन, 2020-21' का शुभारंभ किया।
- यह पहल कक्षा 6 से 11वीं के स्कूल के छात्रों के बीच विज्ञान को लोकप्रिय बनाने के लिए एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है।
- यह छात्र समुदाय के बीच एक वैज्ञानिक योग्यता के साथ उज्ज्वल दिमागों की पहचान करने के लिए डिजाइन किया गया था।
- उल्लेखनीय है कि विज्ञान के क्षेत्र में प्रतिभा को पहचानने और छात्रों के बीच वैज्ञानिक अक्यूमेन को बढ़ावा देने के लिए यह एक मंच है।
- यह विज्ञान प्रसार, भारत सरकार और NCERT के सहयोग से विज्ञान भारती (VIBHA) की एक पहल है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.newsonair.com/News?title=Dr-Harsh-Vardhan-launches-%26%2339%3BVidyarthi-Vigyan-Manthan-2020-21&id=396275

खेलपरिदृश्य

टेनिस

प्राग चैलेंजर, 2020

प्रश्न-22 अगस्त, 2020 को संपन्न हुई एटीपी चैलेंजर टूर, 2020 की टेनिस प्रतियोगिता प्राग चैलेंजर, 2020 के पुरुष एकल का खिताब किसने जीता?
(a) स्टेन वावरिंका(b) सुमित नांगल(c) असलम कारतसेव(d) किरी लेहेच्का
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 15-22 अगस्त, 2020 के मध्य एटीपी चैलेंजर टूर, 2020 की टेनिस प्रतियोगिता प्राग चैलेंजर, 2020 प्राग, चेकगणराज्य में संपन्न हुई।
- प्रतियोगिता परिणाम
- पुरुष एकल
- विजेता-स्टेन वावरिंका (स्विट्जरलैंड)
- उपविजेता-असलम कारतसेव (रूस)
- पुरुष युगल
- विजेता-पियरे-ह्यूग्स हर्बर्ट और आर्थर रिंडरनेच (दोनों फ्रांस)
- उपविजेता-ज्डेनेक कोलार और लुकास रोसोल (दोनों चेक गणराज्य)

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.atptour.com/en/news/prague-challenger-2020-final-wawrinka

लेडीज टॉप सीड ओपन, 2020

प्रश्न-16 अगस्त, 2020 को संपन्न लेडीज टॉप सीड ओपन, 2020 के महिला एकल का खिताब किसने जीता?
(a) जेनिफर ब्रैडी(b) जिल टेचमैन(c) कोको गॉफ(d) सेरेना विलियम्स
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 9-16 अगस्त, 2020 के मध्य डब्ल्यूटीए (WTA) सत्र, 2020 की महिला टेनिस प्रतियोगिता लेडीज टॉप सीड ओपन, 2020 लेक्सिंगटन केंटुकी (संयुक्त राज्य अमेरिका) में संपन्न हुई।
- प्रतियोगिता परिणाम
- महिला एकल
- विजेता-जेनिफर ब्रैडी (अमेरिका)
- उपविजेता-जिल टेचमैन (स्विट्जरलैंड)
- महिला युगल
- विजेता-हेले कार्टर (अमेरिका) और लुईस स्टेफनी (ब्राजील)
- उपविजेता-जिल टेचमैन (स्विट्जरलैंड) और मैरी वाउजकोवा (चेक गणराज्य)
- ब्रैडी द्वारा विजित यह पहला डब्ल्यूटीए खिताब है।
- कोरोना महामारी के बाद यह अमेरिका में आयोजित पहली डब्ल्यूटीए (WTA) प्रतियोगिता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://sportstar.thehindu.com/tennis/jennifer-brady-claims-first-title-at-top-seed-open-as-wta-marks-united-states-return/article32369748.ece

प्राग ओपन, 2020

प्रश्न-16 अगस्त, 2020 को संपन्न महिला टेनिस प्रतियोगिता प्राग ओपन, 2020 के एकल वर्ग का खिताब किसने जीता?

(a) एलिस मर्टेंस(b) सिमोना हालेप(c) इरीना कैमेलिया बेगू(d) क्रिस्टीना प्लिस्कोवा

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 10-16 अगस्त, 2020 के मध्य का WTA सत्र-2020 की महिला टेनिस प्रतियोगिता प्राग ओपन, 2020 प्राग, चेक गणराज्य में संपन्न हुई।
- प्रतियोगिता परिणाम
- महिला एकल
- विजेता-सिमोना हालेप (रोमानिया)
- उपविजेता-एलिस मर्टेंस (बेल्जियम)
- महिला युगल
- विजेता-लुसी हर्रडका और क्रिस्टीना प्लिस्कोवा (दोनों चेक गणराज्य)
- उपविजेता-मोनिका निकुलेस्कु और रालुका ओलारु (दोनों रोमानिया)
- सिमोना हालेप द्वारा विजित यह 21वां WTA खिताब है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.wtatennis.com/tournament/1082/prague

पालेर्मो लेडीज ओपन, 2020

प्रश्न-9 अगस्त, 2020 को संपन्न महिला टेनिस प्रतियोगिता पालेर्मो लेडीज ओपन, 2020 का एकल खिताब किसने जीता है?
(a) पेट्रा मार्टिक(b) डायना यास्ट्रेमस्का(c) फियोना फेरो(d) एनेट कोंटावेइट
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- डब्ल्यूटीए (WTA) सत्र, 2020 को महिला टेनिस प्रतियोगिता पालेर्मो लेडीज ओपन, 2020 (31वां संस्करण) 3 अगस्त से 9 अगस्त, 2020 के मध्य पालेर्मो, इटली में संपन्न हुई।
- प्रतियोगिता परिणाम
- महिला एकल
- विजेता-फियोना फेरो (फ्रांस)
- उपविजेता-एनेट कोंटावेइट (एस्टोनिया)
- महिला युगल
- विजेता-अरांतजा रुस (नीदरलैंड्स) और तमारा जिडैनसेक (स्लोवेनिया)
- उपविजेता-एलिसाबेट्टा कोकिएरेटो और मार्टिना ट्रेविसन (दोनों इटली)
- फियोना द्वारा विजित यह दूसरा डब्ल्यूटीए खिताब है।
- ज्ञातव्य है कि मार्च, 2020 में कोरोना वायरस (कोविड-19) के कारण टेनिस स्पर्धाएं निलंबित होने के बाद यह पुरुष या महिलाओं का आयोजित पहला आधिकारिक टूर्नामेंट है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.wtatennis.com/tournament/466/palermo

क्रिकेट

आईसीसी टी-20 विश्वकप, (पुरुष वर्ग) 2021 और 2022

प्रश्न-किस देश में आईसीसी टी-20 विश्वकप, (पुरुष वर्ग) 2021 का आयोजन किया जाएगा?
(a) भारत(b) ऑस्ट्रेलिया(c) इंग्लैंड(d) दक्षिण अफ्रीका
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 7 अगस्त, 2020 को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की हुई कोर कमेटी की बैठक में आईसीसी टी-20 विश्वकप की मेजबानी पर अहम निर्णय लिया गया।
- इसमें लिए गए निर्णय के तहत आईसीसी टी-20 विश्वकप, (पुरुष वर्ग) 2021 का आयोजन भारत में और आईसीसी टी-20 विश्वकप, 2020 जिसे कोविड-19 के कारण टाल दिया गया था, का आयोजन वर्ष 2022 में ऑस्ट्रेलिया में किया जायेगा।
- वर्ष 2023 में वन डे विश्व कप का आयोजन भी भारत में होगा।
- वर्ष 2021 में न्यूजीलैंड में आयोजित होने वाले महिला वनडे विश्वकप को फरवरी-मार्च, 2020 तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.icc-cricket.com/media-releases/1749944

इंग्लैंड-आयरलैंड वनडे शृंखला, 2020

प्रश्न-30 जुलाई से 4 अगस्त, 2020 के मध्य इंग्लैंड और आयरलैंड के मध्य तीन मैचों की एकदिवसीय शृंखला इंग्लैंड में संपन्न हुई। इस शृंखला में किस खिलाड़ी को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया?
(a) पॉल स्टर्लिंग(b) कुर्टिस कैफर(c) इयॉन मोर्गन(d) डेविड विले
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 30 जुलाई से 4 अगस्त, 2020 के मध्य इंग्लैंड और आयरलैंड के मध्य तीन मैचों की एकदिवसीय शृंखला इंग्लैंड में संपन्न हुई।
- यह कोरोना वायरस महामारी के दौरान हुई पहली अंतरराष्ट्रीय वनडे सीरीज है।
- इसके अलावा यह वर्ष 2023 में भारत में होने वाले वनडे विश्व कप के क्वालिफायर टूर्नामेंट सुपर लीग के तहत खेले जाने वाली पहली सीरीज भी है।
- 3 मैचों की यह वनडे सीरीज इंग्लैंड ने 2-1 से जीत ली।
- इंग्लैंड के डेविड विले को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया।
- तीसरे वनडे में आयरलैंड ने इंग्लैंड में इंग्लैंड के विरुद्ध 328 रनों का लक्ष्य हासिल कर सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल करने का रिकॉर्ड बनाया।
- इससे पूर्व यह रिकॉर्ड भारत के नाम था, जिसने वर्ष 2002 में लार्ड्स में 326 रन बना था।
- तीसरे वनडे में 142 रन बनाकर पॉल स्टर्लिंग आयरलैंड के सबसे अधिक वनडे रन बनाने वाले बल्लेबाज बने।
- साथ ही स्टर्लिंग सबसे कम पारियों (61वीं पारी में) 2000 वनडे रन बनाने वाले दूसरे आयरिश बल्लेबाज बने।

- तीसरे वनडे में 4 छक्के लगाकर इंग्लैंड के कप्तान इयॉन मोर्गन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बतौर कप्तान सबसे अधिक छक्के (212 छक्का) लगाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।
- इससे पूर्व बतौर कप्तान सर्वाधिक छक्के (211 छक्का) लगाने का रिकॉर्ड धोनी के नाम था।
- इस सीरीज में आयरलैंड के युवा आलराउंडर कुर्टिस कैफर ने अंतरराष्ट्रीय वनडे में पदार्पण किया और कॅरियर के शुरुआती 2 वनडे में 50 से अधिक रन बनाने और कम से कम 1 विकेट लेने वाले विश्व के पहले खिलाड़ी बने।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.espncricinfo.com/series/_/id/19489/ireland-in-england-2020

https://www.cricbuzz.com/cricket-series/2889/ireland-tour-of-england-2020/matches

आईपीएल, 2020 का आयोजन

प्रश्न-2 अगस्त, 2020 को बीसीसीआई ने आइपीएल गवर्निंग काउंसिल की बैठक में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2020 (13वां संस्करण) का आयोजन संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में कराने का निर्णय लिया। इस आईपीएल के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) आईपीएल के 13वें संस्करण का आयोजन 19 सितंबर से 10 नवंबर, 2020 के मध्य किया जाएगा।
(b) सभी मुकाबले यूएई के तीन शहर अबूधाबी, शारजाह, दुबई में आयोजित होंगे।
(c) आईपीएल, 2020, 53 दिनों तक संचालित होगा, इस बार 10 डबल हेडर (एक दिन में 2 मैच) मुकाबले होंगे।
(d) आईपीएल, 2020 का मुख्य प्रायोजक वीवो (VIVO) होगा।

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 2 अगस्त, 2020 को बीसीसीआई ने आईपीएल गवर्निंग काउंसिल की बैठक में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल), 2020 (13वां संस्करण) का आयोजन संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में कराने का निर्णय लिया गया।
- 13वें संस्करण का आयोजन 19 सितंबर से 10 नवंबर, 2020 के मध्य किया जाएगा।
- सभी मुकाबले यूएई के तीन शहर अबूधाबी, शारजाह और दुबई में खेले जाएंगे।
- आईपीएल, 2020 53 दिनों तक संचालित होगा, इस बार 10 डबल हेडर (एक दिन में 2 मैच) मुकाबले होंगे।
- सभी फ्रेंचाइजी टीमों को किसी खिलाड़ी के कोराना वायरस से संक्रमित होने पर रिप्लेसमेंट की अनुमति होगी।

- महिला आईपीएल का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें 4 टीमें भाग लेंगी।
- महिला आईपीएल को चैलेंजर सीरीज के नाम से जाना जाता है।
- यह पहला अवसर होगा, जब फाइनल वीकेंड (शनिवार/रविवार) में नहीं अपितु वीकडे में होगा।
- ज्ञातव्य है कि कोरोना संकट के कारण प्रति वर्ष अप्रैल से मई के मध्य में आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट को स्थगित कर दिया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.indiatoday.in/sports/cricket/story/ipl-2020-new-schedule-uae-governing-council-meeting-september-19-november-10-bcci-confirms-1707064-2020-08-02

https://sportstar.thehindu.com/cricket/ipl/ipl-news/ipl-2020-governing-council-squad-strength-24-players-schedule-sponsors-vivo-uae-final-november-10/article32254069.ece

वेस्टइंडीज-इंग्लैंड टेस्ट शृंखला, 2020

प्रश्न-28 जुलाई, 2020 को संपन्न वेस्टइंडीज-इंग्लैंड के मध्य 3 टेस्ट मैचों की शृंखला में किन दो खिलाड़ियों को संयुक्त रूप में 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया?
(a) जेम्स एंडरसन और जॉन कैम्पबेल(b) मार्क वुड और केमार रोच
(c) स्टुअर्ट ब्रॉड और रोस्टन चेज(d) रोस्टन चेंज और जोस बटलर
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 8 जुलाई, 2020 से 28 जुलाई, 2020 के मध्य वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के मध्य 3 टेस्ट मैचों की शृंखला इंग्लैंड में संपन्न हुई।
- कोरोना वायरस महामारी के बीच 4 महीने बाद इस सीरीज के माध्यम से जैव सुरक्षित माहौल में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की बहाली हुई।
- तीन टेस्ट मैचों की शृंखला इंग्लैंड ने 2-1 (विजडन ट्रॉफी) जीत ली।
- इस शृंखला में वेस्टइंडीज के रोस्टन चेज और इंग्लैंड के स्टुअर्ट ब्रॉड को संयुक्त रूप से 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया।
- इस शृंखला के अंतिम मैच में तेज गेंद बाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने सलामी बल्लेबाज क्रेग ब्रेथवेट का विकेट लेकर टेस्ट क्रिकेट इतिहास में 500 विकेट लेने वाले सातवें गेंदबाज बने।
- सर्वाधिक टेस्ट विकेट लेने वाले इंग्लैंड के गेंदबाजों की सूची में ब्रॉड (501 विकेट) दूसरे स्थान पर हैं, जबकि एंडरसन (589 विकेट) पहले स्थान पर हैं।

- यह पांचवां अवसर है जब इंग्लैंड ने 3 टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मैच हारने के बाद सीरीज जीती है।
- तीन मैचों की सीरीज में वेस्टइंडीज को 2-1 से पराजित करने के बाद इंग्लैंड आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप की अंकतालिका में तीसरे नंबर पर पहुंच गया है।
- इस सीरीज में इंग्लैंड के बेन स्टोक्स ने सर्वाधिक रन (363 रन) बनाए।
- सीरीज में इंग्लैंड के ही तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने सर्वाधिक विकेट (16 विकेट) लिए।
- इस टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड के कप्तान जो रूट और वेस्टइंडीज के कप्तान जेसन होल्डर थे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://sportstar.thehindu.com/cricket/england-vs-west-indies-3rd-test-day5-live-cricket-score-report/article32209990.ece

फुटबॉल

यूईएफए यूरोपा लीग, 2019-20

प्रश्न-21 अगस्त, 2020 को संपन्न यूईएफए यूरोपा लीग, 2019-20 का खिताब किसने जीता?
(a) इंटर मिलान एफसी(b) मैनचेस्ट यूनाइटेड एफसी
(c) सेविला एफसी(d) एटलेटिको मैड्रिड एफसी
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 21 अगस्त, 2020 को यूईएफएयूरोपा लीग (UEFA Europa League), 2019-20 का फाइनल मुकाबला जर्मनी के कोलोन में संपन्न हुआ।
- फाइनल मुकाबले में सेविला एफसी ने इंटर मिलान को 3-2 से पराजित कर खिताब जीत लिया।
- सेविला ने रिकॉर्ड छठीं बार इस फुटबॉल लीग का खिताब जीता है।
- सेविला 6 बार और ईंटर मिलान, जुवेंट्स, लिवरपूल, एटलेटिको मैड्रिड 3-3 बार यूरोपा लीग का खिताब जीता है।
- इस लीग में मैनचेस्टर यूनाइटेड के ब्रूनो फर्नांडेज शीर्ष गोल स्कोरर (8 गोल) रहे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.uefa.com/uefaeuropaleague/news/025a-0e9f78be4647-95c93700f82b-1000–lowdown-2020-final/

फ्रेंच लीग कप, 2019-20

प्रश्न-31 जुलाई, 2020 को संपन्न फ्रांस की घरेलू फुटबॉल प्रतियोगिता फ्रेंच लीग कप 2019-20 का खिताब किस फुटबॉल क्लब ने जीता है?
(a) पेरिस सेंट-जर्मेन(b) लियोन(c) निओर्ट(d) उपरोक्त में कोई नहीं
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 31 जुलाई, 2020 को फ्रांस की घरेलू फुटबॉल प्रतियोगिता फ्रेंच लीग कप, 2019-20 संपन्न हुई।
- पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने लियोन को पेनाल्टी शूट आउट में 6-5 से पराजित कर फ्रेंच लीग कप का खिताब जीत लिया।
- पेरिस सेंट जर्मेन ने 9वीं बार फ्रेंच लीग कप का खिताब जीता है।
- फाइनल मुकाबले में पेरिस सेंट-जर्मेन के मार्को वेर्राट्टी (Marco Verratti) को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/sport/football/french-league-cup-final-psg-edges-out-lyon-on-penalties/article32245571.ece#:~:text=The%20Spaniard's%20successful%20kick%20came,the%20end%20of%20extra%20time.

नैस्डैक बिलबोर्ड पर आने वाला भारत का पहला फुटबॉल क्लब

प्रश्न-29 जुलाई, 2020 को न्यूयॉर्क के टाइम स्क्वायर पर नैस्डेक के बिलबोर्ड पर आने वाला देश का पहला फुटबॉल क्लब कौन है?
(a) ईस्ट बंगाल(b) मोहन बागान(c) चर्चिल ब्रदर्स(d) बंगलुरू एफसी
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 29 जुलाई, 2020 को न्यूयॉर्क के टाइम स्क्वायर पर नैस्डेक के बिलबोर्ड पर आने वाला देश का पहला फुटबॉल क्लब मोहन बागान बना।यह उपलब्धि मोहन बागान दिवस के अवसर पर हासिल हुई।प्रतिवर्ष 29 जुलाई को मोहन बागान दिवस मनाया जाता है।
- यह दिवस 29 जुलाई को मोहन बागान द्वारा वर्ष 1911 में ईस्ट यार्कशायर रेजीमेंट को पराजित कर आईएफए शील्ड की खिताबी जीत का जश्न मनाने के लिए मनाया जाता है।
- मोहन बागान ने 2-1 से ईस्ट यार्कशायर रेजीमेंट को पराजित कर इस टूर्नामेंट में ब्रिटिश दबदबे को खत्म करने वाला पहला भारतीय क्लब बना था।

- मोहन बागान फुटबॉल क्लब की स्थापना वर्ष 1889 में हुई थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.indiatoday.in/sports/football/story/new-york-times-square-nasdaq-billboard-lit-up-in-mohun-bagan-colours-to-mark-club-s-historic-ifa-shield-victory-1705610-2020-07-29

सेरी-ए-लीग, 2019-20

प्रश्न-26 जुलाई, 2020 को किस फुटबॉल क्लब ने इटली की शीर्ष घरेलू लीग 'सेरी-ए-लीग, 2019-20' का खिताब जीत लिया?
(a) एसी मिलान(b) जुवेंट्स(c) लाजियो(d) सैंपडोरिया
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 26 जुलाई, 2020 को जुवेंट्स ने सैंपडोरिया को 2-0 से पराजित कर इटली की शीर्ष घरेलू लीग 'सेरी-ए-लीग, 2019-20' का खिताब जीत लिया।जुवेंट्स ने लगातार 9वीं बार इस लीग का खिताब जीता है।जुवेंट्स के कोच मॉरिजियो सारी का अपने कोचिंग कॅरियर में विजित यह पहला खिताब है।साथ ही वह खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज कोच बन गए हैं।
- जुवेंट्स ने 2 मैच शेष रहते यह खिताब जीता है।
- जुवेंट्स क्लब के स्टार फॉरवर्ड क्रिस्टियानों रोनाल्डो ने सेरी-ए-लीग में मिली खिताबी जीत को कोरोना महामारी से बुरी तरह पीड़ित लोगों को समर्पित किया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.sportskeeda.com/go/serie-a-calcio/standings

एफए कप 2019-20

प्रश्न-1 अगस्त, 2020 को संपन्न विश्व की सबसे पुरानी फुटबॉल प्रतियोगिता एफए कप, 2019-20 का खिताब किस फुटबॉल क्लब ने जीत लिया?
(a) मैनचेस्टर सिटी(b) आर्सेनल(c) चेल्सी(d) मैनचेस्टर यूनाइटेड
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 1 अगस्त, 2020 को विश्व की सबसे पुरानी फुटबॉल प्रतियोगिता एफए कप, 2019-20 (139वां संस्करण) का फाइनल मुकाबला वेमब्ले स्टेडियम, लंदन में संपन्न हुआ।

- एफए कप को फुटबॉल एसोसिएशन चैलेंज कप के नाम से भी जाना जाता है।
- फाइनल मुकाबले में आर्सेनल फुटबॉल क्लब ने चेल्सी फुटबॉल क्लब को 2-1 से पराजित कर इस प्रतियोगिता का खिताब जीत लिया।
- आर्सेनल फुटबॉल क्लब ने 14वीं बार इस प्रतियोगिता का खिताब जीता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.bbc.com/sport/football/53628532

53वां बील अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव, 2020

प्रश्न-29 जुलाई, 2020 को संपन्न 53वें बील अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव, 2020 (ग्रैंडमास्टर ट्रायथलॉन) का खिताब किसने जीता?
(a) राडोस्लाव वोज्ताजेक(b) पी. हरिकृष्णा(c) डेविड एंटोन गुइजारो(d) नोएल स्टुडेर
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 19 जुलाई, 2020 से 29 जुलाई, 2020 के मध्य 53वां बील अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव, 2020 (53rd Biel Inter-national Chess Festival) बील। बायने, स्विट्जरलैंड में संपन्न हुआ।इस शतरंज महोत्सव का खिताब पोलैंड के राडोस्लाव वोज्ताजेक (ग्रैंड मास्टर ट्रायथलॉन) ने जीता।भारतीय ग्रैंडमास्टर पी. हरिकृष्णा दूसरे स्थान पर रहे।
- पी. हरिकृष्णा ने अंतिम दौर में स्पेन के डेविड एंटोन गुइजारो को पराजित किया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://sportstar.thehindu.com/chess/chess-biel-international-festival-p-harikirshna-radoslaw-wojtaszek/article32139517.ece

बिलियडर्स/स्नूकर/स्क्वैश

विश्व स्नूकर चैंपियनशिप, 2020

प्रश्न-16 अगस्त, 2020 को संपन्न विश्व स्नूकर चैंपियनशिप, 2020 का खिताब किसने जीता?
(a) रोनी ओ सुलिवान(b) कोइरेन विल्सन(c) एंथोनी मैकगिल(d) मार्क सेल्बी
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- बेटफ्रेड (Betfred) द्वारा प्रायोजित विश्व स्नूकर चैंपियनशिप, 2020, 31 जुलाई से 16 अगस्त, 2020 के मध्य शेफील्ड, इंग्लैंड में संपन्न हुई।
- इंग्लैंड के रोनी ओ सुलिवान ने अपने ही देश के काइरेन विल्सन को फाइनल में 18-8 से पराजित कर इस चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया।
- रोनी ओसुलिवान ने छठी बार विश्व स्नूकर चैंपिनशिप का खिताब जीता है।
- इस जीत के साथ ही उन्होंने 6-6 बार इस चैंपियनशिप का खिताब जीतने वाले स्टीव डेविस और रे रीयरडन की बराबरी की।
- वह सर्वाधिक बार (7 बार) इस विश्व चैंपियनशिप का खिताब जीतने वाले स्टीफन हेंड्री के रिकॉर्ड से सिर्फ एक खिताब पीछे हैं।
- 44 वर्षीय ओ सुलिवान रिर्डन के बाद यह खिताब जीतने वाले दूसरे सबसे बुजुर्ग खिलाड़ी है।
- रिर्डन ने वर्ष 1979 में 45 वर्ष की आयु में यह खिताब जीता था।
- इस जीत के साथ ही ओ सुलिवान विगत वर्ष के चैंपियन जुड ट्रंप के बाद विश्व रैकिंग मे दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.express.co.uk/sport/othersport/1320832/Snooker-World-Championship-results-LIVE-Score-updates-Ronnie-O-Sullivan-latest-news

गोल्फ

पीजीए चैंपियनशिप, 2020

प्रश्न-9 अगस्त, 2020 को संपन्न गोल्फ प्रतियोगिता पीजीए चैंपियनशिप, 2020 का खिताब किसने जीता?

(a) पॉल कैसी(b) कोलिन मोरिकावा(c) जिमी वॉकर(d) डस्टिन जॉनसन

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- पीजीए टूर, 2020 की गोल्फ प्रतियोगिता पीजीए चैंपियनशिप, 2020, 3 से 9 अगस्त, 2020 के मध्य सैन फ्रांसिस्को, कैलिफोर्निया (संयुक्त राज्य अमेरिका) में संपन्न हुई।
- इस प्रतियोगिता का खिताब अमेरिका के कोलिन मोरिकावा ने जीत लिया।
- इंग्लैंड के गोल्फर पॉल कैसी (Paul Casey) दूसरे स्थान पर रहे।
- यह पहला मेजर टूर्नामेंट था, जो दर्शकों के बिना खेला गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://tpc.com/hardingpark/pga-championship/#:~:text=TPC%20Harding%20Park%20will%20host,be%20staged%20in%20San%20Francisco.

फेडएक्स सेंट ज्यूड आमंत्रण गोल्फ टूर्नामेंट, 2020

प्रश्न-2 अगस्त, 2020 को मेम्फिस में संपन्न विश्व गोल्फ चैम्पियनशिप, 2020 की पेशेवर गोल्फ प्रतियोगिता फेडएक्स सेंट ज्यूड आमंत्रण गोल्फ टूर्नामेंट, 2020 का खिताब किसने जीता?
(a) जस्टिन थॉमस(b) ब्रुक्स कोपका(c) डेनियल बर्गर(d) शेन लॉरी
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 30 जुलाई से 2 अगस्त, 2020 के मध्य विश्व गोल्फ चैम्पियनशिप, 2020 की पेशेवर गोल्फ प्रतियोगिता फेडएक्स सेंट ज्यूड आमंत्रण गोल्फ टूर्नामेंट, 2020 अमेरिका के टेनेसी राज्य में स्थित मेम्फिस में संपन्न हुई।
- इस प्रतियोगिता का खिताब संयुक्त राज्य अमेरिका के जस्टिन थॉमस ने जीता।
- इस खिताबी जीत के साथ ही जस्टिन थॉमस जून, 2018 के बाद पहली बार विश्व के नंबर एक गोल्फर बन गए।
- यह उनके कॅरियर में विजित 13वां पीजीए टूर खिताब है।
- इस प्रतियोगिता में गत चैम्पियन ब्रूक्स कोपका को पराजित कर जस्टिन थॉमस ने खिताब जीता।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.golfchannel.com/tours/pga-tour/2020/world-golf-championships-fedex-st-jude-invitational

फॉर्मूला वन

स्पेनिश ग्रैंड प्रिक्स, 2020

प्रश्न-16 अगस्त, 2020 को संपन्न स्पेनिश ग्रैंड प्रिक्स, 2020 का खिताब किसने जीता?
(a) लुईस हैमिल्टन(b) चार्ल्स लेकलर्क(c) वाल्टेरी बोट्टास(d) मैक्स वर्सटाप्पेन
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 16 अगस्त, 2020 को फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियनशिप, 2020 की 6वीं रेस स्पेनिश ग्रैंड प्रिक्स मोंट मेलो, स्पेन में संपन्न हुई।

- प्रतियोगिता परिणाम
- विजेता-लुईस हैमिल्टन (यू.के.) टीम मर्सिडीज
- रेड बुल के चालक मैक्स वर्सटाप्पेन (नीदरलैंड्स) दूसरे स्थान पर रहे।
- मर्सिडीज के चालक वाल्टेरी बोट्टास (फिनलैंड) तीसरे स्थान पर रहे।
- लुईस हैमिल्टन की यह फॉर्मूला वन कैरियर की 88वीं जीत हैं।
- हैमिल्टन अब माइकल शूमाकर (91 जीत) के फॉर्मूला वन में सर्वाधिक जीत के रिकॉर्ड से 3 जीत पीछे हैं।
- इस जीत के साथ ही हैमिल्टन ने ड्राइवरों की अंकतालिका में 37 अंक की बढ़त हासिल कर ली है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.formula1.com/en/racing/2020/Spain.html

एफ-1: 70वीं वर्षगांठ ग्रैंड प्रिक्स

प्रश्न-9 अगस्त, 2020 को सिल्वरस्टोन, ब्रिटेन में संपन्न फॉर्मूला वनः 70 वीं वर्षगांठ ग्रैंड प्रिक्स, 2020 का खिताब किसने जीता?

(a) लुईस हैमिल्टन(b) वाल्टेरी बोट्टास(c) मैक्स वर्सटाप्पेन(d) चार्ल्स लेकलर्क

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 9 अगस्त, 2020 को फार्मूला वन सत्र, 2020 की इस वर्ष आयोजित 5वीं कार रेस एफ-1:70 वीं वर्षगांठ ग्रैंड प्रिक्स, 2020 सिल्वरस्टोन सर्किट, सिल्वरस्टोन, ब्रिटेन में संपन्न हुई।
- इस कार रेस का खिताब रेड बुल टीम के चालक मैक्स वर्सटाप्पेन (नीदरलैंड) ने जीता।
- मर्सिडीज टीम के चालक लुईस हैमिल्टन (ब्रिटेन) दूसरे स्थान पर रहे।
- मर्सिटीज टीम के ही चालक वाल्टेरी बोट्टास (फिनलैंड) तीसरे स्थान पर रहे।
- यह कार रेस फार्मूला वन ग्रैंड प्रिक्स की 70 वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित हुई।
- **पोल पोजीशन-**वाल्टेरी बोट्टास (फिनलैंड)
- रेड बुल टीम के चालक मैक्स वर्सटाप्पेन वर्ष 2020 में कार रेस जीतने वाले पहले गैर मर्सिडीज चालक हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indianexpress.com/article/sports/motor-sport/max-verstappen-f1-70th-anniversary-grand-prix-win-6547656/

ब्रिटिश ग्रैंड प्रिक्स, 2020

प्रश्न-2 अगस्त, 2020 को संपन्न फॉर्मूला वन कार रेस ब्रिटिश ग्रैंड प्रिक्स, 2020 का खिताब किसने जीता?

(a) लुईस हैमिल्टन(b) मैक्स वर्सटाप्पेन(c) वाल्टेरी बोट्टास(d) चार्ल्स लेकलर्क

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 2 अगस्त, 2020 को फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैम्पियनशिप, 2020 की इस सत्र की चौथी कार रेस (क्रम में 10वीं) ब्रिटिश ग्रैंड प्रिक्स, 2020 सिल्वरस्टोन सर्किट, यूनाइटेड किंगडम में संपन्न हुई।
- **प्रतियोगिता परिणाम-**
- **विजेता-**लुईस हैमिल्टन (ब्रिटेन), टीम-मर्सिडीज
- **दूसरा स्थान-**मैक्स वर्सटाप्पेन (नीदरलैंड), **टीम-**रेड बुल
- **पोल पोजीशन-**लुईस हैमिल्टन (ब्रिटेन)
- लुईस हैमिल्टन ने रिकॉर्ड सातवीं बार ब्रिटिश ग्रैंड प्रिक्स का खिताब जीता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.formula1.com/en/results.html/2020/races/1048/great-britain/race-result.html

खेल विविध

फिट इंडिया यूथ क्लबों की राष्ट्रव्यापी पहल का शुभारंभ

प्रश्न-केंद्रीय युवा मामले एवं खेलमंत्री किरेन रिजिजू ने फिट इंडिया यूथ क्लबों की राष्ट्रव्यापी पहल का शुभारंभ कब किया?

(a) 13 अगस्त, 2020 (b) 14 अगस्त, 2020 (c) 15 अगस्त, 2020 (d) 16 अगस्त, 2020

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 15 अगस्त, 2020 को 74 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर केंद्रीय युवा मामलें एवं खेल मंत्री कि रेन रिजिजू ने फिट इंडिया यूथ क्लबों की राष्ट्रव्यापी पहल का शुभारंभ किया।इस पहल का

उद्देश्य देश भर में फिटनेस के महत्व के विषय में आम जागरुकता पैदा करने हेतु युवाओं की शक्ति का उपयोग करने का प्रयास करना है।फिट इंडिया यूथ क्लब अनूठे तरीके से फिटनेस और संकल्प को एक साथ जोड़ता है, जिसमें स्काउट्स एवं गाइड्स, एनसीसी तथा अन्य युवा संगठनों के साथ नेहरू युवा केंद्र संगठन और नेशनल सर्विस स्कीम के 75 लाख वालेटियर एक जिला इकाई के तत्वावधान में देश के प्रत्येक ब्लॉक में फिट इंडिया यूथ के रूप में पंजीकरण कराने हेतु साथ काम करेंगे।क्लब के प्रत्येक सदस्य समुदाय के लोगों को उनकी रोजमर्रा के रुटीन में30-60 मिनट तक फिटनेस गतिविधियों से जुड़ने हेतु प्रेरित करेंगे।इसके अतिरिक्त क्लब प्रत्येक तिमाही में एकसमुदाय फिटनेस प्रोग्राम आयोजित करने हेतु स्कूलों और स्थानीय निकायों को प्रोत्साहित करेगा।

- 29 अगस्त, 2020 को फिट इंडिया आंदोलन एक वर्ष पूरे कर लेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1645699

फिट इंडिया फ्रीडम रन

प्रश्न-14 अगस्त, 2020 को केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री किरेन रिजिजू ने एक ऑनलाइन कार्यक्रम के माध्यम से 'फिट इंडिया फ्रीडम रन' का शुभारंभ किया। इस दौड़ का समापन कब होगा?
(a) 30 अगस्त, 2020 (b) 5 सितंबर, 2020 (c) 2 अक्टूबर, 2020 (d) 14 नवंबर, 2020
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 14 अगस्त, 2020 को केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री किरेन रिजिजू ने एक ऑनलाइन कार्यक्रम के माध्यम से 'फिट इंडिया फ्रीडम रन' का शुभारंभ किया।
- यह देशव्यापी दौड़ सरकार की मेजबानी और निजी संगठनों की भागीदारी के साथ शुरू की गई है।
- इसके तहत प्रतिभागी 74वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त से 2 अक्टूबर, 2020 को महात्मा गांधी की 151वीं जयंती के बीच अपनी सुविधानुसार कहीं से भी किसी भी गति से (सुविधा के अनुसार समय) पर दौड़ सकते हैं।
- इस सबसे बड़ी देशव्यापी दौड़ में सीमा सुरक्षा बल (BSF), भारत तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) सहित वाईएएस सशस्त्र बल के साथ ही भारतीय रेलवे, सीबीएसई और आइसीएसई के स्कूल भी भाग लेंगे।
- इसके अलावा नेहरू युवा केंद्र संगठन (NYKS) एवं युवा कार्यक्रम विभाग की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के 75 लाख स्वयंसेवक और देशभर में मौजूद भारतीय खेल प्राधिकरण के प्रशिक्षु भी इसमें भागीदारी कर रहें हैं, जो फिट इंडिया के लिए दौडेंगे।

- इसमें 12 लाख से अधिक लोगों के भाग लेने की संभावना है।
- इस दौड़ का उद्देश्य लोगों को फिटनेस गतिविधियों के संबंध में प्रेरित करना है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1645893

भारतीय राष्ट्रमंडल खेल संघ का गठन

प्रश्न-28 जुलाई, 2020 को भारतीय ओलंपिक संघ (IOA) ने सत्र 2021-21 के लिए किसकी अध्यक्षता में 11 सदस्यीय भारतीय राष्ट्रमंडल खेल संघ (सीजीए ऑफ इंडिया) का गठन किया है?
(a) नरिंदर बत्रा(b) आर.के. आनंद(c) अनिल खन्ना(d) अर्जुन मुंडा
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 28 जुलाई, 2020 को भारतीय ओलंपिक संघ (IOA) ने सत्र 2020-21 के लिए भारतीय राष्ट्रमंडल खेल संघ (सीजीए ऑफ इंडिया) का गठन करने की घोषणा की।
- 11 सदस्यीय भारतीय राष्ट्रमंडल खेल संघ का गठन भारतीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष नरिंदर बत्रा की अध्यक्षता में गठित किया गया है।
- इस समिति में बत्रा के अलावा भारतीय ओलंपिक संघ (IOA) के वरिष्ठ अधिकारियों आर.के. आनंद (वरिष्ठ उपाध्यक्ष), अनिल खन्ना (वरिष्ठ उपाध्यक्ष), राजीव मेहता (महासचिव) और आनंदेश्वर पांडे (कोषाध्यक्ष) को भी शामिल किया गया है।
- भारतीय राष्ट्रमंडल खेल संघ वर्ष 2022 में बर्मिंघम में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों सहित राष्ट्रमंडल देशों से जुड़े मामलों के संदर्भ में सीजीएफ के साथ काम करेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.outlookindia.com/website/story/sports-news-indian-olympic-association-forms-11-member-commonwealth-games-association-of-india-for-2020-21-season/357547

चर्चित खेल व्यक्तित्व

तीन पूर्व क्रिकेटर आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल

प्रश्न-अगस्त, 2020 को तीन पूर्व क्रिकेटरों को आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया। विकल्प में कौन क्रिकेटर इसमें शामिल नहीं है?

(a) जैक्स कैलिस(b) जहीर अब्बास(c) लिसा स्थालेकर(d) शॉन पोलाक

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 23 अगस्त, 2020 को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने तीन पूर्व क्रिकेटरों दक्षिण अफ्रीका के जैक्स कैलिस, पाकिस्तान के जहीर अब्बास और ऑस्ट्रेलियाई विश्व कप विजेता महिला क्रिकेटर लिसा स्थालेकर को आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किए जाने की घोषणा की।
- वर्चुअली रूप से आयोजित इस समारोह में सुनील गावस्कर, मेल जोंस और शॉन पोलाक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।
- इस कार्यक्रम को कमेंटेटर एलन विल्किंस ने होस्ट किया।
- दक्षिण अफ्रीका के हरफनमौला खिलाड़ी कैलिस आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाले दक्षिण अफ्रीका के चौथे खिलाड़ी हैं।
- एशिया ब्रैडमेन कहे जाने वाले पाकिस्तानी बल्लेबाज जहीर अब्बास आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाले पाकिस्तान के छठें खिलाड़ी हैं।
- लिसा स्थालेकर ऑस्ट्रेलिया की 27वीं और आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल 9वीं महिला खिलाड़ी (5वीं ऑस्ट्रेलियाई महिला खिलाड़ी) हैं।
- अब तक आईसीसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल खिलाड़ियों की संख्या 93 हैं।
- उल्लेखनीय है कि आईसीसी हॉल ऑफ फेम में उन प्रसिद्ध खिलाड़ियों को शामिल किया जाता है, जिन्हें क्रिकेट से सेवानिवृत्त हुए 5 वर्ष हो गए हों।

संबंधित लिंक भी देखें…

https://www.icc-cricket.com/media-releases/1756260#:~:text=23%20Aug%2020-,Kallis%2C%20Sthalekar%20and%20Zaheer%20Abbas%20inducted%20into%20ICC%20Cricket%20Hall,world%20via%20ICC%20digital%20channels.

यूईएफए (UEFA) चैंपियंस लीग-2019-20

प्रश्न-यूईएफए (UEFA) चैंपियंस लीग 2019-20 का खिताब किसने जीता है?

(a) पैरिस सेंट जर्मन (पीएसजी)(b) बायर्न म्यूनिख(c) सेविला एफसी(d) रियल मैड्रिड

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 23 अगस्त, 2020 को यूईएफए (UEFA) चैंपियंस लीग 2019-20 (65 वां संस्करण) का फाइनल मुकाबला पुर्तगाल की राजधानी लिस्ब में खेला गया।

- फाइनल मुकाबले में बायर्न म्यूनिख ने पेरिस सेंट जर्मन (पीएसजी) को 1-0 से पराजित कर इस चैंपियंस लीग का खिताब जीत लिया।
- बायर्न म्यूनिख ने छठी बार यूईएफए चैंपियंस लीग का खिताब जीता है।
- पीएसजी पहली बार इस चैंपियंस लीग के फाइनल में पहुंची थी।
- इस चैंपियंस लीग में बायर्न म्यूनिख के रॉबर्ट लेवानडोस्की सर्वश्रेष्ठ गोल स्कोरर (15 गोल) रहे।
- फाइनल मुकाबले में 1 गोल करने वाले बायर्न म्यूनिख के किंग्सले को मैन को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया।
- उल्लेखनीय है कि 24 सितंबर, 2020 को यूईएफए चैंपियंस लीग विजेता बायर्न म्यूनिख और यूईएफए यूरोपा लीग विजेता सेविला के मध्य यूईएफए सुपर कप, 2020 बुडापेस्ट, हंगरी में खेला जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.uefa.com/uefachampionsleague/clubs/50037–bayern/

एजेंला बॅक्सटन

प्रश्न-17 अगस्त, 2020 को पूर्व ब्रिटिश टेनिस खिलाड़ी एजेंला बक्सटन का निधन हो गया। उन्होंने किस वर्ष अपनी जोड़ीदार एल्थिया गिब्सन के साथ फ्रेंच ओपन में महिला युगल का खिताब जीता था?
(a) 1956 (b) 1957 (c) 1958 (d) 1961
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 17 अगस्त, 2020 को पूर्व ब्रिटिश महिला टेनिस खिलाड़ी एंजेला बक्सटन (Angela Buxton) का निधन हो गया।
- बक्सटन ने वर्ष 1956 में फ्रेंच ओपन और बिंबडलन दोनों में अपनी जोड़ीदार एल्थिया गिब्सन के साथ महिला युगल का खिताब जीता था।
- वह वर्ष 1956 में बिंबलडन के एकल फाइनल में भी पहुंची थी।
- बक्सटन को वर्ष 1981 में अंतरराष्ट्रीय यहूदी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://sportstar.thehindu.com/tennis/angela-buxton-great-britain-althea-gibson-partner-doubles-french-open-wimbledon-1956/article32375491.ece

अयाका ताकाहाशी

प्रश्न-अगस्त, 2020 में जापान की ओलंपिक बैडमिंटन चैंपियन महिला बैडमिंटन खिलाड़ी अयाका ताकाहाशी ने संन्यास लेने की घोषणा की। उन्होंने किस ओलंपिक में मिसाकी मात्सुतोमो के साथ मिलकर महिला युगल का स्वर्ण पदक जीता था?

(a) रियो, 2016 (b) लंदन, 2012 (c) बीजिंग, 2008 (d) सिडनी, 2000

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- अगस्त, 2020 में जापान की ओलंपिक बैडमिंटन चैंपियन महिला बैडमिंटन खिलाड़ी अयाका ताकाहाशी ने संन्यास लेने की घोषणा की।
- युगल विशेषज्ञ खिलाड़ी ताकाशी ने मिसाकी मात्सुतोमों के साथ मिलकर वर्ष 2016 में रियो ओलंपिक में डेनमार्क की क्रिस्टिना पेडर्सन और कामिला रिट्टर युगल को पराजित कर महिला युगल का स्वर्ण पदक जीता था।उन्होंने वर्ष 2018 में उबेर कप, विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता।इसके अलावा वह 2 बार एशियाई बैडमिंटन चैंपियनशिप और एक बार ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप का खिताब जीत चुकी हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.japantimes.co.jp/sports/2020/08/18/more-sports/ayaka-takahashi-retires/#.X0YaIMgzbIU

भास्कर मैती

प्रश्न-19 अगस्त, 2020 को भास्कर मैती का निधन हो गया। वह किस खेल से संबंधित थे?

(a) वालीबॉल(b) फुटबॉल(c) क्रिकेट(d) हॉकी

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 19 अगस्त, 2020 को भारत के पूर्व गोलकीपर भास्कर मैती का निधन हो गया।
- उन्होंने वर्ष 1978 में बैंकॉक में आयोजित एशियाई खेलों के दौरान भारत का प्रतिनिधित्व किया था।वह संतोष ट्रॉफी में महाराष्ट्र के लिए वर्ष 1975 से 1979 तक खेले।
- मैती वर्ष 1974 से 1980 तक मफतलाल स्पोर्ट्स क्लब और वर्ष 1981 से 1982 तक राष्ट्रीय केमिकल्प्स एवं फर्टिलाइजर्स (आरसीएफ) की तरफ से खेले।
- संन्यास के बाद वह आरसीएफ फुटबॉल टीम के कोच बने थे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/sport/football/former-india-goalkeeper-bhaskar-maity-passes-away/article32397562.ece

ओकले के ब्रांड एंबेसेडर

प्रश्न-18 अगस्त, 2020 को स्पोर्ट्स आईवियर ब्रांड ओकले (Okaly) ने किस क्रिकेटर को भारत में 2 वर्ष के लिए अपना ब्रांड एंबेसेडर नियुक्त किया है?
(a) रोहित शर्मा(b) विराट कोहली(c) युवराज सिंह(d) हरभजन सिंह
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 18 अगस्त, 2020 को स्पोर्ट्स आईवियर ब्रांड ओकले (Oaklay) ने क्रिकेटर रोहित शर्मा को भारत में 2 वर्ष की अवधि के लिए अपना ब्रांड एंबेसेडर नियुक्त किया।
- इस साझेदारी के तहत रोहित शर्मा विशेष रूप से स्पोर्ट्स लेंस के लिए तैयार किए गए पेटेंटेंड प्रिज्म तकनीक (Prizm Technology) से लैस ओकले आईवियर का प्रचार करेंगे।
- इस साझेदारी के साथ शर्मा पिच पर और पिच से दूर ब्रांड के प्रदर्शन पर नजर रखेंगे।
- इसके साथ ही रोहित शर्मा अब विराट कोहली, युवराज सिंह और मिलिंद सोमन के साथ उनसे पूर्व ब्रांड का प्रचार करने वाले सेलिब्रिटियों में शामिल हो गए हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://cricket.yahoo.net/news/india-cricketer-rohit-sharma-joins-072526447

चेतन चौहान

प्रश्न-16 अगस्त, 2020 को उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एवं पूर्व क्रिकेट चेतन चौहान का निधन हो गया। उन्हें किस वर्ष अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था?
(a) वर्ष 1980 (b) वर्ष 1981 (c) वर्ष 1990 (d) वर्ष 1995
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 16 अगस्त, 2020 को उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एवं पूर्व क्रिकेटर चेतन चौहान का निधन हो गया। वह 73 वर्ष के थे।
- वह जिला अमरोहा के नौगावां सादात विधानसभा क्षेत्र से विधायक थे।
- वह वर्ष 1991 तथा 1998 में अमरोहा संसदीय क्षेत्र से लोकसभा सदस्य चुने गये।
- राजनीतिक जीवन से पूर्व उन्होंने अपने 12 वर्ष के लंबे क्रिकेट कॅरियर के दौरान भारत के लिए 40 टेस्ट मैच खेले।

- उन्होंने महाराष्ट्र और दिल्ली के लिए रणजी ट्रॉफी खेली है।
- उन्हें वर्ष 1981 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/news/sports/former-cricketer-and-up-minister-chetan-chauhan-passes-away/articleshow/77574533.cms

महेंद्र सिंह धोनी

प्रश्न-15 अगस्त, 2020 को भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। धोनी के क्रिकेट कॅरियर के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) धोनी ने वनडे क्रिकेट (अंतरराष्ट्रीय) में दिसंबर 20f04 में बांग्लादेश के विरुद्ध पदार्पण किया था।
(b) वनडे में 183 रन की नाबाद पारी उन्होंने वर्ष 2005 में श्रीलंका के विरुद्ध खेली।
(c) अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कॅरियर में धोनी ने 90 टेस्ट, 350 वनडे और 98 टी 20 मैच खेले
(d) धोनी ने टेस्ट में एकमात्र दोहरा शतक (224 रन) बांग्लादेश के विरुद्ध बनाया।

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 15 अगस्त, 2020 को भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की।
- धोनी को उनके साथी खिलाड़ी माही के नाम से पुकारते हैं।
- धोनी ने अंतरराष्ट्रीय वनडे क्रिकेट में दिसंबर, 2004 में बांग्लादेश के विरुद्ध पदार्पण किया था।
- उन्होंने अपना अंतिम वनडे मैच जुलाई, 2019 में इंग्लैंड में खेले गए विश्वकप के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के विरुद्ध खेला था।
- वनडे में 183 रन (नाबाद) उन्होंने वर्ष 2005 में श्रीलंका के विरुद्ध बनाए, जो किसी भी विकेटकीपर द्वारा बनाया गया सर्वोच्च स्कोर है।
- धोनी ने दिसंबर, 2005 में श्रीलंका के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय टेस्ट मैच में पदार्पण किया।
- अपने अंतरराष्ट्रीय कॅरियर में उन्होंने 90 टेस्ट, 350 वनडे और 98 टी-20 मैच खेले।
- उन्होंने 90 टेस्ट में 4876 रन, 350 वनडे में 10773 रन और 98 टी-20 में 1617 रन बनाए।
- टेस्ट में 6 शतक और 33 अर्द्धशतक और वनडे में 73 अर्द्धशतक और 10 शतक बनाए हैं।
- धोनी ने अपने अंतरराष्ट्रीय कॅरियर में मात्र 1 विकेट लिए हैं।
- धोनी 3 आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाले विश्व के एकमात्र कप्तान हैं।
- धोनी ने अपने कप्तानी में वर्ष 2007 में टी-20 विश्वकप, वर्ष 2011 में वनडे क्रिकेट विश्वकप और वर्ष 2013 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती।

- इसके अलावा धोनी ने अपनी कप्तानी में वर्ष 2007-08 में कॉमनवेल्थ बैंक सीरीज और 2013 में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीती, जिसमें भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 4-0 से पराजित किया था।
- उनकी कप्तानी में 28 वर्ष बाद भारत ने वनडे क्रिकेट विश्वकप दोबरा जीता था।
- भारत ने पहला विश्वकप 1983 में कपिलदेव की कप्तानी में जीता था।
- धोनी ने वर्ष 2014 में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया।
- धोनी दिसंबर, 2004 में अपने पहले वनडे में और जुलाई, 2019 में अपने कॅरियर के अंतिम वनडे में भी रनआउट हुए।
- वर्ष 2009 में भारत ने श्रीलंका को हराकर पहली बार टेस्ट रैंकिंग में नंबर 1 टीम बनी।
- धोनी ने टेस्ट में एकमात्र दोहरा शतक (224 रन) ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध बनाया।
- आईपीएल में अब तक धोनी ने 190 मैचों में 4432 रन बनाए हैं।
- आईपीएल में उनकी कप्तानी में चेन्नई सुपर किंग्स ने 3 बार आईपीएल का खिताब जीता है।
- संन्यास के बाद भी धोनी आईपीएल में खेलते रहेंगे।
- धोनी ने लगातार दूसरी बार क्रिकेट विश्व कप, 2015 में भारत का प्रतिनिधित्व किया।
- इस विश्व कप में भारत ने सभी ग्रुप मैच जीतने के साथ ही लगातार विश्वकप में 11 मैच जीतकर नया रिकॉर्ड बनाया।
- 14 जुलाई, 2018 को धोनी चौथे भारतीय क्रिकेटर और वनडे क्रिकेट में 10000 रन बनाने वाले दूसरे विकेट कीपर बने।
- अंतरराष्ट्रीय एकदिवसीय मैचों में 10000 रन पूरा करने वाले धोनी पांचवें भारतीय क्रिकेटर हैं।
- धोनी ने तीनों फार्मेट में 195 बल्लेबाजों का स्टंप आउट किया है, जो कि एक रिकॉर्ड है।
- वनडे में 100 से अधिक स्टंपिंग करने वाले धोनी पहले विकेट कीपर हैं।
- सबसे तेज गति से स्टंपिंग का रिकॉर्ड धोनी के नाम दर्ज है।
- धोनी क्रिकेट के तीनों फार्मर्ेट में विकेट के पीछे शिकार करने के मामले में दक्षिण अफ्रीका के मार्क बाउचर और ऑस्ट्रेलिया के एडम गिलक्रिस्ट के बाद तीसरे स्थान पर हैं।
- मार्क बाउचर ने 467 मैचों में 998 एडम गिलक्रिस्ट ने 396 मैचों में 905 और धोनी ने 538 मैचों में 829 शिकार किए हैं।
- महेंद्र सिंह धोनी ने 332 अंतरराष्ट्रीय मैचों (200 वनडे, 60 टेस्ट और 72 टी 20) में कप्तानी की है, जो एक रिकॉर्ड है।
- रिकी पोटिंग (ऑस्ट्रेलिया) ने 324 मैचों में कप्तानी की है।
- धोनी 84 मैचों में 51 बार रन चेज करते हुए नाबाद रहे, जिसमें से 47 में भारत ने जीत हासिल की।
- सबसे अधिक बार वनडे में (9 बार) छक्का लगाकर जीत दिलाने का रिकॉर्ड भी धोनी के नाम दर्ज है, जिसमें वर्ष 2011 विश्वकप के फाइनल में लगाया गया छक्का भी शामिल है।
- विकेटकीपर होने के बाद भी धोनी ने 9 मैचों में गेंदबाजी की है।

- धोनी टेरिटोरियल आर्मी में लेफ्टिनेंट कर्नल हैं, जो वर्ष 2011 में क्रिकेट विश्वकप के बाद पैराशूट रेजीमेंट के साथ एक महीने तक रहे।
- एम.एस. धोनी पर वर्ष 2016 में एक फिल्म एमएसधोनीः द अनटोल्ड स्टोरी बनी थी, जिसमें दिवगंत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत ने धोनी की भूमिका निभाई थी।
- वह वर्ष 2008 में आईसीसी वनडे प्लेयर ऑफ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानित होने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बने।
- धोनी को वर्ष 2008 में राजीव गांधी खेल रत्न अवॉर्ड तथा वर्ष 2009 में भारत के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म श्री से सम्मानित किया गया।
- वर्ष 2009 में विस्डन द्वारा सर्वप्रथम चुनी गई, 11 सदस्यीय ड्रीम टेस्ट टीम में धोनी को कप्तान चुना गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.bcci.tv/articles/2020/news/147351/ms-dhoni-retires-from-international-cricket

सुरेश रैना

प्रश्न-15 अगस्त, 2020 को भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर से संन्यास लेने की घोषणा की। रैना के क्रिकेट कॅरियर के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) रैना ने जुलाई, 2005 में श्रीलंका के विरुद्ध वनडे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया।
(b) 18 टेस्ट में रैना ने 868 रन और 13 विकेट हासिल किए।
(c) 226 वनडे में उन्होंने 5615 रन बनाए और 36 विकेट लिए हैं।
(d) 78 टी 20 में रैना ने 1605 रन बनाए और 13 विकेट लिए।

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 15 अगस्त, 2020 को भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की।
- रैना उत्तर प्रदेश के मुरादनगर के निवासी हैं।
- उन्होंने जुलाई, 2005 में श्रीलंका के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय वनडे क्रिकेट में पर्दापण किया।
- अंतिम वनडे उन्होंने जुलाई, 2018 में इंग्लैंड के विरुद्ध खेला।
- जुलाई, 2010 में उन्होंने श्रीलंका के विरुद्ध टेस्ट क्रिकेट में पर्दापण किया।
- अपने अंतरराष्ट्रीय कॅरियर में रैना ने भारत की तरफ से 18 टेस्ट, 226 वनडे और 78 टी 20 मैच खेले।18 टेस्ट में उन्होंने 768 रन बनाए और 13 विकेट हासिल किए।
- 226 वनडे में 5615 रन बनाए और 36 विकेट लिए।

- 78 टी 20 में 1605 रन बनाए और 13 विकेट लिए।
- आईपीएल में रैना ने अब तक 193 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 5368 रन बनाए हैं।
- सुरेश रैना क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में शतक लगाने वाले भारत के पहले क्रिकेटर हैं।
- वर्ष 2010 में टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध शतक लगाकर रैना भारत की तरफ से टी-20 अंतर-राष्ट्रीय क्रिकेट में शतक लगाने वाले पहले खिलाड़ी और विश्वकप में ऐसा करने वाले विश्व के तीसरे खिलाड़ी बने।
- ध्यातव्य है कि संन्यास के बाद भी रैना आईपीएल (चेन्नई सुपर किंग्स) में खेलते रहेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.icc-cricket.com/news/1753970

5000 मीटर दौड़ में नया विश्व रिकॉर्ड

प्रश्न-14 अगस्त, 2020 को मोनाको में आयोजित डायमंड लीग मीट में किस धावक ने 5000 मीटर दौड़ में नया विश्व रिकॉर्ड बनाया?
(a) जोशुआ चेपतेगेई(b) तिरुनेश दिबाबा(c) डेनियल वानजिरु(d) किमेली निकोलस किपकोरिर
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 14 अगस्त, 2020 मोनाको में आयोजित डायमंड लीग मीट में युगांडा के धावक जोशुआ चेतपेगेई ने 5000 मीटर दौड़ में नया विश्व रिकॉर्ड बनाया।
- यह दौड़ चेपतेगेई ने 12 घंटा, 35 मिनट और 36 सेकेंड में पूरी कर जीती।
- इससे पूर्व यह रिकॉर्ड इथियोपिया के महान धावक केनेसिया वेकले के नाम था, जिन्होंने वर्ष 2004 में 5000 मीटर की दौड़ 12 घंटा, 37 मीनट, 35 सेकेंड में पूरी कर जीती थी।
- इस दौड़ में केन्या के धावक किमेली किपकोरिर 12 घंटा, 51 मिनट, 78 सेकेंड के साथ दूसरे स्थान पर रहे।
- केन्या के ही धावक जैकब क्रोप इस दौड़ में 13 घंटा, 11 मिनट, 32 सेकेंड में दौड़ पूरी कर तीसरे स्थान पर रहे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.diamondleague.com/news/general/news/detail/News/cheptegei-breaks-world-record-as-wdl-returns/

लौरा मार्श

प्रश्न-12 अगस्त, 2020 को महिला क्रिकेट खिलाड़ी लौरा मार्श ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की। वह किस देश की प्रसिद्ध महिला क्रिकेटर हैं?
(a) दक्षिण अफ्रीका(b) ऑस्ट्रेलिया(c) इंग्लैंड(d) न्यूजीलैंड
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 12 अगस्त, 2020 को इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर लौरा मार्श ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की।
- उन्होंने इंग्लैंड की तरफ से 9 टेस्ट, 103 एकदिवसीय और 67 टी-20 मैच खेले।
- तीनों प्रारूपों में कुल मिलाकर उन्होंने 217 विकेट लिए।
- मार्श ने वर्ष 2009 और 2017 में इंग्लैंड के साथ आईसीसी महिला विश्व कप जीता।
- वह वर्ष 2009 में आईसीसी टी-20 विश्व कप खिताब विजेता इंग्लैंड टीम का हिस्सा रहीं।
- लौरा मार्श ने वर्ष 2006 में टेस्ट में अपने कॅरियर की शुरुआत एक तेज गेंदबाज के रूप में की, लेकिन बाद में वह स्पिन गेंदबाज बन गईं।
- उन्होंने 9 टेस्ट में 151 रन, 103 वनडे में 682 रन और 67 टी-20 में 755 रन बनाए।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.aninews.in/news/sports/cricket/all-rounder-laura-marsh-announces-retirement-from-all-forms-of-cricket20200813154426/

बेनेडिक्ट हॉवडेस

प्रश्न-31 जुलाई, 2020 को फुटबॉल खिलाड़ी बेनेडिक्ट हॉवडेस ने पेशेवर फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की। वह किस देश के प्रसिद्ध फुटबॉल खिलाड़ी थे?
(a) ऑस्ट्रेलिया(b) जर्मनी(c) फ्रांस(d) नाइजीरिया
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 31 जुलाई, 2020 को जर्मनी के पेशेवर फुटबॉल खिलाड़ी बेनेडिक्ट हॉवडेस (Benedikt Howedes) ने फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की।
- हॉवडेस ने अंतिम फुटबॉल मैच रूसी फुटबॉल क्लब लोकोमोटिव मॉस्को की तरफ से खेला, जिससे वह वर्ष 2018 में जुड़े थे।
- जर्मनी की तरफ से उन्होंने 44 मैच खेले।

- वह वर्ष 2014 में फीफा विश्व कप विजेता जर्मनी की टीम में शामिल थे, जिसमें उन्होंने विश्वकप के सभी सातों मैच खेले।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.hindustantimes.com/football/world-cup-winner-benedikt-howedes-retires-from-soccer-at-32/story-IQ5BtzbbJ3aoWDwyAOvSXL.html#:~:text=Benedikt%20Howedes%2C%20a%20defender%20who,suspended%20amid%20the%20coronavirus%20pandemic.

के.एन. अनंतपद्मनाभन

प्रश्न- कौन भारतीय अंपायर आईसीसी के अंतरराष्ट्रीय अंपायरों के पैनल में शामिल नहीं है?
(a) के.एन. अनंतापद्मनाभन(b) सी. शमशुद्दीन(c) वीरेंदर शर्मा(d) विनीत कुलकर्णी
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 10 अगस्त, 2020 को केरल के के.एन. अनंतपद्मानाभन को आईसीसी के अंतरराष्ट्रीय अंपायरों के पैनल में शामिल किया गया।
- अनंतपदम्नाभन अब सी. शमशुद्दीन, अनिल चौधरी और वीरेंदर शर्मा के साथ इस पैनल में भारतीय अंपायर होंगे।
- इससे पूर्व भारत के ही नितिन मेनन को एलीट पैनल में शामिल किया गया है।
- अनंतपद्मनाभन ने केरल की तरफ से 105 प्रथम श्रेणी और 54 लिस्ट-ए मैच खेले हैं।
- उन्होंने आईपीएल सहित सभी घरेलू टूर्नामेंटों में अंपायरिंग की है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.hindustantimes.com/sports/indian-umpire-kn-ananthapadmanabhan-included-in-icc-s-panel/story-piA73SoCoMiVsl8Y4zlYTL.html#:~:text=Indian%20umpire%20KN%20Ananthapadmanabhan%20included%20in%20ICC's%20panel,-Ananthapadmanabhan%20joins%20fellow&text=The%20former%20Kerala%20spinner%20joins,in%20the%20junior%20World%20Cup.

मनितोम्बी सिंह

प्रश्न-9 अगस्त, 2020 को भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व डिफेंडर और मोहन बागान फुटबॉल क्लब के कप्तान रहे मनितोम्बी सिंह का निधन हो गया। उन्होंने वर्ष 2002 में कहां आयोजित एशियाई खेलों में

भारत का प्रतिनिधित्व किया?
(a) बुसान(b) बैंकाक(c) बीजिंग(d) सियोल
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 9 अगस्त, 2020 को भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व डिफेंडर और मोहन बागान फुटबॉल क्लब के कप्तान रहे मनितोम्बी सिंह का निधन हो गया।
- वह कोच स्टीफन कांस्टेंटाइन के मार्गदर्शन में खेलने वाली उस भारतीय अंडर-23 टीम के सदस्य थे, जिस भारतीय टीम ने वाईचूंग भूटिया की कप्तानी में हो ची मिन्ह में वियतनाम को पराजित कर एलजी कप (LG CUP) जीता था।
- उन्होंने वर्ष 2002 में आयोजित बुसान एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया।
- वर्ष 2002 में ही मणिपुर द्वारा संतोष ट्रॉफी जीतने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।
- क्लब स्तर पर वर्ष 2004 में उनकी कप्तानी में मोहन बागान फुटबॉल क्लब ने ऑल एयरलाइंस गोल्ड कप जीता था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://sportstar.thehindu.com/football/former-india-and-mohun-bagan-player-manitombi-singh-passes-away/article32309166.ece

मोहम्मद शमसुद्दीन

प्रश्न-8 अगस्त, 2020 को मोहम्मद शमसुद्दीन का निधन हो गया। उन्होंने वर्ष 2017 से 2020 तक किस खेल संस्थान के वित्त समिति के उपाध्यक्ष के रूप में काम किया?
(a) भारतीय तीरदांजी संघ(b) भारतीय बॉलीबॉल संघ(c) भारतीय कुश्ती संघ(d) अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 8 अगस्त, 2020 को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की वित्त समिति के उपाध्यक्ष मोहम्मद शमसुद्दीन का निधन हो गया।
- उन्होंने वर्ष 2017 से 2020 तक एआईएफएफ वित्त समिति के उपाध्यक्ष के रूप में काम किया।
- वह उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ के मानद सचिव रहे।
- एआईएफएफ कार्यकारी समिति के अभिन्न सदस्य होने के अलावा वे एआईएफएफ प्रतिस्पर्धा समिति के सदस्य भी रहे।
- शमसुद्दीन फरवरी, 2016 में फीफा एक्स्ट्राऑडिनरी कांग्रेस में एआईएफएफ के प्रतिनिधि थे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.the-aiff.com/article/aiff-condoles-mohd-shamsuddins-death#:~:text=AIFF%20condoles%20Mohd%20Shamsuddin's%20death&text=NEW%20DELHI%3A%20All%20India%20Football,(August%208%2C%202020).

नतालिया क्रोल

प्रश्न-6 अगस्त, 2020 को एथलेटिक्स इंटिग्रिटी यूनिट (AIU) ने दो बार की 800 मीटर यूरोपियन चैंपियन नतालिया क्रोल पर डोपिंग नियमों के उल्लंघन के आरोप में 20 महीने तक का प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। वह किस देश की प्रसिद्ध धाविका हैं?

(a) रूस(b) यूक्रेन(c) उज्बेकिस्तान(d) हंगरी

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 6 अगस्त, 2020 को एथलेटिक्स इंटिग्रिटी यूनिट (AIU) द्वारा दो बार की 800 मीटर यूरोपियन चैंपियन यूक्रेन की नतालिया क्रोल पर डोपिंग नियमों के उल्लंघन के आरोप में 20 महीने तक का प्रतिबंध लगाने की घोषणा की गई।
- यह प्रतिबंध 16 जनवरी, 2020 से प्रभावी होगा।
- महिलाओं के 800 मीटर स्पर्धा में वर्तमान में 21वीं रैंकिंग प्राप्त क्रोल को 'हाइड्रोक्लोरोथियाजाइड' (Hydrochlorothiazide) जैसे प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन का दोषी पाए जाने के कारण प्रतिबंधित किया गया है।
- नतालिया क्रोल ने वर्ष 2016 और 2018 में आयोजित यूरोपियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप और वर्ष 2019 में मिलिट्री गेम्स में 800 मीटर स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता था।

इकर कैसिलस

प्रश्न-4 अगस्त, 2020 को दिग्गज गोलकीपर इलर कैसिलस ने पेशेवर फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की। वह किस देश के प्रसिद्ध गोलकीपर थे?

(a) स्पेन(b) पुर्तगाल(c) ब्राजील(d) जर्मनी

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 4 अगस्त, 2020 को स्पेन और रियल मैड्रिड के पूर्व दिग्गज गोलकीपर इकर कैसिलस ने पेशेवर फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की।
- वर्तमान में उनका करार पुर्तगाली क्लब पोर्टो से था।
- विगत वर्ष मई में हार्ट अटैक आने के बाद उन्होंने कोई प्रतिस्पर्धी मुकाबला नहीं खेला।

- कैसिलास ने स्पेन को एक विश्व कप खिताब जिताने और 2 बार यूरोपियन चैम्पियन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी।
- उन्होंने स्पेन की तरफ से 167 मैच खेले और अंडर-20 विश्वकप का खिताब भी जीता।
- वह मात्र 9 वर्ष की उम्र में रियल मैड्रिड क्लब से जुड़े थे।
- कैसिलास ने इस क्लब के लिए 16 सीजन में 725 मैच खेले और 19 खिताब जीते।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://sports.ndtv.com/football/iker-casillas-real-madrid-and-spain-legend-retires-at-39-2274133

रजत भाटिया

प्रश्न-29 जुलाई, 2020 को घरेलू क्रिकेट के वरिष्ठ खिलाड़ी और आलराउंडर रजत भाटिया ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की। आईपीएल में किस टीम के साथ वह नहीं जुड़े थे?
(a) दिल्ली डेयरडेविल्स(b) राजस्थान रॉयल्स(c) कोलकाता नाइटराइडर्स(d) चेन्नई सुपरकिंग्स
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 29 जुलाई, 2020 को घरेलू क्रिकेट के वरिष्ट खिलाड़ी और आलराउंडर रजत भाटिया क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की।
- रजत भाटिया ने वर्ष 1999-2000 सीजन में तमिलनाडु के साथ खेलते हुए प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपने कॅरियर की शुरुआत की थी।
- लगभग 2 वर्ष पश्चात वह अपनी घरेलू टीम दिल्ली से जुड़ गए और वर्ष 2015 तक दिल्ली की तरफ से खेले।2015 के बाद वह उत्तराखंड टीम से जुड़ गए और वर्ष 2018-19 में उन्होंने उत्तराखंड को रणजी ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल में पहुंचाया।
- अपने कॅरियर में उन्होंने 112 प्रथम श्रेणी मैच खेले, जिसमें उन्होंने 6482 रन बनाए और 137 विकेट हासिल किए।भाटियाने119 लिस्ट ए और 146 टी-20 मैच भी खेले।
- लिस्ट ए में उन्होंने 119 मैचों में 3038 रन बनाए और 93 विकेट भी हासिल किए।
- आईपीएल में भाटिया ने दिल्ली डेयरडेविल्स, कोलकाता नाइटराइडर्स, राजस्थान रॉयल्स और पुणे सुपरजाइंट्स के साथ खेला।आईपीएल में 35 मैचों में उन्होंने 342 रन बनाए और 71 विकेट हासिल किए।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/sport/domestic-stalwart-rajat-bhatia-announces-retirement/article32220974.ece

श्रीपाली वीराक्कोडी

प्रश्न-22 जुलाई, 2020 को श्रीलंका की महिला तेज गेंदबाज श्रीपाली वीराक्कोडी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। उन्होंने 89 वनडे अंतरराष्ट्रीय मैचों में कितने विकेट हासिल किए थे?
(a) 55(b) 58(c) 68 (d) 72
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 22 जुलाई, 2020 को श्रीलंकाई महिला क्रिकेट टीम की तेज गेंदबाज श्रीपाली वीराक्कोडी (Sripali Weerakkody) ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की।
- श्रीपाली ने वर्ष 2006 में पाकिस्तान के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय वनडे क्रिकेट में पदार्पण किया था।
- उन्होंने 89 वनडे और 58 टी 20 मैचों में श्रीलंका का प्रतिनिधित्व किया।
- 89 वनडे में उन्होंने 722 रन बनाए और 58 विकेट हासिल किए।
- 58 टी-20 मैचों में 209 रन बनाए और 31 विकेट हासिल किए।
- उन्होंने अपना अंतिम टी-20 मैच नवंबर, 2018 में बांग्लादेश के विरुद्ध खेला था।
- वर्ष 2013 और 2017 में आयोजित आईसीसी महिला विश्वकप और वर्ष 2018 में आयोजित आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप में वह श्रीलंकाई टीम में शामिल थी।
- विगत माह वीराक्कोडी ऑस्ट्रेलियाई इंस्टीट्यूट ऑफ फिटनेस से फिटनेस ट्रेनर के रूप में अर्हता प्राप्त करने वाली श्रीलंका की पहली महिला क्रिकेटर बनी।

एनबीएजी लीग से जुड़ने वाले पहले एनबीए अकादमी इंडिया के ग्रेजुएट

प्रश्न-जुलाई, 2020 में एनबीएजी लीग के साथ पेशेवर करार करने वाले पहले एनबीए अकादमी इंडिया के ग्रेजुएट कौन हैं?
(a) हर्ष डागर(b) सूर्या कोहली(c) प्रिंसपाल सिंह(d) मनजोत सिंह
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 2 अगस्त, 2020 को केंद्रीय संचार एवं आईटी राज्य मंत्री संजय धोत्रे ने अकोला, महाराष्ट्र में रेडियो नेटवर्क पर आधारित संपूर्ण दूरसंचार कनेक्टिविटी भारत एयर फाइबर का उद्घाटन किया।
- उल्लेखनीय है कि भारत एयर फाइबर सेवाएं भारत संचार निगम लि. (BSNL) द्वारा भारत सरकार डिजिटल इंडिया पहलों के एक हिस्से के रूप में प्रस्तुत की गई है।
- इसका लक्ष्य बीएसएनएल एक्सचेंज से 20 किमी. के दायरे में वायरलेस कनेक्टिविटी उपलब्ध कराना है।गौरतलबहैबीएसएनएल (BSNL) टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर पार्टनर्स (TIP) की सहायता से सबसे सस्ती सेवाएं उपलब्ध कराती है।

- बीएसएनएल 100 MBPS स्पीड तक भारत एयर फाइबर कनेक्टिविटी उपलब्ध कराती है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://ddnews.gov.in/sports/basketball-player-princepal-singh-makes-it-nba-g-league#:~:text=Princepal%20Singh%2C%20a%206%2D10,team%20featuring%20elite%20youth%20prospects.

संक्षिप्तियां

चर्चित व्यक्ति

बार्सिलोना एफसी के नए कोच

प्रश्न-18 अगस्त, 2020 को किसे 2 वर्ष की अवधि के लिए बार्सिलोना एफसी का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है?
(a) हेलमेट कैच(b) रोनाल्ड कोमैन(c) रैंडी मॉस(d) डेनिस मॉरिस
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 18 अगस्त, 2020 को नीदरलैंड्स इसके वर्तमान कोच रोनाल्ड कोमैन को स्पेनिश क्लब बार्सिलोना एफसी का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है।
- मुख्य कोच हेतु कोमैन ने एफसी बार्सिलोना के साथ 2 वर्ष का करार किया है।
- वह इस पद पर क्वीक सेटियन (Quique Setien) का स्थान ग्रहण करेंगे।
- इससे पूर्व कोमैन प्रीमियर लीग, ला लीगा और पुर्तगाल लीग में कोच के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।बतौर खिलाड़ी कोमैन ने बार्सिलोना की तरफ से 264 आधिकारिक मैच खेले, है जिसमें उन्होंने 88 गोल किए।फुटबॉल क्लब के इतिहास में वह सर्वाधिक गोल करने वाले डिफेंडर थे।
- वह बार्सिलोना के साथ 10 ट्रॉफी जीत चुके हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.aljazeera.com/news/2020/08/football-barcelona-appoint-ronald-koeman-coach-200819095952554.html

एसबीआई के नए प्रबंध निदेशक

प्रश्न-अगस्त, 2020 में केंद्र सरकार ने किसे भारतीय स्टेट बैंक का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया?
(a) अंशुला कांत(b) सी.एस.शेट्टी(c) अश्वनी भाटिया(d) दीपक भाटिया

उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- अगस्त, 2020 में केंद्र सरकार ने अश्वनी भाटिया को भारतीय स्टेट बैंक (S.B.I.) का प्रबंधन निदेशक (MD) नियुक्त किया।वर्तमानमेंवहएसबीआईम्यूचुअलफंडमेंप्रबंधनिदेशकऔरमुख्यकार्यकारीअधिकारीकेरूपमेंकार्यकररहेहैं।उनकाकार्यकाल31 मई, 2022 तक रहेगा।
- उन्हें पीके गुप्ता के स्थान पर नियुक्त किया गया है।
- भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 के अनुसार, बैंक के अधिकतम 4 प्रबंध निदेशक होते हैं।
- 3 अन्य प्रबंध निदेशक हैं-
- सी.एस.शेट्टी, दिनेश कुमा खेर तथा अरिजीत बसु।
- वर्तमान में रजनीश कुमार एसबीआई के चेयरमैन हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/industry/banking/finance/banking/ashwani-bhatia-takes-charge-as-state-bank-of-indias-managing-director/articleshow/77724518.cms?from=mdr

गो-एयर एयरलाइन के नए सीईओ

प्रश्न-अगस्त, 2020 में कौन गो-एयर एयरलाइन के नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) नियुक्त हुए?
(a) विनय दुबे(b) कौशिक खोना(c) राजीव बंसल(d) दिनेश सिंह
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- अगस्त, 2020 में कौशिक खोना गो-एयर (GoAir) एयरलाइन के नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) नियुक्त हुए।इसपदपरवहविनयदुबेकास्थानलेंगे।
- गो-एयर, महाराष्ट्र में स्थित एक भारतीय कम लागत वाली एयरलाइन है।
- यह भारतीय व्यापार समूह वाडिया समूह के स्वामित्व में है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.moneycontrol.com/news/business/companies/goair-gets-new-ceo-kaushik-khona-to-replace-vinay-dube-5704721.html

सत्यपाल मलिक

प्रश्न-18 अगस्त, 2020 को राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने गोवा के राज्यपाल सत्यपाल मलिक का स्थानांतरण कर उन्हें कहां का राज्यपाल नियुक्त किया?
(a) गुजरात(b) त्रिपुरा(c) मध्य प्रदेश(d) मेघालय
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 18 अगस्त, 2020 को राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने गोवा के राज्यपाल सत्यपाल मलिक का स्थानांतरण कर उन्हें मेघालय का राज्यपाल नियुक्त किया।
- महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को गोवा के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।ये नियुक्तियां इनके पदभार ग्रहण करने के साथ ही प्रभावी हो जाएंगी।
- सत्यपाल मलिक को अक्टूबर, 2019 को गोवा का राज्यपाल नियुक्त किया गया था।
- सत्यपाल मलिक तथागत राय की जगह लेगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.dnaindia.com/india/report-satya-pal-malik-appointed-as-meghalaya-governor-bhagat-singh-koshyari-to-take-additional-charge-of-goa-2838204

पंडिज जसराज

प्रश्न-17 अगस्त, 2020 को प्रसिद्ध भारतीय शास्त्रीय गायक पंडित जसराज का निधन हो गया। उन्हें किस वर्ष पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था?
(a) वर्ष 2000 (b) वर्ष 2005 (c) वर्ष 2008 (d) वर्ष 1998
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 17 अगस्त, 2020 को प्रसिद्ध भारतीय शास्त्रीय गायक पंडित जसराज का न्यू जर्सी (यूएसए) में निधन हो गया। वह 90 वर्ष के थे।
- उनका जन्म 28 जनवरी, 1930 को हिसार हरियाणा में हुआ था।
- वह मेवाती घराने से संबंधित थे।
- पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने उन्हें 'रसराज' की उपाधि दी थी।
- उन्हें वर्ष 1975 में पद्मश्री वर्ष 1990 में पद्मभूषण और वर्ष 2000 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।
- इसके अलावा, उन्हें वर्ष 1987 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया था।

- वह मास्टर दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार तथा लता मंगेशकर पुरस्कार से भी सम्मानित थे।
- 82 वर्ष की उम्र में उन्होंने अंटार्कटिका पर अपनी प्रस्तुति दी।
- इसके साथ ही वे सातों महाद्वीप में कार्यक्रम पेश करने वाले पहले भारतीय बन गए थे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/entertainment/music/legendary-classical-vocalist-pandit-jasraj-dies-at-90/article32376512.ece

बीएसएफ के नए महानिदेशक

प्रश्न-17 अगस्त, 2020 को केंद्र सरकार ने किसे सीमा सुरक्षा बल (BSF) का नया महानिदेशक नियुक्त किया?

(a) एस.एस. देसवाल(b) राकेश अस्थाना(c) वीकेएस कौमुदी(d) राजेश सिन्हा

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 17 अगस्त, 2020 केंद्र सरकार ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी राकेश अस्थाना को सीमा सुरक्षा बल (BSF) का नया महानिदेशक (DG) नियुक्त किया।
- वह वर्ष 1984 बैच के गुजरात कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं।
- वर्तमान में वह ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (BCAS) के महानिदेशक (DG) के पद पर कार्यरत हैं।उनकाकार्यकाल 31 जुलाई, 2021 तक रहेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/national/rakesh-asthana-appointed-dg-border-security-force/article32378127.ece

विक्रम कुमार दुरईस्वामी

प्रश्न-13 अगस्त, 2020 को भारतीय विदेश सेवा के वरिष्ठ अधिकारी विक्रम कुमार दुरईस्वामी किस देश में भारत के अगले उच्चायुक्त नियुक्त हुए?

(a) श्रीलंका(b) ऑस्ट्रेलिया(c) बांग्लादेश(d) पाकिस्तान

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 13 अगस्त, 2020 को भारतीय विदेश सेवा के वरिष्ठ अधिकारी विक्रम कुमार दुरईस्वामी बांग्लादेश में भारत के अगले उच्चायुक्त नियुक्त हुए।वर्तमानमेंवहविदेशमंत्रालयमें अतिरिक्त सचिव के पद पर कार्यरत हैं।इस पद पर वह रीवा गांगुली का स्थान लेंगे।

राहुल बनर्जी

प्रश्न-दुनिया का पहला ब्लॉकचेन आधारित बॉड एक्सचेंज किसने लांच किया है?
(a) राहुल बनर्जी(b) सैम पित्रोदा(c) सबीर भाटिया(d) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- अगस्त, 2020 में सिंगापुर स्थिति फर्म Fintech Bond Evalue ने दुनिया का पहला ब्लॉकचेन आधारित बॉण्ड एक्सचेंज लांच किया।
- Fintech Bond Evalue के संस्थापक राहुल बनर्जी हैं।
- Bondblox Bond Exchange (BBX) नामक यह एक्सचेंज बॉण्डों के स्वामित्व (Ownership) को अंशतः या आंशिक (Fractional) बना देता है।
- इसके लिए यह उन्हें (बॉण्ड को) 1000 डॉलर के मूल्य वर्ग में विभाजित कर देता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/markets/bonds/singapore-based-indian-launches-1st-blockchain-based-bond-exchange/articleshow/77532256.cms

डॉ. राहत इंदौरी

प्रश्न-11 अगस्त, 2020 को डॉ. राहत इंदौरी का निधन हो गया। वह थे-
(a) शिक्षाविद(b) उर्दू शायर(c) अभिनेता(d) पर्यावरणविद्
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 11 अगस्त, 2020 को प्रसिद्ध उर्दू शायर डॉ. राहत इंदौरी का निधन हो गया। वह 70 वर्ष के थे।
- उनका जन्म 1 जनवरी, 1950 को हुआ था।
- शायरी के क्षेत्र में कदम रखने से पूर्व वह एक चित्रकार और उर्दू के प्रोफेसर थे।
- पांच दशक से भी अपने लंबे कॅरियर में उन्होंने 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' समेत कई हिन्दी फिल्मों के लिए गीत भी लिखे थे।
- वह विश्व भर के मंचों पर काव्य पाठ भी करते थे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indianexpress.com/article/lifestyle/art-and-culture/poet-rahat-indori-who-tested-positive-for-covid-dies-of-cardiac-arrest-at-70-6550879/

https://timesofindia.indiatimes.com/india/noted-urdu-poet-rahat-indori-dies-in-indore-hospital/articleshow/77485524.cms

कमला हैरिस

प्रश्न-11 अगस्त, 2020 को भारतीय मूल की सीनेटर कमला हैरिस अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन द्वारा उपराष्ट्रपति पद की उम्मीदवार घोषित हुईं। वह अमेरिका के किस प्रांत से सीनेटर हैं?

(a) कैलिफोर्निया(b) कोलंबिया(c) अलास्का(d) फ्लोरिडा

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 11 अगस्त, 2020 को भारतीय मूल की अमेरिकी सीनेटर कमला हैरिस अमेरिका के आगामी राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन द्वारा उपराष्ट्रपति पद की उम्मीदवार घोषित हुईं।
- ऐसा पहली बार हुआ है, जब कोई अश्वेत महिला देश की किसी बड़ी पार्टी की ओर से उपराष्ट्रपति पद की उम्मीदवार बनीं हैं।
- यदि वह उपराष्ट्रपति चुनी जाती हैं, तो वह इस पद पर काबिज होने वाली अमेरिका की पहली महिला होंगी और देश की पहली भारतीय-अमेरिकी उपराष्ट्रपति होंगी।
- वह अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत से सिनेटर हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/article/international/biden-picks-indian-origin-kamala-harris-as-his-vice-president-nominee-120081200140_1.html

हसन दियाब

प्रश्न-10 अगस्त, 2020 को किस देश के प्रधामनंत्री हसन दियाब ने अपने पद से इस्तीफा दिया?

(a) लेबनान(b) ब्रुनेई(c) मलेशिया(d) इंडोनेशिया

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 10 अगस्त, 2020 को लेबनान के प्रधानमंत्री हसन दियाब (Hasan Diab) ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया।
- उन्होंने यह इस्तीफा लेबनान में सार्वजनिक तौर पर फैले आक्रोश और लेबनानी सरकार पर आपदा को रोकने में उनकी विफलता के चलते दिया।
- गौरतलब है कि लेबनान की राजधानी बेरूत में भीषण विस्फोट के कारण यह आपदा उत्पन्न हुई।
- उनके साथ सभी कैबिनेट मंत्रियों ने अपना इस्तीफा दिया है।
- लेबनान के राष्ट्रपति मिशेल एउन ने नई कैबिनेट के गठन तक उनकी सरकार को कार्यवाहक तौर पर बने रहने का आदेश दिया है।
- वह जनवरी, 2020 में देश के प्रधानमंत्री बने थे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.nytimes.com/2020/08/10/world/middleeast/lebanon-government-resigns-beirut.html

श्रीलंका के नए प्रधानमंत्री

प्रश्न-9 अगस्त, 2020 को किसने श्रीलंका के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण किया?
(a) गोटबाया राजपक्षे(b) महिंदा राजपक्षे(c) बासिल राजपक्षे(d) रानिल विक्रमसिंघे
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 9 अगस्त, 2020 को महिंदा राजपक्षे ने श्रीलंका के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण किया।
- राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने उन्हें शपथ दिलाई।
- हाल ही में हुए आम चुनाव में उनकी पार्टी 'श्रीलंका पीपुल्स पार्टी' (SLPP) ने 145 निर्वाचन क्षेत्रों में जीत हासिल की।
- महिंदा राजपक्षे को 5,000,00 से अधिक व्यक्तिगत वरीयता के मत मिले।
- श्रीलंका के चुनावी इतिहास में पहली बार किसी प्रत्याशी को इतने मत मिले हैं।
- इससे पूर्व वह वर्ष 2005 से 2015 तक देश के राष्ट्रपति रहे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.newindianexpress.com/world/2020/aug/09/mahinda-rajapaksa-takes-oath-as-prime-minister-of-sri-lanka-for-fourth-time-2181131.html

पेरू के नए प्रधानमंत्री

प्रश्न-6 अगस्त, 2020 को कौन पेरू के नए प्रधानमंत्री बने?
(a) वाल्टर रोजर मार्टोज रूइज(b) मारिया एंटोनेटा अल्वा
(c) विक्टर जामोरा(d) पेड्रो कैटेरियानो
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 6 अगस्त, 2020 को वाल्टर रोजर मार्टोज रूइज (Walter Roger Martos Ruiz) पेरू के नए प्रधानमंत्री बने।
- इससे पूर्व वह पेरू के रक्षा मंत्री थे।
- इस पद पर इन्होंने पेड्रो कैटेरियानो (Pedro Cateriano) का स्थान लिया।
- वर्तमान में पेरू के राष्ट्रपति मार्टिन विजकार्रा हैं।
- पेरू की राजधानी लीमा है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.nytimes.com/reuters/2020/08/06/world/americas/06reuters-peru-politics.html

मोहम्मद औल्ड बिलाल

प्रश्न-6 अगस्त, 2020 को मोहम्मद औल्ड बिलाल किस देश के प्रधानमंत्री बने?
(a) इथियोपिया(b) जांबिया(c) लेबनान(d) मारितानिया
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 6 अगस्त, 2020 को मोहम्मद औल्ड बिलाल (Mohamed Ould Bilal) मारितानिया के नए प्रधानमंत्री बने।
- वह राष्ट्रपति मोहम्मद औल्ड गजौनी के सहयोगी और एक कैबिनेट मंत्री के रूप में कार्य कर चुके हैं।
- इस पद पर उन्होंने इस्माइल औल्ड शेख सिदिया का स्थान लिया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.aljazeera.com/news/2020/08/mauritania-names-pm-previous-cabinet-resigns-200806134516924.html

कैपिटल इंडिया फाइनेंस लि. के नए कार्यकारी अध्यक्ष

प्रश्न-अगस्त, 2020 में कौन कैपिटल इंडिया फाइनेंस लि. के नए कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त हुए?
(a) विजय कुमार भनवाला(b) हर्ष कुमार भनवाला(c) टी. एस. विजयन(d) ए.एस. कुमार
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- अगस्त, 2020 में नाबार्ड के पूर्व प्रमुख हर्ष कुमार भनवाला कैपिटल इंडिया फाइनेंस लि. (CIFL) के नए कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त हुए।
- इससे पूर्व वह दिसंबर, 2013 से मई, 2020 तक नाबार्ड (NABARD: National Bank for Agriculture and Rural Development) के अध्यक्ष रहे।
- CIFL के बारे में
- यह एक गैर-सरकारी एकीकृत वित्तीय सेवा मंच है, जो भारतीय कार्पोरेट्स को उनकी वृद्धि और कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं के लिए अनुकूलित वित्तीय समाधान प्रदान करता है।
- इसकी स्थापना 1994 में हुई थी।
- इसका मुख्यालय मुंबई, महाराष्ट्र में है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.outlookindia.com/newsscroll/capital-india-finance-appoints-exnabard-chief-harsh-bhanwala-as-executive-chairman/1909505

पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस के नए एमडी एवं सीइओ

प्रश्न-अगस्त, 2020 में कौन पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लि. के नए एमडी एवं सीईओ बने?
(a) नीरज व्यास(b) हरदयाल प्रसाद(c) पराग अग्रवाल(d) एम. कुमार
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- अगस्त, 2020 में हरदयाल प्रसाद पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लि. के नए प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त हुए।इससेपूर्ववहएसबीआईकार्डकेएमडीएवंसीईओथे।
- इस पद पर वह नीरज व्यास का स्थान लेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.financialexpress.com/industry/banking-finance/pnb-housing-finance-appoints-ex-sbi-card-head-hardayal-prasad-as-new-md-

ceo/2047276/#:~:text=%E2%80%9CFollowing%20an%20extensive%20executive%20search,August%2010%2C%20the%20bank%20said.

जॉन ह्यूम

प्रश्न-3 अगस्त, 2020 को पूर्व नोबेल शांति पुरस्कार विजेता जॉन ह्यूम का निधन हो गया। उन्हें किस वर्ष नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था?

(a) वर्ष 1990 (b) वर्ष 1998 (c) वर्ष 2003 (d) वर्ष 2005

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 3 अगस्त, 2020 को उत्तरी आयरलैंड के प्रमुख राजनेता एवं पूर्व नोबेल शांति पुरस्कार विजेता जॉन ह्यूम (John Hume) का निधन हो गया।
- उत्तरी आयरलैंड में संघर्ष को समाप्त करने में उनकी भूमिका के लिए उन्हें डेविड ट्रिमबल के साथ वर्ष 1998 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।
- वर्ष 1970 में सोशल डेमोक्रेटिक एंड लेबर पार्टी (SDLP) के संस्थापक सदस्य थे और वर्ष 1979 से 2001 तक पार्टी का नेतृत्व किया।

अयातुल्लाह अली खामेनेई

प्रश्न-ईरान के सर्वोच्च धर्मगुरु अयातुल्लाह अली खामेनेई ने अगस्त, 2020 से हिन्दी और उर्दु समेत कई भाषाओं में किस चीज की शुरुआत की है?

(a) टविटर एकाउंट(b) फेसबुक एकाउंट(c) ऑनलाइन धार्मिक प्रवचन(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- अगस्त, 2020 से ईरान के सर्वोच्च धर्म-गुरु अयातुल्लाह अली खामेनेई ने हिन्दी और उर्दू समेत कई भाषाओं में अपने टविटर हैंडल की शुरुआत की।
- ईरान खुद को दुनियाभर के शिया मुसलमानों का नेता मानता है।
- ध्यातव्य है कि भारत में शिया मुस्लिमों की जनसंख्या 2.9 करोड़ से 3.9 करोड़ के लगभग है।
- भारत से अधिक शिया मुसलमान केवल ईरान और पाकिस्तान में ही हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://timesofindia.indiatimes.com/world/middle-east/irans-supreme-leader-khamenei-creates-official-hindi-twitter-account/articleshow/77450714.cms

ली तेंग-हुई

प्रश्न-30 जुलाई, 2020 को किस देश के पूर्व राष्ट्रपति ली तेंग-हुई का निधन हो गया?
(a) ताइवान(b) जर्मनी(c) चीन(d) हांगकांग
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 30 जुलाई, 2020 को ताइवान के पूर्व राष्ट्रपति ली तेंग-हुई (Lee Teng Hui) का निधन हो गया।
- उन्होंने वर्ष 1988 से 2000 तक ताइवान के राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया था।
- उन्हें 'ताइवान के लोकतंत्र का जनक' भी माना जाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.nytimes.com/2020/07/30/world/asia/lee-teng-hui-dead.html

विलियम किर्क इंग्लिश

प्रश्न-26 जुलाई, 2020 को विलियम किर्क इंग्लिश का निधन हो गया। वह थे-
(a) पासवर्ड के जनक(b) डिस्क प्लेयर के आविष्कारक(c) कंप्यूटर माउस के सह-आविष्कारक
(d) माइक्रो कंप्यूटर के सह-आविष्कार
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 26 जुलाई, 2020 को प्रसिद्ध अमेरिकी कंप्यूटर इंजीनियर विलियम किर्क इंग्लिश (William Kirk English) का निधन हो गया।वहकंप्यूटरमाउसकेसह-आविष्कारकथे।
- वह वर्ष 1964 में डगलस एंगेलबर्ट (Douglas Englbart) के साथ माउस का सह-विकास करने वाले पहले व्यक्ति थे।60 के दशक के मध्य में इनके द्वारा बनाया गया मूव माउस, केवल एक पिनवूड ब्लॉक, एक क्रूड बटन और एक कनेक्टर था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://edition.cnn.com/2020/08/05/business/computer-mouse-inventor-dies/index.html

भारत के नए नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक

प्रश्न-6 अगस्त, 2020 को केंद्र सरकार ने किसे भारत का नया नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) नियुक्त किया?

(a) शशि कांत शर्मा(b) रंजन कुमार घोष(c) राजीव गौबा(d) गिरीश चंद्र मुर्मू

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 6 अगस्त, 2020 को केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर के पूर्व उपराज्यपाल गिरीश चंद्र मुर्मू को भारत का नया नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (CAG) नियुक्त किया।
- वह वर्ष 1985 बैच के गुजरात कैडर के पूर्व आईएएस अधिकारी हैं।
- उन्हें अक्टूबर, 2019 में जम्मू-कश्मीर का पहला उपराज्यपाल नियुक्त किया गया था।
- इस पद पर वह राजीव महर्षि का स्थान लेंगे।
- ज्ञातव्य है कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 148 के अनुसार, भारत के एक नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक होंगे, जिन्हें राष्ट्रपति अपने हस्ताक्षर और मुद्रा सहित अधिपत्र द्वारा नियुक्त करेगा।उसेउसकेपदसेकेवलउसीरीतिसे और उन्हीं आधारों से हटाया जाएगा जिस रीति से और जिन आधारों पर उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश को हटाया जाता है।
- नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक अपने पद पर न रह जाने के पश्चात या तो केंद्र सरकार के या किसी राज्य की सरकार के अधीन किसी और पद का पात्र नहीं होगा।
- इस पद पर इनका कार्यकाल पदभार ग्रहण की तिथि से 6 वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक अपने पद पर बने रहेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://ddnews.gov.in/business/girish-chandra-murmu-appointed-new-cag

अजय त्यागी

प्रश्न-5 अगस्त, 2020 को केंद्र सरकार ने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) के अध्यक्ष अजय त्यागी के कार्यकाल में कितने माह की वृद्धि की है?

(a) 18 माह(b) 14 माह(c) 16 माह(d) 6 माह

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 5 अगस्त, 2020 को केंद्र सरकार ने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) के अध्यक्ष के रूप अजय त्यागी के कार्यकाल को 18 माह बढ़ा दिया।

- अब उनका कार्यकाल 1 सितंबर, 2020 से 28 ऒरवरी, 2022 तक रहेगा।
- इससे पूर्व उनके कार्यकाल को मार्च, 2020 से अगस्त, 2020 तक 6 माह का विस्तार दिया गया था।
- **सेबी के बारे में**
- यह देश में प्रतिभूति और वित्त का वैधानिक नियामक बोर्ड है।
- इसकी स्थापना भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 के प्रावधानों के तहत 12 अप्रैल, 1992 को हुई थी।
- इसका मुख्यालय मुंबई में है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/markets/stocks/news/ajay-tyagis-tenure-as-sebi-chairman-extended-for-another-18-months/articleshow/77379157.cms

राम डी. प्रधान

प्रश्न-31 जुलाई, 2020 को किस राज्य के पूर्व राज्यपाल राम डी. प्रधान का निधन हो गया?
(a) असम(b) अरुणाचल प्रदेश(c) मध्य प्रदेश(d) राजस्थान
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 31 जुलाई, 2020 को पूर्व आईएएस अधिकारी एवं अरुणाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल राम डी. प्रधान का निधन हो गया।
- वह मार्च, 1987 से मार्च, 1990 तक अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल रहे।
- उन्होंने राजीव गांधी सरकार में केंद्रीय गृह सचिव के रूप में भी कार्य किया था।
- उन्होंने असम समझौते और मिजोरम शांति समझौते पर हस्ताक्षर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।
- वह 26/11 मुंबई हमलों की जांच हेतु गठित उच्चस्तरीय जांच आयोग के अध्यक्ष भी थे।
- उन्हें वर्ष 1987 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.outlookindia.com/newsscroll/former-union-home-secretary-ram-pradhan-dies-at-92/1906565

भारत के नए नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक

प्रश्न-6 अगस्त, 2020 को केंद्र सरकार ने किसे भारत का नया नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) नियुक्त किया?

(a) शशि कांत शर्मा(b) रंजन कुमार घोष(c) राजीव गौबा(d) गिरीश चंद्र मुर्मू

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 6 अगस्त, 2020 को केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर के पूर्व उपराज्यपाल गिरीश चंद्र मुर्मू को भारत का नया नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (CAG) नियुक्त किया।
- वह वर्ष 1985 बैच के गुजरात कैडर के पूर्व आईएएस अधिकारी हैं।
- उन्हें अक्टूबर, 2019 में जम्मू-कश्मीर का पहला उपराज्यपाल नियुक्त किया गया था।
- इस पद पर वह राजीव महर्षि का स्थान लेंगे।
- ज्ञातव्य है कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 148 के अनुसार, भारत के एक नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक होंगे, जिन्हें राष्ट्रपति अपने हस्ताक्षर और मुद्रा सहित अधिपत्र द्वारा नियुक्त करेगा।
- उसे उसके पद से केवल उसी रीति से और उन्हीं आधारों से हटाया जाएगा जिस रीति से और जिन आधारों पर उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश को हटाया जाता है।
- नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक अपने पद पर न रह जाने के पश्चात या तो केंद्र सरकार के या किसी राज्य की सरकार के अधीन किसी और पद का पात्र नहीं होगा।
- इस पद पर इनका कार्यकाल पदभार ग्रहण की तिथि से 6 वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक अपने पद पर बने रहेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://thewire.in/government/after-resigning-as-jk-lg-g-c-murmu-appointed-as-new-cag

जम्मू-कश्मीर के नए उपराज्यपाल

प्रश्न-6 अगस्त, 2020 को राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने किसे जम्मू-कश्मीर का नया उपराज्यपाल नियुक्त किया?

(a) कलराज मिश्रा(b) मनोज सिन्हा(c) दिनेश चंद्र पांडे(d) आर.के. माथुर

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 6 अगस्त, 2020 को राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज सिन्हा को जम्मू-कश्मीर का नया उपराज्यपाल नियुक्त किया।
- वह जम्मू-कश्मीर के दूसरे उपराज्यपाल होंगे।
- इस पद पर वह गिरीश चंद्र मुर्मू का स्थान लेंगे, जिन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया।
- मनोज सिन्हा वर्ष 2014-2019 तक गाजीपुर संसदीय क्षेत्र से लोकसभा सदस्य रहे।
- वह 26 मई, 2014 से 24 मई, 2019 तक नरेंद्र मोदी कैबिनेट में बतौर केंद्रीय रेल राज्यमंत्री तथा 5 जुलाई, 2016 से 24 मई, 2019 तक केंद्रीय संचार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) थे।
- इस पद पर उनका कार्यकाल पदभार की तिथि से प्रभावी मानी जाएगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1643648

इब्राहिम अल्काजी

प्रश्न-4 अगस्त, 2020 को इब्राहिम अल्काजी का निधन हो गया। वह थे-
(a) साहित्यकार(b) रंगमंच कलाकार(c) इतिहासकार(d) पर्यावरणविद्
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 4 अगस्त, 2020 को प्रसिद्ध रंगमंच कलाकार और शिक्षक इब्राहिम अल्काजी का निधन हो गया।
- उनको भारत में आधुनिक रंगमंच का पुरोधा और भीष्म पितामह कहा जाता था।
- वह राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (NSD) के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले निदेशक थे।
- उन्होंने नसीरूद्दीन शाह, ओमपुरी, सुरेखा सीकरी और पंकज कपूर जैसे अभिनेताओं की पीढ़ियों का मार्गदर्शन किया था।उन्होंनेवर्ष1950 में बीबीसी ब्रॉडकास्ंिटग अवॉर्ड जीता था।
- उन्हें वर्ष 1966 में पद्मश्री, वर्ष 1991 में पद्म भूषण तथा 2010 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।
- संगीत नाटक अकादमी ने बेहतरीन निर्देशन के लिए उन्हें संगीत नाटक अकादमी अवॉर्ड से सम्मानित किया था।
- लाइफटाइम अचीवमेंट के तौर पर उन्हें अकादमी का सर्वोच्च सम्मान संगीत नाटक अकादमी फेलोशिप भी दी गई थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1643330

अमर सिंह

प्रश्न-1 अगस्त, 2020 को राज्य सभा सदस्य एवं वरिष्ठ राजनेता अमर सिंह का निधन हो गया। वह किस वर्ष राज्य सभा के सदस्य चुने गए थे?

(a) वर्ष 2014 (b) वर्ष 2016 (c) वर्ष 2018 (d) वर्ष 2013

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 1 अगस्त, 2020 को राज्य सभा सदस्य एवं समाजवादी पार्टी के पूर्व नेता अमर सिंह का सिंगापुर में निधन हो गया। वह 64 वर्ष के थे।वहवर्ष2016 में राज्य सभा के लिए चुने गए थे।
- वह समाजवादी पार्टी के पूर्व महासचिव भी थे।
- उन्हें वर्ष 2010 में समाजवादी पार्टी से निष्काषित कर दिया गया था।
- वर्ष 2016 में वह पुनः इस पार्टी में शामिल हुए थे।उनकाजन्म27 जनवरी, 1956 को आजमगढ़ में हुआ था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/national/rajya-sabha-member-amar-singh-cremated-political-leaders-relatives-pay-last-tributes/article32258565.ece

एयर मार्शल वी.आर. चौधरी

प्रश्न-1 अगस्त, 2020 को एयर मार्शल वी.आर. चौधरी ने भारतीय वायु सेना के किस कमान के एयर ऑफिसर कमार्डिंग-इन-चीफ के रूप में पदभार ग्रहण किया?

(a) पश्चिमी मध्य वायु कमान(b) दक्षिणी वायु कमान(c) उत्तर मध्य वायु कमान
(d) पश्चिमी वायु कमान

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 1 अगस्त, 2020 को एयर मार्शल वी.आर. चौधरी ने भारतीय वायु सेना के पश्चिमी वायु कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में पदभार ग्रहण किया।
- उनको लड़ाकू पायलट के रूप में 29 दिसंबर, 1982 को भारतीय वायु सेना के फाइटर स्ट्रीम में कमीशन दिया गया था।
- इस पद पर इन्होंने एयर मार्शल बी. सुरेश का स्थान लिया।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://ddnews.gov.in/national/air-marshal-vr-chaudhari-avsm-vm-assumes-command-western-air-command

प्रीतम सिंह

प्रश्न-जुलाई, 2020 में भारतीय मूल के राजनेता प्रीतम सिंह को किस देश की संसद में विपक्ष का नेता नामित किया गया?
(a) सिंगापुर(b) कनाडा(c) इंडोनेशिया(d) सूरीनाम
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- जुलाई, 2020 में भारतीय मूल के राजनीतिक नेता प्रीतम सिंह को सिंगापुर की संसद में विपक्ष का नेता नामित किया गया।
- गौरतलब है कि इससे पूर्व सिंगापुर की संसद में कभी भी विपक्ष के नेता का आधिकारिक पद नहीं रहा।
- उल्लेखनीय है कि उनकी वर्कर्स पार्टी ने 10 जुलाई, 2020 को हुए आम चुनाव में 10 सीटें जीती थी और यह सिंगापुर की संसद में सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी बनी थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.newindianexpress.com/world/2020/jul/28/indian-origin-politician-pritam-singh-appointed-singapores-first-leader-of-opposition-in-parliament-2176025.html

टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस के नए सीईओ एवं एमडी

प्रश्न-23 जुलाई, 2020 को कौन टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस के नए सीईओ और एमडी नियुक्त हुए?
(a) नवीन तहलियानी(b) ऋषि श्रीवास्तव(c) राजेश सिंह(d) अनुराग श्रीवास्तव
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 23 जुलाई, 2020 को नवीन तहलियानी टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक नियुक्त हुए।इनकीनियुक्तिIRDAI के मंजूरी के अधीन रहेगी।
- इससे पूर्व वह वर्ष 2019 तक एआईए हांगकांग में ग्रुप पार्टनरशिप डिस्ट्रीब्यूशन के सीईओ थे।
- इससे पूर्व भी वह वर्ष 2015-18 तक टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस के सीईओ एवं एमडी रह चुके हैं।
- इस पद पर वह ऋषि श्रीवास्तव का स्थान लेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://timesofindia.indiatimes.com/business/india-business/naveen-tahilyani-returns-to-tata-aia-as-ceo/articleshow/77123063.cms

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नए निजी सचिव

प्रश्न-30 जुलाई, 2020 को केंद्र सरकार ने किसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नया निजी सचिव नियुक्त किया?
(a) राजीव टोपनो(b) हार्दिक सतीशचंद्र शाह(c) निपेन्द्र शाह(d) अंजुल भार्गव
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 30 जुलाई, 2020 को केंद्र सरकार ने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी हार्दिक सतीशचंद्र शाह को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नया निजी सचिव नियुक्त किया।
- वह वर्ष 2010 बैच के गुजरात कैडर के आईएएस अधिकारी हैं।
- वर्तमान में वह प्रधानमंत्री कार्यालय (PMO) में उप-सचिव के तौर पर कार्यरत हैं।
- इस पद पर वह राजीव टोपनो का स्थान लेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.aninews.in/news/national/general-news/hardik-satishchandra-shah-appointed-personal-secretary-to-pm-modi20200730223308/

रेन शेरिंग लेपचा

प्रश्न-30 जुलाई, 2020 को रेन सोनम शेरिंग लेपचा का निधन हो गया। वह थे-
(a) लोक संगीतकार(b) चित्रकार(c) सिरेमिक आर्टिस्ट(d) पर्यावरणविद्
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 30 जुलाई, 2020 को प्रसिद्ध लोक संगीतकार रेन सोनम शेरिंग लेपचा का निधन हो गया। वह 92 वर्ष के थे।
- उन्होंने लेपचा संस्कृति को लोकप्रिय बनाने के लिए सतत रूप से उत्कृष्ट प्रयास किए थे।
- उनका जन्म 1928 में पश्चिम बंगाल के कलिम्पोंग में हुआ था।
- उन्होंने कॅरियर की शुरुआत एक सैनिक के रूप में की थी।
- उन्हें लोक संगीत के क्षेत्र में दिए उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए वर्ष 2007 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.newindianexpress.com/nation/2020/jul/30/padma-shri-awardee-sonam-tshering-lepcha-dies-at-92-pm-modi-mamata-banerjee-condole-demise-2176974.html

थिएरी बोलोरे (Thierry Bollore)

प्रश्न-भारतीय ऑटोमोटिव कंपनी "टाटा मोटर्स" की सहायक कंपनी (Subsidiary), बिटिश ऑटोमोटिव "जगुआर लैंड रोवर" ने किसको अपना CEO नियुक्त किए जाने की घोषणा किया है?
(a) थिएरी बोलोरे(b) राल्फ स्पेथ(c) गैरी मैकगवर्न(d) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 28 जुलाई, 2020 को "जगुआर लैंड रोवर" ने थिएरी बोलोरे को अपना नया CEO नियुक्त किए जाने की घोषणा की।
- उनकी नियुक्ति 10 सितंबर, 2020 से प्रभावी होगी।
- जगुआर लैंड रोवर "टाटा मोटर्स" की ब्रिटिश सब्सिडयरी है।
- ध्यातव्य है कि बोलोरे CEO के रूप में वह राल्फ स्पेथ का स्थान लेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.livemint.com/companies/news/jaguar-land-rover-names-thierry-bollor-as-ceo-11595928558644.html

पेटीएम मनी के नए सीईओ

प्रश्न-जुलाई, 2020 में कौन 'पेटीएम मनी' के नए सीईओ नियुक्त हुए?
(a) प्रवीण जाधव(b) वरुण श्रीधर(c) अमित नय्यर(d) विजय शेखर शर्मा
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- जुलाई, 2020 में वरुण श्रीधर 'पेटीएम मनी' के नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) नियुक्त हुए।
- इस पद पर वह पूर्व एमडी एवं सीईओ प्रवीण जाधव का स्थान लेंगे।
- वह फर्म के लिए इक्विटी ब्रोकरेज सेवाओं के लांच और विकास का नेतृत्व करेंगे और म्यूचुअल फंड, एनपीएस और गोल्ड सर्विसेज के मौजूदा उत्पादों को विकसित करेंगे।
- वह पेटीएम के अध्यक्ष अमित नय्यर को रिपोर्ट करेंगे।

- 'पेटीएम मनी' पेटीएम के निवेश और धन प्रबंधन की एक सहायक कंपनी है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/small-biz/startups/newsbuzz/paytm-money-appoints-varun-sridhar-as-their-new-ceo/articleshow/77222397.cms#:~:text=MUMBAI%3A%20Investment%20and%20wealth%20management,into%20the%20equity%20brokerage%20business.

ब्रिटिश संसद के लिए नामित भारतीय मूल के व्यक्ति

प्रश्न-31 जुलाई, 2020 में भारतीय मूल के किस व्यक्ति को ब्रिटिश संसद 'हाउस ऑफ लॉर्ड्स' के लिए चुना गया है?
(a) आशा खेमका(b) प्रेम सिक्का(c) लॉर्ड स्वराज पाल(d) प्रीति पटेल
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 31 जुलाई, 2020 को भारतीय मूल के शिक्षाविद् प्रेम सिक्का को ब्रिटिश संसद 'हाउस ऑफ लॉर्ड्स' के लिए चुना गया है।
- वे इस सदन के 36 नए सदस्यों में से एक हैं।
- वह उत्तरी इंग्लैंड के शेफील्ड विश्वविद्यालय में अकाउंटिंग के एक एमेरिटस प्रोफेसर हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://khabar.ndtv.com/news/world/indian-origin-prem-sikka-nominated-member-of-british-parliament-2272751

कमल रानी वरुण

प्रश्न-2 अगस्त, 2020 को कमल रानी वरुण का निधन हो गया। वह थीं-
(a) उ.प्र. की पर्यटन मंत्री(b) उ.प्र. की तकनीकी शिक्षा मंत्री(c) उ.प्र. की बाल विकास मंत्री
(d) उ.प्र. की बेसिक शिक्षा मंत्री
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 2 अगस्त, 2020 को उत्तर प्रदेश की तकनीकी शिक्षा मंत्री (कैबिनेट मंत्री) कमल रानी वरुण का कोरोना संक्रमण से निधन हो गया।
- वह उत्तर प्रदेश की पहली मंत्री हैं जिनका कोरोना की वजह से निधन हुआ है।

- वह कानपुर की घाटमपुर सीट से विधायक थीं।
- वह 11वीं व 12वीं लोकसभा में बतौर सांसद भी चुनी जा चुकी हैं।
- वह 21 अगस्त, 2019 को मंत्रिमंडल में हुए फेरबदल के दौरान कैबिनेट मंत्री बनी थीं।
- उनका जन्म 3 मई, 1958 को लखनऊ (उ.प्र.) में हुआ था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://en.wikipedia.org/wiki/Kamal_Rani_Varun

https://aajtak.intoday.in/story/up-cabinet-minister-kamla-varun-dies-corona-virus-profile-ghatampur-constituency-bjp-1-1216101.html

चर्चित स्थल

बेली ब्रिज

प्रश्न-सीमा सड़क संगठन ने उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के जौलजीबी सेक्टर में बेली ब्रिज का निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूरा लिए- यह पुल जौलजीबी को किस स्थान से जोड़ेगा?
(a) डिडहाट(b) धारचूला(c) मनुस्यारी(d) बेरीनाग
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- अगस्त, 2020 में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के जौलजीबी सेक्टर में बेली ब्रिज का निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया।
- इस ब्रिज की लंबाई 180 फुट है।
- इस ब्रिज के बन जाने से जौलजीबी पुनः मनुस्यारी से जुड़ गया है।
- इस पुल के बनने से उत्तराखंड के 20 गांवों के लगभग 15000 लोग लाभान्वित होंगे।
- उल्लेखनीय है कि इस क्षेत्र में 27 जुलाई, 2020 को बादल फटने की घटना से आई बाढ़ और नदी नालों के उफनने से यहां पहले से बना 50 मीटर लंबा कंक्रीट का पुल पूरी तरह ध्वस्त हो गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://newsonair.com/News?title=BRO-constructs-180-feet-bailey-bridge-in-Uttarakhand-despite-landslides%2C-heavy-rains&id=397505

मध्य प्रदेशः भारत माता की कांस्य प्रतिमा का अनावरण

प्रश्न-15 अगस्त, 2020 को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल के शौर्य स्मारक में भारत माता की कांस्य प्रतिमा का अनावरण किया। यह प्रतिमा किस मूर्तिकार द्वारा बनाई गई है?
(a) राजकुमार पंडित(b) के.एस. राधाकृष्णन(c) रामसुतार(d) अनिल सुतार
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 15 अगस्त, 2020 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल के शौर्य स्मारक में भारत माता की कांस्य प्रतिमा का अनावरण किया।
- वर्ष 2017 में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शौर्य स्मारक स्थल पर भारत माता की प्रतिमा स्थापित किए जाने की घोषणा की थी।
- भारत माता की यह प्रतिमा मूर्तिकार राजकुमार पंडित द्वारा बनाई गई है।
- आर्शीवचन की मुद्रा में राष्ट्रध्वज सहित कमल पर भारत माता की लगभग 25 फीट (पेडस्टल सहित 37 फीट) कांस्य प्रतिमा स्थापित की गई है।
- इस प्रतिमा के पेडस्टल पर अशोक-चक्र के साथ राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत को भी उकेरा गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.indiatoday.in/india/story/mp-cm-shivraj-singh-chouhan-unveils-statue-of-bharat-mata-at-shaurya-smarak-1711631-2020-08-15

आशूगंज

प्रश्न- बांग्लादेश की सरकार ने 1971 के बांग्लादेशी स्वतंत्रता संघर्ष में शहीद हुए भारतीय सैनिकों के लिए किस जगह पर एक स्मारक बनाने का निर्णय लिया है?
(a) आशूगंज(b) लक्ष्मणपुर(c) चांदपुर(d) फेनी
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 6 अगस्त, 2020 को बांग्लादेश की सरकार ने 1971 के बांग्लादेशी स्वतंत्रता संघर्ष में पाकिस्तानी सेना के साथ लड़ते हुए शहीद हुए भारतीय सैनिकों के लिए एक स्मारक बनाने का निर्णय लिया।यह स्मारक बांग्लादेश के ब्राह्मणबारिया जिले के आशूगंज नामक स्थल पर अगले दो वर्ष में बनकर तैयार होगा।स्मारक 3.5 एकड़ भूमि पर निर्मित होगा।
- ध्यातव्य है कि ढाका के बाहरी इलाके में पहले से भी एक स्मारक स्थित है, परंतु आशूगंज में प्रस्तावित स्मारक केवल भारतीय सैनिकों की शहादत को समर्पित होगा।

- आशूगंज में भारतीय सेना ने 1971 में मुक्तिवाहिनी (बांग्लादेशी बल) के साथ मिल पाकिस्तानी सेना के विरुद्ध कुछ निर्णायक लड़ाइयां लड़ी थीं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.outlookindia.com/newsscroll/bangladesh-to-construct-monument-for-indian-soldiers-martyred-in-1971-liberation-war-minister/1910787

शिक्षा के लिए जी सुइट और गूगल क्लासरूम लांच करने वाला पहला राज्य

प्रश्न-6 अगस्त, 2020 को शिक्षा के लिए जी सुइट और गूगल क्लारूम लांच करने वाला देश का पहला राज्य कौन है?
(a) महाराष्ट्र(b) कर्नाटक(c) आंध्र प्रदेश(d) गुजरात
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 6 अगस्त, 2020 को महाराष्ट्र सरकार ने पूरे राज्य के स्कूलों में डिजिटल शिक्षा उपकरण पेश करने हेतु गूगल के साथ साझेदारी की घोषणा की।लगभग 2.3 करोड़ छात्र और शिक्षक गूगल के शैक्षणिक कार्यक्रम का लाभ ले सकेंगे।कोविड-19 महामारी के कारण ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से शिक्षा प्रदान की जाएगी।गूगल दूरस्थ शिक्षा की सुविधा के लिए शिक्षा के लिए जी सुइट, गूगल क्लारूम और गूगल मीट जैसे मुफ्त टूल की तैनाती करेगा।
- इस साझेदारी का आभासी शुभारंभ महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने किया।शिक्षा के लिए जी सुइट (GSuite) और गूगल क्लारूम लांच करने वाला महाराष्ट्र देश का पहला राज्य है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://newsonair.com/News?title=Maharashtra-govt-announces-partnership-with-Google-for-introducing-digital-education-tools-in-schools-across-state&id=396689

पटियाला के अंतिम राजा के नाम पर स्टेडियम का नामकरण

प्रश्न-पंजाब क्रिकेट संघ (PCA) ने मुल्लांपुर में अपने नए स्टेडियम का नाम पूर्ववर्ती पटियाला राज्य के अंतिम शासक/राजा महाराजा यादविंद्र सिंह के नाम पर रखने का निर्णय लिया है। यादविंद्र सिंह ने किस वर्ष में भारत की ओर से टेस्ट क्रिकेट मैच खेला था?
(a) वर्ष 1934 में(b) वर्ष 1942 में(c) वर्ष 1952 में(d) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- पंजाब क्रिकेट संघ (PCA) ने मुल्लांपुर में अपने नए स्टेडियम का नाम पूवर्ती पटियाला राज्य के अंतिम शासक/राजा महाराजा यादविंद्र सिंह के नाम पर रखने का निर्णय लिया है।
- इस बात की घोषणा PCA पदाधिकारियों द्वारा अगस्त, 2020 में हुई बैठक में की गई।
- यादविंद्र सिंह ने वर्ष 1934 में भारत की ओर से टेस्ट क्रिकेट मैच खेला था।
- ध्यातव्य है कि वह पंजाब के वर्तमान मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह के पिता थे।
- PCA की बैठक में जिन अन्य एजेंडा को स्वीकृति दी गई उनमें शामिल हैं-

(i) अनुबंधित क्रिकेटरों की संख्या 30 से बढ़ा कर 40 करने का निर्णय, जिसमें 10 महिला खिलाड़ी भी शामिल होंगी।

(ii) मौजूदा आईएस बिंद्रा स्टेडियम के नवीनीकरण की प्रक्रिया शुरू करना।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://sportstar.thehindu.com/cricket/pca-punjab-cricket-association-international-stadium-mullanpur-is-bindra-stadium-maharaja-yadavindra-singh/article32309368.ece#:~:text=The%20PCA%20has%20decided%20to,match%20for%20India%20in%201934.

प्रयागराज में राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय

प्रश्न-29 जुलाई, 2020 को उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने प्रयागराज में राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय की स्थापना के संदर्भ में विधानमंडल के मानसून सत्र में विधेयक लाए जाने हेतु बाईसर्कुलेशन मंजूरी प्रदान की। इस राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कौन होंगे?

(a) सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश(b) हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश

(c) उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नामित कानूनविद्(d) राष्ट्रपति द्वारा नामित कानूनविद्

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 29 जुलाई, 2020 को उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने प्रयागराज में राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय की स्थापना के संदर्भ में विधानमंडल के मानसून सत्र में विधेयक लाए जाने हेतु बाईसर्कुलेशन मंजूरी प्रदान की।
- यह विश्वविद्यालय 25 एकड़ भूमि पर स्थापित किया जाएगा।
- इस विधि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश होंगे।
- सामान्य परिषद में विधि मंत्री, उच्च शिक्षा मंत्री, महाधिवक्ता, बार काउंसिल के चेयरमैन, न्याय एवं उच्च शिक्षा विभाग के सचिव, प्रमुख सचिव या अपर मुख्य सचिव शामिल होंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.livehindustan.com/career/story-national-law-university-will-open-in-prayagraj-yogi-government-to-give-approval-soon-2865542.html

देश का पहला हिम तेंदुआ संरक्षण केंद्र

प्रश्न-देश का पहला हिम तेंदुआ संरक्षण केंद्र उत्तरकाशी की भैरो घाटी में लंका नामक स्थान पर स्थापित किया जाएगा। इस केंद्र की रूपरेखा (Design) किस देश के सहयोग से निर्मित की गई है?
(a) अमेरिका(b) जापान(c) ब्रिटेन(d) नीदरलैंड
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 1 अगस्त, 2020 को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत, वन मंत्री हरक सिंह रावत और वन अधिकारियों के मध्य हुई बैठक में राज्य में हिम तेंदुआ संरक्षण केंद्र की स्थापना करने का निर्णय लिया गया।
- हिम तेंदुआ संरक्षण केंद्र की स्थापना उत्तरकाशी की भैरो घाटी में लंका नामक स्थान पर की जाएगी।
- यह देश का पहला हिम तेंदुआ संरक्षण केंद्र होगा।
- संरक्षण केंद्र की रूपरेखा नीदरलैंड के विशेषज्ञों की सहायता से 5.30 करोड़ रुपये के बजट के साथ की गई है।
- विभिन्न शोधों के आधार पर उत्तराखंड में 86 हिम तेदुंओं की पुष्टि की गई है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://uttarainformation.gov.in/press.php#

अरब क्षेत्र में परमाणु ऊर्जा का उत्पादन करने वाला पहला देश

प्रश्न-31 जुलाई, 2020 को कौन अरब क्षेत्र में परमाणु ऊर्जा का उत्पादन करने वाला पहला देश बना?
(a) सऊदी अरब(b) संयुक्त अरब अमीरात(c) कुवैत(d) कतर
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 31 जुलाई, 2020 को संयुक्त अरब अमीरात अरब क्षेत्र में परमाणु ऊर्जा का उत्पादन करने वाला पहला देश बना।

- बराख परमाणु संयंत्र की पहली इकाई में कामकाज शुरू होने के साथ ही यूएई ने यह उपलब्धि हासिल की।
- अबुधाबी के अल-दाफरा क्षेत्र में स्थित इस नए संयंत्र से यूएई की तेल और गैस पर निर्भरता कम हो जाएगी।
- दक्षिण कोरिया की टेक्नोलॉजी से युक्त इस संयंत्र से यूएई की 25 प्रतिशत बिजली जरूरतें पूरी होने की उम्मीद है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.bbc.com/news/world-middle-east-53619916

पुरस्कार/सम्मान

इंटरनेशनल बुकर प्राइज, 2020

प्रश्न-किसे वर्ष 2020 के प्रतिष्ठित इंटरनेशनल बुकर प्राइज से सम्मानित किया गया?
(a) एना बर्न्स(b) मारिके लुकास रिजनेवेल्ड(c) जोखा अल्हार्थी(d) ओल्गा टोकर जुक
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 26 अगस्त, 2020 को नीदरलैंड्स की लेखिका मारिके लुकास रिजनेवेल्ड (Marieke Lucas Rijneveld) को वर्ष 2020 के प्रतिष्ठित 'इंटरनेशनल बुकर प्राइज' (International Bookers Prize) से सम्मानित किया गया।वहयहपुरस्कारजीतनेवालीसबसेकमउम्रकीलेखिका (Author) बन गई हैं।
- उन्हे यह पुरस्कार उनकी पुस्तक 'द डिसकम्फर्ट ऑफ इवनिंग' (The Discomfort of Evening) के लिए प्रदान किया गया।
- यह ग्रामीण नीदरलैंड्स के एक कट्टर ईसाई समुदाय के एक किसान परिवार की हैं।
- वह पुरस्कार में मिली 50,000 पाउंड की राशि को अनुवादक मिशेल हचिसन के बीच साझा करेंगी।यहपुरस्कारप्रतिवर्षकिसीभीभाषाकेकाल्पनिककथाउपन्यासकोदियाजाताहै, जिसका अनुवाद अंग्रेजी में हुआ हों और प्रकाशन ब्रिटेन अथवा आयरलैंड में हुआ हो।
- वर्ष 2019 का यह पुरस्कार ओमान की लेखिका जोखा अल्हार्थी को उनके उपन्यास 'सेलेस्टियल बॉडीज' के लिए प्रदान किया गया है।
- उल्लेखनीय है कि यह पुरस्कार वर्ष 2005 में मैन ग्रुप द्वारा स्थापित किया गया था और यह पुरस्कार 'बुकर प्राइज' का पूरक है।
- यह पुरस्कार मूल बुकर पुरस्कार से अलग है। इसका लक्ष्य विश्वभर में अच्छे उपन्यास के अधिक प्रकाशन और उसे पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना है।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://thebookerprizes.com/international-booker/2020

योजना/परियोजना

कर्म साथी प्रकल्प योजना

प्रश्न-12 अगस्त, 2020 को किस राज्य में 1 लाख बेरोजगार युवाओं को बजार से कम ब्याज दर पर ऋण और सब्सिडी प्रदान करने हेतु कर्म साथी प्रकल्प योजना शुरू की गई है?
(a) ओडिशा(b) पश्चिम बंगाल(c) कर्नाटक(d) तेलंगाना
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 12 अगस्त, 2020 को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 'कर्म साथी प्रकल्प (Karma Sathi Prakapa) योजना' का शुभारंभ किया।
- इस योजना के तहत सरकार 1 लाख बेरोजगार युवाओं को बाजार से कम ब्याज दर पर ऋण और सब्सिडी प्रदान करेगी।इसयोजनाकाउद्देश्यबेरोजगारयुवाओंकोआत्मनिर्भरबनानाहै।
- इस योजना हेतु बजट में 500 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है।
- ज्ञातव्य है कि वर्तमान में देशभर में बेरोजगारी की दर अब तक उच्चतम स्तर 24 प्रतिशत है, जबकि पश्चिम बंगाल में बेरोजगारी दर में 40 प्रतिशत की कमी हुई है।

वाईएसआर चेयुथा योजना

प्रश्न-12 अगस्त, 2020 को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस. जगनमोहन रेड्डी ने महिलाओं के लिए स्थायी आजीविका सुनिश्चित करने हेतु वाईएसआर चेयुथा योजना का शुभारंभ किया। इस योजना के तहत 45-60 वर्ष के आयु वर्ग की अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्ग की। लगभग 23 लाख महिलाओं को प्रतिवर्ष कितनी राशि की नकद आर्थिक सहायता राशि 4 वर्षों तक प्रदान करेगी?
(a) 5000 रुपये(b) 10,500 रुपये(c) 15,600 रुपये(d) 18,750 रुपये
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 12 अगस्त, 2020 को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस. जगनमोहन रेड्डी ने महिलाओं के लिए स्थायी आजीविका सुनिश्चित करने हेतु वाईएसआर चेयुथा (YSRCheyuthe) योजना का शुभारंभ किया।

- इस योजना के तहत 45-60 वर्ष के की महिलाओं को प्रतिवर्ष 18,750 रुपये के हिसाब से 4 वर्ष में 75000 रुपये की नगद आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।
- योजनांतर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्ग की लगभग 23 लाख महिलाएं लाभान्वित होंगी।
- इस राशि का उपयोग वे सब्जी या किराने की दुकान जैसे छोटे व्यवसाय को शुरू करने के लिए कर सकती हैं।
- इस योजना हेतु बजट में 4700 करोड़ रुपये की राशि आवंटित है।
- राज्य सरकार ने महिलाओं हेतु उद्यमिता और व्यवसाय के अवसर प्रदान करने के लिए आईटीसी, अमूल और रिलायंस जैसी कंपनियों के साथ समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.newindianexpress.com/states/andhra-pradesh/2020/aug/12/ysr-cheyutha-will-benefit-23-lakh-women-2182360.html

मुख्यमंत्री श्रमिक योजना

प्रश्न-अगस्त, 2020 में किस राज्य सरकार द्वारा में शहरी क्षेत्र व 51 नगर निकायों के अकुशल श्रमिकों के लिए मुख्यमंत्री श्रमिक योजना शुरू की गई है?

(a) झारखंड(b) छत्तीसगढ़(c) हरियाणा(d) मध्य प्रदेश

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 14 अगस्त, 2020 को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शहरी क्षेत्र व 51 नगर निकायों के अकुशल श्रमिकों के लिए मुख्यमंत्री श्रमिक योजना और वेब पोर्टल का शुभारंभ किया।
- इस योजनांतर्गत शहरी जनसंख्या के लगभग 31 प्रतिशत लोग, जो गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहें है, उन्हें लाभान्वित करने का लक्ष्य है।इस योजना से 5 लाख से अधिक परिवार लाभान्वित होंगे।इस योजना के तहत अकुशल रोजगार श्रमिकों को की गारंटीहै।
- इस योजनांतर्गत निबंधन के साथ 15 दिन के अंदर रोजगार प्रदान किया जाएगा, ऐसा नहीं होने की स्थिति में लाभार्थी को बेरोजगारी भत्ता सरकार प्रदान करेगी।इस योजना का उद्देश्य शहरी गरीबों को रोजगार प्रदान करना है। उल्लेखनीय है कि झारखंड में लॉकडाउन के दौरान राज्य सरकार ने लोगों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने हेतु 'दीदीकिचन शुरूकिया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://prdjharkhand.in/iprd/view_press_release_photo.php?prid=26781

मोबाइल ऐप-हरित पथ

प्रश्न-21 अगस्त, 2020 को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भू-टैगिंग और वेब आधारित जीआईएस सक्षम निगरानी उपकरणों के माध्यम से वृक्षारोपण की निगरानी करने हेतु मोबाइल ऐप 'हरित पथ' का शुभारंभ किया। यह मोबाइल ऐप किसके द्वारा विकसित किया गया है।
(a) पर्यावरण एवं पर्यटन मंत्रालय(b) भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
(c) एनआईसी(d) आईआईटी, कानपुर
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 21 अगस्त, 2020 को केंद्रीय सड़क परिवहन, राजमार्ग और एमएसएमई मंत्री नितिन गडकरी ने भू-टैगिंग और वेब आधारित जीआईएस सक्षम निगरानी उपकरणों के माध्यम से वृक्षारोपण की निगरानी करने हेतु एक मोबाइल ऐप 'हरित पथ' का शुभारंभ किया।
- यह ऐप भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने संपूर्ण वृक्षारोपण परियोजना के अंतर्गत अपनी फील्ड इकाई के प्रत्येक पौधे के स्थान, उनकी वृद्धि, प्रजातियों के विवरण, देखभाल गतिविधियां, लक्ष्य और उपलब्धियों की निगरानी हेतु विकसित किया है।
- इस ऐप का उपयोग कर अब तक 7800 पौधों की जियोटैकिंग की जा चुकी है।
- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई द्वारा अपने सेवा के 25 वर्ष पूरे होने पर) राष्ट्रव्यापी वृक्षारोपण अभियान 'हरित भारत संकल्प' के अंतर्गत 21 जुलाई से 15 अगस्त, 2020 के मध्य राष्ट्रीय राजमार्गों पर 25 दिन में 25 लाख पौधें लगाए जा चुके हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1647582

ट्राइफूड परियोजना

प्रश्न-20 अगस्त, 2020 को केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा ने महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में ट्राइफेड की ट्राइफूड परियोजना के तृतीयक प्रसंस्करण केंद्रों को ई-लांच किया?
(a) सतारा और रायपुर(b) नागपुर और अंबिकापुर(c) रायगढ़ और जगदलपुर
(d) नागपुर और जगदलपुर
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 20 अगस्त, 2020 को केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा ने रायगढ़ (महाराष्ट्र) और जगदलपुर (छत्तीसगढ़) में ट्राइफेड की ट्राइफूड परियोजना के तृतीयक प्रंस्करण केंद्रों को ई-लांच किया।
- इस परियोजना के तहत दो गौण वन उपज तृतीयक प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित की जाएंगी, जो ट्राइफूड परियोजना बैकवर्ड और फारवर्ड लिकेंज के माध्यम से जनजातीय आय और रोजगार में वृद्धि करेगी।
- महाराष्ट्र के रायगढ़ में स्थापित इकाई का उपयोग महुआ, आंवला, कस्टर्ड सेब एवं जामुन के मूल्य वर्धन के लिए किया जाएगा।
- इस इकाई में मछुआ पेय, आंवले के जूस और कर्स्ड सेब पल्प का उत्पादन होगा।
- जगदलपुर में स्थापित मल्टी कमोडिटी प्रोसेसिंग सेंटर का उपयोग मछुआ, आंवला, शहद, काजू, हल्दी, अदरक, लहसुन एवं अन्य फलों तथा सब्जियों हेतु किया जाएगा।
- इस इकाई में महुआ पेय, आंवला जूस, कैंडी, शुद्ध शहद, लहसुन, अदरक पेस्ट एवं फलों तथा सब्जियों को पल्प में रूपांतरित किया जाएगा।
- ट्राइफेड द्वारा कार्यान्वित ट्राइफूड परियोजना का लक्ष्य जनजातीय वन संग्रहकर्ताओं द्वारा संग्रहित एमएफपी के बेहतर उपयोग एवं मूल्यवर्धन के जरिए जनजातियों की आय को बढ़ाना है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://newsonair.com/News?title=Arjun-Munda-virtually-launches-%26%2339%3BTRIFOOD%26%2339%3B-Project-in-Raigad%2C-Jagdalpur&id=397818#:~:text=Tribal%20Affairs%20Minister%20Arjun%20Munda,Maharashtra%20and%20Jagdalpur%20in%20Chhattisgarh.&text='TRIFOOD'%20project%20is%20being%20implemented,Federation%20of%20India%20(TRIFED).

गुजरात के 5 शहरों में 70 मंजिला या इससे अधिक ऊंची इमारत बनाने हेतु मंजूरी

प्रश्न-अगस्त, 2020 में गुजरात सरकार ने राज्य के 5 शहरों में 70 मंजिला या इससे अधिक ऊंची इमारत बनाए जाने हेतु मंजूरी प्रदान की है। इन 5 शहरों में विकल्प में कौन-सा शहर शामिल नहीं है?
(a) अहमदाबाद(b) सूरत(c) राजकोट(d) जामनगर
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- अगस्त, 2020 में गुजरात सरकार ने राज्य के 5 शहरों में 70 मंजिला या इससे अधिक ऊंची इमारत बनाए जाने को मंजूरी प्रदान की।
- इन 5 शहरों में अहमदाबाद, बडोदरा, सूरत, राजकोट और गांधीनगर शामिल हैं।

- इन 5 शहरों में दुबई और सिंगापुर की तर्ज पर गगनचुंबी इमारतों का निर्माण किया जाएगा।
- राज्य सरकार ने इस प्रकार की इमारतों के निर्माण हेतु वर्ष 2017 के वर्तमान नियम में संशोधन का निर्णय किया है।
- नए नियमों के अनुसार 5 बड़े शहरों में 100 से 150 मीटर तक की ऊंचाई वाली इमारतों के लिए भूखंड का आकार 2500 वर्ग मीटर से अधिक होना आवश्यक है।
- 150 मीटर से अधिक ऊंचाई की इमारत बनाने हेतु 3500 वर्ग मीटर से अधिक भूखंड की आवश्यकता होगी।
- इन शहरों में जमीन का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने हेतु ऊंची बहुमंजिला इमारतों के निर्माण को मंजूरी प्रदान की गई है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.moneycontrol.com/news/business/real-estate/gujarat-approves-construction-of-70-floor-high-rise-buildings-5724981.html

यूरोपीय संघः महाराष्ट्र व ओडिशा में महिलाओं के कौशल हेतु 'निर्माणश्री' प्रोजेक्ट

प्रश्न-महाराष्ट्र व ओडिशा के चार जिलों में यूरोपीय संघ ने एक मिलियन यूरो की 'निर्माणश्री' परियोजना को लांच किया है, जिसका उद्देश्य है स्थायी आवास (Sustainable Housing) उपलब्ध कराते हुए महिलाओं में प्लंबरिंग, भवन-निर्माण एवं इलेक्ट्रिकल फिटिंग जैसे कौशल को विकसित करना। इस परियोजना में कितनी महिलाओं को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य है?
(a) तीन हजार(b) एक हजार(c) पांच सौ(d) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- अगस्त, 2020 में यूरोपीय संघ ने महाराष्ट्र व ओडिशा के चार जिलों में एक मिलियन यूरो की 'निर्माणश्री' परियोजना को लांच किया।
- परियोजना का उद्देश्य स्थायी आवास की समस्या को हल करते हुए 3000 महिलाओं को प्लंबरिंग, भवन निर्माण, एवं इलेक्ट्रिकल फिटिंग जैसे कौशल से प्रशिक्षित करना।
- यह परियोजना महाराष्ट्र के बीड एवं ओस्मानाबाद जिलों एवं ओडिशा के ढेनकनाल (Dhenkanal) एवं जयपुर जिलों में लांच की गई है।
- परियोजना की कुल लागत 7.4 करोड़ रुपये है।
- जिसका 90 प्रतिशत (एक मिलियन यूरो) यूरोपीय संघ द्वारा वित्तपोषित किया जाएगा।
- जबकि शेष राशि उसकी (यूरोपीय संघ) एजेंसी द्वारा वित्त पोषित होगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.outlookindia.com/newsscroll/eu-launches-1mneuro-project-in-maharashtra-odisha-for-skilling-women-in-housing-sector/1915960

धनवंतरी चलंत अस्पताल

प्रश्न-14 अगस्त, 2020 को केंद्रीय मंत्री महेंन्द्र नाथ पांडेय और अश्वनी चौबे ने संयुक्त रूप से किस शहर के लिए मोबाइल लैब लबाइक (धनवंतरी चलंत अस्पताल) का वर्चुअल माध्यम से हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया?

(a) बक्सर(b) भागलपुर(c) लखनऊ(d) वाराणसी

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 14 अगस्त, 2020 को केंद्रीय कौशल विकास मंत्री महेंद्रनाथ पांडेय और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री अश्वनी चौबे ने संयुक्त रूप से वाराणसी (प्रधानमंत्री का संसदीय निर्वाचन क्षेत्र) के लिए मोबाइल लैब लबाइक (धनवंतरी चलंत अस्पताल) का वर्चुअल माध्यम से हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया।यहमोबाइललैबगांवएवंशहरोंमेंघूम-घूमकरऑनदस्पॉट76 प्रकार के ब्लड जांच एवं टेलीमेडिसीन की सुविधा उपलब्ध कराएगी।
- आईसीएमआर से अधिकृत पायलट परियोजना के तहत इसकी शुरुआत की गई है।
- हाल ही में इससे पूर्व इस सुविधा का शुभारंभ बिहार के बक्सर एवं भागलपुर में किया गया है।
- बीमार मरीजों को एम्स पटना के बेहतरीन चिकित्सक टेलीमेडिसीन के माध्यम से दूरस्थ चिकित्सा प्रदान करेंगे।
- सभी मरीजों का रिकॉर्ड ट्रिपल आईआईटी, भागलपुर के विशेष सर्वर एवं मुख्य डाटा सेंटर पर भी संरक्षित होगा।
- डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड कार्यकारी एजेंसी ऑलसोल टेक्नोलॉजी एक्युस्टर टेक्नोलॉजीज द्वारा तैयार किया जाएगा जिसे एम्स पटना और ट्रिपल आईआईटी, भागलपुर तकनीकी सहयोग प्रदान करेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1645865

दूसरी किसान स्पेशल ट्रेन

प्रश्न-13 अगस्त, 2020 को दूसरी किसान स्पेशल ट्रेन का किन 2 शहरों के बीच परिचालन प्रारंभ किया गया।

(a) देवलाली और दानापुर(b) देवलाली और बरौनी(c) बरौनी और टाटानगर

(d) टाटानगर और दानापुर

उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 13 अगस्त, 2020 को भारतीय रेल की दूसरी किसान स्पेशल ट्रेन का परिचालन प्रारंभ किया गया।
- यह ट्रेन बरौनी से टाटानगर के बीच परिचालित होगी।
- इस स्पेशल ट्रेन के द्वारा बीकारो स्टील सिटी, हटिया एवं टाटानगर के लिए दूध की आपूर्ति की जाएगी।
- इस स्पेशल ट्रेन में मिल्क भान के 4 टैंकर होंगे, जिनमें से 1-1 टैंकर बोकारो स्टील सिटी और हटिया के लिए तथा 2 टैंक दूध टाटानगर के लिए होगा।
- इस ट्रेन का परिचालन बरौनी से टाटानगर के बीच एक दिन के अंतराल पर किया जाएगा।
- उल्लेखनीय है कि पहली किसान स्पेशल ट्रेन देवलाली (नासिक रोड) और दानापुर (बिहार) के बीच परिचालित है।
- इस ट्रेन के माध्यम से किसानों द्वारा बुक की गई सब्जियों, फलों एवं अन्य खाद्य सामग्रियों की आपूर्ति की जा रही है।

ग्रेटर माले कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट

प्रश्न-भारत द्वारा मालदीव को ग्रेटर माले कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट (GMCP) के लिए कितनी धनराशि प्रदान की जाएगी?
(a) 500 मिलियन यूएस डॉलर(b) 450 मिलियन यूएस डॉलर
(c) 400 मिलियन यूएस डॉलर(d) 350 मिलियन यूएस डॉलर
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 13 अगस्त, 2020 को भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर द्वारा अपने मालदीव के समकक्ष अब्दुल्ला शाहिद के साथ बैठक के पश्चात मालदीव में कई विकास परियोजनाओं की घोषणा की।
- इसके तहत मालदीव में ग्रेटर माले कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट के लिए 500 मिलियन यूएस डॉलर की धनराशि प्रदान की जाएगी।
- उक्त धनराशि में 400 मिलियन यूएस डॉलर का वित्तीय ऋण और 100 मिलियन डॉलर की अनुदान सहायता शामिल होगी।
- ग्रेटर माले कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट की लंबाई 6.7 किमी. होगी।
- यह परियोजना माले को तीन पड़ोसी द्वीपों नामतः विलिंगिली, गुल्हीफाल्हू और थिलाफूशी से जोड़ेगी।
- यह परियोजना मालदीव की सबसे बड़ी नागरिक अवसंरचना परियोजना होगी।

- इसके अतिरिक्त भारत एवं मालदीव के मध्य व्यापार एवं वाणिज्य को बढ़ावा देने के लिए दोनों देशों के बीच नियमित कार्गो फेरी सेवा प्रारंभ करने की घोषणा की गई।
- भारत द्वारा गुल्हिफाहू में एक बंदरगाह के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है।
- भारत द्वारा वर्ष 2020-21 के लिए मालदीव को आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति के कोटा का भी नवीनीकरण किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://thewire.in/diplomacy/maldives-india-china-funding-infrastructure-jaishankar-abdulla-shahid

मुख्यमंत्री किसान सहाय योजना

प्रश्न-अगस्त, 2020 में किस राज्य में सूखे, अत्यधिक बारिश या बेमौसम बारिश के कारण फसल को होने वाले नुकसान के लिए किसानों को बिना कोई प्रीमियम दिए मुआवजा प्रदान करने हेतु मुख्यमंत्री किसान सहाय योजना शुरू की गई है?
(a) गुजरात(b) महाराष्ट्र(c) छत्तीसगढ़(d) मध्य प्रदेश
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 10 अगस्त, 2020 को गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपानी ने राज्य के किसानों के लिए एक नई योजना मुख्यमंत्री किसान सहाय योजना शुरू करने की घोषणा की।
- इस योजना के तहत सूखे, अत्यधिक बारिश या बेमौसम बारिश के कारण फसल को होने वाले नुकसान के लिए किसानों को बिना कोई प्रीमियम दिए मुआवजा प्रदान किया जाएगा।
- यह योजना 1 वर्ष के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा के स्थान पर लागू की जाएगी।
- इस योजना के तहत किसानों को मुआवजा तभी प्रदान किया जाएगा, जब सूखा या अधिक बारिश या बेमौसम बारिश के कारण फसल का नुकसान 33 प्रतिशत से अधिक होगा।
- किसान अधिकतम 4 हेक्टेयर भूमि पर मुआवजा पाने हेतु पात्र होंगे।
- 33 से 60 प्रतिशत तक प्राकृतिक आपदाओं के कारण हुए नुकसान पर एक किसान को प्रति हेक्टेयर 20000 रुपये और 60 प्रतिशत से अधिक की फसल हानि पर 25000 रुपये प्रति हेक्टेयर के हिसाब से मुआवजा प्रदान किया जाएगा।
- इस योजना के तहत भुगतान किए गए मुआवजे के अतिरिक्त, किसान प्राकृतिक आपदाओं के फसल के नुकसान के मामले में राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष के तहत अतिरिक्त मुआवजा पाने हेतु भी पात्र होंगे।

इंदिरा वन मितान योजना

प्रश्न-9 अगस्त, 2020 को किस राज्य के मुख्यमंत्री ने विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर इंदिरा वन मितान योजना शुरू किए जाने की घोषणा की?

(a) छत्तीसगढ़(b) झारखंड(c) ओडिशा(d) राजस्थान

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 9 अगस्त, 2020 को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर इंदिरा वन मितान योजना शुरू किए जाने की घोषणा की।
- इस योजना का उद्देश्य राज्य में वनवासियों को खुशहाल और वनांचल के गांवों को स्वावलंबी बनाना है।
- इस योजना के तहत राज्य के आदिवासी अंचल के 10,000 गांवों में युवाओं के समूह गठित करके उनके माध्यम से वन आधारित समस्त आर्थिक गतिविधियां संचालित की जाएंगी।
- इस योजना के तहत समूहों के माध्यम से वनीय उपजों की खरीद, उसका प्रसंस्करण एवं मार्केटिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।
- राज्य के प्रत्येक आदिवासी विकास खंडों में सरकार द्वारा वनोपज प्रसंस्करण केंद्र की स्थापना किए जाने का लक्ष्य रखा गया है।
- अनुसूचित क्षेत्रों के 10,000 गांवों में इस योजनांतर्गत समूह गठित किए जाएंगे, जिनमें युवाओं को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी।
- प्रत्येक समूह में 10 से 15 सदस्य होंगे।
- इस योजनांतर्गत अनुसूचित क्षेत्रों के 19 लाख परिवारों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।
- इस योजना के माध्यम से समूहों को वृक्ष प्रबंधन का अधिकार प्रदान किया जाएगा, जिससे वह वन क्षेत्रों के वृक्षों से वनोपज संग्रहीत कर आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकें।
- वनोपजों की मार्केटिंग व्यवस्था के साथ ही अनुसूचित क्षेत्रों के विकास खंड में वनोपज प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना की जाएगी।
- वनों में इमारती लकड़ी के बजाए फलदार और वनौषधियों के पौधे लगाए जाएंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.outlookindia.com/newsscroll/indira-van-mitan-scheme-to-help-forestdwellers-cgarh-cm/1912591

इंदिरा रसोई योजना

प्रश्न-20 अगस्त, 2020 से किस राज्य में इंदिरा रसोई योजना शुरू की जाएगी?
(a) राजस्थान(b) छत्तीसगढ़(c) केरल(d) पंजाब
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 20 अगस्त, 2020 से राजस्थान सरकार राज्य के शहरी क्षेत्रों में 'इंदिरा रसोई योजना' शुरू करेगी।
- एक अनुमान के अनुसार, राज्य सरकार इस योजना पर प्रतिवर्ष 100 करोड़ रुपये व्यय करेगी।
- योजनांतर्गत राज्य के शहरी लोगों को मात्र 8 रुपये में गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक भोजन प्रदान किया जाएगा।
- इस योजना को राज्य के सभी 213 शहरी स्थानीय निकायों में संचालित किया जाएगा।
- इस योजना के तहत 100 ग्राम दाल, 100 ग्राम सब्जियां, 250 ग्राम चपाती और अचार परोसने का निर्णय लिया गया है।
- इस योजना से राज्य के लगभग 4.87 करोड़ लोगों के लाभान्वित होने की उम्मीद है।
- ज्ञातव्य है कि यह योजना पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नाम पर शुरू की गई है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.dipr.rajasthan.gov.in/content/dipr/en/news-detail.209293.html#

'थेनजोल गोल्फ रिसोर्ट' परियोजना

प्रश्न-4 अगस्त, 2020 को केंद्रीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने 'थेनजोल गोल्फ रिसोर्ट' परियोजना का उद्घाटन किया। इस गोल्फ रिसोर्ट परियोजना के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?
(a) यह परियोजना सिक्किम में स्थित है।
(b) यह परियोजना पर्यटन मंत्रालय की स्वदेश दर्शन योजना के तहत कार्यान्वित है।
(c) स्वदेश दर्शन के तहत इस परियोजना को पूर्वोत्तर क्षेत्र हेतु न्यू इको टूरिज्म इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट' के तहत 92.25 करोड़ रुपये की स्वीकृति राशि के साथ मंजूरी प्रदान की गई है।
(d) थेनजोल में गोल्फ कोर्स को कनाडा की सबसे बड़ी गोल्फ कोर्स आर्किटेक्चर कंपनी ग्राहम कुक एंड एसोसिएट्स द्वारा डिजाइन किया गया है।
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 4 अगस्त, 2020 को केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रहलाद सिंह पटेल ने 'थेनजोल गोल्फ रिसोर्ट' परियोजना का उद्घाटन किया, जो मिजोरम में स्थित है।
- यह परियोजना पर्यटन मंत्रालय की स्वदेश दर्शन योजना के तहत कार्यान्वित है।
- स्वदेश दर्शन के तहत इस परियोजना को पूर्वोत्तर क्षेत्र हेतु 'न्यू इको टूरिज्म इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट' के तहत 92.25 करोड़ रुपये की स्वीकृति राशि के साथ मंजूरी प्रदान की गई है।
- इस राशि में से 64.48 करोड़ रुपये की राशि थेनजोल और गोल्फ कोर्स के विभिन्न घटकों के लिए आवंटित है।
- थेनजोल में गोल्फ कोर्स को कनाडा की सबसे बड़ी गोल्फ कोर्स आर्किटेक्चर कंपनी ग्राहम कुक एंड एसोसिएट्स द्वारा डिजाइन किया गया है।
- यह गोल्फ कोर्स 105 एकड़ क्षेत्र में विस्तारित है, जिसमें से 75 एकड़ खेल क्षेत्र है।
- इसमें 18 होल गोल्फ कोर्स एवं अमेरिकी कंपनी रेन बर्ड द्वारा लगाई गई स्वचालित स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली भी है।
- इसमें 30 इको-लॉग हट्स, कैफेटेरिया, ओपन एयर फूड कोर्ट, रिसेप्शन एरिया और वेटिंग लाउंज भी है, जो साइबेरियाई पाइनवुड से निर्मित हैं।
- मौजूदा समय में भारत में 230 से अधिक गोल्फ कोर्स हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1643329

ARHC **नॉलेज पैक**

प्रश्न-31 जुलाई, 2020 को अफोर्डेबल रेंटल हाउसिंग कॉम्प्लेक्स (ARHC) नॉलेज पैक किसने जारी किया?

(a) आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने
(b) नेशनल हाउसिंग बैंक के प्रबंध निदेशक श्रीराम कल्यानरामन ने
(c) हाउसिंग (HUDCO) एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन ने
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 31 जुलाई, 2020 को आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी द्वारा "ARHC (अफोर्डेबल रेंटल हाउसिंग कॉम्प्लेक्स) नॉलेज पैक" जारी किया गया।
- **पृष्ठभूमि :-**
- कोविड-19 महामारी के कारण देश में श्रमिकों/शहरी गरीबों का बड़े पैमाने पर उल्टा पलायन हुआ।

- प्रधानमंत्री के "आत्मनिर्भर भारत" अभियान को दृष्टिगत रखते हुए 8 जुलाई, 2020 को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत एक उपयोजना के रूप में सस्ते किराये के आवास परिसर (ARHC) को मंजूरी दी गई थी।
- ARHC नॉलेज पैक में निम्नलिखित दस्तावेज शामिल होंगे-

(i) राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के साथ समझौता-ज्ञापन (MoA) पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।

(ii) ARHC के परिचालन के लिए दिशा-निर्देश

(iii) मॉडल-1 (ARHC को कार्यान्वित करने का प्रथम मॉडल) के तहत मॉडल आग्रह प्रस्ताव

(iv) मॉडल-2 के तहत अभिरुचि प्रकटन (EoI)

(iv) FAQC अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://ddnews.gov.in/national/housing-minister-hardeep-singh-puri-releases-affordable-rental-housing-complexes-knowledge

मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता ऋण योजना

प्रश्न-28 जुलाई, 2020 को मध्य प्रदेश मंत्रिमंडल द्वारा मंजूरी प्रदत्त मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता ऋण योजना के तहत 18 से 55 वर्ष की उम्र के पात्र व्यक्तियों को व्यवसाय हेतु कितनी राशि तक की कार्यशील पूंजी बैंक से ऋण के रूप में उपलब्ध कराई जाएगी?
(a) 5,000 रुपये(b) 10,000 रुपये(c) 15,000 रुपये(d) 20,000 रुपये
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 28 जुलाई, 2020 को संपन्न मध्य प्रदेश मंत्रिमंडल की पहली वर्चुअल बैठक में मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता ऋण योजना को मंजूरी प्रदान की गई।
- इस योजना के तहत 18 से 55 वर्ष की उम्र के पात्र व्यक्तियों को व्यवसाय हेतु 10 हजार रुपये तक की कार्यशील पूंजी बैंक से ऋण के रूप में उपलब्ध कराई जाएगी।
- यह योजना जुलाई, 2020 से मार्च, 2021 तक लागू रहेगी।
- इस योजनांतर्गत 1 लाख ग्रामीण गरीबों को लाभान्वित किया जाना लक्ष्यित है।
- इस योजना से राज्य सरकार पर लगभग 14 करोड़ रुपये का वार्षिक वित्तीय भार आएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.mpinfo.org/Story/StoryDetails.aspx?StoryID=200728S1&CatId=103

देश में प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत अब तक खुले खाते

प्रश्न-3 अगस्त, 2020 को वित्तीय सेवाओं के विभाग (DFS) द्वारा जारी नए आंकड़ों के अनुसार, देश में प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत अब तक कुल कितने खाते खुल चुके हैं?
(a) 40 करोड़ 5 लाख(b) 38 करोड़(c) 45 करोड़ 2 लाख(d) 35करोड़ 5 लाख
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 3 अगस्त, 2020 को वित्तीय सेवाओं के विभाग (DFS) द्वारा जारी नए आंकड़ों के अनुसार, देश में प्रधानमंत्री जनधन योजना (PMJDY) के तहत अब तक कुल 40 करोड़ 5 लाख खाते खुल चुके हैं।
- यह योजना वित्तीय समावेशन से जुड़ी केंद्र सरकार की प्रमुख योजना है।
- उल्लेखनीय है कि इसका शुभारंभ 28 अगस्त, 2014 को किया गया था।
- योजना की सफलता के लिए केंद्र सरकार ने 28 अगस्त, 2018 के बाद खोले जाने वाले ऐसे जनधन खातों के साथ दुर्घटना बीमा राशि को 2 लाख रुपये कर दिया, जो कि पहले 1 लाख रुपये रखी गई थी।
- इसके साथ ही खाते में ओवरड्राफ्ट सुविधा की सीमा को भी 5,000 रुपये से बढ़ाकर 10,000 रुपये कर दिया गया है।
- केंद्र सरकार ने इस योजना के तहत प्रत्येक घर से बैंक खाता खोलने के बजाय अपना ध्यान अब 'प्रत्येक वयस्क' का बैंक खाता होने की तरफ कर दिया है।
- इस योजना के खाताधारकों में 50 प्रतिशत से अधिक महिलाएं हैं।
- इस योजना का उद्देश्य सभी की बैंकिंग तंत्र तक पहुंच सुनिश्चित करने के साथ ही समाज के कमजोर और निम्न आय वर्ग के हर वयस्क व्यक्ति का एक बुनियादी बचत बैंक खाता, जरूरत के मुताबिक कर्ज लेने की सुविधा तथा बीमा और पेंशन की सुविधा मुहैया कराना है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/industry/banking/finance/banking/bank-accounts-opened-under-pradhan-mantri-jan-dhan-yojana-crosses-40-crore-mark/articleshow/77328277.cms

एमएसएमई सक्षम (MSME Saksham)

प्रश्न-स्मॉल इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट बैंक ऑफ इंडिया (SIDBI) ने क्रेडिट ब्यूरो फर्म "TransUnion Cibil" के सहयोग से एक पोर्टल लांच किया है, जो MSMEs (एमएसएमई उद्यमों) के लिए मददगार

होगा। यह पोर्टल है-
(a) MSMESamarthya(b) MSME Shakti(c) MSMESaksham (d) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- जुलाई, 2020 में 'स्मॉल इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट बैंक ऑफ इंडिया' (SIDBI) ने क्रेडिट ब्यूरो फर्म "TransUnion Cibil" के सहयोग से एक पोर्टल लांच किया।
- MSMESaksham (एमएसएमई सक्षम) नामक यह पोर्टल MSMEs (एमएसएमई उद्यमों) हेतु मददगार साबित होगा।
- पोर्टल उद्यमों के वित्तीयन की राह को आसान बनाने के साथ-साथ उधारकर्ताओं को उनके क्रेडिट ऑब्लिगेशन्स को प्रबंधित करने में मदद करेगा।
- **भारत में MSMEs**
- मार्च, 2020 तक आंकड़ों के अनुसार, भारत में 6.33 करोड़ MSMEs (Micro, Small & Medium Enterprises) हैं।
- इनमें से 6.30 करोड़ (99.4 प्रतिशत) सूक्ष्म उद्यम (Micro-enterprises) के अंतर्गत आते हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/small-biz/sme-sector/sidbi-transunion-cibil-partner-to-launch-portal-to-help-msmes/articleshow/77261205.cms#:~:text=MUMBAI%3A%20Small%20Industries%20Development%20Bank,borrowers%20manage%20their%20credit%20obligations.

महाराष्ट्रा एग्रीबिजनेस नेटवर्क (MagNet) प्रोजेक्ट

प्रश्न-महाराष्ट्रा एग्रीबिजनेस नेटवर्क (MagNet) परियोजना के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?
(a) राज्य सरकार ने 25 जुलाई, 2020 को इसकी मंजूरी दी है।
(b) 1,000 करोड़ रुपये की यह परियोजना मुख्यतः फल एवं सब्जी उत्पादकों के हितों को लक्ष्यित है।
(c) परियोजना राज्य के सभी जिलों में कार्यान्वित की जाएगी(d) केवल (b) एवं (c)
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 29 जुलाई, 2020 को महाराष्ट्र सरकार ने एक महत्वाकांक्षी (ambitious) परियोजना 'मैग्नेट' (MagNet) को मंजूरी दिया।मैग्नेटपरियोजनाकापूर्णरूपहै-महाराष्ट्रा एग्रीबिजनेस नेटवर्क

(MagNet)।एक हजार करोड़ रुपये की यह परियोजना मुख्यतः फल एवं सब्जी उत्पादकों को लक्षित है।परियोजना का उद्देश्य प्रसंस्करण प्रक्रिया को बेहतर बनाते हुए फल एवं सब्जी जैसेनाशवर (Perishables) उत्पादन में नुकसान को कम करना है।

- ध्यातव्य है कि उचित रखरखाव एवं भंडारण के अभाव में महाराष्ट्र में उत्पादित लगभग 30 से 35 प्रतिशत फल एवं सब्जियां नष्ट हो जाते हैं।परियोजनाराज्यकेसभीजिलोंमेंकार्यान्वितकीजाएगी।परियोजनाकावित्तीयनADB (एशियाई विकास बैंक) (70 प्रतिशत) एवं महाराष्ट्र सरकार (30 प्रतिशत) के द्वारा किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indianexpress.com/article/india/maharashtra-state-govt-gives-nod-for-rs-1000-crore-magnet-project-6531589/#:~:text=The%20state%20government%20on%20Wednesday,with%20the%20Asian%20Development%20Bank.

महात्मा गांधी सेतु के अपस्ट्रीम कैरिजवे का उद्घाटन

प्रश्न-31 जुलाई, 2020 को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बिहार में गंगा नदी पर महात्मा गांधी सेतु के अपस्ट्रीम कैरिजवे का उद्घाटन किया। यह पुल बिहार के किन दो शहरों को जोड़ता है?

(a) पटना और मुंगेर(b) पटना और दानापुर(c) पटना और हाजीपुर(d) पटना और भागलपुर

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 31 जुलाई, 2020 को केंद्रीय सड़क परिवहन, राजमार्ग एवं सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्री नितिन गडकरी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बिहार में गंगानदी पर महात्मा गांधी सेतु के अपस्ट्रीम कैरिजवे (नदी के ऊपर पैदल चलने वाला रास्ता) का उद्घाटन किया।
- 5.5 किमी. से अधिक लंबा यह फोर लेन पुल पटना और हाजीपुर के बीच एनएच-19 पर स्थित है। इसकानिर्माण1742 करोड़ रुपये की लागत राशि से किया जा रहा है।
- इसमें नए स्टील डेक अधिसंरचना द्वारा पुराने पुल के मौजूदा कंक्रीट अधिसंरचना का प्रतिस्थापन किया जा रहा है।
- इस पुल पर जून, 2017 में काम शुरू किया गया था।
- यह पहला पुल है, जिसमें मौजूदा ढांचे में सुधार हेतु आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जा रहा है।

- इस अवसर पर उन्होंने पटना में गंगा नदी पर एक पुल की भी घोषणा की, जो 5 किमी. लंबा होगा।
- इस पुल के निर्माण के बाद गंगा नदी में जहाजों (स्टीमर) की आवाजाही को पुनः अनुमति प्रदान की जाएगी।
- इस पुल के निर्माण की अनुमानित लागत राशि लगभग 3000 करोड़ रुपये होगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1642600

ग्रामोदय विकास योजना के तहत एक पायलट परियोजना

प्रश्न-30 जुलाई, 2020 को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय, भारत सरकार ने 'ग्रामोदय विकास योजना' के तहत अगरबत्ती निर्माण से जुड़े कारीगरों को लाभान्वित करने एवं ग्रामीण उद्योगों के विकास के लिए एक कार्यक्रम को मंजूरी प्रदान की। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) इस कार्यक्रम के तहत मौजूदा समय में देश में कुल 4 पायलट परियोजनाएं शुरू की जाएंगी।
(b) चार पायलट परियोजनाओं में से एक पूर्वोत्तर भारत में शुरू की जाएगी।
(c) पायलट परियोजनांतर्गत कारीगरों को कुल मिलाकर लगभग 50 स्वचालित अगरबत्ती बनाने की मशीन और 15 मिक्सिंग मशीन प्रदान की जाएगी।
(d) कार्यक्रम का उद्देश्य देश में अगरबत्ती उत्पादन में वृद्धि करना और पारंपरिक कारीगरों हेतु स्थायी रोजगार पैदा करना एवं उनकी आय में वृद्धि करना है।

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 30 जुलाई, 2020 को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम (एमएसएमई) मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 'ग्रामोदय विकास योजना' के तहत अगरबत्ती निर्माण से जुड़े कारीगरों को लाभान्वित करने एवं ग्रामीण उद्योगों के विकास के लिए एक कार्यक्रम को मंजूरी प्रदान की।
- इस कार्यक्रम के तहत मौजूदा समय में देश में कुल चार पायलट परियोजनाएं शुरू की जाएंगी।
- चार पायलट परियोजनाओं में से एक पायलट परियोजना पूर्वोत्तर भारत में शुरू की जाएगी।
- पायलट परियोजनांतर्गत कारीगरों के प्रत्येक लक्ष्यित समूह को लगभग 50 स्वचालित अगरबत्ती बनाने की मशीन और 10 मिक्सिंग मशीनें प्रदान की जाएंगी।
- इस प्रकार कुल चार पायलट परियोजनाओं में कारीगरों को कुल 200 स्वचालित मशीन और 40 मिक्सिंग मशीनें प्रदान की जाएंगी।
- इस कार्यक्रम उद्देश्य देश में अगरबत्ती के उत्पादन में वृद्धि करना और पारंपरिक कारीगरों हेतु स्थायी रोजगार पैदा करना एवं उनकी आय में वृद्धि करना है।

- अगरबत्ती निर्माण उद्योग को बढ़ावा देने हेतु हाल ही में भारत द्वारा लिए गए दो अहम निर्णयों में आयात नीति में अगरबत्ती को मुक्त व्यापार श्रेणी से हटाकर प्रतिबंधित व्यापार की सूची में सूचीबद्ध करना और अगरबत्ती निर्माण के लिए उपयोग किए जाने वाले चक्राकार बांस की छड़ी पर आयात शुल्क 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत करना शामिल है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1642601

आयोग/समिति

ऑपरेशन/अभियान

'एक संकल्प बुजुर्गों के नाम' अभियान

प्रश्न-कोरोना संक्रमण के बीच विशेष रूप से 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों और असहायों के लिए किस राज्य द्वारा एक अनूठा अभियान एक संकल्प-बुजुर्गों के नाम संचालित किया जा रहा है?
(a) उत्तर प्रदेश(b) ओडिशा(c) बिहार(d) मध्य प्रदेश
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 19 अगस्त, 2019 को प्रकाशित रिपोर्टों के अनुसार, मध्य प्रदेश में कोरोना संक्रमण के बीच छतरपुर पुलिस द्वारा एक अनूठा अभियान 'एक संकल्प 'बुजुर्गों के नाम' संचालित किया जा रहा है।यह अभियान विशेष रूप से 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गो की मदद हेतु चलाया जा रहा है।इस अभियान के अंतर्गत पुलिस बुजुर्गों के घर में दवा, सब्जियां, दूध, आवश्यक सामग्री, टेलीफोन, टीवी रिचार्ज, ऑनलाइन आवेदन इत्यादि सुविधाएं हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से उपलब्ध करा रही है।
- प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने छतरपुर पुलिस की इस पहल की प्रशंसा की है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://newsonair.com/Main-News-Details.aspx?id=397646

'आयुष फॉर इम्युनिटी' अभियान

प्रश्न-'आयुष फॉर इम्युनिटी' अभियान से संबंधित निम्नलिखित तथ्यों पर विचार कीजिए।
(i) 'आयुष फॉर इम्युनिटी' एक पांच वर्षीय अभियान है।

(ii) यह अभियान आयुष मंत्रालय के नए डिजिटल संचार मंच आयुष वर्चुअल कन्वेंशन सेंटर (AVCC) पर शुरू किया गया।
(iii) यह अभियान COVID-19 महामारी के दौर में प्रतिरक्षा बढ़ाने हेतु जीवन शैली में बदलाव पर केंद्रित है।
उपरोक्त में गलत कथन है-
(a) (i) (b) (iii) (c) (i) तथा (ii) (d) (ii) तथा (iii)
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- आयुष मंत्रालय ने 14 अगस्त, 2020 को वेबी नार के माध्यम से 'आयुष फॉर इम्युनिटी' का शुभारंभ किया।आयुषफॉरइम्युनिटी एक तीन महीने का अभियान है।
- इस हेतु आयुष मंत्रालय के नए डिजिटल संचार मंच आयुष वर्चुअल कन्वेंशन सेंटर (AVCC) पर वेबीनार का आयोजन किया गया।इसवेबीनारमें50,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया।
- आयुष फॉर इम्युनिटी अभियान से संबंधित मुख्य बिंदु इस प्रकार हैं-
- इस अभियान का उद्देश्य COVID-19 महामारी के इस संकटपूर्ण दौर में प्रतिरक्षा को बढ़ावा देने वाली जीवन शैली अपनाने पर बल देना है।यहअभियानमनुष्योंमेंप्रतिरोधकक्षमता (Immunity) बढ़ाने वाले कदमों के प्रति लोगों के व्यवहार परिवर्तन की आवश्यकता पर बल देता है।इसके माध्यम से प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाली पारंपारिक दवाओं और प्रथाओं की सकारात्मक भूमिका को उजागर किया गया है।
- इस अभियान हेतु आयुष मंत्रालय के संरक्षण में विभिन्न पहलों (Initiatives) की योजना तैयार की गई है।
- इस मंच द्वारा इस बात पर जोर दिया गया है कि लोगों को प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि और रोगों की रोकथाम संबंधी आयुष-आधारित समाधानों की बहुमूल्य जानकारी प्राप्त हो।

सहयोग से सुरक्षा अभियान

प्रश्न-15 अगस्त, 2020 को किस राज्य में 'सहयोग से सुरक्षा अभियान' शुरू किया जाएगा।
(a) हरियाणा(b) मध्य प्रदेश(c) राजस्थान(d) उत्तराखंड
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 15 अगस्त, 2020 को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 'सहयोग से सुरक्षा अभियान' का शुभारंभ करेंगे।इसअभियानकामुख्यविषय (Theme) 'सहयोग और समर्थन से ही विजय-कोरोना समाप्ति का दृढ़ निश्चय' है।

- इस अभियान में शासकीय विभागों, स्वैच्छिक संगठन, व्यापारिक संगठन, धर्मगुरु और जनप्रतिनिधि भागीदारी करेंगे।इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जनजागरुकता के माध्यम से आम नागरिकों में सुरक्षा का भाव लाना है।
- यह अभियान सभी वर्गों के सहयोग से संचालित किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.mpinfo.org/News/TodaysNews.aspx?newsid=20200812N7&LocID=1

चीन भारत छोड़ो अभियान

प्रश्न-कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (CAIT) ने 'चीन भारत छोड़ो' (China Quit India) अभियान की शुरुआत कब की?
(a) 9 अगस्त, 2020 (b) 10 अगस्त, 2020 (c) 5 अगस्त, 2020 (d) 6 अगस्त, 2020
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 9 अगस्त, 2020 को कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (CAIT) ने 'चीन भारत छोड़ो' (China Quit India) अभियान की शुरुआत की।ध्यातव्य है कि ब्रिटिश भारत में महात्मा गांधी द्वारा शुरू किए गए भारत छोड़ो आंदोलन, जिसे अगस्त आंदोलन भी कहा जाता है, कि तर्ज पर CAIT द्वारा भी अगस्त में ही उपरोक्त अभियान को भी शुरू किया गया है।
- CAIT ने विभिन्न राज्यों के लगभग 600 स्थानों पर 'चीन भारत छोड़ो' अभियान को शुरू किया है।अभियान के तहत केंद्र सरकार से भारत में चीन के बढ़ते कदमों पर हल्ला बोलने का आग्रह किया जाएगा।साथ ही देश में चीन के निवेश तथा चीन के आयात का विरोध किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/article/current-affairs/cait-launches-china-quit-india-campaign-to-boycott-chinese-goods-120080900575_1.html

एक मास्क-अनेक जिंदगी जन-जागरुकता अभियान

प्रश्न-1 अगस्त से 15 अगस्त, 2020 तक किस राज्य में प्रत्येक नगरीय निकाय में 'एक मास्क-अनेक जिंदगी' जन-जागरुकता अभियान संचालित किया जा रहा है?
(a) उत्तर प्रदेश(b) मध्य प्रदेश(c) हिमाचल प्रदेश(d) हरियाणा
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 1 से 15 अगस्त, 2020 तक मध्य प्रदेश के प्रत्येक नगरीय निकाय में 'एक मास्क-अनेक जिंदगी' जन-जागरुकता अभियान संचालित किया जा रहा है।
- इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों में मास्क के प्रति जागरुकता लाना और उन्हें मास्क उपलब्ध कराना है।मास्करखनेकेलिएमास्कबैंकबनाएजाएंगे, जिसमें दान-दाताओं द्वारा इस बैंक में मास्क अथवा मास्क बनाने हेतु राशि दान की जा सकती है।
- इस राशि से स्व-सहायता समूहों के माध्यम से मास्क बनवाएं जाएंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.mpinfo.org/News/TodaysNews.aspx?newsid=20200731N19&LocID=1

सम्मेलन/समारोह

सीआईआई पब्लिक हेल्थ कॉन्फ्रेंस, 2020

प्रश्न-17-18 अगस्त, 2020 के मध्य किसकी अध्यक्षता में डिजिटल माध्यम से सीआईआई पब्लिक हेल्थ कॉन्फ्रेंस, 2020 का आयोजन किया गया?
(a) डॉ. विनोद के. पॉल(b) अश्वनी कुमार चौबे(c) डॉ. हर्षवर्धन(d) स्मृति ईरानी
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 17-18 अगस्त, 2020 को डिजिटल माध्यम से सीआईआई पब्लिक हेल्थ कॉन्फ्रेंस, 2020 आयोजित हुई।
- केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने इस दो दिवसीय सम्मेलन की अध्यक्षता की।
- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अश्वनी कुमार चौबे और नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ. विनोद के. पॉल ने भी डिजिटल माध्यम से इसमें भाग लिया।
- इस अवसर पर स्वास्थ्य और 'सीआईआई टीबी मुक्त कार्यस्थल अभियान' पर एक वर्चुअल प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया।
- साथ ही 'सीआईआई सार्वजनिक स्वास्थ्य रिपोर्ट' का भी विमोचन किया गया।
- टीबी मुक्त कार्यस्थल अभियान पर डॉ. हर्षवर्धन ने कहा कि टीबी के 26.4 लाख मामलों के साथ भारत की वैश्विक स्तर पर टीबी के मामलों में बड़ी हिस्सेदारी है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.expresshealthcare.in/news/cii-india-healthcare-week-from-august-17-21-2020/424189/

आत्मनिर्भर भारत के लिए व्यापार सुगमता पर सी.आई.आई. राष्ट्रीय डिजिटल सम्मेलन

प्रश्न-आत्मनिर्भर भारत के लिए सी.आई.आई. राष्ट्रीय डिजिटल सम्मेलन का उद्घाटन किसने किया?
(a) नरेंद्र मोदी(b) अमित शाह(c) पीयूष गोयल(d) राजनाथ सिंह
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 30 जुलाई, 2019 को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने आत्मनिर्भर भारत के लिए व्यापार सुगमता पर सी.आई.आई राष्ट्रीय डिजिटल सम्मेलन का उद्घाटन किया।
- इस दौरान उन्होंने यह जानकारी प्रदान की कि कोविड-19 संकट के दौरान भी भारत का निर्यात पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 88 प्रतिशत है, जबकि आयात पिछले वर्ष की समान अवधि का लगभग 75 प्रतिशत रहा।
- पीयूष गोयल के अनुसार, सरकार कठोर कानून को लचीला बनाने की व निरर्थक कानून को हटाने पर कार्य कर रही है, ऐसे में 20 औद्योगिक क्षेत्रों की पहचान की चुकी है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1642353

संधि/समझौता

मुंबई शहरी परिवहन परियोजना-III हेतु समझौता

प्रश्न-24 अगस्त, 2020 को भारत सरकार, महाराष्ट्र सरकार, मुंबई रेलवे विकास निगम और एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (एआईआईबी) के मध्य मुंबई में उपनगरीय रेलवे प्रणाली की नेटवर्क क्षमता, सेवा गुणवत्ता और सुरक्षा में सुधार हेतु कितनी राशि का ऋण समझौता मुंबई शहरी परिवहन परियोजना-III के लिए हस्ताक्षरित हुआ?
(a) 500 मिलियन डॉलर(b) 450 मिलियन डॉलर(c) 400 मिलियन डॉलर(d) 350 मिलियन डॉलर
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 24 अगस्त, 2020 को भारत सरकार, महाराष्ट्र सरकार, मुंबई रेलवे विकास निगम और एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (एआईआईबी) के मध्य मुंबई में उपनगरीय रेलवे प्रणाली की नेटवर्क क्षमता, सेवा गुणवत्ता और सुरक्षा में सुधार हेतु 500 मिलियन डॉलर राशि का ऋण समझौता मुंबई शहरी परिवहन परियोजना-111 के लिए हस्ताक्षरित हुआ।
- इस परियोजना की कुल अनुमानित लागत राशि 997 मिलियन डॉलर है।
- इस राशि में 500 मिलियन डॉलर एआईआईबी, 310 मिलियन डॉलर महाराष्ट्र सरकार और 187 मिलियन डॉलर राशि रेल मंत्रालय प्रदान करेगा।
- एआईआईबी द्वारा 500 मिलियन डॉलर की ऋण राशि में छूट की अवधि 5 वर्ष और परिपक्वता अवधि 30 वर्ष है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.newsonair.com/News?title=India-and-AIIB-sign-USD-500-million-loan-agreement-for-Mumbai-Urban-Transport-Project-III&id=398099

बुंदेलखंड क्षेत्र में जल प्रबंधन में सुधार हेतु समझौता

प्रश्न-20 अगस्त, 2020 को उत्तर प्रदेश सरकार ने बुंदेलखंड क्षेत्र में जल प्रबंधन में सुधार हेतु किस देश के जल संसाधन मंत्रालय के साथ समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए?
(a) नीदरलैंड्स(b) इस्राइल(c) ब्राजील(d) अमेरिका
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 20 अगस्त, 2020 को उत्तर प्रदेश सरकार ने बुंदेलखंड क्षेत्र में जल प्रबंधन में सुधार हेतु इस्राइल के जल संसाधन मंत्रालय के साथ समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- इस प्लॉन ऑफ को-ऑपरेशन (सहयोग योजना) पर इस्राइल की तरफ से भारत में इस्राइल के राजदूत डॉ. रॉन मल्का और उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा ने हस्ताक्षर किए।
- इस परियोजना के तहत बुंदेलखंड में जल सरंक्षण, जल व कुशल परिवाहन व कृषि में उन्नत जल प्रबंधन तीन मुख्य घटकों पर ध्यान दिया जायेगा।
- इस परियोजना को विदेश मंत्रालय के तहत अंतरराष्ट्रीय विकास सहयोग हेतु इस्राइल की एजेंसी मसाव (MASHAV) द्वारा विकसित किया गया था।
- इस परियोजना के तहत क्षेत्र में बेहतर कृषि उपायों और एकीकृत ड्रिप सिंचाई के माध्यम से जल संचयन का काम किया जाएगा।
- पहले चरण में झांसी जिले के बबीना ब्लॉक के 25 गांवों का चयन इस परियोजना के कार्यान्वयन हेतु किया गया है।

- खेती की नवीनतम तकनीकों को लागू करने हेतु इस्त्राइल के विशेषज्ञों की भी मदद ली जाएगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.uniindia.com/israel-signs-agreement-with-up-govt-on-water-cooperation-in-bundelkhand/north/news/2129564.html

फ्लिपकार्ट के साथ उद्योग केंद्रित अनुसंधान हेतु समझौता

प्रश्न-18 अगस्त, 2020 को कृत्रिम बुद्धिमता (एआई), प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण (एनएलपी) और मशीन लर्निंग के क्षेत्र में उद्योग केंद्रित अनुसंधान हेतु फ्लिपकॉर्ट और किस आईआईटी के मध्य समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ?
(a) आईआईटी-पटना(b) आईआईटी, कानपुर(c) आईआईटी, दिल्ली(d) आईआईटी, रुड़की
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 18 अगस्त, 2020 को कृत्रिम बुद्धिमता (एआई), प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण (एनएलपी) और मशीन लर्निंग के क्षेत्र में उद्योग केंद्रित अनुसंधान हेतु फ्लिपकॉर्ट और आईआईटी, पटना के मध्य समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ।
- इस समझौता-ज्ञापन के एक भाग के रूप में आईआईटी पटना संयुक्त अनुसंधान गतिविधियों, शोध पत्र लिखने, सेमिनार आयोजित करने, इंटर्नशिप/मेंटरशिप के अवसरों हेतु कई कार्यक्रम करेगा।
- शैक्षणिक गठजोड़ से छात्रों और आईआईटी पटना के शोधार्थियों को वातस्तविक तौर पर उद्योग की आवश्यकताओं को समझने में मदद मिलेगी और संकाय सदस्यों को फ्लिपकॉर्ट के साथ शोध परियोजनाओं पर काम करने का अवसर प्राप्त होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://stories.flipkart.com/flipkart-forges-academic-collaboration-with-iit-patna-final-1/

दिल्ली पुलिस-एआईआईए के मध्य समझौता

प्रश्न-18 अगस्त, 2020 को दिल्ली पुलिस की आवासीय कॉलोनियों में आयुर्वेद के प्रतिरोधात्मक और संवर्धनकारी स्वास्थ्य सेवाओं का विसतार करने हेतु दिल्ली पुलिस और किसके मध्य समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ?
(a) दिल्ली सरकार(b) आयुष मंत्रालय(c) अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान
(d) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 18 अगस्त, 2020 को दिल्ली पुलिस की आवासीय कॉलोनियों में आयुर्वेद के प्रतिरोधात्मक और संवर्धनकारी स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करने हेतु अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) और दिल्ली पुलिस के मध्य एक समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ।
- इन सेवाओं को 'धनवंतरी रथ' नामक मोबाइल इकाई और पुलिस कल्याण केंद्र के माध्यम से प्रदान किया जाएगा।एआईआईएकीनिदेशकप्रो. तनुजामनोजनेसरीकीकीउपस्थितिमेंधनवंतरीरथकोरवानाकियागया।आयुषमंत्रालयकेअंतर्गतस्वायत्तसंस्थानआयुरक्षा, एआईआईए और दिल्ली पुलिस का एक संयुक्त उपक्रम है।
- जिसका उद्देश्य आयुर्वेद प्रतिरक्षा बढ़ाने के उपायों के माध्यम से दिल्ली पुलिस जैसे फ्रंटलाइन कोविड-19 योद्धओं के स्वास्थ्य को बनाए रखना है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1646768

एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित करने हेतु नई साझेदारी

प्रश्न-19 अगस्त, 2020 को एयरोस्पेस इंजीनियरिंग क्षेत्र में इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित करने हेतु किस संस्थान ने सीएसआईआर-नेशनल एयरोस्पेस लैबोरेटरी (एनएएल) के साथ नई साझेदारी की?
(a) डीआरडीओ(b) बार्क(c) एनआरडीसी(d) उपरोक्त में कोई नहीं
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 19 अगस्त, 2020 को एयरोस्पेस इंजीनियरिंग क्षेत्र में इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित करने हेतु विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान विभाग (डीएसआईआर) के तहत कार्यरत नेशनल रिसर्च डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एनआरडीसी) ने सीएसआईआर-नेशनल एयरोस्पेस लैबोरेटरी (एनएएल) के साथ नई साझेदारी की।v इस संबंध में सीएसआईआर-एनएएल और एनआरडीसी के मध्य एक समझौता हस्ताक्षरित हुआ।
- इस नई साझेदारी के तहत दोनों संस्थान मिलकर एयरोस्पेस इंजीनियरिंग के उभरते क्षेत्रों से जुड़ी स्टार्ट अप कंपनियों को प्रोत्साहित करेंगे।
- इस पहल के तहत एयरोस्पेस इंजीनियरिंग के क्षेत्र में स्टार्टअप कंपनियों को इन्क्यूबेशन के साथ-साथ उत्पाद एवं प्रोटोटाइप विकसित करने एवं उसे वैधता दिलाने हेतु आवश्यक सलाह और समर्थन प्राप्त होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1646878

जेसीआई एनएससी के मध्य समझौता

प्रश्न-19 अगस्त, 2020 को भारतीय पटसन निगम (जेसीआई) और राष्ट्रीय बीज निगम (एनएससी) के मध्य हुआ समझौता-ज्ञापन के तहत भारतीय पटसन निगम फसल वर्ष 2021-22 में 10,0000 क्विंटल जूट के किस किस्म के प्रमाणित बीज का वितरण करेगा?
(a) फूलेश्वरी(b) जेआरओ-204 (c) तोसाह(d) चिनसुरा ग्रीन
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 19 अगस्त, 2020 को वर्ष 2021-22 में किसानों को जूट के प्रमाणित व अच्छी गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराने हेतु भारतीय पटसन निगम (जेसीआई) और राष्ट्रीय बीज निगम (एनएससी) के मध्य समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ।
- इस समझौता-ज्ञापन के तहत भारतीय पटसन निगम (जेसीआई) फसल वर्ष 2021-22 में 10,000 क्विंटल जूट के जेआरओ-204 किस्म के प्रमाणित बीज वितरित करेगा।
- वाणि इससे पूर्व वाणिज्यिक विरतरण के लिए जेसीआई राष्ट्रीय बीज निगम (एनएससी) से प्रमाणित बीज खरीदेगा।
- इस खरीद से 5-6 लाख किसान परिवार लाभान्वित होंगे।
- उल्लेखनीय है कि जूट परियोजना, आईकेयर के अंतर्गत क्षेत्र की 3 एजेंसियां भारतीय पटसन निगम (जेसीआई), राष्ट्रीय जूट बोर्ड (एनजेबी) और सेंट्रल रिसर्च फॉर जूट एंड एलाइड फाइबर्स जूट की मात्रा और गुणवत्ता के समग्र सुधार हेतु आधुनिक कृषि विज्ञान आधारित प्रथाओं को बढ़ावा दे रही हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1647035

मैकडॉनल्ड्स इंडिया (उत्तर और पूर्व) और डॉटपे साझेदारी

प्रश्न-मैकडॉनल्ड्स इंडिया (नॉर्थ एंड ईस्ट) और डॉटपे साझेदारी के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है?
(a) एक प्रौद्योगिकी स्टार्टअप, डॉटपे रेस्तरां और एफएंडबी ब्रांडों को डिजिटल रूपांतर (Digital Transformation) और वाणिज्य समाधान प्रदान करता है।
(b) मैकडॉनल्ड्स इंडिया (नॉर्थ एंड ईस्ट) और डॉटपे साझेदारी के तहत, DotPe ने सभी प्रमुख रेस्तरां

में क्यूआर कोड बना रखा है, और स्टोर प्रबंधक इसके उपयोग से ग्राहकों का मार्गदर्शन करेंगे।
(c) (a) और (b) दोनों
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- डॉटपे (एक प्रौद्योगिकी स्टार्टअप) रेस्तरां और एफएंडबी ब्रांडों को डिजिटल रूपांतर (Digital Tranfromation) और वाणिज्य समाधान प्रदान करता है।
- मैकडॉनल्ड्स इंडिया (नॉर्थ एंड ईस्ट) और डॉटपे ने रेस्तरां में संपर्क रहित आदेश (Contactless Ordering) के लिए साझेदारी किया है।
- साझेदारी के तहत, (DotPe) ने सभी प्रमुख रेस्तरां में क्यूआर कोड बना रखा है, और रेस्तरां/स्टोर प्रबंधक इसके उपयोग से ग्राहकों का मार्गदर्शन करेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/industry/services/hotels-/-restaurants/mcdonalds-india-north-east-launches-contactless-ordering-in-partnership-with-dotpe/articleshow/77529012.cms

खाद्य एवं पोषण के संबंध में सहयोगात्मक अनुसंधान एवं सूचना प्रसार हेतु समझौता

प्रश्न-7 अगस्त, 2020 को वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) और किस संस्थान के बीच खाद्य एवं पोषण के संबंध में सहयोगात्मक अनुसंधान एवं सूचना प्रसार हेतु समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ?
(a) केवीआईसी(b) भारतीय खाद्य सुरक्षा विभाग(c) एफएसएसएआई(d) उपरोक्त में कोई नहीं
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 7 अगस्त, 2020 को वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान, परिषद (सीएसआईआर) और भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के मध्य समझौता-ज्ञाापन हस्ताक्षरित हुआ।
- इस समझौता-ज्ञापन का उद्देश्य खाद्य एवं पोषण के संबंध में सहयोगात्मक अनुसंधान एवं सूचना का प्रसार करना है।
- इस समझौते के तहत दोनों संगठन खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा पर भरोसेमंद रिपोर्टिंग हेतु पद्धतियों के विकास एवं वैधीकरण के उद्देश्य से देशभर में प्रयोगशालाओं के नेटवर्क के गुणवत्तापूर्ण आश्वासन को सुदृढ़ बनाने की दिशा में सहयोग करेंगे।

- भारत के इन दो प्रमुख संस्थानों के बीच सहयोग न्यू फूड सिस्टम 2050 के विजन को पूरा करने में योगदान देगा।
- 2050 की नई कल्पित भोजन प्रणाली में जैविक रूप से उत्पादित स्वास्थ्यवर्द्धक, पोषक, पौध आधारित, स्थानीय, मौसमी एवं स्वदेशी भोजन की मांग में तीव्र बढ़ोत्तरी होगी।
- सीएसआईआर के साथ समझौता-ज्ञापन एफएसएसएआई को विद्यमान एवं नवीन प्रौद्योगिकियों एवं कार्यक्रमों की पहचान करने, खाद्य उपभोग के संबंध में डाटा एकत्रित करने, वर्तमान उभरते जोखिमों की घटना एवं व्याप्ति, एक त्वरित अलर्ट प्रणाली का विकास एवं इस उद्देश्य हेतु गुणवत्ता आश्वासन प्रयोगशाला नेटवर्क को बनाने में सक्षमता प्रदान करेगा।
- उल्लेखनीय है कि एफएसएसएआई को इसके 'ईट राइट इंडिया' के लिए रॉकफेलर फाउंडेशन, सेकेंड न्यूज एवं ओपन आईडियो द्वारा पुरस्कृत किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1644234

गुजरात-UKIBC डील

प्रश्न-UKIBC का पूर्ण रूप है-
(a) UK India Business Council(b) UK India Business Committee
(c) UK India Business Cooperation (d) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- जुलाई, 2020 में UK India Business Council (UKIBC) ने गुजरात सरकार (INDEXTB) के साथ एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया।
- **उद्देश्य–**
- यह समझौता गुजरात में बिजनेस एवं इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट में तीव्रता लाने के लिए किया गया है।
- साथ ही साथ यह गुजरात में स्थित ब्रिटिश बिजनेसों (व्यवसायों) अर्थात् ब्रिटिश इंडस्ट्रीज के साथ सहयोग को मजबूत करेगा।
- **Indextb**
- 'इंडस्ट्रियल एक्सटेंशन ब्यूरो (Indextb) गुजरात की एक निवेश प्रोत्साहन एजेंसी है। इसका कार्य गुजरात के औद्योगिक विकास को बढ़ाना है। यह इस उद्देश्य हेतु गठित एक सर्वोच्च विभाग (Premier agency) है।
- **UKIBC**

- यह सदस्यता आधारित एक गैर-सरकारी संगठन है, जिसकी स्थापना 2007 में की गई थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.ukibc.com/gujarat-government-and-uk-india-business-council-sign-mou-to-strengthen-the-states-industrial-development/

रक्षा मंत्रालय द्वारा जन शिकायतों के प्रभावी निपटारे हेतु समझौता

प्रश्न-4 अगस्त, 2020 को जन शिकायतों के प्रभावी निपटारे हेतु रक्षा मंत्रालय ने किस भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) और प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग के साथ त्रिपक्षीय समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए?

(a) आईआईटी, रुड़की(b) आईआईटी, दिल्ली(c) आईआईटी, बॉम्बे(d) आईआईटी, कानपुर

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 4 अगस्त, 2020 को जन शिकायतों के प्रभावी निपटारे हेतु रक्षा मंत्रालय ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), कानपुर और प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग के साथ त्रिपक्षीय समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- इस समझौता-ज्ञापन के तहत आईआईटी, कानपुर की तरफ से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) और मशीन लर्निंग तकनीकों का उपयोग करते हुए एक ऐसी प्रणाली विकसित किया जाना परिकल्पित है, जो वेब आधारित केन्द्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली पर रक्षा मंत्रालय से जुड़ी शिकायतों का पूर्व विश्लेषण करके उसका प्रभावी तरीके से निपटारा कर सके।
- प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) जन शिकायतों के निपटारे हेतु भारत सरकार की नोडल एजेंसी है।
- समझौता-ज्ञापन के प्रावधानों के तहत यह निर्धारित किया गया है कि डीएआरपीजी शिकायत निपटान हेतु रक्षा मंत्रालय से संबंधित डेटा आईआईटी, कानपुर को उपलब्ध कराएगा, जिससे वह उनका व्यापक विश्लेषण कर सकें।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.businessworld.in/article/IIT-Kanpur-defence-ministry-DARPG-sign-MoU-to-develop-AI-techniques-for-analysing-public-grievances/04-08-2020-305042/

आई.आई.टी. कानपुर और लोक शिकायत विभाग (ARPG) के साथ रक्षा मंत्रालय ने त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किये

प्रश्न-हाल ही में सार्वजनिक शिकायतों की पूर्वानुमानात्मक विश्लेषण करने के लिए किस संस्थान से रक्षा मंत्रालय ने त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किया?
(a) आई.आई.टी. भुवनेश्वर(b) आई.आई.टी., कानपुर(c) आई.आई.टी., दिल्ली(d) आई.आई.टी., मुम्बई
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 4 अगस्त, 2020 को रक्षा मंत्रालय, प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (DARPG) और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर के बीच त्रिपक्षीय समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।
- **समझौता :-** रक्षामंत्रालयसेजुड़ीजनशिकायतोंकापूर्वविश्लेषणकरउनकाप्रभावीतरीकेसेनिपटाराकरनेकेलिएIIT कानपुर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) और मशीन लर्निंग जैसी तकनीकों का समावेश करेगा।यहसमावेशनवेबआधारितCPGRAMS (केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली) पर किया जाएगा।
- **CPGRAMS :-**इसे2007 में DARPG द्वारा सृजित किया गया था।
- यह शासन (Governance) में सुधार हेतु एक प्रमुख पहल है।
- ध्यातव्य है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जन शिकायतों के सर्वोच्च प्रभारी हैं, जबकि इससे संबंधित मंत्रालय के प्रमुख (मंत्री, स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.hindustantimes.com/education/iit-kanpur-defence-ministry-darpg-sign-mou-to-develop-ai-techniques-for-analysing-public-grievances/story-ONDABI68AQNWnnShKOPcSP.html

स्मार्ट ग्रिड प्रौद्योगिकी में प्रशिक्षण, अनुसंधान एवं उद्यमिता विकास हेतु समझौता

प्रश्न-29 जुलाई, 2020 को पॉवर फाइनेंस कॉर्पोरेशन (पीएफसी) ने स्मार्ट ग्रिड प्रौद्योगिकी में प्रशिक्षण, अनुसंधान और उद्यमिता के विकास हेतु किस भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के साथ समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए?
(a) आईआईटी, रुड़की(b) आईआईटी, दिल्ली
(c) आईआईटी, कानपुर(d) आईआईटी, मद्रास

उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 29 जुलाई, 2020 को पॉवर फाइनेंस कॉर्पोरेशन ने स्मार्ट ग्रिड प्रौद्योगिकी में प्रशिक्षण, अनुसंधान और उद्यमिता के विकास हेतु भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), कानपुर के साथ समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- इस समझौता-ज्ञापन के तहत पॉवर फाइनेंस कॉर्पोरेशन (पीएफसी) अपनी सीएसआर पहल के लिए आईआईटी, कानपुर को 2 करोड़ 38 लाख 97 हजार रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करेगा।
- इस समझौते का उद्देश्य स्मार्ट ग्रिड प्रौद्योगिकी में अनुसंधान एवं विकास के लिए बुनियादी ढांचा विकसित करने में आईआईटी, कानपुर को सहायता प्रदान करना है।
- परियोजना के एक भाग के रूप में आईआईटी, कानपुर द्वारा प्रतिभागियों को स्मार्ट ग्रिड प्रौद्योगिकी पर न केवल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, अपितु स्मार्ट ग्रिड प्रौद्योगिकी पर डेवलपमेंट ऑफ आइडियाज हेतु चयनित किए गए 9 उम्मीदवारों को फैलोशिप भी प्रदान की जाएगी।
- इन फैलो को आईआईटी, कानपुर के स्टार्ट-अप इनोवेशन एंड इन्क्यूबेशन सेंटर (SIIC) की तरफ से सहायता भी प्रदान की जाएगी और उन्हें उद्यमिता गतिविधियों की शुरुआत करने हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/article/companies/pfc-ties-up-with-iit-kanpur-for-research-training-in-smart-grid-technology-120072901056_1.html

भारत-जिम्बाब्वे में समझौता

प्रश्न-29 जुलाई, 2020 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा किस क्षेत्र में सहयोग पर भारत और जिम्बाब्वे के मध्य हस्ताक्षरित समझौता-ज्ञापन को पूर्व-व्यापी मंजूरी प्रदान की गई?
(a) कृषि(b) सूचना प्रौद्योगिकी(c) विनिर्माण(d) पारंपरिक चिकित्सा पद्धति और होम्योपैथी
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 29 जुलाई, 2020 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा पारंपरिक चिकित्सा पद्धति और होम्योपैथी के क्षेत्र में सहयोग हेतु भारत और जिम्बाब्वे के मध्य हस्ताक्षरित समझौता-ज्ञापन को पूर्वव्यापी मंजूरी प्रदान की गई।
- यह समझौता-ज्ञापन 30 नवंबर, 2018 को हस्ताक्षरित हुआ था।

- इस समझौता-ज्ञापन का उद्देश्य समानता और आपसी लाभ के आधार पर दोनों देशों के बीच पारंपरिक चिकित्सा पद्धति के क्षेत्र में सहयोग को सुदृढ़ करना, बढ़ावा देना और विकसित करना है।
- समझौता-ज्ञापन को मंजूरी प्राप्त होने से पारंपरिक चिकित्सा पद्धति और होम्योपैथी को बढ़ावा देने हेतु दोनों देशों के मध्य सहयोग करने के संदर्भ में रूपरेखा तैयार की जाएगी और इससे पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में दोनों देश पारस्परिक रूप से लाभान्वित होंग

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/Pressreleaseshare.aspx?PRID=1554953

जीईडीसीओएल-एनएचपीसी में समझौता

प्रश्न-20 जुलाई, 2020 को कुल कितनी क्षमता वाली फ्लोटिंग सौर परियोजनाओं को विकसित करने के लिए ग्रीन एनर्जी डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ऑफ ओडिशा लिमिटेड (जीईडीसीओएल) और नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन (एनएचपीसी) ने एक संयुक्त उद्यम कंपनी बनाने हेतु समझौते पर हस्ताक्षर किए?

(a) 250 मेगावॉट(b) 350 मेगावॉट(c) 500 मेगावॉट(d) 750 मेगावॉट

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 20 जुलाई, 2020 को कुल 500 मेगावॉट की क्षमता वाली फ्लोटिंग सौर परियोजनाओं को विकसित करने के लिए ग्रीन एनर्जी डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ऑफ ओडिशा लिमिटेड (जीईडीसीओएल) और नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन (एनएचपीसी) ने एक संयुक्त उद्यम कंपनी बनाने हेतु समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- संयुक्त उद्यम कंपनी परियोजना को नए और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की अल्ट्रा मेगा रिंयूबल एनर्जी पावर पार्क योजना के तहत संयुक्त उद्यम मोड में ओडिशा के विभिन्न जलाशयों में चरणबद्ध ढंग से कार्यान्वित करेगी।
- इन परियोजनाओं पर कुल अनुमानित 2500 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा।
- परियोजना का पहला चरण मार्च, 2022 तक चालू होने की संभावना है।
- प्रत्येक विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) परियोजना की कल्पना करने के लिए ऊष्मायन अवधि लगभग 7-8 माह और प्रत्येक कल्पित परियोजना के पूरा होने की अनुमानित अवधि लगभग 18 माह होगी।
- यह समझौता-ज्ञापन वर्ष 2022 तक 2200 मेागावॉट सौर और 550 मेगावॉट गैर-सौर नवीकरणीय परियोजनाओं की स्थापना हेतु ओडिशा अक्षय उर्जा नीति, 2016 के तहत निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने में ओडिशा की मदद करेगा।

- ओडिशा में वर्तमान में संस्थापित क्षमता-नवीकरणीय ऊर्जा सौर ऊर्जा से 362 मेगावॉट सौर तथा गैर-सौर स्रोतों से 77 मेगावॉट है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.outlookindia.com/newsscroll/gedcol-nhpc-sign-mou-to-develop-floating-solar-power-projects-in-odisha/1899007#:~:text=Bhubaneswar%2C%20Jul%2020%20(PTI),venture%20company%2C%20an%20official%20said.

संघ/संगठन

नौसेनानवोन्मेषणएवंस्वदेशीकरणसंगठन

प्रश्न-13 अगस्त, 2020 को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने एक वेबीनार के माध्यम से नौसेना नवोन्मेषण एवं स्वदेशीकरण संगठन (एनआईआईओ) का शुभारंभ किया। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथा सही नहीं है।

(a) इसका शुभारंभ रक्षामंत्री ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में किया।
(b) नौसेना नवोन्मेषण एवं स्वेदेशीकरण संगठन (एनआईआईओ) एक त्रिस्तरीय संगठन है।
(c) नौसेना प्रौद्योगिकी त्वरण परिषद (एन-टीएसी) नवोन्मेषण एवं स्वदेशीकरण दोनों पहलुओं को एक साथ लाएगी और शीर्ष स्तरीय निर्देश उपलब्ध कराएगी।
(d) इसके शुभारंभ के दौरान भारतीय नौसेना ने 2 समझौता-ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए।

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 13 अगस्त, 2020 को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने ऑनलाइन वेबीनार के माध्यम से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में नौसेना नवोन्मेषण एवं स्वदेशीकरण संगठन (एनआईआईओ) का शुभारंभ किया।
- यह संगठन आत्म-निर्भर भारत के विजन के दृष्टिगत रक्षा क्षेत्र में आत्म-निर्भरता हेतु नवोन्मेषण एवं स्वदेशीकरण को प्रेरित करने की दिशा में शिक्षा क्षेत्र और उद्योग के साथ परस्पर संवाद हेतु अंतिम उपयोगकर्ताओं के लिए समर्पित संरचनाओं का निर्माण करेगा।
- एनआईआईओ एक त्रिस्तरीय संगठन है।
- नौसेना प्रौद्योगिकी त्वरण परिषद (एन-टीएसी) नवोन्मेषण एवं स्वदेशीकरण दोनों पहलुओं को एक साथ लाएगी और शीर्ष स्तरीय निर्देश उपलब्ध कराएगी।
- एन-टीएसी के तहत एक कार्यसमूह द्वारा परियोजनाएं कार्यान्वित की जाएगी।

- त्वरित समयावधि में उभरती बाधाकरी प्रौद्योगिकी के समावेशन हेतु एक प्रौद्योगिकी विकास त्वरण प्रकोष्ठ (टी-डीएसी) का भी सृजन किया गया है।
- प्रारूप रक्षा अधिग्रहण नीति 2020 (डीएपी 20) में सेना मुख्यालय द्वारा विद्यमान स्रोतों के भीतर एक नवोन्मेषण एवं स्वदेशीकरण संगठन की स्थापना किए जाने की परिकल्पना की गई थी।
- इसके शुभारंभ के दौरान भारतीय नौसेना ने 4 समझौता-ज्ञापनों (उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (UPEIDA), रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय (RSU) गुजरात, मेकर विलेज, कोच्चि एवं सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्यूफैक्चरर्स (SIDM)) पर हस्ताक्षर किए।
- रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय (RSU) गुजरात की साझेदारी में घरेलू उद्योग एवं शैक्षणिक संस्थानों को शामिल करने हेतु एक ऑनलाइन चर्चा फोरम भी सृजित किया गया है।
- इस अवसर पर भारतीय नौसेना का 'स्वावलंबन' नामक स्वदेशीकरण परिप्रेक्ष्य योजनाओं के एक सार संग्रह का भी विमोचन किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1645549

फेडरल बैंक-Fiserv साझेदारी

प्रश्न-फेडरल बैंक-Fiserv साझेदारी के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
(a) यह साझेदारी फेडरल बैंक के पहले स्वतंत्र क्रेडिट कार्ड को लांच करने के लिए की गई है।
(b) यह साझेदारी फेडरल बैंक के दूसरे स्वतंत्र क्रेडिट कार्ड को लांच करने हेतु की गई है।
(c) यह साझेदारी फेडरल बैंक के तीसरे स्वतंत्र क्रेडिट कार्ड को लांच करने के लिए की गई है।
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- फेडरल बैंक ने अपने पहले स्वतंत्र क्रेडिट कार्ड को लांच करने के लिए 'Fiserv' के साथ साझेदारी किया है।जिसकीघोषणा'Fiserv' द्वारा 12 अगस्त, 2020 को की गई।
- 'Fiserv' एक शीर्ष वैश्विक 'भुगतान एवं वित्तीय सेवा प्रौद्योगिकी' समाधान प्रदाता फर्म है।
- फेडरल बैंक द्वारा कार्ड जारी करने की शुरू से लेकर अंत तक की सभी प्रक्रिया के डिजिटलीकरण हेतु 'Fiserv' से मदद ली जाएगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://investors.fiserv.com/news-releases/news-release-details/federal-bank-chooses-fiserv-support-launch-their-first?_ga=2.128161544.585127676.1597651312-1482820552.1597651312

विधि/न्याय

झारखंड संक्रामक रोग अध्यादेश, 2020

प्रश्न-22 जुलाई, 2020 को झारखंड सरकार ने झारखंड संक्रामक रोग अध्यादेश, 2020 को मंजूरी प्रदान की। इस अध्यादेश के तहत यदि कोई व्यक्ति नियमों का उल्लंघन करता है और मास्क नहीं पहनता है तो उस व्यक्ति पर कितना जुर्माना और सजा का प्रावधान किया गया है?
(a) 25 हजार रुपये जुर्माना, 2 माह जेल की सजा(b) 50 हजार रुपये जुर्माना, 5 माह जेल की सजा
(c) 75 हजार रुपये जुर्माना, 6 माह जेल की सजा(d) 1 लाख रुपये जुर्माना, 2 वर्ष जेल की सजा
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- जुलाई, 2020 में झारखंड सरकार ने झारखंड संक्रामक रोग अध्यादेश, 2020 (Contagious Disease Ordinance) को मंजूरी प्रदान की।
- इस अध्यादेश अंतर्गत कोरोना वायरस से बचाव के नियमों की अवहेलना करने वालों पर जुर्माने एवं सजा का प्रावधान किया गया है।
- यदि कोई व्यक्ति नियमों का उल्लंघन करता है, या फिर मास्क नहीं पहनता है तो ऐसे व्यक्तियों पर 1 लाख रुपये तक का जुर्माना और 2 वर्ष तक की जेल की सजा का प्रावधान है।

वर्ष/दिवस/सप्ताह

अर्थ ओवरशूट डे

प्रश्न-वर्ष 2020 में 'अर्थ ओवरशूट डे' कब मनाया गया?
(a) 18 अगस्त(b) 21 अगस्त(c) 22 अगस्त(d) 17 अगस्त
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 22 अगस्त, 2020 को संपूर्ण विश्व में 'अर्थ ओवरशूट डे' (Earth Overshoot Day) मनाया गया।
- यह वह अनुमानित दिन है, जब मनुष्य उस वर्ष के लिए निर्धारित प्राकृतिक संसाधनों का उपभोग कर चुका होता है।
- इस सीमा के बाद उपभोग उस वर्ष में प्रकृति द्वारा मनुष्य पर ऋण होता है।
- इसलिए इस दिवस को पारिस्थितिक ऋण दिवस भी कहा जाता है।

- इस दिवस का उद्देश्य पृथ्वी के सीमित संसाधनों के प्रति जागरूकता के लिए उसे संरक्षित करना है।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.overshootday.org/

विश्व हाथी दिवस

प्रश्न-'विश्व हाथी दिवस' कब मनाया जाता है?
(a) 13 अगस्त(b) 10 अगस्त(c) 5 अगस्त(d) 12 अगस्त
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 12 अगस्त, 2020 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व हाथी दिवस' (World Elephant Day) मनाया गया।
- यह दिवस हाथियों के संरक्षण, गैर-कानूनी शिकार और तस्करी रोकने, उनके बेहतर इलाज और पकड़े गए हाथियों को अभयारण्यों में भेजे जाने के लिए जागरुकता प्रदान करने के लिए मनाया जाता है।इसकेअलावा, इस दिवस के आयोजन का उद्देश्य जंगली हाथियों की संख्या उनकी बेहतरी और प्रबंधन के बारे में जानकारी उपलब्ध कराना है।
- आईयूसीएन (IUCN: International Union for Conservation of Nature) की रेड लिस्ट में 'अफ्रीकन हाथी' एवं 'एशियन हाथी' लुप्त प्राप्त की श्रेणी में दिखाए गए हैं।
- इस दिवस की शुरुआत कनाडा की फिल्म निर्माता पेक्ट्रीका सिम्स और केनाज वेस्ट पिक्चर्स के माइकल क्लार्क, थाइलैंड के एलिफेंट की इंट्रोडक्शन फाउंडेशन के महासचिव सिवापॉर्न पिक्चर्स ददारेन्डा द्वारा वर्ष 2011 में की गई थी।
- आधिकारिक रूप से इसका शुभारंभ 12 अगस्त, 2012 को सिम्स और एलिफेंट की इंट्रोडक्शन फाउंडेशन ने किया था।
- वर्तमान में देश के 14 राज्यों में लगभग 65000 वर्ग किलोमीटर में हाथियों के 30 रिजर्व हैं।
- एशियाई हाथियों की वैश्विक आबादी का 60 प्रतिशत से अधिक भारत में है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.unenvironment.org/news-and-stories/story/take-virtual-safari-celebrate-world-elephant-day

अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस

प्रश्न-'अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस' कब मनाया जाता है?
(a) 12 अगस्त(b) 13 अगस्त(c) 10 अगस्त(d) 8 अगस्त
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 12 अगस्त, 2020 को संपूर्ण विश्व में 'अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस' (International Youth Day) मनाया गया।
- मुख्य विषय (Theme) 'Youth Engagement for Global Action'
- उद्देश्य-गरीबी उन्मूलन एवं सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए युवा लोगों की अग्रणी भूमिका सुनिश्चित करना।
- उल्लेखनीय है कि 17 दिसंबर, 1999 को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा '12 अगस्त' को इस दिवस को मनाने की घोषणा की गई थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.un.org/en/observances/youth-day

विश्व जैव ईंधन दिवस

प्रश्न-'विश्व जैव ईंधन दिवस' कम मनाया जाता है?
(a) 8 अगस्त(b) 10 अगस्त(c) 5 अगस्त(d) 11 अगस्त
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 10 अगस्त, 2020 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व जैव ईंधन दिवस' (World Biofuel Day) मनाया गया।
- वर्ष 2020 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme) 'जैव ईंधन की ओर आत्मनिर्भर भारत' (Biofuel to Wards Atmanirbhar Bharat) है।
- उद्देश्य-पारंपरिक जीवाश्म ईंधनों के विकल्प के रूप में गैर-जीवाश्म ईंधनों के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाया।
- उल्लेखनीय है कि जैव ईंधन पर राष्ट्रीय नीति, 2018 में वर्ष 2030 तक हाई स्पीड डीजल (HSD) में 5 प्रतिशत जैव डीजल को मिश्रित करने के लक्ष्य की परिकल्पना की गई है।
- जैव-ईंधन नवीकरणीय, जैव-निम्नीकरणीय, टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल है।

- ज्ञातव्य है कि 10 अगस्त, 1893 में डीजल इंजन के आविष्कार सर रूडोल्फ डीजल ने सफलतापूर्वक मूंगफली के तेल से मैकेनिकल इंजन चलाया था।
- इसी असाधारण उपलब्धि की स्मृति में प्रतिवर्ष 10 अगस्त को यह मनाया जाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1644755#:~:text=World%20Biofuel%20Day%20is%20observed,Government%20in%20the%20Biofuel%20sector.

'अगस्त क्रांति' सप्ताह

प्रश्न-9 अगस्त से 15 अगस्त, 2020 तक किस राज्य में 'अगस्त क्रांति सप्ताह' मनाया जा रहा है।?
(a) उत्तर प्रदेश(b) पंजाब(c) महाराष्ट्र(d) राजस्थान
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 9 अगस्त, 2020 को राष्ट्रपति महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर जयपुर में 'अगस्त क्रांति सप्ताह' का शुभारंभ किया गया।
- 'अगस्त क्रांति सप्ताह' 9 अगस्त से 15 अगस्त, 2020 तक मनाया जाएगा।
- इस सप्ताह के दौरान 7 दिनों तक जिला एवं उपखंड स्तर पर कई कार्यक्रम आयोजित किए आएंगे, जिसमें स्वच्छता दिवस, स्वच्छता सेनानियों का सम्मान, युवाओं को संबोधन, महिला कोरोना वारियर्स का सम्मान, ऑनलाइन किसान सम्मेलन जैसे कई कार्यक्रम शामिल हैं।
- उल्लेखनीय है कि 8 अगस्त, 1942 को महात्मा गांधी ने 'अग्रेजों भारत छोड़ो' का नारा देकर पूरे भारत में सविनय अवज्ञा आंदोलन शुरू किया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.patrika.com/jaipur-news/august-revolution-week-e-150th-birth-anniversary-of-mahatma-gandhi-6311981/

विश्व के स्थानीय लोगों का अंतरराष्ट्रीय दिवस

प्रश्न-'विश्व के स्थानीय लोगों का अंतरराष्ट्रीय दिवस' कब मनाया जाता है?
(a) 9 अगस्त(b) 10 अगस्त(c) 7 अगस्त(d) 5 अगस्त
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 9 अगस्त, 2020 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व के स्थानीय लोगों का अंतरराष्ट्रीय दिवस' (International Day of the World's Indigenous Peoples) मनाया गया।
- वर्ष 2020 मुख्य विषय (Theme)-'Covid-19 and Indigenous Peoples' Resilience।
- उल्लेखनीय है कि 13 सितंबर, 2007 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने स्थानीय लोगों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र घोषणा पत्र (UN Declartion on the Rights of Indigenous Peoples) को अपनाया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.un.org/en/observances/indigenous-day

राष्ट्रीय हथकरघा दिवस

प्रश्न-'राष्ट्रीय हथकरघा दिवस' कब मनाया जाता है?
(a) 6 अगस्त(b) 7 अगस्त(c) 5 अगस्त(d) 3 अगस्त
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 7 अगस्त, 2020 को देशभर में छठवां 'राष्ट्रीय हथकरघा दिवस' (National Handloom Day) मनाया गया।
- इस दिवस को मनाने का उद्देश्य हथकरघा उद्योग के महत्व एवं आमतौर पर देश के सामाजिक, आर्थिक विकास में इसके योगदान के बारे में जागरूकता फैलाना है।
- गौरतलब है कि 7 अगस्त, 1905 को कोलकाता के टाउनहाल में एक जनसभा में स्वदेशी आंदोलन की औपचारिक शुरुआत की गई थी।
- इस आंदोलन में घरेलू उत्पादों और उत्पादन प्रक्रियाओं का पुनरोत्थान करना था।
- ज्ञातव्य है कि भारत सरकार द्वारा 29 जुलाई, 2015 को इस आंदोलन की याद में प्रति वर्ष 7 अगस्त को इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी।
- इस वर्ष इस दिवस के अवसर पर वस्त्र मंत्रालय द्वारा वर्चुअल प्लेटफॉर्म के माध्यम से एक समारोह का आयोजन किया गया।
- इस समारोह में हथकरघा मार्क योजना के लिए मोबाइल ऐप और बैकएंड वेबसाइट तथा भाई हैंडलूम पोर्टल लांच किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://newsonair.com/Main-News-Details.aspx?id=396690

विश्व स्तनपान सप्ताह

प्रश्न-वर्ष 2020 में संपूर्ण विश्व में 'विश्व स्तनपान सप्ताह' कब से कब तक मनाया गया?
(a) 1-5 अगस्त(b) 1-7 अगस्त(c) 1-6 अगस्त(d) 2-8 अगस्त
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 1-7 अगस्त, 2020 के दौरान संपूर्ण विश्व में 'विश्व स्तनपान सप्ताह' (World Breast Feeding Week) मनाया गया।
- वर्ष 2020 में इस सप्ताह का मुख्य विषय (Theme)- "Support breast-feeding for a healthier planet" है।
- उल्लेखनीय है कि यह सप्ताह विश्वभर में शिशुओं के स्वास्थ्य को सुधारने और स्तनपान को प्रोत्साहन देने के लिए प्रति वर्ष मनाया जाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.who.int/news-room/detail/31-07-2020-world-breastfeeding-week-2020-message

अंतरराष्ट्रीय मित्रता दिवस

प्रश्न-'अंतरराष्ट्रीय मित्रता दिवस' कब मनाया जाता है?
(a) 31 जुलाई(b) 30 जुलाई(c) 25 जुलाई(d) 26 जुलाई
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 30 जुलाई, 2020 को संपूर्ण विश्व में 'अंतरराष्ट्रीय मित्रता दिवस' (International Day of Friendship) मनाया गया।
- यह दिवस जीवन मित्रों और मित्रता के महत्व को चिन्हित करने के लिए मनाया जाता है।
- **मुख्य विषय-**"Sharing the human spirit through friendship"।
- उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2011 में इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.un.org/en/observances/friendship-day

विश्व संस्कृत दिवस

प्रश्न-वर्ष 2020 में 'विश्व संस्कृत दिवस' कब मनाया गया?
(a) 4 अगस्त(b) 2 अगस्त(c) 3 अगस्त(d) 1 अगस्त
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 3 अगस्त, 2020 को देशभर में 'विश्व संस्कृत दिवस' (World Sanskrit Day) मनाया गया।
- उल्लेखनीय है कि यह दिवस प्रति वर्ष श्रावण मास पूर्णिमा अर्थात रक्षाबंधन के दिन मनाया जाता है।
- **उद्देश्य-**संस्कृत भाषा के प्रसार को बढ़ावा देना।
- केंद्र सरकार ने वर्ष 1996 में इस दिवस को मनाने का निर्णय लिखा था।
- संस्कृत भाषा को विश्व की प्राचीनतम भाषाओं में से एक माना जाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://en.wikipedia.org/wiki/World_Sanskrit_Day

विश्व मानव तस्करी निरोधक दिवस

प्रश्न-'विश्व मानव तस्करी निरोधक दिवस' कब मनाया जाता है?
(a) 28 जुलाई(b) 30 जुलाई(c) 25 जुलाई(d) 31 जुलाई
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 30 जुलाई, 2020 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व मानव तस्करी निरोधक दिवस', (World Day Against Trafficking in Persons) मनाया गया।
- **मुख्य विषय (Theme)-**"Committed to the Cause – Working on the Frontline To End Human Tafficking".
- **उद्देश्य-**मानव तस्करी को रोकने के बारे में जागरूकता बढ़ाना।
- मादक पदार्थों और अपराध पर संयुक्त राष्ट्र के कार्यालय (UNODC) के आंकड़ों के अनुसार, तस्करी की पीड़ितों में 49 प्रतिशत महिलाएं तथा 23 प्रतिशत लड़कियां है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.un.org/en/observances/end-human-trafficking-day

पुस्तकें

पुस्तक-वन अरेंज्ड मर्डर

प्रश्न-पुस्तक-'वन अरेंज्ड मर्डर' के लेखक कौन हैं?
(a) चेतन भगत(b) अमीश त्रिपाठी(c) अमिताव घोष(d) अरविंद अडिगा
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 28 सितंबर, 2020 को पुस्तक 'वन अरेंज्ड मर्डर' (One Arranged Murder) प्रकाशित की जाएगी।
- इस पुस्तक के लेखक चेतन भगत है।
- यह चेतन भगत का 9वां उपन्यास और कुल मिलाकर 11वीं पुस्तक है।
- इस पुस्तक में एक अरेंज मैरिज की पृष्ठभूमि में मर्डर मिस्ट्री का चित्रण किया गया है।
- ज्ञातव्य है कि चेतन भगत की आखिरी प्रकाशित पुस्तक 'द गर्ल इन रूम 105' थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indianexpress.com/article/books-and-literature/chetan-bhagat-shares-trailer-of-his-upcoming-book-one-arranged-murder-6561159/

पुस्तक-नेताजीः इंडियाज इंडिपेंडेंस एंड ब्रिटिश आर्काइव्स

प्रश्न-पुस्तक-नेताजीः इंडियाज इंडिपेंडेंस एंड ब्रिटिश आर्काइव्स के लेखक कौन हैं?
(a) डॉ. अभिजीत मुखर्जी(b) सोमेन मित्रा(c) डॉ. कल्याण कुमार डे(d) निखिल बनर्जी
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 12 अगस्त, 2020 को उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने पुस्तक 'नेताजीः इंडियाज इंडिपेंडेंस एंड ब्रिटिश आर्काइव्स' का लोकार्पण किया।
- इस पुस्तक के लेखक डॉ. कल्याण कुमार डे हैं।
- इस पुस्तक में स्वाधीनता आंदोलन के दौरान नेताजी की महत्वपूर्ण भूमिका से संबंधित प्रामाणिक दस्तावेजों का संकलन है।
- इस पुस्तक के लेखक वर्तमान में सुभाष चन्द्र बोस आई एन ए ट्रस्ट के सहायक सदस्य हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1645276

पुस्तक-ग्रीनलाइट्स

प्रश्न-पुस्तक-'ग्रीनलाइट्स' के लेखक कौन हैं?
(a) लुडविन गौरेनसन(b) स्टीवन प्राइस(c) डार्केस्ट ऑवर(d) मैथ्यू मैक्काघे
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 20 अक्टूबर, 2020 को क्राउन पब्लिशिंग द्वारा प्रकाशित पुस्तक 'ग्रीनलाइट्स' रिलीज की जाएगी।इसपुस्तककेलेखकऑस्करविजेतामैथ्यूमैक्काघेहै।
- यह उनकी पहली किताब है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.firstpost.com/entertainment/matthew-mcconaughey-announces-first-memoir-greenlights-says-its-his-love-letter-to-life-8656161.html

पुस्तक-कनेक्टिंग, कम्युनिकेटिंग, चेजिंग

प्रश्न-11 अगस्त, 2020 को उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू के कार्यकाल के तीसरे वर्ष का वृतांत प्रस्तुत करने वाली पुस्तक 'कनेक्टिंग, कम्युनिकेटिंग, चेजिंग' के इलेक्ट्रॉनिक वर्जन (ई-बुक) का विमोचन किसने किया?
(a) राम नाथ कोविंद(b) नरेंद्र मोदी(c) राजनाथ सिंह(d) प्रकाश जावड़ेकर
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 11 अगस्त, 2020 को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने पुस्तक 'कनेक्टिंग, कम्युनिकेटिंग, चेंजिंग' का विमोचन किया।इसपुस्तकमेंउपराष्ट्रपतिएम. वेंकैयानायडूकेकार्यकालकेतीसरे वर्ष का वृतांत प्रस्तुत किया गया है।उपराष्ट्रपतिकातीसराकार्यकाल11 अगस्त को पूरा हो रहा है।
- इस पुस्तक के इलेक्ट्रॉनिक वर्जन (ई-बुक) का विमोचन केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने किया।250 से भी अधिक पृष्ठों वाली इस पुस्तक को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के प्रकाशन विभाग द्वारा प्रस्तुत किया गया है।
- इस पुस्तक में उत्कृष्ट शब्दों और चित्रों के माध्यम से उपराष्ट्रपति के विभिन्न कार्यकलापों की विषय में जानकारी प्रदान की गई है, जिनमें उनकी देश-विदेश की यात्राओं का वृतांत भी शामिल है।

- इस पुस्तक में किसानों, वैज्ञानिकों, डॉक्टरों, युवाओं, प्रशासकों, उद्योगजनत की हस्तियों, कलाकारों इत्यादि के साथ उनके संवाद, विश्व भर के राजनेताओं के साथ उनके वार्तालापों और विभिन्न देशों में भारतीय समुदाय को उनके संबोधन से जुड़े कार्यक्रमों को कवर किया गया है।
- इसमें राज्यसभा में उनके कामकाज का भी उल्लेख है।
- इस पुस्तक के अंतिम अध्याय में यह जानकारी दी गई है कि किस प्रकार से उपराष्ट्रपति ने महामारी के दौरान समय का प्रभावकारी ढंग से उपयोग किया और अपने मित्रों, शिक्षकों, लंबी अवधि तक काम करने वाले सहयोगियों, पुराने एवं नए परिचितों, रिश्तेदारों, सांसदों, आध्यात्मिक गुरुओं एवं पत्रकारों का हालचाल जानने के लिए 'मिशन कनेक्ट' शुरू किया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1645007

पुस्तक-अमेजिंग अयोध्या

प्रश्न-पुस्तक-अमेजिंग अयोध्या किसके द्वारा लिखी गई है?
(a) शोभा डे(b) अनीता देसाई(c) नीना राय(d) शैली-चोपड़ा
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- नवंबर, 2020 में पुस्तक अमेजिंग अयोध्या (Amazing Ayodhya) प्रकाशित की जाएगी।
- इस पुस्तक की लेखिका नीना राय हैं।
- इस पुस्तक से अयोध्या के विषय में प्रामाणिक जानकारी मिल सकेगी।
- इस पुस्तक में लेखिका ने अन्य प्राचीन सभ्यताओं से अयोध्या की तुलना करते हुए वर्तमान जीवन की संस्कृतियों को भी प्रस्तुत किया है।
- इस पुस्तक का प्रकाशन कंपनी ब्लूम्सबरी द्वारा किया जाएगा।

पुस्तक-शिखर को छूते ट्राइबल्स

प्रश्न-'शिखर को छूते ट्राइबल्स' के लेखक कौन हैं?
(a) राजेश ओरांग(b) विपुल सोरेन(c) संदीप मुरारका(d) महेश हंसदा
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 9 अगस्त, 2020 को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर झारखंड की राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू ने पुस्तक 'शिखर को छूते ट्राइबल्स' का ऑनलाइन लोकार्पण किया।
- इस पुस्तक के लेखक संदीप मुरारका हैं।

- इस पुस्तक में जनजातीय समुदाय के 26 महान हस्तियों की जीवनियां हैं।
- इसके अंतर्गत 18 वैसी महान विभूतियां शामिल हैं, जो पद्मश्री से सम्मानित हो चुके हैं।
- इसके अलावा पुस्तक में 8 और अन्य महान विभूतियों की जीवनियां समाहित हैं।
- इस पुस्तक को लद्दाख में शहीद हुए भारत मां के वीर सपूत गणेश हंसदा, नुदुराम सोने और राजेश ओरांग को समर्पित किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.outlookindia.com/newsscroll/jharkhand-guv-cm-greet-people-on-vishwa-adivasi-divas/1912489

पुस्तक-स्वच्छ भारत क्रांति

प्रश्न-पुस्तक-स्वच्छ भारत क्रांति की प्रस्तावना किसने लिखी है?
(a) परमेश्वरन अय्यर(b) नरेंद्र मोदी(c) गजेन्द्र सिंह शेखावत(d) हर्षवर्धन शृंगला
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 4 अगस्त, 2020 को पुस्तक-स्वच्छ भारत क्रांति का आधिकारिक रूप से केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और केंद्रीय कपड़ा एवं महिला तथा बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने नई दिल्ली में विमोचन किया।
- पुस्तक 'स्वच्छ भारत क्रांति' पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय के सचिव परमेश्वरन अय्यर द्वारा संपादित पुस्तक 'स्वच्छ भारत रिवोल्यूशन' का हिन्दी अनुवाद है।
- स्वच्छ भारत क्रांति पुस्तक स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) के विविध प्रकार के हितधारकों एवं योगदानकर्ताओं द्वारा 35 निबंधों के माध्यम से एसबीएम की उल्लेखनीय यात्रा दर्शाती है, जिन्होंने इस सामाजिक आंदोलन पर अपना परिप्रेक्ष्य साझा किया है।
- निबंधों को 4 प्रमुख वर्गों में व्यवस्थित किया गया है, जो एसबीएम की सफलता के 4 प्रमुख स्तंभ हैं।
- इन 4 प्रमुख स्तंभों में राजनीतिक नेतृत्व, सार्वजनिक वित्तपोषण, साझेदारियां और जनभागीदारी शामिल है।
- इस पुस्तक की प्रस्तावना नरेंद्र मोदी ने लिखी है।
- इस पुस्तक में अरुण जेटली, अमिताभ कांत, रतन टाटा, सदगुरु, अमिताभ बच्चन, अक्षय कुमार, तवलीन सिंह, बिल गेट्स एवं अन्य लोगों द्वारा लिखे गए निबंधों का एक संकलन है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://ddnews.gov.in/national/union-ministers-gajendra-singh-shekhawat-and-smriti-irani-launch-book-%E2%80%98swachh-bharat-kranti

'डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम में सर्वोत्तम प्रथाओं' पर पुस्तिका जारी

प्रश्न-31 जुलाई, 2020 को केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने ग्रामीण विकास मंत्रालय के भूमि संसाधन विभाग की 'डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम में सर्वोत्तम प्रथाओं' पर पुस्तिका जारी की। इस पुस्तिका में कितने राज्यों में भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण हेतु अपनाई गई सर्वोत्तम प्रथाओं की सूची दी गई है?
(a) 8 (b) 9 (c) 12 (d) 16
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 31 जुलाई, 2020 को केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने ग्रामीण विकास मंत्रालय के भूमि संसाधन विभाग की 'डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम में सर्वोत्तम प्रथाओं' पर पुस्तिका जारी की।
- यह पुस्तिका क्षेत्रीय और राष्ट्रीय कार्यशालाओं के दौरान राज्यों द्वारा दी गई प्रस्तुतियों पर आधारित है।
- इस प्रकाशन में राष्ट्रीय नीति फ्रेमवर्क और अध्ययन में 9 राज्यों कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, गुजरात, हरियाणा, महाराष्ट्र त्रिपुरा, हिमाचल प्रदेश, झारखंड और राजस्थान को शामिल किया गया है।
- पुस्तिका में इन 9 राज्यों में भूमि अभिलेख आधुनिकीरण हेतु अपनाई गई 'सर्वोत्तम प्रथाओं' की सूची दी गई है।
- इसमें विभिन्न प्रक्रियाओं यथा-पंजीकरण, नामांतरण, सर्वेक्षण, निपटान, भूमि अधिग्रहण, प्रौद्योगिकी पहलें और विधिक तथा संस्थागत अवधारणा के कार्यान्वयन में त्रुटियों को भी कवर किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1642671

विविध

मोबाइल एप्लिकेशन 'माय आईएएफ'

प्रश्न-24 अगस्त, 2020 को किसने मोबाइल एप्लिकेशन 'माय आईएएफ' का शुभारंभ किया?
(a) राजनाथ सिंह(b) हरजीत सिंह अरोड़ा(c) राकेश कुमार सिंह भदौरिया
(d) श्रीपाद येसोनाइक
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 24 अगस्त, 2020 को वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल राकेश कुमार सिंह भदौरिया ने मोबाइल एप्लिकेशन 'माय आईएएफ' का शुभारंभ किया।
- इसका शुभारंभ डिजिटल इंडिया पहल के एक भाग के रूप में किया गया है।
- यह मोबाइल एप्लिकेशन सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस कंप्यूटिंग (सी-डीएसी) के सहयोग से विकसित किया गया है।
- इस मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से वायु सेना में शामिल होने के इच्छुक लोग कैरियर संबंधी जानकारी और विवरण प्राप्त कर सकते हैं।
- यह ऐप भारतीय वायु सेना (आईएफएफ) सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और गेम से जुड़ा है।
- यह भारतीय वायु सेना के इतिहास और इसकी वीरता की कहानियों की झलक भी प्रदान करेगा।
- यह ऐप उपयोगकर्ता के अनुकूल प्रारूप आईएएफ में अधिकारियों और एयरमैन दोनों के लिए चयन प्रक्रिया, प्रशिक्षण पाठ्यक्रम, वेतन और भत्तों आदि के वितरण के साथ उपयोगकर्ताओं के लिए एकल डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indianairforce.nic.in/content/launch-iaf-mobile-application-%E2%80%98my-iaf%E2%80%99

मोटर वाहन दस्तावेजों की वैधता बढ़ी

प्रश्न-24 अगस्त, 2020 को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने मोटर वादन संबंधी दस्तावेजों की वैद्यता को कब तक बढ़ाने का निर्णय लिया?
(a) 21 अक्टूबर, 2020 (b) 31 दिसंबर, 2020 (c) 31 जनवरी, 2021 (d) 25 नवंबर, 2020
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 24 अगस्त, 2020 को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 और केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 के अंतर्गत फिटनेस, परमिट, लाइसेंस, पंजीकरण या अन्य दस्तावेजों की वैद्यता को बढ़ाकर 31 दिसंबर, 2020 तक करने का निर्णय लिया।
- इससे पूर्व मंत्रालय ने दस्तावेजों की वैद्यता को बढ़ाने के संबंध में इस वर्ष 30 मार्च, 2020 और 9 जून, 2020 को परामर्श जारी किया गया था।
- इसमें फिटनेस, परमिट, लाइसेंस, पंजीकरण या किसी अन्य संबंध दस्तावेज की वैधता 30 सितंबर, 2020 तक बढ़ाने की बात कही गई थी।
- जिनकी वैद्यता 1 फरवरी 2020 के बाद समाप्त हो गई है या 31 दिसंबर, 2020 तक समाप्त हो जाएगी। इनको 31 दिसंबर, 2020 तक वैध माना जाएगा।
- संबंधित प्राधिकरण को सलाह दी गई है कि वे 31 दिसंबर, 2020 तक ऐसे दस्तावेंजों को वैध मानें।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1648225

आरोग्य सेतु द्वारा शुरू की गई एक नई 'ओपन ए.पी.आई सेवा'

प्रश्न-हाल ही में आरोग्य सेतु ने एक नई 'ओपन ए.पी. आई सेवा' शुरू की है। इस संबंध में निम्नलिखित में कौन-कथन गलत है-

(a) इस सेवा का लाभ 50 से अधिक कर्मचारियों के साथ पंजीकृत संगठन और व्यावसायिक संस्थानएं उठा सकती हैं।

(b) यह सेवा व्यापार और अर्थव्यवस्था को सामान्यि`ि◌ाि◌ति में लौटने हेतु मदद के लिए शुरू की गई है।

(c) ओपन ए.पी.आई. सेवा से कोई संगठन अपने कर्मचारियों या अन्य उपयोगकर्ता के डेटा गोपनीयता को समाप्त कर सकता है।

(d) A.P.I. का पूरा नाम 'Application Pragramme Interface' है।

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 22 अगस्त, 2020 को आरोग्य सेतु ने एक नई 'ओपन ए.पी.आई सेवा' (Open API Service) की शुरुआत की।
- इसे लोगों, व्यापार और अर्थव्यवस्था को सामान्य स्थिति में लौटने में मदद हेतु शुरू किया गया है।
- कोविड-19 महामारी से प्रभावित जनजात एवं व्यावसायिक संगठन सामान्य जीवन को पटरी पर लाने हेतु प्रत्यनशील हैं। अतः ऐसे में यह सेवा बहुत उपयोगी सिद्ध होगी।

- इस सेवा का लाभ 50 से अधिक कर्मचारियों के साथ पंजीकृत संगठन और व्यावसायिक संस्थाएं उठा सकती हैं।
- ओपन ए.पी.आई सेवा से कोई संगठन अपने कर्मचारियों या अन्य आरोग्य सेतु उपयोगकर्ता की सेहत की स्थिति का पता, उनकी डेटा गोपनीयता का उल्लंघटन किए बिना लगा सकता है।
- आरोग्य सेतु की ओपन ए.पी.आई. सेवा कोविड-19 संक्रमण के डर/जोखिम से निपटने और लोगों, व्यवसायों तथा अर्थव्यवस्था को सामान्य स्थिति में लौटने में सहायता करती है।
- ज्ञातव्य है कि आरोग्य सेतु 2 अप्रैल, 2020 को शुरू किया गया था और यह कोविड-19 से निपटने में भारत के प्रयासों को मजबूती प्रदान कर रहा है।
- आरोग्य सेतु वर्तमान में दुनिया में सबसे अधिक डाउनलोड किए जाने वाले संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने वालों का पता लगाने वाले ऐप के रूप में उभरा है।
- आरोग्य सेतु के अब 15 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ता हो चुकें हैं।
- ओपन ए.पी.आई. केवल आरोग्य सेतु की स्थिति और आरोग्य सेतु उपयोगकर्ता का नाम (उपयोगकर्ता की सहामति से) प्रदान करेगा।
- ओपन ए.पी.आईसेवा के लिए https://Openapi.aarogyasetu.gov.in पर पंजीकरण किया जा सकता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1647866

मोबाइल ऐप 'हरित पथ' लांच

प्रश्न-21 अगस्त, 2020 को किसने राष्ट्रीय राजमार्गों पर पौधारोपण की निगरानी के लिए मोबाइल ऐप 'हरित पथ' लांच किया?

(a) डॉ. हर्षवर्धन(b) नितिन गडकरी(c) प्रकाश जावड़ेकर(d) पीयूष गोयल

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 21 अगस्त, 2020 को केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से राष्ट्रीय राजमार्गों पर पौधारोपण की निगरानी के लिए एक मोबाइल ऐप 'हरित पथ' लांच किया।
- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) ने संपूर्ण वृक्षारोपण परियोजना के अंतर्गत अपनी फीडल इकाई के प्रत्येक पौधे के स्थान, उसकी वृद्धि, प्रजातियों के विवरण, रख-राखाव गतिविधिया, और उपलब्धियों की निगरानी के लिए इस मोबाइल ऐप को विकसित किया है।
- गौरतलब है कि एनएचएआई ने राष्ट्र को अपनी सेवा के 25 वर्ष होने पर 'हरित भारत संकल्प' शुरू किया है।

- जो एक राष्ट्रव्यापी वृक्षारोपण अभियान है जो पर्यावरण संरक्षण और स्थिरता को बढ़ावा देने की उसकी प्रतिबद्धता के अनुरूप है।
- इस पहल के अंतर्गत, NHAI ने 21 जुलाई से 15 अगस्त, 2020 के बीच राष्ट्रीय राजमार्गों पर 25 दिन में 25 लाख पौधे लगाएं हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1647689

ऑनलाइन पोर्टल Vedkrishi.com

प्रश्न-केंद्रीय MSME मंत्री नितिन गडकरी ने हाल ही में एक ऑनलाइन पोर्टल लांच किया। इस पोर्टल के जरिए ग्राहक ग्रॉसरी को सीधे किसानों से खरीद सकेंगे यह पोर्टल है—
(a) Vedkrishi.com (b) AtharvKrishi.com (c) VedKheti.com
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- केंद्रीय MSME मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार (17 अगस्त, 2020) को एक ऑनलाइन पोर्टल VedKrishi.com लांच किया।
- इस पोर्टल के जरिए ग्राहक ग्रॉसरी को सीधे किसानों से खरीद सकेंगे, इस प्लेटफॉर्म को नागपुर की वेदकृषि फार्मर प्रॉडयूसर कंपनी ने स्थापित किया है।
- Vedkrishi.com के जरिए डेयरी उत्पादों, सब्जियों, अनाज, दलों, अचार, जूस, सॉस आदि ग्रॉसरी प्रॉडक्ट्स की होम डिलीवरी होगी। कंपनी किसानों को इस प्लेटफॉर्म के जरिए सीधे उपभोक्ताओं से जोड़ेगी।रजिस्टर्डउपभोक्ताएकवर्षपहलेसेएडवांसमें अपने ऑर्डर शिड्यूल कर सकेंगे। इसके अलावा वेदकृषि अन्य किसानों को भी ऑर्गेनिक खेती से जुड़ी उम्दा प्रणालियों को लेकर परामर्श के जरिए सहयोग देगी।
- किसानों को बेहतर कृषि तकनीकों पर मेंटोरिंग और गाइडिंग उपलब्ध कराने के अलावा Vedkrishi.com कंपोस्ट, बायोफर्टिलाइर, पेस्ट कंट्रोल सॉल्युशंस आदि जैसे फार्म इनपुट्स भी उपलब्ध
कराएगी।यहजीरोवेस्टेजकेलिएकृषिउपजकोसुखानेऔरउसकीप्रोसेसिंगकेलिएकिसानोंकोसोलरड्रायर्सकीपेशकशभीकरेगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.financialexpress.com/industry/sme/nitin-gadkari-launches-portal-for-you-to-buy-groceries-directly-from-farmers-along-with-these-benefits/2057928/

मंडुवाडीह रेलवे स्टेशन का नाम परिवर्तित

प्रश्न-17 अगस्त, 2020 को किस मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश के वाराणसी में स्थित मंडुवाडीह रेलवे स्टेशन का नाम परिवर्तित कर 'बनारस' रखे जाने से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की?
(a) रेल मंत्रालय(b) गृह मंत्रालय(c) संस्कृति मंत्रालय(d) कार्मिक मंत्रालय
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 17 अगस्त, 2020 को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश के वाराणसी में स्थित मंडुवाडीह रेलवे स्टेशन का नाम परिवर्तित करने से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की।
- अब मंडुवाडीह रेलवे स्टेशन का नाम 'बनारस' (Banaras) होगा।
- इस रेलवे स्टेशन का नाम परिवर्तित करने हेतु उत्तर प्रदेश सरकार ने अनुरोध किया था।
- गृह मंत्रालय नाम परिवर्तित (बदलने) हेतु वर्तमान दिशा-निर्देशों के अनुसार संबंधित एजेंसियों से विचार विमर्श करता है।
- किसी भी स्थान पर नाम बदलने के प्रस्ताव को रेल मंत्रालय, डाकविभाग और सर्वे ऑफ इंडिया अनापत्ति प्रमाण लेने के बाद ही मंजूरी प्रदान की जाती है।
- गांव या कस्बे या शहर का नाम बदलने हेतु एक कार्यकारी आदेश की आवश्यकता होती है, जबकि राज्य का नाम बदलने हेतु संसद द्वारा संविधान में संशोधन किया जाना आवश्यक है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.indiatoday.in/india/story/manduadih-railway-station-renamed-banaras-uttar-pradesh-government-mha-1712300-2020-08-17

गुजरात में समुद्री खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता की जांच हेतु प्रयोगशाला

प्रश्न-अगस्त, 2020 में समुद्री खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता की जांच हेतु गुणवत्ता जांच नियंत्रण प्रयोगशाला गुजरात में कहां उद्घाटित की गई है?
(a) अहमदाबाद(b) पोरबंदर(c) भुज(d) राजकोट
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 15 अगस्त, 2020 को समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एमपीईडीए) के अध्यक्ष के.ए. श्रीनिवास ने गुजरात के पोरबंदर में समुद्री खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता की जांच हेतु स्थापित गुणवत्ता जांच नियंत्रण प्रयोगशाला का उद्घाटन किया।

- यह प्रयोगशाला समुद्री खाद्य उत्पादों का प्रसंस्करण और निर्यात करने वालों के लिए खोली गई है।
- इसका उद्देश्य-समुद्री खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता को अंतरराष्ट्रीय नियामक आवयकताओं के अनुसार सुनिश्चित करना है।
- इस प्रयोगशाला में उन्नत उपकरण हैं, जिससे एंटी बायोटिक अवशेषों, भारी धातुओं जैसे- कैडमियम, सीसा, पारा और आर्सेनिक का समुद्री खाद्य उत्पादों में उपस्थिति का पता लगाया जा सकता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://newsonair.com/News?title=Gujarat%3A-Quality-control-lab-for-Sea-food-export-set-up-at-Porbandar&id=397493

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजनाः यूएलबी पदाधिकारियों के लिए मोबाइल ऐप

प्रश्न-ULBs का पूर्ण रूप है-
(a) Union Local Bodies (b) Unified Local Bodies
(c) Urban Local Bodies (d) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- हाउसिंग एंड अर्बन अफेयर्स मिनिस्टर हरदीप सिंह पुरी ने हाल ही में (19 अगस्त-2020) यूएलबी पदाधिकारियों के लिए एक मोबाइल ऐप लांच किया।
- इस ऐप का उद्देश्य स्ट्रीट वेंडर्स के सोर्स लोन एप्लिकेशन की प्रोसेसिंग में संलग्नरत यूएलबी पदाधिकारियों के लिए उपयोगकर्ता अनुकूल डिजिटल इंटरफेस प्रदान करना है।
- ULBs का पूर्ण रूप है-Urban Local Bodies
- प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स (AtmaNirbhar निधि (PM SVANidhi) योजनाः-
- स्ट्रीट वेंडर शहरी अनौपचारिक अर्थव्यवस्था के एक बहुत ही महत्वपूर्ण घटक का प्रतिनिधित्व करते हैं।
- प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत रेहड़ी-पटरी दुकानदारों को छोटी राशि का कर्ज उपलब्ध कराया जाएगा।
- इस पर ब्याज की दर भी कम होगी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में एक जून को हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में इस योजना को हरी झंडी दी गई।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1646908

दक्षिण एशियाई बाढ़ पीड़ितों को यूरोपीयन यूनियन (EU) की मदद

प्रश्न-अगस्त, 2020 में यूरोपीय संघ (EU) ने दक्षिण एशियाई बाढ़ पीड़ितों को कितनी राशि मानवीय सहायता (Humanitarian aid) के रूप में प्रेद्यन करने की घोषणा की है?
(a) 10 मिलियन यूरो(b) 12 मिलियन यूरो(c) 15 मिलियन यूरो(d) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 2020 में यूरोपीय संघ ने दक्षिण एशिया के बाढ़ पीड़ितों (मुख्य रूप से बांग्लादेश, भारत और नेपाल के बाढ़ पीड़ित) को 1.65 मिलियन यूरो की सहायता उपलब्ध करवाने की प्रतिबद्धता व्यक्त किया है।
- यूरोपीय संघ द्वारा 11 अगस्त, 2020 को इस बात की घोषणा की गई।
- यह कार्यक्रम यूरोपीय संघ (EU) के 'Acute Large Emergency Response Tool (ALERT) का एक हिस्सा है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.hindustantimes.com/india-news/eu-announces-aid-worth-1-65-million-euros-for-flood-victims-in-india-bangladesh-and-nepal/story-8BcdfwDMJUHZTPX3N4uPTL.html#:~:text=Times%2C%20New%20Delhi-,The%20European%20Union%20(EU)%20said%20on%20Tuesday%20it%20will%20provide,severe%20floods%20in%20South%20Asia.&text=The%20funding%20is%20part%20of,Emergency%20Response%20Tool%20(ALERT).

सड़क दुर्घटना में होने वाली मौतों को शून्य करने का लक्ष्य

प्रश्न-भारत द्वारा किस वर्ष तक सड़क दुर्घटना में होने वाली मौतों को शून्य करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है?
(a) 2030 (b) 2032 (c) 2028 (d) 2035
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 12 अगस्त, 2020 को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी ने 'इंडो-ऑस्ट्रेलियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड वूमेन इनोवेटर' वेबीनार को संबोधित करते हुए कहा कि भारत ने वर्ष 2030 तक शून्य सड़क दुर्घटना मृत्यु की स्थिति प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।
- सामाजिक जागरुकता एवं शिक्षा, आपात सेवाओं में सुधार, चिकित्सा बीमा की उपलब्धता, आदि के माध्यम से उक्त लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

- भारतीय सड़क सुरक्षा आकलन कार्यक्रम के तहत 21000 किमी. सड़कों का आकलन किया गया है।
- लगभग 3000 किमी. लंबी सड़कों को तकनीकी रूप से उन्नत किया जा रहा है।
- भारत एवं ऑस्ट्रेलिया सड़क सुरक्षा के संबंध में एक-दूसरे का सहयोग कर रहे हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/news/economy/policy/nitin-gadkari-calls-for-global-investment-in-highways-msme-sectors-to-spur-economiic-growth/articleshow/77508974.cms?from=mdr

भारतीय रेलवे द्वारा विश्व के सबसे ऊंचे पुल का निर्माण

प्रश्न-भारतीय रेलवे द्वारा विश्व के सबसे ऊंचे घाट (Pier bridge) पुल का निर्माण किस राज्य में किया जा रहा है?
(a) उत्तराखंड(b) हिमाचल प्रदेश(c) मणिपुर(d) सिक्किम
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- भारतीय रेलवे द्वारा मणिपुर में विश्व के सबसे ऊंचे पुल का निर्माण कराया जा रहा है।
- यह पुल नोनी के पास इजाई नदी पर निर्मित किया जा रहा है।
- इस पुल के सबसे बड़े खंभे की ऊंचाई 141 मीटर होगी।
- मौजूदा समय में विश्व का सबसे ऊंचा पुल यूरोप में मोंटिनीग्रो में माला-रिजेका वायाडक्ट को माना जाता है, जिसकी ऊंचाई 139 मीटर है।
- इस पुल की निर्माण लागत राशि लगभग 280 करोड़ रुपये होगी।
- यह पुल मार्च, 2022 तक बनकर तैयार हो जाएगा।
- इस पुल की कुल लंबाई 703 मीटर होगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://newsonair.com/Main-News-Details.aspx?id=397469

'संजीवन' ऐप

प्रश्न-1 अगस्त, 2020 को किस राज्य में 'संजीवन' नामक मोबाइल ऐप लांच किया गया है?
(a) बिहार(b) झारखंड(c) छत्तीसगढ़(d) मध्य प्रदेश
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 1 अगस्त, 2020 को बिहार के स्वास्थ्य विभाग ने 'संजीवन' नामक मोबाइल ऐप लांच किया।
- यह ऐप राज्य के आम नागरिकों को कोरोना वायरस (कोविड-19) के प्रबंधन से संबंधित नियमित अपडेट प्रदान करने के साथ-साथ कोविड-19 परीक्षणों हेतु पंजीकरण करने में मदद करेगा।
- इस ऐप के माध्यम से नागरिकों को निकटम कोविड-19 परीक्षण केंद्रों, कोविड-19 देखभाल केंद्रों और अस्पतालों में बेड की उपलब्धता आदि के विषय में जानकारी प्राप्त हो सकेगी।
- 'संजीवन' मोबाइल ऐप को जिलेवार आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों के साथ भी अपडेट किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://timesofindia.indiatimes.com/city/patna/state-launches-mobile-app-for-covid-19-tests/articleshow/77308376.cms

राष्ट्रीय पोर्टल 'सुरक्ष्या' लांच

प्रश्न-10 अगस्त, 2020 को केंद्र सरकार ने किस विषय पर राष्ट्रीय पोर्टल 'सुरक्ष्या' लांच किया?
(a) रेल ट्रैक सुरक्षा(b) पर्यावरण सुरक्षा(c) मानव-बाघ टकराव पर(d) मानव-हाथी टकराव पर
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 10 अगस्त, 2020 को केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री प्रकाश जावडेकर ने मानव-हाथी टकराव पर एक राष्ट्रीय पोर्टल 'सुरक्ष्या' (Surakhsya) लांच किया।
- इस पोर्टल का उद्देश्य वास्तविक समय पर जानकारी के संग्रह और सही समय पर मानव-हाथी टकरावों के निपटान का प्रबंधन करना है।अभीपोर्टलकाबीटासंस्करणडेटापरीक्षण के लिए शुरू किया गया है।साथहीयहपोर्टलडेटासंग्रहप्रोटोकॉल, डेटा ट्रांसमिशन पाइपलाइन और डेटा विजुअलाइजेशन टूल सेट करने में भी मदद करेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://newsonair.com/Main-News-Details.aspx?id=396910#:~:text=The%20Minister%20for%20Environment%20and,of%20World%20Elephant%20Day%2C%202020.&text=It%20was%20launched%20in%202012,of%20Asian%20and%20African%20elephants.

तेल रिसाव के कारण पर्यावरणीय आपातकाल की घोषणा

प्रश्न-8 अगस्त, 2020 को किस देश ने हिंद महासागर के तट पर फंसे जापानी-स्वामित्व वाले एक जहाज से तेल रिसाव होने के बाद 'पर्यावरणीय आपातकाल' की घोषणा की है?

(a) ऑस्ट्रेलिया(b) कोमोरोस(c) मॉरीशस(d) सिंगापुर
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 8 अगस्त, 2020 को मॉरीशस सरकार ने हिंद महासागर में तट पर फंसे जापानी-स्वामित्व वाले एक जहाज से तेल रिसाव शुरू होने के बाद पर्यावरणीय आपातकाल की घोषणा की।
- MK वाकाशियो नामक यह तेल टैंकर 25 जुलाई से तट पर फंसा हुआ है।
- यह जहाज लगभग 4000 टन ईंधन ले जा रहा था और इसके निचले हिस्से में दरारें आ गई हैं, जिससे रिसाव हो रहा है।उपग्रह से ली गई तस्वीरों में नीले रंग के पानी में गहरे रंग का तैलीय पदार्थ फैलता दिखा।फ्रांस ने मॉरीशस की मदद हेतु विशेष दल और उपकरण भेजे हैं।
- ज्ञातव्य है कि मॉरीशस के निकट फ्रांस की रीयूनियन द्वीप स्थित है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.downtoearth.org.in/news/wildlife-biodiversity/global-eco-watch-mauritius-declares-environmental-emergency-72722#:~:text=The%20island%20country%20of%20Mauritius,report%20by%20the%20BBC%20said.&text=It%20was%20travelling%20from%20China,and%20its%20crew%20was%20evacuated.

मुल्लांपुर में स्थित नए स्टेडियम का नाम

प्रश्न-अगस्त, 2020 में पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन (पीसीए) ने मुल्लांपुर में स्थित अपने नए स्टेडियम का नाम किस महाराजा के नाम पर रखे जाने का निर्णय लिया है?
(a) महाराजा रणजीत सिंह(b) महाराजा यादविंदर सिंह
(c) महाराजा भूपिंदर सिंह(d) महाराजा भालिंदर सिंह
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- अगस्त, 2020 में पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन (पीसीए) ने मुल्लांपुर में स्थित अपने नए स्टेडियम का नाम पटियाला राज्य के अंतिम महाराजा स्वर्गीय यादविंदर सिंह के नाम पर रखे जाने का निर्णय लिया है।
- उन्होंने वर्ष 1934 में भारत के लिए एकमात्र टेस्ट मैच खेला था।
- यादविंदर सिंह पंजाब के वर्तमान मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह के पिता थे।
- मुल्लांपुर में यह स्टेडियम 38.2 एकड़ में निर्मित है।

- पीसीए ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में बदलने के लिए मोहाली में स्थित मौजूदा आई.एस. बिंद्रा स्टेडियम के नवीनीकरण की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.hindustantimes.com/chandigarh/pca-names-mullanpur-stadium-after-patiala-s-last-ruler-maharaja-yadavindra-singh/story-M5uAUbTfL8jwSXVb6O9xLM.html#:~:text=Punjab%20Cricket%20Association%20(PCA)%20has,Punjab%20chief%20minister%20Amarinder%20Singh.

सहकार कॉपट्यूब एनसीडीसी चैनल

प्रश्न-4 अगस्त, 2020 को केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) के सहकार कॉपट्यूब चैनल का शुभारंभ किया। यह चैनल प्रारंभ में हिन्दी और कितने राज्यों की क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध होगा।
(a) 12 (b) 18 (c) 20 (d) 22
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 4 अगस्त, 2020 को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण, ग्रामीण विकास तथा पंचायती राज्य मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने 'सहकार कॉपट्यूब चैनल' का शुभारंभ किया।
- यह चैनल राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) द्वारा शुरू किया गया है।
- एनसीडीसी ने वनस्टॉप चैनल के रूप में अपना यह चैनल शुरू किया है, जो प्रारंभ में हिन्दी और 18 राज्यों की क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध होगा।
- इस नए चैनल पर सहकारिता के संबंध में जागरुकता का प्रसार किया जाएगा और इस पर सहकारी समितियों के गठन के साथ ही नए प्रोजेक्ट बनाने आदि के विषय में मार्गदर्शन प्राप्त होगा।
- यू-ट्यूब प्लेटफॉर्म पर संचालित सहकार कॉपट्यूब चैनल की शुरुआत, उत्तर प्रदेश, झारखंड, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, ओडिशा, मिजोरम, त्रिपुरा, केरल, गुजरात, पंजाब एवं कर्नाटक के मार्गदर्शक वीडियो के साथ की गई है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1643349

चंबल एक्सप्रेस-वे का नाम परिवर्तित

प्रश्न-28 जुलाई, 2020 को मध्य प्रदेश मंत्रिमंडल की हुई पहली वर्चुअल बैठक में चंबल एक्सप्रेस-वे का नाम परिवर्तित कर 'चंबल प्रोग्रेस-वे' करने का निर्णय लिया गया। इस योजनांतर्गत मध्य प्रदेश-राजस्थान सीमा से जुड़े मुरैना होते हुए भिण्ड तक कितने किमी. की फोरलेन ग्रीनफील्ड सड़क के निर्माण हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया है।

(a) 265 किमी.(b) 275 किमी.(c) 309 किमी.(d) 315 किमी.

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 28 जुलाई, 2020 को संपन्न मध्य प्रदेश मंत्रिमंडल की पहली वर्चुअल बैठक में चंबल एक्सप्रेस-वे का नाम परिवर्तित कर 'चंबल प्रोग्रेस-वे' करने का निर्णय लिया गया।
- साथ ही भारतमाला परियोजनांतर्गत चंबल प्रोग्रेस-वे के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई।
- इस योजनांतर्गत मध्य प्रदेश-राजस्थान सीमा से मुरैना होते हुए भिण्ड जिले तक 309 किमी. की फोरलेन ग्रीनफील्ड सड़क के निर्माण हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया है।
- इस परियोजना हेतु राज्य सरकार निःशुल्क भूमि उपलब्ध कराएगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.mpinfo.org/Story/StoryDetails.aspx?StoryID=200728S5&CatId=103

ई-रक्षाबंधन

प्रश्न-3 अगस्त, 2020 को किस राज्य के मुख्यमंत्री ने साइबरक्राइम जागरुकता के लिए 'ई-रक्षाबंधन' की शुरुआत की?

(a) तेलंगाना(b) आंध्र प्रदेश(c) कर्नाटक(d) हरियाणा

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 3 अगस्त, 2020 को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस. जगनमोहन रेड्डी ने राज्य की राजधानी अमरावती में ई-रक्षाबंधन (E-Rakshabandhan) की शुरुआत की।
- यह राज्य सीआईडी और पुलिस द्वारा प्रारंभ किया गया एक अभिनव वर्चुअल साइबरक्राइम जागरुकता कार्यक्रम है।साइबर स्पेस में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है।यहकार्यक्रममहिलाओं, युवाओं और बच्चों में जागरुकता पैदा करने हेतु एक माह तक संचालित किया जाएगा।ई-रक्षाबंधन के एक भाग के रूप में वेबिनार आयोजित किया जाएगा।

- साइबर अपराध विशेषज्ञ विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों पर बात करेंगे और जनता में जागरुकता पैदा करेंगे।इस कार्यक्रम में छात्रों के लिए एफएम रेडियो वार्ता और प्रतियोगिताओं को शामिल किया गयाहै।आंध्रप्रदेश पुलिस और राज्य सीआईडी द्वारा दिया गया नाराहै- ‘‘आइएहमअगस्तकोई-स्वतंत्रताऔर ई-सुरक्षा का महीना बनाएं।’’ (Let us make August a month of e-freedom and e-safety)।

संबंधित लिंक भी देखें…

https://www.thehindu.com/news/national/andhra-pradesh/andra-pradesh-cm-launches-e-raksha-bandhan-online-training-on-cyber-crimes/article32259067.ece

जम्मू-कश्मीर : मैक्डमीशेसन (Macadamisation) कार्यक्रम

प्रश्न-सड़कों की बेहतरी हेतु जम्मू-कश्मीर में ‘मैक्डमीसेशन’ (Macadamisation) या ‘सड़कों का डामरीकरण/कोलतारीकरण’ कार्यक्रम लांच करने की घोषणा किसने की है?
(a) आर. के. माथुर(b) सत्य पाल मलिक(c) जी.सी. मुर्मु(d) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 23 जुलाई, 2020 को जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल जी.सी. मुर्मु ने प्रदेश प्रशासनिक परिषद (SAC) की बैठक में सड़कों की बेहतरी हेतु एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम लॉन्च किए जाने की घोषणा की।यह कार्यक्रम है-जम्मू-कश्मीर में शत –प्रतिशत सड़कों का डामरीकरणया मैक्डमीसेशन (Macadamisation) करना।
- इन सड़कों में 11 हजार किलोमीटर लंबी मौसमी सड़कें भी शामिल हैं।
- प्राथमिकता वाली सड़कों पर तारकोल बिछाने के लिए उपराज्यपाल ने लोक कार्य विभाग को पहली किश्त के तौर पर 200 करोड़ रुपये की राशि आवंटित करने की घोषणा की है।

संबंधित लिंक भी देखें…

https://www.indiatoday.in/india/story/jammu-and-kashmir-lieutenant-governor-gc-murmu-resigns-rajesh-mohar-article-370-abrogation-anniversary-1708179-2020-08-05